| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय | : | 5:23 |
| सूर्यास्त | : | 6:42 |
| अधिकतम तापमान | : | 32.7 |
| न्यूनतम | : | 22.8 |

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-320 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 12 मई 2026
24 ज़िक़ादा 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# सोमनाथ का पुनर्निर्माण भारत की स्वतंत्र चेतना का उद्घोष : मोदी

■ 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित 'अमृत महोत्सव' में शामिल हुए प्रधानमंत्री



**सोमनाथ (गुजरात)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि 75 वर्ष पहले शुरू हुआ सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं था, बल्कि यह भारत की स्वतंत्र चेतना और प्राचीन गौरव की पुनर्स्थापना का उद्घोष था। पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर में विग्रह प्रतिष्ठा के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित 'अमृत महोत्सव' को संबोधित करते हुए कहा कि 'समय खुद जिनकी इच्छा से प्रकट होता है, जो स्वयं कालातीत हैं और काल स्वरूप हैं, आज उन देवाधिदेव महादेव की विग्रह प्रतिष्ठा के हम 75 वर्ष मना रहे हैं।'

उन्होंने कहा कि सोमनाथ केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और सनातन चेतना का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'ये सृष्टि जिनसे सृजित होती है, जिनमें लय हो जाती है, आज हम उनके धाम के पुनर्निर्माण का उत्सव मना रहे हैं। जो हलाहल पीकर नीलकंठ हो गए, उन्हीं की शरण में आज सोमनाथ अमृत महोत्सव हो रहा है।' पीएम मोदी ने स्वयं को 'दादा सोमनाथ का अनन्य भक्त' बताते हुए कहा कि वह अनेक बार यहां आ चुके हैं, लेकिन इस बार यहां पहुंचते हुए उन्हें 'समय की यात्रा' का विशेष अनुभव हुआ।

उन्होंने कहा कि 75 वर्ष पहले सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण स्वतंत्र भारत के आत्मविश्वास का प्रतीक था। मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल ने 500 से अधिक रियासतों का एकीकरण कर आधुनिक भारत की नींव रखी और सोमनाथ के पुनर्निर्माण के माध्यम से दुनिया को संदेश दिया कि भारत केवल स्वतंत्र ही नहीं हुआ है, बल्कि अपने प्राचीन गौरव को पुनः प्राप्त करने के मार्ग पर भी अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया गया था और अब प्राण प्रतिष्ठा के 75 वर्ष पूरे होने का अवसर मिला है। उन्होंने इसे 'हजार वर्षों की अमृत यात्रा' का अनुभव बताया। मोदी ने कहा कि सोमनाथ अमृत महोत्सव केवल अतीत का उत्सव नहीं, बल्कि अगले एक हजार वर्षों के लिए भारत की प्रेरणा का भी महोत्सव है।

## कोई ताकत हमें झुका नहीं सकती, पोखरण परमाणु परीक्षण का जिक्र कर बोले पीएम

सोमनाथ अमृत महोत्सव' समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने 11 मई, 1998 को पोखरण में किए गए परमाणु परीक्षणों को याद किया। उन्होंने कहा कि दुनिया की बड़ी ताकतों के भारी दबाव के बावजूद भारत ने अपने परमाणु लक्ष्यों को आगे बढ़ाने का पक्का और मजबूत इरादा दिखाया। उन्होंने कहा कि भारत ने 1998 में दो परमाणु परीक्षण किए थे, पहला 11 मई को और दूसरा 13 मई को। उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत इस देश और इसके नागरिकों को बाहरी ताकतों के सामने झुकने पर मजबूर नहीं कर सकती। इतिहास के इन अहम पलों को याद करते हुए उन्होंने दिखाया कि कैसे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारत एक वैश्विक ताकत के तौर पर उभरा।

# सोना खरीदने की जरूरत नहीं, ऑनलाइन क्लास और कम तेल का करें प्रयोग

■ पीएम मोदी ने 24 घंटे में दूसरी बार की अपील



**वडोदरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के वडोदरा में सरदारधाम छात्रावास का उद्घाटन के मौके पर देश से 24 घंटे के भीतर दूसरी बार वैश्विक संकट का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में दुनिया लगातार अस्थिर परिस्थितियों से गुजर रही है। पहले कोरोना का संकट, फिर वैश्विक आर्थिक चुनौतियां, और अब पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव। इन सारी परिस्थितियों का असर लगातार पूरी दुनिया पर पड़ रहा है और भारत भी इससे अछूता नहीं है।

पीएम मोदी ने कहा कि मेरी देश के हर नागरिक से अपील है कि जहां तक संभव हो, पेट्रोल-डीजल का उपयोग कम करें। मेट्रो का उपयोग करें, इलेक्ट्रिक बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का अधिक इस्तेमाल करें, कार पुलिंग को बढ़ावा दें। जिनके पास कार है, वो एक गाड़ी में ज्यादा लोगों को साथ लेकर चलें। डिजिटल टेक्नोलॉजी ने अब इतना कुछ आसान बना दिया है कि टेक्नोलॉजी की मदद भी हमारे लिए बहुत फायदेमंद होगी। ये जरूरी है कि सरकारी और प्राइवेट दोनों ही दफ्तरों में वर्चुअल मिटिंग्स और वर्क फ्रॉम होम की प्राथमिकता दी जाए।

पीएम ने कहा कि सोने की आयात पर भी देश का बहुत बड़ा पैसा विदेश जाता है। इसलिए, मैं आप सभी से, देशवासियों से आग्रह करूंगा कि जब तक हालात सामान्य न हो, हम सोने की खरीद को टालें। आज समय की मांग है कि हम 'वोकल फॉर लोकल' को एक जन-आंदोलन बनाएं। विदेशी सामान की जगह, लोकल उत्पादों को अपनाएं। अपने गांव, अपने शहर, अपने देश के उद्यमियों को ताकत दें।

## पश्चिम एशिया में युद्ध से बनी परिस्थितियां बड़ा संकट

पीएम ने कहा कि अगर कोरोना महामारी इस सदी का सबसे बड़ा संकट थी, तो पश्चिम एशिया में युद्ध से बनी परिस्थितियां, इस दशक के बड़े संकटों में से एक है। जब हमने मिलकर कोरोना का मुकाबला कर लिया तो इस संकट से भी अवश्य पार पा जाएंगे। सरकार भी लगातार ये प्रयास कर रही है, कि देश के लोगों पर इसका कम से कम असर हो।

# सनातन मंदिरों की दीवारों में नहीं, भारत की चेतना में बसता है : सीएम योगी

■ बाबा विश्वनाथ धाम में मनाया गया सोमनाथ स्वाभिमान पर्व राज्यपाल भी रहीं मौजूद

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-अटूट आस्था के हजार वर्ष' कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में भव्य आयोजन किया गया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे और बाबा विश्वनाथ के दरबार में विधि-विधान से दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

पुलिस लाइन हेलीपैड से दोनों का काफिला सीधे काशी विश्वनाथ धाम पहुंचा, जहां स्कूल की छात्राओं ने शंखनाद और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री त्र्यंबकेश्वर सभागार में आयोजित 'सोमनाथ संकल्प पूजन 'कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां बीएचयू के छात्रों द्वारा तैयार सोमनाथ की प्रतिकृति पार्थिव ज्योतिर्लिंग की स्थापना कर दोनों नेताओं ने जलाभिषेक और पूजन किया। कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' भारत की हजार वर्षों पुरानी आस्था, सांस्कृतिक चेतना और आत्मगौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पश्चिम के सागर तट पर स्थित सोमनाथ और पूर्व की आध्यात्मिक राजधानी काशी भारत की सनातन चेतना के दो अमर केंद्र हैं। एक ने समुद्र की लहरों के बीच आस्था का दीप जलाए रखा, जबकि दूसरे ने गंगा की अविरल धारा के साथ ज्ञान, मोक्ष और अध्यात्म का संदेश विश्वभर में फैलाया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि, सोमनाथ मंदिर और काशी विश्वनाथ धाम भारत की सनातन संस्कृति और अदम्य आध्यात्मिक शक्ति के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी आक्रांताओं ने मंदिरों और धार्मिक स्थलों को नष्ट करने का प्रयास किया, लेकिन भारत की आत्मा और सनातन संस्कृति को कभी समाप्त नहीं कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'सनातन केवल मंदिरों की दीवारों में नहीं, बल्कि भारत की चेतना में बसता है। 'उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सनातन संस्कृति से जुड़े हमारे पवित्र तीर्थस्थल पुनः अपने प्राचीन वैभव को प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक और अयोध्या धाम जैसे परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि नया भारत अपनी विरासत पर गर्व करने वाला भारत है। कार्यक्रम में मंत्री अनिल राजभर, रविंद्र जायसवाल, दयाशंकर मिश्र 'दयालु', हंसराज विश्वकर्मा, महापौर अशोक कुमार तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी आदि मौजूद रहे।

## सनातन ने कभी किसी को गुलाम नहीं बनाया

**मेरठ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को बागपत जिले के भगवानपुर नांगल गांव स्थित श्री शिव गोरखनाथ आश्रम में नवनाथ मूर्तियों के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में सीएम योगी ने सनातन पर बड़ा बयान दिया। इससे पहले वाराणसी के कार्यक्रम में भी सीएम योगी ने सनातन को मिटाने का ख्वाब देखने वालों के मिट्टी में मिलने की बात कही थी। बागपत में सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म ने कभी भी किसी को गुलाम नहीं बनाया। हम किसी का जबरन धर्म परिवर्तन भी नहीं कराते हैं। लेकिन, अगर कोई हमारी तरफ गलत नजर से देखता है तो उन्हें इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम के दौरान ऐतिहासिक घटनाओं का जिक्र किया। देश की सांस्कृतिक धरोहर और सनातन धर्म की उदारता पर प्रकाश डाला। उन्होंने सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा, पोखरण परमाणु परीक्षण और बागपत की पौराणिक महत्वता को रेखांकित किया। सीएम योगी ने कहा कि यह धरती विकास और गौरव की प्रतीक है। योगी आदित्यनाथ ने सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और विदेशी आक्रमण का जिक्र करते हुए कहा कि आज ही के दिन 1951 में सोमनाथ महादेव मंदिर में फिर से प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम हुआ था।

## बंगाल के सीएम के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले में तीन गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुवेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या के सिलसिले में पुलिस ने उत्तर प्रदेश और बिहार से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि चंद्रनाथ रथ की छह मई को उत्तर 24 परगना के मध्यमग्राम में दोहरिया इलाके में उनके घर से कुछ दूरी पर बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। इस हमले में उनके चालक को भी गोली लगी थी, जबकि कार में सवार एक और व्यक्ति बाल-बाल बच गया।

राज्य सीआईडी के एक अधिकारी के अनुसार हमलावरों ने दिवंगत रथ की गाड़ी को रोकने के लिए निसान कार का इस्तेमाल किया, जिसके बाद मोटरसाइकिल सवार दो बंदूकधारियों ने पिस्टल से करीब से गोलियां चलाईं। इस हमले के बाद एक एसआईटी के नेतृत्व में कई राज्यों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू हो गया।

# शुवेंदु की पहली कैबिनेट बैठक में कई निर्णय

■ बैठक में मतदाताओं और चुनाव प्रक्रिया में शामिल कर्मियों का धन्यवाद किया गया



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री शुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को कैबिनेट की पहली बैठक की। इस बैठक में पांच बड़े फैसले लिए गए हैं। बैठक में सीएम के साथ सभी पांच कैबिनेट मंत्री भी शामिल रहे। बैठक में राज्य के मतदाताओं, चुनाव आयोग और इस विशाल चुनाव प्रक्रिया में शामिल सभी कर्मचारियों का धन्यवाद किया गया। इसके अलावा पांच फैसले लिए गए।

मुख्यमंत्री ने कैबिनेट बैठक से बाहर निकलने के बाद कहा, आज हमारी पहली कैबिनेट बैठक में हमने बीएसएफ को जमीन हस्तांतरित करने का निर्णय लिया है। यह हस्तांतरण प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है और इसे अगले 45 दिनों के भीतर गृह मंत्रालय को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। एक बार यह पूरा हो जाने के बाद, बीएसएफ सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा कर लेगी और अवैध घुसपैठ के मुद्दे का समाधान थोड़े समय में कर लिया जाएगा।

### पांच बड़े फैसले

- आयुष्मान भारत योजना को लागू किया जाएगा। राज्य और केंद्र सरकार मिलकर राज्य में इसे लागू करने के लिए काम करेंगे।
- नियमों के मुताबिक आईपीएस और आईएएस अधिकारियों को केंद्रीय प्रशिक्षण में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।
- आज से बीएनएस लागू हो जाएगा। सीएम ने कहा कि पूर्व सरकार ने संविधान का उल्लंघन करते हुए बीएनएस लागू नहीं किया था।
- बॉर्डर एरिया में जमीन ट्रांसफर का काम आज से शुरू हो जाएगा। 45 दिनों के अंदर जमीन बीएसएफ को ट्रांसफर कर दी जाएगी।
- बीजेपी के जिन 321 कार्यकर्ताओं ने बंगाल में जान गंवाई है उनके परिवारों की पूरी जिम्मेदारी सरकार लेगी।

## बसपा प्रमुख मायावती ने योगी मंत्रिमंडल विस्तार पर साधा निशाना

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने योगी मंत्रिमंडल विस्तार पर कहा कि वैसे तो मंत्रिमंडल का घटाना-बढ़ाना और विस्तार आदि सत्ताधारी पार्टी का आंतरिक राजनीतिक चिंतन का मामला अधिक होता है। इसीलिए, मंत्रिमंडल विस्तार के बारे में कुछ भी टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। हालांकि, कुल मिलाकर इसका अच्छा प्रभाव आमजन के हित के साथ-साथ खासकर समाज के गरीबों, मजदूरों, किसानों, युवाओं के जीवन की बेहतरी एवं महिला सुरक्षा-सम्मान आदि पर पड़ता हुआ दिखना भी जरूर चाहिए।

मायावती ने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है तो लोग इसको राजनीतिक जुगाड़ और सरकारी संसाधन पर बढ़ा हुआ बोझ ही मान लेंगे। इतना ही नहीं, समाज के हर वर्गों में भी विशेषकर कमजोर तबकों के जान, माल एवं मजहब की सुरक्षा और उन्हें न्याय मिलता हुआ महसूस होना चाहिए।

## नीट पेपर लीक : सरकार पर भड़के राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। सोमवार को उन्होंने कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाते हुए दावा किया कि 'नीट अब परीक्षा नहीं, बल्कि नीलामी बन चुकी है।' राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार देश के युवाओं के सपनों के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गई है।

वहीं, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने इन आरोपों पर सफाई देते हुए कहा कि परीक्षा 'पूर्ण सुरक्षा प्रोटोकॉल' के तहत आयोजित कराई गई थी। एजेंसी ने बताया कि राजस्थान एसओजी की ओर से कथित अनियमितताओं की जांच की जा रही है।

# सीएम फेस को लेकर कांग्रेस में घमासान

■ केरल में तीनों दावेदारों में नहीं बन पाई सहमति, राहुल गांधी नाराज



**तिरुवनंतपुरम।** केरल में मुख्यमंत्री कौन बनेगा? भारी बहुमत होने के बाद भी इस सवाल का जवाब कांग्रेस के पास नहीं है। इस सवाल का जवाब तलाशने को लेकर बैठकें भी हो रही हैं, बावजूद इसके जवाब अभी तक नहीं मिल सका है। इस बीच मुख्यमंत्री चेहरे के चयन को लेकर पार्टी की अंदरूनी कलह ने तीखा रूप ले लिया है। दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर शनिवार को आयोजित हुई तीन घंटे की मैराथन बैठक के बावजूद तीन प्रमुख दावेदारों (वीडी सतीशन, एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमेश चेन्निथला ) के बीच सहमति नहीं बन सकी।

हालांकि हाई कमान को इस बात की राहत जरूर मिली कि तीनों नेताओं ने अपने समर्थकों से सड़क पर प्रदर्शन न करने की अपील जारी करने पर सहमति जताई। वीडी सतीशन ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि प्रदेश भर में लगाए गए सभी फ्लेक्स बोर्ड और बैनर हटा दिए जाएं।

### नेता प्रतिपक्ष का गुटबाजी पर सख्त रुख

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केरल की सड़कों पर कांग्रेस की खुली गुटबाजी पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में यूडीएफ की शानदार जीत की चमक को इस अंदरूनी कलह ने धूमिल कर दिया है। राहुल गांधी ने तीनों दावेदारों से साफ कहा कि भारी जनादेश मिलने के बावजूद इस तरह का सार्वजनिक दबाव बनाने का तरीका उचित नहीं है। उधर खबर है कि बैठक में तीनों नेता अपने-अपने दावों पर अडिग रहे। केसी वेणुगोपाल ने दावा किया कि उन्हें कांग्रेस विधायक दल में बहुमत का समर्थन हासिल है और 63 विधायकों में से 40 से अधिक उनके पक्ष में हैं।

**सफाई** प्रधानमंत्री की अपील के बाद केंद्र सरकार ने कहा

# देश में सभी तरह के ईंधन और ऊर्जा का पर्याप्त भंडार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर लोगों से ईंधन बचाने, सोना न खरीदने और विदेश यात्रा न करने की अपील के बीच सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह अपील देश पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए की गयी है और देश में कच्चा तेल, रसोई गैस या अन्य किसी भी तरह के ईंधन की कमी नहीं हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



सुजाता शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया है कि इस कठिन समय में वे ऊर्जा संरक्षण के सभी कदम उठायें और इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढायें जिससे कि देश पर निरंतर बढ रहे आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में कच्चे तेल सहित सभी तरह के ईंधन का पर्याप्त स्टॉक है और किसी भी पेट्रोल पंप या गैस वितरण कंपनी से किसी भी तरह की कमी की जानकारी नहीं मिली है।

उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का बंद होना दुनिया का सबसे बड़ा व्यवधान है। इस रास्ते से दुनिया की 20 प्रतिशत ऊर्जा आपूर्ति की जाती है जिससे भारत भी प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्थिति से निपटने के लिए अनेक कदम उठाये हैं और घरेलु उपभोक्ता को गैस आपूर्ति सुनिश्चित की है। भारत में 40 प्रतिशत कच्चा तेल और 90 प्रतिशत एलपीजी आयात की जाती है। सरकार ने सभी रिफाइनरी को एलपीजी उत्पादन बढाने का निर्देश दिया हुआ है।

सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार की ओर से एलपीजी और पीएनजी को बढावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि कंपनी महंगी ऊर्जा खरीद कर देश में सस्ती बेच रही है जिससे उनपर आर्थिक दबाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश में अभी पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आग्रह को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए कि ऊर्जा संरक्षण करते हुए कैसे आर्थिक बोझ को कम किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे हड़बड़ी में खरीद न करें। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अभी किसी भी क्षेत्र के लिए किसी तरह के पैकेज की योजना नहीं है।

अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो अपील की है उसे उसी भावना में समझा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री के कहने का मतलब है कि कठिन समय में उपलब्ध संसाधनों का उचित इस्तेमाल किया जाना चाहिए और इसे इस रूप में नहीं देखा जाना चाहिए कि देश में इन चीजों की बहुत कमी है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय की ओर से बताया गया कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में भारतीय ध्वज वाले 13 जहाज हैं और उन्हें सुरक्षित लाने के प्रयास किये जा रहे हैं। सरकार इन जहाजों के नियमित संपर्क में है। उर्वरक मंत्रालय की ओर से कहा गया कि देश में उर्वरक की कोई कमी नहीं है और स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है।

## भड़के विपक्ष को भाजपा की दो टूक

भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार के फैसलों का बचाव करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार का काम लोगों को संभावित खतरों के प्रति आगाह करना और व्यवस्था बनाए रखना है। त्रिवेदी ने कहा कि जैसे सुनामी या तूफान की आशंका होने पर सरकार लोगों को सतर्क रहने की सलाह देती है, उसी तरह वर्तमान वैश्विक हालात में भी सरकार की जिम्मेदारी है कि वह देश को हर संभावित संकट के लिए तैयार रखे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका मतलब लोगों की स्वतंत्रता पर रोक लगाना नहीं है।

# दबाव बनाया, तो होर्मुज हमेशा के लिए बंद

■ कमांडर मौसवी ने चेताया, टारगेट लॉक, सिर्फ आदेश का इंतजार



**तेहरान।** होर्मुज जलडमरूमध्य के संबंध में संयुक्त राष्ट्र में अमरीका के प्रस्ताव को बहरीन एवं अन्य देशों का समर्थन मिलने की रिपोर्टों के बीच ईरानी सैन्य अधिकारियों तथा इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान पर दबाव जारी रहा, तो होर्मुज को स्थायी रूप से बंद किया जा सकता है।

आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल सैयद माजिद मौसवी ने कहा कि ईरान की मिसाइल और ड्रोन इकाइयों ने अपने लक्ष्यों को पहले ही लॉक कर लिया है और केवल आदेश का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मिसाइलें और एयरो स्पेस ड्रोन दुश्मन पर लॉक हैं और हम फायड्क्षरग आदेश की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि अमरीकी ठिकानों और आक्रामक दुश्मन के जहाज ईरानी हथियारों की जद में हैं। आईआरजीसी नौसेना कमांडर सईद सियाह-सरानी ने कहा कि यदि इस्लामी गणराज्य ईरान पर हमला होता है तो होर्मुज जलडमरूमध्य से किसी भी तेल खेप को गुजरने नहीं दिया जाएगा।

ईरानी नौसेना प्रमुख शहराम ईरानी ने कहा कि स्वदेशी हल्की पनडुब्बियां पहले से ही होर्मुज जलडमरूमध्य में तैनात हैं और ट्रिगर-रेडी स्थिति में हैं। उनके अनुसार ये पनडुब्बियां समुद्र तल पर लंबे समय तक स्थिर रहकर दुश्मन के जहाजों पर नजर रख सकती हैं और आदेश मिलते ही उन्हें निशाना बना सकती हैं।

### अंतरराष्ट्रीय मार्ग नियंत्रित नहीं करने देगा अमरीका

ईरान की यह चेतावनी ऐसे समय आई है, जब अमरीकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि यदि दुनिया ईरान को एक अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग पर नियंत्रण स्थापित करने देती है तो यह खतरनाक और अवैध मिसाल होगी। श्री रुबियो ने कहा कि यदि दुनिया यह स्वीकार कर लेती है कि ईरान अब एक अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग को नियंत्रित करेगा, तो कई अन्य देश भी अपने जलमार्गों में ऐसा ही करने लगेंगे। उन्होंने कहा कि अमरीका ईरान को जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंगें बिछाने या मार्ग को नियंत्रित करने की अनुमति नहीं देगा।

# सभी अफसर प्रतिदिन आईजीआरएस पोर्टल लॉगिन करें प्राप्त शिकायतों का स्वयं पर्यवेक्षण करेंः जिलाधिकारी

## आईजीआरएस पर डीएम सख्त : बोले शिकायतकर्ता संतुष्ट तभी मानें निस्तारण



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर अब प्रशासन का रुख और सख्त हो गया है। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आईजीआरएस प्रकरणों की समीक्षा करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि के बिना किसी भी मामले का निस्तारण पोर्टल पर अपलोड न किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी प्रकरण डिफॉल्टर की श्रेणी में न पहुंचे डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायतकर्ता से अनिवार्य रूप से संपर्क कर उनकी संतुष्टि को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना शिकायतकर्ता से संपर्क किए किसी भी प्रकरण का निस्तारण पोर्टल पर अपलोड न किया जाए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अफसर प्रतिदिन अपने-अपने आईजीआरएस पोर्टल लॉगिन पर प्राप्त शिकायतों का स्वयं पर्यवेक्षण करें और उनका गुणवत्तापरक, समयबद्ध व संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करें समीक्षा बैठक में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि आईजीआरएस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। ऐसे में शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभागाध्यक्षों से कहा कि जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। यदि किसी अधिकारी का संदर्भ डिफॉल्टर पाया गया तो संबंधित के खिलाफ एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक अवश्य लिया जाए, ताकि समाधान की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। उन्होंने कहा कि कई मामलों में औपचारिक निस्तारण कर दिया जाता है, जबकि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं होता। ऐसी स्थिति दोबारा नहीं होनी चाहिए बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि जहां भी शिकायतें लंबित हैं या शिकायतकर्ता असंतुष्ट है, वहां तत्काल कारणों का पता लगाकर प्रभावी समाधान कराया जाए।

किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी एडीएम (न्यायिक) ब्रजपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आईजीआरएस शिकायतों का निस्तारण पूरी संवेदनशीलता और गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारी शामिल हुए।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर स्क्रीन पर देखा पीएम का संबोधन, लोगों ने देखा लाइव प्रसारण



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को जनपद में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत ज्योतिर्लिंग कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उत्साह के साथ आयोजित किया गया। जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला मुख्यालय से लेकर सभी ब्लॉकों एवं शिवालयों में विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ संपन्न कराई गईं।सुबह से ही शिवालयों में घंटा-घड़ियाल और ओंकार जाप की गूंज ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। स्वच्छता अभियान के साथ शुरू हुए कार्यक्रमों में रुद्राभिषेक, महाआरती और दीपोत्सव ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। हर ओर ÷? नमः शिवाय÷ की गूंज और दीपों की जगमगाहट ने वातावरण को अलौकिक बना दिया जिला स्तर पर फॉरेस्ट कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में पर्यटन सूचना अधिकारी संजय भंडारी की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक सदर योगेश वर्मा ने सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सांस्कृतिक चेतना को नई दिशा देते हैं। इस दौरान सोमनाथ संकल्प संवाद, प्रवचन और भजन संध्या ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया कार्यक्रम के अंतर्गत सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का सीधा प्रसारण भी विभिन्न स्थानों पर स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया, जिसे लोगों ने बड़े ध्यानपूर्वक देखा। इस दौरान पीएम के भाषण की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई विकास खंड स्तर पर नामित नोडल अधिकारियों की निगरानी और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शिवालयों को दीपों एवं पुष्पों से सजाया गया। विद्यालयों में भी इस अवसर पर रंगोली, निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## 02 वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना शारदानगर की पुलिस टीम द्वारा दिनांक 11.05.2026 को 02 वारण्टी अभियुक्तों 1.परमेश्वर पुत्र बनवारी निवासी ग्राम मुरावनपुरवा थाना शारदानगर जनपद खीरी सम्बन्धित मु0सं0 2131/2023 अ0सं0 1358/10 सरकार बनाम परमेश्वर 2.रामू पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम पतरासी थाना शारदानगर जनपद खीरी उम्र करीब सम्बन्धित मु0सं0 647/17 अ0सं0 85/15 सरकार बनाम रामू को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु संबंधित न्यायालय के समक्ष भेजा गया ।

## दुर्लभ सांप दिखाई देने से ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** पलियाकलां क्षेत्र के गांव खुशीपुर में रविवार शाम एक दुर्लभ सांप दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। यह सांप ग्रामीण अरुण के घर के पास देखा गया। सांप के फन पर चंद्रमा जैसा निशान देखकर लोग दहशत में आ गए। सूचना मिलने के बाद रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और सांप को सुरक्षित पकड़ लिया टीम ने बताया कि यह अत्यंत विषैला मोनोकल्ड कोबरा है, जिसे आम भाषा में चंद्रनाग कहा जाता है। यह सांप पलिया क्षेत्र में बहुत कम दिखाई देता है और अधिकतर बसही व संपूर्णानगर की तराई में पाया जाता है। रेस्क्यू के दौरान टीम ने ग्रामीणों को वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक किया। लोगों से सांप को न मारने और अंधविश्वास से दूर रहने की अपील की गई टीम ने कहा कि सांप काटने पर झाड़-फूंक में समय गंवाने के बजाय तुरंत अस्पताल जाना चाहिए। बाद में टीम ने सांप को गांव से दूर नहर किनारे सुरक्षित प्राकृतिक वातावरण में छोड़ दिया।

## भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी महिलाओं ने खीरी सांसद आवास के बाहर किया विरोध प्रदर्शन

**लखीमपुर खीरी । (अवधनामा संवाददाता)**महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी महिलाओं ने सोमवार को खीरी सांसद आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने विपक्षी सांसदों पर संसद में महिला आरक्षण बिल को पास नहीं होने देने का आरोप लगाया। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मंजू लता के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में महिलाओं ने कहा कि महिला आरक्षण बिल सभी वर्ग और दलों की महिलाओं के हित में है। उनका कहना था कि यदि यह बिल पारित हो जाता तो राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती और उन्हें आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलता। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बिल को जल्द लागू करने की मांग उठाई। इस मौके पर जिला मंत्री रश्मि गुप्ता, संगीता पुरी, पालिका अध्यक्ष इरा श्रीवास्तव, अनीता निगम सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## आज से शुरू होगा तिकुनियां कस्बे के सुथना देवी मंदिर पर पारंपरिक बरसाइत मेला

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** तिकुनियां कस्बे के सुथना देवी मंदिर पर पारंपरिक बरसाइत मेला 12 मई से शुरू होगा। मेले में सुरक्षा-व्यवस्था के लिए इस बार दर्जन भर सीसीटीवी कैमरे मंदिर और गेट पर लगाए गए हैं। मंदिर के महंत बृजेश गिरि ने बताया कि मंदिर सहित दुकानदारों की सुरक्षा और आने-जाने वालों पर निगाह रखने के लिए पहली बार मेले में कैमरे लगाए जा रहे हैं। मेले में बड़ी संख्या में नेपाली नागरिकों के आने की वजह से सुरक्षा-व्यवस्था चाक चौबंद की गई है। दुकानदारों को बिजली कनेक्शन लेना अनिवार्य किया गया है। कुछ लोग सौर ऊर्जा से काम करते थे। इस बार पूरे मेले को जनरेटर से कनेक्शन करके बिजली दी जाएगी श्रद्धालुओं का ठहरने के लिए 19 जगहों पर टेंट सिटी, मिलेगी सस्ती रोटी मेले में जगह का आवंटन 12 मई से शुरू होगा। मेला 22 मई तक चलेगा।

## परेड मैदान स्थित ऐतिहासिक एवं पारंपरिक बाजार को लेकर अमिताभ बाजपेई मिले प्रमुख सचिव से

*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** कानपुर आर्य नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमिताभ बाजपेई ने आज लखनऊ में प्रमुख सचिव आवास एवं नगर विकास श्री पी. गुरुप्रसाद से मुलाकात कर कानपुर नगर से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण जनहित के विषयों को प्रमुखता से उठाया।

विधायक अमिताभ बाजपेई ने परेड मैदान स्थित ऐतिहासिक एवं पारंपरिक हाट बाजार को हटाए जाने के प्रस्ताव पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि यह बाजार वर्षों से हजारों दुकानदारों, श्रमिकों एवं मेहनतकश परिवारों की आजीविका का प्रमुख आधार रहा है। बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के बाजार हटाया जाना जनभावनाओं एवं सामाजिक हितों के विपरीत है।

उन्होंने मांग की कि बाजार को हटाने संबंधी आदेश पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं संवेदनशील जांच कराई जाए, जिससे गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के रोजगार एवं हित सुरक्षित रह सकें। इसके साथ ही विधायक अमिताभ बाजपेई ने नए बिल्डिंग बाईलाज से उत्पन्न हो रही व्यावहारिक समस्याओं के संबंध में प्रमुख सचिव को विस्तृत पत्र भी सौंपा। उन्होंने अवगत कराया कि कानपुर महानगर के अनेक पुराने एवं घनी आबादी वाले क्षेत्र, जैसे मेस्टन रोड, हालसी रोड एवं आसपास के इलाके अंग्रेजी शासनकाल से विकसित एवं आबाद हैं, किंतु व्यवहारिक रूप से उन्हें पुराने बिल्ट-अप एरिया के रूप में स्वीकार नहीं किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि नए बिल्डिंग बाईलाज के अंतर्गत 9 मीटर चौड़ी सड़क की अनिवार्यता लागू किए जाने के कारण इन पुराने क्षेत्रों में भवन मानचित्र स्वीकृत कराने में आम नागरिकों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## संघर्ष समति के पदाधिकारी सांसद मिले बताई समस्याएं



*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति नगर निगम जलकल कानपुर का एक प्रतिनिधि मंडल अकबरपुर लोकसभा के सांसद देवेंद्र सिंह भोले से पुनः मिलकर नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था का ई निविदा के माध्यम से निजीकरण किया जा रहा है। जिससे आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी को सेवा निगम बोर्ड का लाभ नहीं मिलेगा, की शिकायत किया। सांसद द्वारा रोष व्यक्त किया गया कि अभी तक आप लोगों के प्रकरण का समाधान नहीं हुआ। तत्काल रूप से आयुक्त कानपुर मंडल से दूरभाष पर वार्ता कर ई निविदा टेंडर को स्थगित करते हुए, नगर निगम सदन में पास कराकर सरकार एवं शासन से अनुमति लिया जाए इसके बाद सरकार/शासन की नीति को दृष्टिगत जेम पोर्टल के माध्यम से पुनः टेंडर आमंत्रित कर सेवा प्रदाता कंपनी के माध्यम से आउटसोर्स सफाई कर्मचारी को मुख्यमंत्री द्वारा गठित उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम बोर्ड में प्रदत्त अधिकारों का लाभ दिया जाए। कर्मचारी नेताओं ने सांसद को यह भी अवगत कराया की ए टू जेड 2012 में आई सब कुछ लेकर भाग गई। ईसीएल कंपनी मार्ग प्रकाश विभाग में आई वह भी भाग गई, दीक्षांत कंपनी आई सूखा गीला कूड़ा घर-घर लेने का कार्य करती थी वह कंपनी भी 9 माह का वेतन लेकर भाग गई। अब पूरी सफाई व्यवस्था का निजीकरण कर शहर को बर्बाद करने की साजिश है। प्रदेश के किसी भी नगर निगम में निजीकरण की व्यवस्था नहीं है। केवल सेवा प्रदाता कंपनी मानव बल आपूर्ति के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है। इसलिए भी कर्मचारियों में ज्यादा रोष है किसी भी दिन कर्मचारी कार्यवंदी पर उतर सकता है। अंत में सांसद ने अस्वस्थ किया की मंडल आयुक्त को पत्र भेज रहा हूं, उसकी कॉपी मुख्यमंत्री को भेजी जाएगी और उस पर समुचित कार्रवाई होगी। सफाई कर्मचारी वाल्मीकि समाज के साथ किसी तरह का अन्याय नहीं होने देंगे। ज्ञापन देने में सर्वश्री जयपाल सिंह राठौर, रमेश चंद शुक्ला, बृजलाल भारती, रमाकांत मिश्र, धीरज गुप्ता, विनोद रावत, हरिओम वाल्मीकि, मुकेश वाल्मीकि, कमरुद्दीन,मुन्ना हजारिया,अजीत बाघमार, चौधरी रामगोपाल, सुधाकर मिश्र, उस्मान अली शाह, नीलू निगम अखिलेश सिंह, चमन खन्ना, पिंटू चौधरी, आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## लीना सिंघल और रश्मि रावल के नेतृत्व में हुआ धरना प्रदर्शन

**नजीबाबाद।** नगीना लोकसभा के सांसद चंद्रशेखर के स्थानीय निवास के बाहर धामपुर नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा की पूर्व क्षेत्र मंत्री लीना सिंघल एवं महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ रश्मि रावल के संयुक्त नेतृत्व में धरना प्रदर्शन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर लीना सिंघल ने कहा की संसद में महिला आरक्षण के विरोध में इन विपक्षी सांसदों ने विरोध किया था और महिलाओं के खिलाफ अपनी मानसिकता का प्रदर्शन किया था यह लोग नहीं चाहते थे आधी आबादी को संसद में प्रतिनिधित्व मिले जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व महिलाओं को संसद और विधानसभा में उनका हक दिलाना चाहते हैं इस अवसर पर रश्मि रावल ने कहा आज पूरे देश की महिलाएं इन विपक्षी नेताओं की मानसिकता को समझ चुकी है और पूरे देश में इनका विरोध होगा।

# बिजनौर जेल में कैदी की संदिग्ध मौत, पेड़ पर लटका मिला शव

## पोस्टमार्टम हाउस पर परिजनों का हंगामा, रोड पर भी लगाए जाम, जेल प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप





*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** बिजनौर जिला कारागार में बंद एक कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। मृतक कैदी का शव जेल परिसर में एक पेड़ से लटका मिला। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर जमकर हंगामा किया तथा जेल प्रशासन पर हत्या का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। मृतक की पहचान दीपक पुत्र चंद्रपाल निवासी ग्राम पृथ्वीपुर के रूप में हुई है। बताया गया कि दीपक लूट के एक मामले में 18 फरवरी 2025 से जेल में बंद था। रविवार दोपहर बंदियों को बैरक से बाहर भोजन के लिए निकाला गया था। इसी दौरान दीपक का शव जेल परिसर स्थित आम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही जेल प्रशासन में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सिटी कृष्ण गोपाल सिंह, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा जेल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। अन्य बंदियों और जेल अधिकारियों से भी पूछताछ की।

घटना के बाद पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के परिजनों और गांव वालों ने आत्महत्या की बात को सिरे से खारिज कर दिया। उनका कहना है कि दीपक आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठा सकता था। परिजनों ने जेल प्रशासन पर हत्या का गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। इस दौरान पोस्टमार्टम हाउस पर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। प्रशासन की ओर से निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया गया है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिसके बाद मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## लोक जनशक्ति पार्टी की संगठनात्मक समीक्षा बैठक आयोजित



*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा कानपुर नगर में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जमुई सांसद एवं पार्टी के अरुण भारती उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अरविंद पासवान एवं जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने संयुक्त रूप से की। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन की रणनीति, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता तथा जनसंपर्क अभियान को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर अरुण भारती ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व में पार्टी लगातार देश और प्रदेश में मजबूत हो रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभी से चुनावी तैयारी में पूरी ऊर्जा के साथ जुटने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद पासवान ने कहा कि पार्टी समाज के हर वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य कर रही है और संगठन को गांव-गांव तक मजबूत किया जाएगा। जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प दिलाया।

## व्यापार मंडल ने एचपी गैस स्वामी को किया सम्मानित



**नजीबाबाद** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन जलालाबाद के नगर अध्यक्ष शहाबुद्दीन राईन और महामंत्री नफीस अहमद के नेतृत्व में संगठन इकाई ने मिलकर एचपी गैस स्वामी विजय अग्रवाल को सम्मानित किया। जलालाबाद में एचपी गैस के स्टाफ द्वारा जलालाबाद की अवाम को भरपूर सहयोग दिया गया और समय पर ओटीपी और डिलीवरी दी गई इसके लिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन जलालाबाद इकाई ने मिलकर एचपी स्वामी और स्टाफ का शॉल उढ़ाकर सम्मान किया । विजय अग्रवाल ने कहा है जिन लोगों ने अपने कनेक्शन की केवाईसी नहीं कराई वह अपनी केवाईसी करा ले नहीं तो उनका कनेक्शन कट जाएगा इस परेशानी से बचे और किसी भी डिलीवरी वाले को अतिरिक्त पैसे ना दें अगर लेता है तुरंत हमें सूचना दें। इस अवसर पर नफीस अहमद, तनवीर शेख, मुकेश मेडिकल वाले आफताब राईन, अहसान अहमद, नईम अहमद और अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

# हिंदू हृदय सम्राट बाला साहेब की प्रतिमा क्षतिग्रस्त शिवसैनिको में आक्रोश



*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** शिवसेना (युबीटी) कानपुर के पदाधिकारियों ने रविदास पुरम अम्बेडकर नगर गुजैनी मे स्थित हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे स्मारक पार्क मे स्थापित बालासाहेब ठाकरे की प्रतिमा का निरक्षर किया गया। जिलाध्यक्ष शिवकुमार विश्वकर्मा ने बताया कि 23 जनवरी 2013 को बालासाहेब ठाकरे की प्रतिमा को स्थापित किया गया था। जिसमे समय-समय पर पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन करते रहते है। आज जिलाध्यक्ष ने निरीक्षण के दौरान देखा तो प्रतिमा क्षतिग्रस्त थी। प्रतिमा का एक हाथ कलाई से टूट गया है। जिसमे प्रशासन की घोर लापरवाही है प्रतिमा के कूछ दूर पर ही पुलिस चौकी होने के बावजूद प्रतिमा का हाथ टूटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

# वीरों को जन्म देने वाली माताओं को किया नमन




**कानपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल किदवई नगर के प्रांगण में मदर्स डे के उपलक्ष्य में भव्य और भावनात्मक का आयोजन किया गया। बच्चों ने माताओं के सम्मान में विशेष प्रस्तुति दी। बच्चों ने रोल प्ले नाट्य रूपांतरण के माध्यम से उन प्रसिद्ध माताओं का जीवंत अभिनय किया। मुख्य अतिथि प्रो वाइस चेयरपर्सन बंदना मिश्रा ने विचार व्यक्त किए। विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस अलका जोशी ने अपने संबोधन में सभी माताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा माँ हमारे जीवन की पहली गुरु होती है। तथा आज का कार्यक्रम उनके प्रति हमारी श्रद्धा और सम्मान का एक छोटा सा प्रयास है।

# किसानों का उत्पीड़न नहीं किया जायेगा बर्दाश्त : राष्ट्रीय अध्यक्ष



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद** - भारतीय किसान यूनियन कृषि क्रांति अराजनेतिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतजार मूसा ने कहा कि किसी भी हाल में किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सोमवार सुबह 11 बजे वह भनेड़ा टोल प्लाजा पर पहुंचे और टोल प्लाजा मैनेजर आमिर से वार्तालाप की, उन्होंने कहा कि किसान देश का अन्न दाता है अगर किसान ना हो तो हम लोग भूखे प्यासे मर जाएंगे, इसलिए टोल पर किसी भी किसान योद्धा से कोई टैक्स वसूली न की जाये, और किसानों का सम्मान किया जाए। आगे उन्होंने कहा कि जब किसी मंत्री विधायक या बड़े नेता से टोल शुल्क नहीं लिया जाता तो किसान भी किसी प्रकार का टोल टैक्स नहीं देगा। हमारी मांगों को पूरा किया जाए अन्यथा हम धरना प्रदर्शन करने पर बाध्य होंगे। जिस पर मैनेजर आमिर ने कहा हम किसानों का पूरा सम्मान करेंगे और किसी भी किसान से कोई वसूली नहीं की जाए। इस मौके पर संगठन के कई मीडिया प्रभारी से लेकर पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने किया विश्वविद्यालय का निरीक्षण

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी अरविंद कुमार चैहान द्वारा माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के थ्री डी मॉडल को देखा और निर्माण के सम्बंध में विस्तार से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने विश्वविद्यालय में परियोजना प्रबन्धक सी.एण्ड.डी.एस. उ.प्र. जल निगम द्वारा निर्माणाधीन अतिथि गृह के निर्माण कार्य को विलम्ब से शुरू करने पर नाराजगी व्यक्त की। नवनिर्मित प्रशासनिक भवन, टाईप 4, 5 आवास, पुरूष छात्रावास एवं सुविधा केन्द्र, केन्टीन ब्लॉक एवं शैक्षणिक भवन, कुलपति आवास, महिला एवं पुरूष छात्रावास में ग्लेजिंग विण्डो एवं ग्रिल व जाली लगाया जाना, चाहरदिवारी, गार्ड रूम टायलेट सहित तथा बाह्य विद्युतीकरण के कार्य विलम्ब से शुरू होने पर नाराजगी व्यक्त की।

## गांव मुर्तजापुर मसखरा नदी पर सेतु बनाने की मांग



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** युवा एकता सेवा समिति संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तहसील बेहट के गांव मुर्तजापुर मसखरा राव नदी पर पुल बनाए जाने की मांग की। युवा एकता सेवा समिति संगठन से जुड़े पदाधिकारी सोमवार को युवा प्रदेशाध्यक्ष आशीष सैनी के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी अरविंद कुमार चैहान को सौंपकर बताया कि बेहट तहसील के गांव मुर्तजापुर एवं बेहट के बीच पड़ने वाली मसखरा नदी पर पुल बनाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस नदी पर पुल न होने की वजह से इस क्षेत्र के अनेक गांवों के लोगों को खासकर बरसात के मौसम भारी परेशानी सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र गांव मुर्तजापुर, दयालपुर, मांझीपुर, नगला झंडा, हीराहेरी, अलूनी, सलूनी, खुर्रमपुर, बूबका पाजराना आलमपुर, कबीरपुर, भाकरोड व चांडी सहित दर्जनों गांवों के बच्चों को स्कूल आने-जाने में भारी कठिनाई होती है। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में रोगियों को अस्पताल ले जाने भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना था कि पूर्व में मसखरा नदी पर पुल न होने की वजह से गांव मुर्तजापुर के दो बच्चों को जान भी गंवानी पड़ी थी। ग्रामीणों कहना था कि मसखरा नदी पर सेतु बनाने की मांग तीन दशक पूर्व तत्कालीन सांसद राघव लखनपाल शर्मा के समय से ही कर रहे हैं।

# पत्रकारों और प्रशासन के मध्य बेहतर समन्वय के लिए स्थायी समिति का गठन जरूरी : जिलाध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया

**ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, नियमित बैठकों की उठाई मांग**

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जनपद इकाई महोबा द्वारा जिलाध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया के नेतृत्व एवं मंडल अध्यक्ष मोहम्मद यूनुस खान की उपस्थिति में जिला प्रेस स्थायी समिति के गठन एवं उसकी नियमित बैठकों के आयोजन की मांग को लेकर जिलाधिकारी गज़ल भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पंजीकरण संख्या 1153/86 उत्तर प्रदेश के ग्रामीण पत्रकारों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक प्रमुख एवं मान्यता प्राप्त संगठन है। संगठन की इकाइयाँ प्रदेश के सभी जनपदों एवं तहसील स्तर पर गठित हैं। जनपद महोबा में भी जिला इकाई सहित तीन तहसील इकाइयाँ सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं, जिनमें लगभग 125 सदस्य जुड़े हुए हैं।

जिलाध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया ने ज्ञापन के माध्यम से जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया कि निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ द्वारा पत्रांक संख्या 480/सू0 एवं ज0 सं0 वि0 प्रेस-42/2024 टी0सी0 दिनांक 30 जून 2025 के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को जिला प्रेस स्थायी समिति के गठन एवं उसकी नियमित मासिक बैठकें आयोजित किए जाने संबंधी निर्देश जारी किए गए थे। उक्त आदेश का उद्देश्य पत्रकारों एवं जिला प्रशासन के मध्य समन्वय स्थापित करना तथा पत्रकारों से संबंधित समस्याओं एवं उत्पीड़न के मामलों का प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करना है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जनपद महोबा में विगत वर्षों में जिला प्रेस स्थायी समिति की बैठकें आयोजित होती रही हैं, जिनमें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सहभागिता प्रदान की जाती थी। किंतु पिछले लगभग तीन-चार वर्षों से समिति की नियमित बैठकें आयोजित नहीं हो पा रही हैं, जिससे पत्रकारों की समस्याओं के समाधान एवं प्रशासनिक समन्वय में कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने शासनादेश के अनुपालन में जनपद महोबा में जिला प्रेस स्थायी समिति का विधिवत गठन कर उसकी नियमित बैठकें आयोजित कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाने की मांग की है, ताकि पत्रकारों एवं प्रशासन के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित हो सके तथा पत्रकार हितों से जुड़े विषयों का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

इस अवसर पर मोहम्मद अजीज, राकेश पटेरिया, अरविंद अनुरागी, फैजान अली, इफ्तखार अली, महेंद्र सोनी, सुरेश निराला, अनिल बाबू, चाँदबाबू मंसूरी,तौसीफ खान, हनुमान शुक्ला, आनंद तिवारी, शान मोहम्मद, मकबूल खान, सलमान, हरि दर्शन, हरि सिंह वर्मा, बिहारी लाल, बीडी बंसल, सुधांशु, राजू पटेरिया, बृजेंद्र भारद्वाज, शिवनंदन अग्निहोत्री, शहंशाह अहमद, प्रदीप तिवारी, अभिषेक गुप्ता, संतोष गोस्वामी सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## पुलिस ने चलाया बैंक चेकिंग अभियान, संदिग्धों की हुई सघन तलाशी

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद महोबा में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।

अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई।

# सपा मुखिया के खिलाफ लगाए गए आपत्तिजनक पोस्टरों पर विपिन श्रीवास्तव ने जताई कड़ी नाराज़गी

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** पिछले दिनों रामनगर क्षेत्र में बीजेपी द्वारा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की तस्वीरों के साथ लगाए गए कथित आपत्तिजनक पोस्टरों को लेकर समाजवादी पार्टी में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है।

समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं वाराणसी कैंट विधानसभा-390 से सक्रिय जननेता विपिन श्रीवास्तव ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं,लेकिन व्यक्तिगत दुर्भावना, अपमानजनक भाषा और समाज में वैमनस्य फैलाने वाली राजनीति किसी भी सभ्य समाज के लिए उचित नहीं मानी जा सकती। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पोस्टरबाजी राजनीतिक शिष्टाचार और लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश और देश की जनता आज महंगाई, बेरोजगारी,भ्रष्टाचार, किसानों की समस्याओं, युवाओं के भविष्य और कानून व्यवस्था जैसे गंभीर मुद्दों से जूझ रही है, लेकिन इन मूल समस्याओं से जनता का ध्यान भटकाने के लिए कुछ लोग ओछी राजनीति का सहारा ले रहे हैं। विपिन श्रीवास्तव ने कहा कि जब जनता के सवालों का जवाब देने की क्षमता समाप्त हो जाती है, तब व्यक्तिगत टिप्पणी और नफरत फैलाने की राजनीति शुरू हो जाती है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव प्रदेश के करोड़ों युवाओं, किसानों, गरीबों, पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों की उम्मीद और आवाज हैं। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सड़क, एक्सप्रेसवे, शिक्षा, स्वास्थ्य, लैपटॉप योजना और समाजवादी पेंशन जैसी अनेक जनहितकारी योजनाओं का सफल संचालन हुआ, जिसके कारण आज भी जनता का विश्वास समाजवादी विचारधारा के साथ मजबूती से जुड़ा हुआ है। अंत में उन्होंने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों से संयम बनाए रखने, लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करने तथा जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाते रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाजवादी विचारधारा हमेशा सकारात्मक राजनीति और जनता की आवाज को बुलंद करने का कार्य करती रहेगी।

# वन ट्रिलियन डॉलर लक्ष्य को लेकर विभागों की प्रगति की हुई समीक्षा

**जिलाधिकारी ने दिए लक्ष्य आधारित कार्य करने के निर्देश**

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** प्रदेश सरकार के वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से संचालित योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की त्रैमासिक समीक्षा बैठक सोमवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था योजना में प्रत्येक विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से विभागवार उपलब्धियों, निवेश प्रस्तावों, रोजगार सृजन, राजस्व वृद्धि, आधारभूत संरचना विकास, कृषि, उद्योग, पर्यटन, परिवहन, ऊर्जा, डेयरी, मत्स्य एवं अन्य क्षेत्रों में की गई प्रगति की जानकारी प्राप्त की। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने सेक्टर से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं और उपलब्धियों को समयबद्ध तरीके से पोर्टल पर अपडेट करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, वे विशेष कार्ययोजना बनाकर सुधारात्मक कार्रवाई करें। इस दौरान अलीगढ़ विकास प्राधिकरण, स्वास्थ्य, कृषि, सामाजिक वानिकी, लोक निर्माण, विद्युत, परिवहन, पूर्ति, उद्योग, पर्यटन, पशुपालन, मत्स्य, खनन, बैंकिंग, जीएसटी, नाबार्ड समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक का संचालन जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनिल कुमार दीक्षित द्वारा किया गया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत, पिकअप चालक फरार

**भवानीगंज सिद्धार्थनगर।** जनपद के भड़रिया-डुमरियागंज मार्ग पर सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बिथरिया और भड़रिया के बीच बड़ी नहर के पास दोपहर करीब 3:30 बजे एक अनियंत्रित पिकअप ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान प्रभात यादव (पुत्र परशुराम यादव) के रूप में हुई है, जो चंद्रदीप घाट के निवासी थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि प्रभात को संभलने का मौका भी नहीं मिला। घटना को अंजाम देने के बाद पिकअप चालक वाहन समेत डुमरियागंज की तरफ भागने में सफल रहा। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस टीम मौके पर पहुँच गई।

# मैक्स हॉस्पिटल लखनऊ ने गोरखपुर में शुरू की विशेष ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाएं

अवधनामा संवाददाता




**गोरखपुर ।** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में उन्नत कैंसर उपचार सेवाओं की पहुंच को और मजबूत करते हुए गोरखपुर में अपनी डेडिकेटेड ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की है। इन ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के प्रिंसिपल कंसल्टेंट, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. शशांक चौधरी और एसोसिएट कंसल्टेंट, मेडिकल ऑन्कोलॉजी एवं हेमेटो-ऑन्कोलॉजी डॉ. आशुतोष मिश्रा की उपस्थिति में किया गया।

डॉ. शशांक चौधरी प्रत्येक माह के पहले गुरुवार को दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक लाइफ केयर हॉस्पिटल, गोरखपुर में परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। वहीं, डॉ. आशुतोष मिश्रा प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे बुधवार को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक शकुंतला हॉस्पिटल तथा दोपहर 12:30 बजे से 2:00 बजे तक एनईआर रेलवे ऑफिस में मौजूद रहेंगे।

इस अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के प्रिंसिपल कंसल्टेंट, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. शशांक चौधरी ने कहा, 'कैंसर के सफल उपचार में शुरुआती पहचान सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और इससे मरीजों को बेहतर नतीजे मिलते हैं। जागरूकता बढ़ने और मिनिमली इनवेसिव तथा प्रिसीजन आधारित ऑन्कोलॉजी में प्रगति के कारण अब हम अधिक सुरक्षित और प्रभावी उपचार उपलब्ध करा पा रहे हैं। इस ओपीडी के माध्यम से गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को बिना लंबी दूरी तय किए विशेषज्ञ सर्जिकल ऑन्कोलॉजी परामर्श मिल सकेगा।'

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के एसोसिएट कंसल्टेंट - मेडिकल ऑन्कोलॉजी एवं हेमेटो-ऑन्कोलॉजी डॉ. आशुतोष मिश्रा ने कहा, 'इम्यूनोथेरेपी, टार्गेटेड ट्रीटमेंट्स और सीएआर-टी थेरेपी जैसी उन्नत उपचार पद्धतियों के जुड़ने से कैंसर मरीजों की सर्वाइवल रेट और जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है। आधुनिक ऑन्कोलॉजी तेजी से विकसित हो रही है, जहां मरीजों के अनुसार व्यक्तिगत उपचार पद्धति अब उपचार का मानक बनती जा रही है। हमारा उद्देश्य मरीजों को जांच से लेकर रिकवरी तक हर चरण में नवीनतम एविडेंस-बेस्ड प्रैक्टिस के साथ मार्गदर्शन देना है।'

गोरखपुर में इन ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत के साथ मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने व्यापक और अत्याधुनिक कैंसर उपचार उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। इस पहल से पूर्वी उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श, शुरुआती जांच और उन्नत उपचार योजना की सुविधा घर के नजदीक मिल सकेगी।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के उपलक्ष्य में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अंतर्गत सोमवार को जिले में विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के प्राचीन अचलेश्वर मंदिर स्थित शिवालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक शहर मुक्ता संजीव राजा एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष इंजीनियर राजीव शर्मा ने श्रद्धालुओं के साथ भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रदेश व देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने का संदेश दिया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को गुजरात के द्वारका से आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम एवं काशी विश्वनाथ धाम से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया। श्रद्धालुओं ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और भारत की सांस्कृतिक चेतना एवं आध्यात्मिक परंपराओं के संरक्षण के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को सोमनाथ से संबंधित पुस्तकों का वितरण किया गया, जिससे लोगों को मंदिर के इतिहास, उसके पुनर्निर्माण और राष्ट्रीय स्वाभिमान से जुड़े प्रसंगों की जानकारी प्राप्त हो सके। साथ ही सामूहिक रूप से '? नमः शिवाय' मंत्र का जाप किया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। इस दौरान मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया गया तथा भजन-कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का गुणगान किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, भाजपा पदाधिकारियों, मंदिर समिति के सदस्यों एवं बड़ी संख्या में आमजन की सहभागिता रही।

# बाढ़ व जलभराव नियंत्रण को लेकर प्रशासन सख्त

**नगर निगम ने शुरू किया पम्पिंग स्टेशनों से लेकर नालों की सफाई तक तैयारी**

**मंडलायुक्त व महापौर की अध्यक्षता में समीक्षा**

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर ।** नगर में संभावित बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। नगर निगम सभागार में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा व महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बाढ़ नियंत्रण, जल निकासी और संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में नगर आयुक्त अजय जैन, जीडीए उपाध्यक्ष अभिनव गोपाल, अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा, एसपी ट्रैफिक अमित श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों द्वारा बिंदुवार प्रस्तुतीकरण के माध्यम से तैयारियों की जानकारी दी गई। प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि नगर क्षेत्र में स्थापित पम्पिंग स्टेशनों को पूरी तरह क्रियाशील रखा गया है। विभिन्न वार्डों में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए अतिरिक्त पम्पिंग सेट लगाए गए हैं।

नगर निगम द्वारा प्रमुख एवं सहायक नालों की समयबद्ध सफाई कराई जा रही है। जहां जल निकासी में बाधा है, वहां अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर विशेष टीमें तैनात की गई हैं, ताकि बारिश के दौरान त्वरित कार्रवाई हो सके। आपात स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम का कंट्रोल रूम सक्रिय कर दिया गया है। हेल्पलाइन नंबर जारी कर आमजन से अपील की गई है कि जलभराव या बाढ़ की स्थिति में तुरंत सूचना दें। सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर त्वरित राहत सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बरसात के मौसम में फैलने वाले संचारी रोगों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट किया गया है। फॉगिंग, एंटी-लार्वा छिड़काव और सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। जलभराव वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। नगरवासियों को जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर राहत सामग्री, पेयजल और अन्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के लिए शिक्षिकाओं ने भरी हुंकार

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ के सदस्यों ने सोमवार को जिलाध्यक्ष सुषमा सिंह की अगुवाई में अंतर्जनपदीय स्थानांतरण की मांग को लेकर बीएसए ग्राउंड में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम के प्रतिनिधि को सौंपा। शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए सुषमा सिंह ने कहा कि विगत 11 वर्ष से आकांक्षी सहित अन्य जनपदों से सरकार की गलत नीति के कारण शिक्षिकाओं का स्थानान्तरण इनके गृह जनपद में नहीं हो पा रहा है। इसका सर्वाधिक दुष्प्रभाव इनके परिवार पर पड़ रहा है। शिक्षक, शिक्षिकाएं घर से दूर होने के कारण यह अपने बुजुर्ग व बीमार मां-बाप, सास-ससुर, पति व बच्चों की देखभाल नही कर पा रहे हैं। नीति आयोग व राज्य सरकार चाहे तो सर्वे कराकर देख लें कि अपने घर परिवार से दूर रहकर शिक्षिकाओं ने जिले को आकांक्षी की श्रेणी से बाहर निकाल दिया है। इसलिए अब इन्हें इनके गृह जनपद में स्थानांतरित किया जाना न्यायोचित होगा।

## शिवपुराण आधारित जनपद स्तरीय काव्य प्रतियोगिता का आयोजन



**वाराणसी।** 'स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष' कार्यक्रम के अंतर्गत आर्य महिला इंटर कॉलेज, चेतगंज में 'सोमनाथ काव्य' विषय पर जनपद स्तरीय काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रभात कुमार चौरसिया, प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल सगहट, वाराणसी एवं राजेश उपाध्याय, शिक्षक पीएमश्री राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से कुल 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आर्य महिला इंटर कॉलेज की वैष्णवी मिश्रा, द्वितीय स्थान कस्तूरबा बालिका इंटर कॉलेज की मोनी प्रजापति तथा तृतीय स्थान पीएमश्री राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज के जिगर पाण्डेय ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिभा यादव एवं नोडल अधिकारी द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिभा यादव ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी रमाशंकर यादव, प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल लालपुर सेवापुरी, शिक्षिका अनुराधा राय सहित विभिन्न विद्यालयों की मार्गदर्शक शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गीता सिंह मौर्य ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिभा यादव ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के संयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक वाराणसी भोलेन्द्र प्रताप सिंह रहे।

## डीजे बजाने से रोके जाने पर दबंगों ने लोगों को पीटा



**महोबा।** कस्बा चरखारी की कांशीराम कालोनी में जन्मदिन की पार्टी में बज रहे डीजे की आवाज को धीमा किए जाने को लेकर एक ही परिवार के आधा दर्जन लोगों की मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पड़ोसियों ने दबंगों से परिवार को बचाने का प्रयास किया तो उनके साथ भी दबंगों ने हाथापाई कर अभद्रता की। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि दबंगों ने मारपीट करने के बाद घर से नगदी और गहने भी लेकर फरार हो गए और शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित परिजनों ने एसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। कांशीराम कालोनी चरखारी के समीप कुछ लोग जन्मदिन की पार्टी के बहाने तेज आवाज में डीजे बजाते हुए शराब का सेवन कर उत्पात मचा रहे थे। डीजे की तेज आवाज से पास में रह रहे लोगों को परेशानी होने पर जाहिद ने शोर शराबे और गाली-गलौज का विरोध किया, तो हमलावरों ने उनके घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। लगभग आधा दर्जन लोग आयशा नामक महिला के दरवाजे पर मारपीट करते दिख रहे हैं। आरोप है कि हमलावरों ने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि घर की बेटियों को हाथ पकड़कर खींचने और उनके साथ अभद्रता करने का भी प्रयास किया। जब पिता जाहिद ने अपनी बेटियों को बचाने आए, तो हमलावरों ने उन पर जानलेवा हमला कर सड़क पर बेहोश कर दिया।

# बिजली कटौती व स्मार्ट मीटर के खिलाफ सपाईयों का हल्ला बोल

**स्मार्ट मीटर हटाओ, पुरानी व्यवस्था लाओ', मांगों को लेकर सपा ने बुलंद की आवाज**

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** जिले में हो रही अघोषित बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उपभोक्ताओं को रही परेशान, शहर व ग्रामीण क्षेत्र की पेयजल आपर्ति, कमर तोड़ महंगाई, नलकूपों की स्थापना, किसानों को खाद बीज सिंचाई व्यवस्था, तालाबों से जलकुभी हटवाए जाने आदि को मुद्दा बनाते हुए सोमवार को समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर जन समस्याओं को उठाते हुए नारेबाज की। प्रदर्शन के बाद सपा जिलाध्यक्ष शोभालाल के नेतृत्व में सपाईयों ने राज्यपाल को संबोधित दस सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में अतिरिक्त अधिकारी को सौंपकर समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कराए जाने की मांग की।

जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में सपाईयों बताया कि विगत महीनों से बिजली के स्मार्ट मीटर की शुरूआत हो जाने के बाद से आम जनमानस को अत्याधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्मार्ट मीटर और बिजली विभाग के एप में गलत रिडिंग दिखाई जा रही है साथ ही सही समय से वैलेस अपडेट न होने के कारण वैलेंस शून्य दर्शा रहा है और गलत रिडिंग के चलते बिल कई गुना ज्यादा आता है। सपाईयों ने स्मार्ट मीटरों को अलग करके पहले किए गए स्थापित मीटरों को लगाए जाने की मांग उठाई है। ज्ञापन में बताया कि भीषण गर्मी के चलते बिजली लाइन में लोकल फाल्ट बताकर कटौती की जा रही है, जिससे भीषण गर्मी से लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। बताया कि लाइन बंद करने के बाद पावर हाउस में तैनात अधिकारी, कर्मचारी आमजन का फोन उठाना भी बंद कर देते हैं। ज्ञापन में बेवजह की जा रही बिजली कटौती को बंद कराने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया कि शहर के अलावा जिले के कई गांव ऊंचाई क्षेत्र में होने के कारण गर्मी के मौसम में पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। पानी की पर्याप्त व्यवस्था न होने के ग्रामीणों के अलावा जानवरों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। सपाईयों ने ऊंचाई क्षेत्रों में संसाधनों की व्यवस्था कर पानी की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है। बताया कि कमर तोड़ महंगाई के चलते जिले में रोजगार न होने के कारण आम आदमी जितना कमाता है उससे उसके परिवार का भरण पोषण भी नहीं हो पा रहा है, जिस कारण मजदूर वर्ग शहरों की ओर पलायन करने को मजबूर है। गरीबों के हित में चलाई जा रही योजनाएं भी कागजों तक सीमित रह गई है साथ ही गैस के बढ़ते दामों से लोगों का हाल बेहाल होता जा रहा है।

### सांसद ने पीएम पर साधा निशाना

कलेक्ट्रेट में समाजवादी पार्टी के प्रदर्शन दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया। सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने प्रधानमंत्री को सरेआम अपशब्द का प्रयोग किया। सांसद ने पीएम मोदी को देश विरोधी प्रधानमंत्री करार देते हुए उनके विदेशी दौरों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसा प्रधानमंत्री न कभी हुआ है और न कभी होगा।

# मां की ममता झलकी मातृ दिवस पर, कहां- मां ओ मेरी मां मैं तेरा लाडला



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** माँ की ममता निस्वार्थ, पवित्र और असीम त्याग का प्रतीक है, जो हर बच्चे के जीवन की पहली गुरु और सबसे बड़ी शक्ति होती है। यह ममता समर्पण की भावना है, जो हर कष्ट सहकर बच्चे को पालती है और सही मार्ग दिखाती है। ममता की मूर्त स्वरूप मां के लिए मातृ- दिवस 'मदर्स-डे' का दिन बहुत खास होता है। मातृ दिवस के अवसर पर श्री हरि धर्म विज्ञान सेवा संस्थान की संस्थापिका स्वर्गीय श्री मति आशा देवी पाठक के स्मृति में मातृ दिवस का आयोजन खोजवाँ स्थित वात्सल्य अकादमी में धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक पंडित शिवानंद पाठक तथा प्रधानाचार्य विनोद कुमार वर्मा के द्वारा द्वीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। इस अवसर पर सह निर्देशक आशुतोष पाठक और सौरभ पाठक द्वारा अपनी माताजी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के सभी बच्चों द्वारा अपनी अपनी मां की आरती की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने मातृ दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि, मेरे जीवन में मां का होना कितना आवश्यक है क्यों कि मां ममता की प्रतिमूर्ति होती है वो मुझे संस्कार देती हैं, मां जैसा त्याग और सेवा कोई और नहीं कर सकता।

# प्रशिक्षण महाअभियान में बूथ प्रबंधन, विचारधारा और योजनाओं पर हुआ मंथन

## राज्य मंत्री सतीश शर्मा बोले- प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान के तहत आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन सोमवार को उदासीन आश्रम रानोपाली में हुआ। रविवार से प्रारंभ हुए इस अभियान में कार्यकर्ताओं को संगठन, विचारधारा, बूथ प्रबंधन, चुनाव संचालन एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। दूसरे दिन छह अलग-अलग सत्रों में कार्यकर्ताओं को विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत आयोजित क्विज प्रतियोगिता में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। डा हेडगेवार के जीवन चरित्र पर आधारित फीचर फिल्म भी कार्यकर्ताओं को दिखाई गई।खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल राजनीतिक दल नहीं बल्कि सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि, मुफ्त राशन योजना, हर घर जल योजना और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव के विकास और कल्याण की राजनीति को आगे बढ़ाया है। प्रशिक्षण सत्र में प्रो. रंजन कुमार ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक चेतना और अंत्योदय के सिद्धांत पर आधारित है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार संगठन के लिए प्राण के समान हैं। प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह ने बूथ प्रबंधन एवं 'मन की बात' विषय पर प्रशिक्षण देते हुए कहा कि बूथ की मजबूती ही चुनावी विजय का आधार होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ पर सक्रिय संपर्क और जनसंवाद बढ़ाने का आह्वान किया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी ने व्यवहारिक सत्र में कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक अनुशासन, संवाद शैली और जनसंपर्क के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी। वहीं रायबरेली प्रभारी पीयूष मिश्र ने कार्य-संगठन विस्तार एवं चुनाव प्रबंधन विषय पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया।

## कैंटाबिल का नया परिधान केंद्र खुला, लोगों को मिलेगा आधुनिक खरीदारी का बेहतर अवसर

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में कैंटाबिल कंपनी ने अपना नया परिधान केंद्र खोलकर खुदरा व्यापार के क्षेत्र में विस्तार किया है। लगभग 2100 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला यह आधुनिक केंद्र गेट संख्या 41/1, मौजा पिकुरा, दत्तुराई, ब्राह्मण महासभा के पास स्थित है। नए केंद्र के खुलने से क्षेत्र के लोगों को आधुनिक और आकर्षक परिधानों की खरीदारी के लिए नया विकल्प मिल गया है। इस नए केंद्र में पुरुषों, महिलाओं तथा बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के परिधान, जूते-चप्पल और अन्य फैशन सामग्री उपलब्ध कराई गई है। पुरुषों के लिए औपचारिक, सामान्य तथा समारोह विशेष वस्त्रों की श्रृंखला मौजूद है, वहीं महिलाओं के लिए पारंपरिक, सामान्य और औपचारिक परिधानों का आकर्षक संग्रह उपलब्ध कराया गया है। कंपनी के निदेशक दीपक बंसल ने बताया कि बस्ती में नए केंद्र की शुरुआत कंपनी के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## 300 शैय्यायुक्त चिकित्सालय निर्माण का डीएम ने किया निरीक्षण, गुणवत्ता से समझौता न करने के निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जनपद में ईपीसी मोड पर जी+7 मॉडल के तहत निर्माणाधीन 300 शैय्यायुक्त चिकित्सालय भवन का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल भवन एवं आवासीय परिसर के निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप कराया जाए तथा गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए सभी तकनीकी मानकों का पालन सुनिश्चित कराया जाए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिशासी अभियंता निर्माण खंड-2 को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को तत्काल दूर कर कार्यों में तेजी लाई जाए, ताकि परियोजना समयबद्ध ढंग से पूर्ण हो सके।उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह चिकित्सालय जनपदवासियों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड-2 सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## स्मार्ट मीटर व्यवस्था में बड़ा बदलाव, सभी प्रीपेड मीटर होंगे पोस्टपेड



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। प्रेसवार्ता में मुख्य अभियंता बृजेश कुमार ने घोषणा की कि जनपद में लगाए गए सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटर अब चरणबद्ध तरीके से पोस्टपेड व्यवस्था में बदले जाएंगे। नई व्यवस्था जून 2026 से लागू होगी।मुख्य अभियंता ने बताया कि अब उपभोक्ताओं को रोज-रोज रिचार्ज कराने की परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। एक माह बिजली उपयोग के बाद बिल जारी होगा, जिसे जमा करने के लिए 15 दिन का समय मिलेगा। इसके बाद सात दिन की अतिरिक्त मोहलत दी जाएगी।उन्होंने बताया कि जिले में करीब एक लाख दस हजार स्मार्ट मीटरों का कन्वर्जन शुरू हो चुका है और सभी नए बिजली कनेक्शन भी अब पोस्टपेड मोड में ही दिए जाएंगे। स्मार्ट मीटरों की शिकायतों के समाधान के लिए 15 मई से 30 जून तक विशेष कैंप लगाए जाएंगे। बिजली विभाग का दावा है कि नई व्यवस्था से बिलिंग प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी और उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी।

## पीडब्ल्यूडी की घोषणा से व्यापारियों में रोष

**रुदौली -अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** रुदौली विधान सभा क्षेत्र की जीवन रेखा कही जाने वाली भेलसर रुदौली नगर होते हुए इन्हौना मार्ग के निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा चौड़ी करण की घोषणा किए जाने से नगर क्षेत्र में सैकड़ों वर्ष से पुश्त दर पुश्त स्थापित व्यापारियो की दुकान ब मकान के तोड़े जाने के आदेश से आम जन मानस मे जनाक्रोश फैल गया है ।आज विभाग द्वारा चिन्हित कब्जे को 3दिन में हटाए जाने की घोषणा से पूरे नगर में अफरातफरी का माहौल व्याप्त है। रुदौली उत्तर प्रदेश का सबसे प्राचीन ऐतिहासिक,सामाजिक सौहार्द्र एवं प्रमुख व्यापारिक नगरी है , इसको 30 वर्ष पूर्व नगर पालिका का दर्जा प्राप्त हुआ था रुदौली का हर जिम्मेदार नागरिक नगर का विकास चाहता है लेकिन ऐसा विकास कैसा जिसमे सब विध्वंश हो जाए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने कथित रूप से अवैध कब्जा चिन्हित कर कब्जा हटाए जाने की चेतावनी दे दी है यक्ष प्रश्न यह है की सैकड़ों साल से बनी मकान दुकान अवैध कैसे हो गई जब विनियमित क्षेत्र से शुल्क जमा कर नियमानुसार नक्शा पास किया जाता है प्रशासनअवैद्य कब्जा साबित कर भवन स्वामियों को मुआवजा नहीं देना चाहता है ।यदि रुदौली नगर में चिन्हित दुकानों मकानों में तोड़ फोड़ की गई तो इसका खामियाजा प्रदेश की भाजपा सरकार कोआने वाले 2027 के चुनाव में अवश्य उठाना पड़ सकता है विपक्षी दल इसे राजनीतिक मुद्दा बना कर भाजपा को रुदौली में सबक सिखाने में पीछे नहीं रहेंगे । व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार वैश्य का कहना है कि तोड़ फोड़ से सड़क चौड़ी तो हो जायेंगी आवागमन बढ़ जाएगा लेकिन व्यापार एवं ब्यापारियों का इससे क्या फायदा होगा दिन भर हाइवे की तरह भारी वाहनों का आवागमन से जन हानि व्यापार प्रभावित होगा रुदौली नगर क्षेत्र में चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग का निर्माण कार्य शुरू हो गया है यदि वास्तव में शासन प्रशासन रुदौली का हित चाहता है तो रुदौली में बाई पास मार्ग का निर्माण कराए अन्यथा प्रशासन आम जन मानस की रोजी रोटी के साथ खिडवाड़ न करे ।रुदौली नगर में जाम की सबसे प्रमुख कारण सटटी बाजार,अनियंत्रित बैट्री रिक्शा फल ठेला को अभी तक गैर जिम्मेदार नगर पालिका परिषद व्यवस्थित नही कर पाई है नगर में तोड़ फोड़ से आवागमन की समस्या हल नहीं होगी ठेलो का स्थान निर्धारित न किया जाना, बेहिसाब पनपे बैटरी रिक्शे को नियंत्रित किया जाए ।

## मातृदिवस पर विश्व आयुर्वेद परिषद की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ, आयुर्वेद सेवा का लिया संकल्प




*अवधनामा संवाददाता*

अयोध्या। विश्व आयुर्वेद परिषद अयोध्या इकाई की वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में आयुर्वेद चिकित्सा के प्रचार-प्रसार एवं जनमानस को स्वस्थ रखने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. एमएम विष्णु एवं विशिष्ट अतिथि आईएमए अयोध्या के अध्यक्ष डॉ. आशीष श्रीवास्तव उपस्थित रहे। वहीं कार्यकारिणी संरक्षक डॉ. आनंद उपाध्याय ने नवगठित टीम को शुभकामनाएं देते हुए समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।समारोह में डॉ. आकांक्षा सिंह ने अध्यक्ष पद, डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने सचिव, डॉ. गरिमा ने उपाध्यक्ष, डॉ. पूजा त्रिपाठी ने कोषाध्यक्ष तथा डॉ. हिमानी खानचन्दानी ने सह सचिव पद की शपथ ली। इसके अलावा डॉ. रितेश गजवानी, डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. समीक्षा श्रीवास्तव, डॉ. आकांक्षा, डॉ. हरीश सिंह एवं डॉ. अंजली मौर्य सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी दायित्व ग्रहण किया। कार्यक्रम में डॉ. एके सिंह, डॉ. रत्नेश पांडेय, डॉ. एसके गुप्ता, डॉ. जेपी तिवारी, डॉ. सोनी सिंह, डॉ. सरिता त्रिपाठी, डॉ. उपेंद्र मणि त्रिपाठी, डॉ. दीप्ति गुप्ता, डॉ. कुलदीप, डॉ. राहुल सिंह, डॉ. अमृता सिंह, डॉ. धूपलता दुबे, डॉ. अभय प्रताप, डॉक्टर एचपी तिवारी, डॉक्टर हितेश तिवारी, डॉक्टर कुलदीप तिवारी, डॉ. देवेंद्र सिंह एवं लक्ष्मीकांत सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक मौजूद रहे।समारोह की विशेषता यह रही कि शपथ ग्रहण संस्कृत भाषा में संपन्न कराया गया। डॉ. आकांक्षा सिंह विश्व आयुर्वेद परिषद अयोध्या की पहली महिला अध्यक्ष बनीं, जबकि प्रदेश स्तर पर वर्तमान में वह दूसरी महिला अध्यक्ष हैं।

## रामायण कालीन वृक्षों से रामनगरी को आच्छादित करेगा नगर निगम समीक्षा बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जगह-जगह उपवन स्थापित कर अयोध्या को रामायणकालीन वृक्षों से आच्छादित किया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री नगरोदय योजना के तहत डिजिटल लाइब्रेरी भी खोली जाएगी। इस संबंध में महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार ने निर्देश दिए हैं। वह नगर निगम के अधिकारियों के साथ नगर में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। महापौर ने कहा कि नगर क्षेत्र में 500 वर्ग मीटर से छोटा एवं बड़ा दोनों श्रेणी के उपलब्ध स्थानों का चयन कर लिया जाये और वहां रामायण कालीन वृक्षों को रोपा जाए। इसके लिए जैन मंदिरों के आसपास जमीन तलाशने का भी निर्देश उन्होंने दिया। नगर आयुक्त ने हीट एक्शन प्लान के मुताबिक अति संवेदनशील नौ वार्डों में इस योजना के तहत विशेष फोकस करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में बताया गया कि नगर क्षेत्र में मियावाकी पद्धति के दो उपवन स्थापित किए गए हैं।बैठक में मुख्यमंत्री नगरोदय योजना के तहत डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना के लिए छात्रों के बहुलता वाले इलाकों वशिष्ट कुंड, चित्रगुप्त, मलिकपुर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी आदि वार्डों में जगह तलाश करने का भी निर्देश दिया गया। तय किया गया कि नगर निगम निधि से नगर के पांच छोटे तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराकर उनकी वेरीकेटिंग कराई जाएगी और वहां जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। नगर आयुक्त ने समीक्षा के दौरान कहा कि जिन निर्माण कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है, उनके भुगतान को भी समय से सुनिश्चित करा दिया जाय। उन्होंने कार्य में जानबूझकर छह माह से अधिक विलंब करने वाले ठेकेदारों को चिन्हित कर नोटिस दिए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्मार्ट सिटी योजना के तहत निर्मित चार स्कूलों का लोकार्पण स्कूल खुलते ही कराने को कहा। भजन संध्या स्थल के पास पार्किंग एवं शौचालय के निर्माण की योजना को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया गया।

## महंगाई और बिजली बिल को लेकर सपा व्यापार सभा की बैठक

**अयोध्या।** समाजवादी व्यापार सभा महानगर की बैठक श्रृंगारहाट स्थित कार्यालय में महानगर अध्यक्ष शक्ति जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बढ़ती महंगाई, घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों, बिजली बिलों एवं आम जनता की समस्याओं पर चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए शक्ति जायसवाल ने कहा कि समाजवादी सरकार में किसानों, व्यापारियों, युवाओं और गरीबों के हित में कई जनकल्याणकारी कार्य किए गए थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाजवादी सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।रामपथ पर ब्रेकर न होने से लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि श्रृंगारहाट तिराहे और डाकखाना चौराहे पर जल्द ब्रेकर बनाए जाने चाहिए, ताकि हादसों पर रोक लग सके।सपा प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया कि बैठक में वर्ष

## नित्य मंगल संवाद, अनुशासित दिनचर्या से समृद्ध होगा परिवार : सह प्रांत प्रचारक संजय




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि अयोध्या महानगर के संयोजन में कारसेवकपुरम में आयोजित कुटुंब मिलन में परिवारों का बड़ा एकत्रीकरण हुआ।कार्यक्रम का संयोजन कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि महानगर सह संयोजक पवन पांडेय ने किया। समारोह में परिवार में एकजुटता पर बल दिया गया। इसके टूटने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई। समारोह के मुख्य वक्ता संघ के अवध प्रांत के सहप्रांत प्रचारक संजय जी ने कई उद्धरण देते हुए लोगों से बच्चों पर उम्मीदों का बोझ न लादने को कहा। संजय ने कहाकि परिवार में प्रतिदिन प्रेमपूर्वक मंगल संवाद हो, कुछ अच्छा सीखें और उस पर चर्चा करें। माह में एक बार पड़ोसियों से मंगल संवाद करें। घर में भक्ति, अध्यात्म एवं राष्ट्रभक्ति विषय पर चर्चा करें। कहा, बच्चों को मोबाइल बड़ों की देखरेख में ही दें। परिवार की अनुशासित एवं नियमित दिनचर्या बनाएं। धार्मिक व प्रेरणादायी साहित्य पढ़े जाएं। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग हो। वृद्धजनों का अत्यधिक ध्यान रखा जाए। साथ ही सेवा कार्य में तन, मन व धन का अर्पण हो। कहाकि आपसी संवाद किसी भी सूरत में स्वजनों से बंद न किया जाए। संजय ने कहाकि भोजन करते समय व अतिथियों के आने पर मोबाइल का प्रयोग बिल्कुल न करें। परिवार में किसी का अनादर न करें। मुख्य वक्ता ने कहा, राष्ट्र विरोधी चैनलों को लाइक व सब्सक्राइब न करें। रील को इस बात को ध्यान में रखते हुए देखें। कहा कि वामपंथियों ने भारतीय परिवार की समृद्ध परंपरा को कमजोर करने की साजिश की है। समारोह शुभारम्भ के अवसर पर सहप्रांत प्रचारक, विभाग सह संघ चालक मुकेश तोलानी, महानगर संघचालक प्रो. विक्रमा पांडेय, महानगर प्रचारक सुदीप कुमार , प्रो रमापति मिश्र, पवन पांडेय आदि ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

## सीएमआईएस पोर्टल व सीएम डैशबोर्ड की डीएम ने की समीक्षा, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएमआईएस पोर्टल पर फीड विभिन्न परियोजनाओं एवं सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर सभी सूचनाओं की फीडिंग शुद्ध एवं समय पर सुनिश्चित की जाए, ताकि जनपद की रैंकिंग बेहतर बनी रहे।बैठक में जिलाधिकारी ने पीपीपी मॉडल परियोजनाओं, जिला कारागार निर्माण कार्य, पर्यटन विभाग की योजनाओं, गोरखपुर-अयोध्या मार्ग, रामपथ, धर्मपथ, राजघाट, राम की पैड़ी, रुदौली स्थित मां कामाख्या मंदिर, बृहद गो संरक्षण केंद्र कोटिया, तमसा नदी पर सेतु निर्माण, कंपोजिट विद्यालयों के निर्माण तथा पंचकोसी परिक्रमा मार्ग से जुड़े कार्यों की विस्तार से समीक्षा की।उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश देते हुए निर्माण खंड-2 के अधिशासी अभियंता को निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने को कहा। सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी, पोषण अभियान, किसान सम्मान निधि, पीएम कुसुम योजना तथा पर्यटन विभाग की परियोजनाओं की प्रगति तेज करने के निर्देश दिए। पोषण अभियान में धीमी प्रगति पर जिला कार्यक्रम अधिकारी से जवाब तलब करते हुए सुधार न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।उन्होंने प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत बाउंड्री वॉल निर्माण शीघ्र पूरा कराने तथा पीडब्ल्यूडी द्वारा नई सड़कों के निर्माण में देरी पर नाराजगी जताई। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को पोल्ट्री क्षेत्र और मत्स्य विभाग को अपनी रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए गए। वहीं वृद्धावस्था पेंशन योजना में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया। राजस्व विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग एवं मंडी परिषद के कार्यों की सराहना करते हुए संपत्ति नामांकन को 'ए' ग्रेड में लाने, खनन विभाग की रैंकिंग सुधारने तथा स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

## 24 घंटे में गुमशुदा महिला बरामद, रुदौली पुलिस की त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने ली राहत की सांस

**रुदौली (अयोध्या)। (अवधनामा संवाददाता)** रुदौली कोतवाली क्षेत्र में गुमशुदा हुई महिला को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर बड़ी सफलता हासिल की है। महिला के सुरक्षित मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली है और पुलिस टीम की सराहना की है। जानकारी के अनुसार शहबाजपुर गांव निवासी सोनी बानो पत्नी मोहम्मद मोसिम बीते 9 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई थीं। महिला के अचानक गायब होने से परिवार में हड़कंप मच गया। काफी तलाश के बाद भी जब उनका कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने 10 मई को कोतवाली रुदौली पहुंचकर लिखित तहरीर देकर महिला की बरामदगी की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए रुदौली पुलिस तत्काल सक्रिय हो गई। भेलसर चौकी प्रभारी युवराज सिंह एवं हमराही अभिषेक कुमार ने तेजी से तलाश अभियान चलाया। पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर खोजबीन और संपर्क के बाद महिला को महज 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया।

## फरार अभियुक्त के विरुद्ध नोटिस चस्पा



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** थाना कोठीभार पुलिस ने फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए धारा 82 सीआरपीसी के तहत उद्घोषणा की प्रक्रिया पूरी की है।

जानकारी के अनुसार थाना कोठीभार में दर्ज मुकदमा संख्या 7557/21, धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित मामले में अभियुक्त दीपक पुत्र ओमप्रकाश केशरी, निवासी वार्ड संख्या 11 सिसवा बाजार, लंबे समय से फरार चल रहा है। माननीय न्यायालय के आदेश पर उसके विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी के तहत उद्घोषणा जारी की गई। पुलिस टीम द्वारा नियमानुसार अभियुक्त के संभावित ठिकानों व सार्वजनिक स्थानों पर नोटिस चस्पा किया गया तथा मुनादी कराकर उसे न्यायालय में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर गूंजा शिवभक्ति का स्वर

### महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** जनपद में सोमवार को 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अवसर पर विभिन्न शिवालयों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम चौक स्थित गुरु गोरक्षनाथ मंदिर परिसर में आयोजित हुआ, जहां श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर पंचायत चौक से गुरु गोरक्षनाथ मंदिर स्थित शिवालय तक महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं एवं आमजन शामिल हुए। पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा। कलश यात्रा के उपरांत परियोजना निदेशक रामदरश चौधरी, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से रुद्राभिषेक किया। कार्यक्रम के दौरान गुजरात के सोमनाथ मंदिर में आयोजित मुख्य समारोह का सीधा प्रसारण भी श्रद्धालुओं ने देखा। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। वहीं कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित 'सोमनाथ संवाद' कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारियों एवं आमजन ने सोमनाथ से प्रसारित मुख्य कार्यक्रम को देखा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की आस्था, संस्कृति और संघर्ष की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर सदियों से भारतीय सभ्यता को आत्मविश्वास, एकता और आध्यात्मिक चेतना का संदेश देता रहा है। जनपद के सभी शिवालयों में पूजन-अर्चन, मंत्रोच्चार और रुद्राभिषेक के साथ विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। उल्लेखनीय है कि गुजरात के प्रभास पाटन स्थित विश्वविख्यात सोमनाथ मंदिर द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रथम माना जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की, जबकि वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहभागिता की।

# फर्जी रेप केस में फंसाने और धन उगाही करने वाली महिला गिरफ्तार

## आरोपी महिला के खिलाफ पहले भी दर्ज हो चुके है आपराधिक मुकदमे

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिन्दुरिया पुलिस ने फर्जी बलात्कार मुकदमे में लोगों को फंसाकर धन उगाही करने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम पड़री उर्फ मीरगंज निवासी सत्यदेव चौहान ने तहरीर देकर बताया कि जानकी पुत्री रामआशीष ने उसके भाई सूरज चौहान से प्रेम विवाह किया था। कुछ समय बाद दोनों के बीच विवाद होने पर जानकी ने सूरज चौहान और उसके रिश्तेदार अनिल चौहान पर अपनी नाबालिग बहन के साथ दुष्कर्म का झूठा आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करा दिया, जिससे दोनों को जेल जाना पड़ा। आरोप है कि इसके बाद जानकी ने सत्यदेव चौहान और उसके बहनोई रामकेवल चौहान को भी झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी दी।

मामले को दबाने और जेल से बचाने के नाम पर महिला ने 40 हजार रुपये की वसूली की तथा बाद में एक-एक लाख रुपये की और मांग करने लगी। लगातार धमकी और धन उगाही से परेशान होकर पीड़ित पक्ष ने पुलिस से शिकायत की।

मामले की जांच के बाद थाना सिन्दुरिया पुलिस ने अभियोग दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। मुखबिर की सूचना पर रविवार को पुलिस टीम ने अभियुक्ता जानकी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 5200 रुपये नकद, एक जोड़ी कान की बाली और वीवो कंपनी का स्मार्टफोन बरामद किया गया।

गिरफ्तार महिला जानकी, ग्राम अहिरौली टोला विशुनपुर घाट (मदरहा), थाना घुघली की रहने वाली है और बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार महिला के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में अमित रंजन सिंह, प्रियंका मौर्य, इद्रेश यादव, रामजनम यादव, श्रुति, रुनिया, सोनम और सुस्मिता शामिल रहीं।

# डीपीआरओ एवं डीएम को सौंपा ज्ञापन

- समस्याओं का समाधान नहीं तो काम नहीं

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी कार्यालय एवं डी पी आर ओ कार्यालय में सोमवार को पंचायत सहायकों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

जिला अध्यक्ष गोविन्द कुमार वर्मा की अगुवाई में जिलाधिकारी और डी पी आर ओ को लिखित में ज्ञापन दिया गया। जिला अध्यक्ष गोविन्द कुमार वर्मा ने कहा कि 6000 अल्प मानदेय है इस मानदेय में इस महंगाई में अकेले खर्च चलाना मुश्किल है वह अपना परिवार कैसे चलाएगा।

पंचायत सहायकों को नियमित मानदेय नहीं मिल पा रहा है। किसी का 2 महीने तो किसी का दस महीने का मानदेय बाकी है। आखिर जब समय से मानदेय नहीं मिलेगा तो पंचायत सहायक कैसे कार्य करेंगे। अन्य विभागों का कार्य पंचायत सहायकों से लिया जाता है। और श्रेय किसी और को दिया जाता है। पंचायत सहायकों को कार्य करने हेतु आवश्यक उपकरण उपलब्ध नहीं हैं। आखिर इस दशा में पंचायत सहायक कैसे कार्य करेगा? जहां कुछ पैसा मिलने होता है वहां पंचायत सहायकों की ड्यूटी नहीं लगाई जाती है। जहां कुछ नहीं मिलना होता है वहां पंचायत सहायकों की ड्यूटी लगाई जाती है। पंचायत सहायकों की स्थिति बहुत ही दयनीय है। अल्प मानदेय फिर भी सही समय पर नहीं मिल पा रहा है।

इस समय स्व गणना चल रहा है। बिना परीक्षण के पंचायत सहायकों के ऊपर स्व जनगणना करने का दबाव बनाया जा रहा है।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने पंचायत सहायकों के समस्याओं का निस्तारण करने का आशावान दिया है। उक्त अवसर पर जिला मंत्री अशोक कुमार ,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जीवन सिंह राजपूत,जिला संयोजक गौरी शंकर राय,जिला मंत्री दीप नारायण यादव,जिला सचिव अजय कुमार,मीडिया प्रभारी विनय,प्रवक्ता गायत्री, कोषाध्यक्ष वैभव, जिला उपाध्यक सनौवर, ब्लॉक अध्यक्ष नौगढ़ जितेंद्र प्रताप यादव, ब्लॉक अध्यक्ष शोहरत गढ़ दीपक शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष बर्डपुर नसीम, ब्लॉक अध्यक्ष उसका प्रवीण पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' पर निकली भव्य कलश यात्रा, शिवालयों में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अवसर पर सोमवार को जनपद के प्रमुख शिव मंदिरों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, जलाभिषेक, भजन-कीर्तन, महाआरती एवं पूजा-अर्चना का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना कर जनकल्याण, सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

कार्यक्रम के तहत हनुमानगढ़ी मंदिर मालवीय नगर से बाबा दुःखहरण नाथ मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिव भजनों, ढोल-नगाड़ों और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। बाबा दुःखहरण नाथ मंदिर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी दयानन्द प्रसाद ने पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सोमनाथ में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया, जहां उपस्थित अधिकारियों ने प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुना। जनपद के बाबा पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर खरगूपुर, बाबा बरखण्डी नाथ मंदिर करनैलगंज, बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर वजीरगंज तथा महादेव शिव मंदिर मनकापुर समेत अन्य शिवालयों में भी विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनपद में दिनभर भक्तिमय वातावरण बना रहा और मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर , नायब तहसीलदार, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मकान सूचीकरण एवं गणना के सम्बन्ध में हुई मीडिया प्रतिनिधियों के साथ कार्यशाला

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश में जनगणना का प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के सम्बन्ध में सोमवार को अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यशाला सम्पन्न हुई।

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव ने उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 7 मई से स्वगणना प्रारम्भ हो गया है। स्वगणना का कार्य 7 मई से 21 मई 2026 तक चलेगा। स्वगणना सप्रातः 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक कर सकेगे। इसके पश्चात 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक द्वारा प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना के 33 प्रश्नों को पूछेंगे जनगणना के शुरू होने से 15 दिन पूर्व यानि की 7 मई से 21 मई तक स्व गणना करने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। 7 मई से 21 मई 2026 तक लोग स्वयं अपने मोबाईल, कंप्यूटर अथवा लैपटाप से घर बैठे जनगणना की पूरी जानकारी भर सकेंगे, स्व गणना देश में पहली बार हो रहा है जिससे प्रक्रिया अधिक आसान, तेज एवं पारदर्शी रहेगी। httpÑ//se.census.gov.in पर जाकर अपने परिवार से जुडी समस्त जानकारी स्वयं भर सकेंगे। स्व गणना के बाद 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना करेंगे जिन्होंने पहले ही स्व गणना कर ली है उन्हें अपनों 11 अंकों की सीड बतानी होगी।

प्रगणक सीड दर्ज कर जानकारी का सत्यापन कर लेंगे। स्वगणना में प्रगणक द्वारा संसोधन किया जा सकेगा। मुखिया का नाम एक बार भरने के बाद संसोधन नही होगा। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग अपना स्वगणना भरे तथा आम जनमानस की जानकारी हेतु अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करे।

# अल फुरकान पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित, प्रबंधक ने कहा—शिक्षा ही प्रगति का आधार

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** अल फुरकान एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित अल फुरकान पब्लिक स्कूल में सोमवार को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान वार्षिक शैक्षणिक मूल्यांकन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर उनकी हौसलाअफजाई की गई।विद्यालय के वार्षिक परीक्षा परिणामों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन की ओर से मेडल और पुरस्कार प्रदान किए गए।

इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक इंजीनियर ऐमन यूसुफ ज़ई ने मेधावियों को बधाई देते हुए कहा शिक्षा ही वह एकमात्र माध्यम है जो किसी भी समाज और राष्ट्र को प्रगति एवं सफलता की ऊंचाइयों तक पहुँचाती है। बच्चों की मेहनत और सफलता हमारे लिए गर्व का विषय है। इस प्रकार के प्रेरणादायक कार्यक्रम विद्यार्थियों के भीतर शिक्षा के प्रति उत्साह और निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा उत्पन्न करते हैं। '

आत्मविश्वास बढ़ाते हैं ऐसे आयोजन मौलाना शेख अब्दुल ख़बीर मदनी विशिष्ट अतिथि मौलाना शेख अब्दुल ख़बीर मदनी ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के सम्मान समारोह विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना विकसित करते हैं और उनमें आगे बढ़ने का आत्मविश्वास पैदा करते हैं। उन्होंने बच्चों को भविष्य में भी इसी तरह कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।समारोह के दौरान स्कूल के शिक्षक, बड़ी संख्या में अभिभावक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और अभिभावकों ने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की। बांसी के अल फुरकान पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्रों को पुरस्कृत करते प्रबंधक इंजीनियर ऐमन यूसुफ ज़ई व अन्य मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधानों के कार्यकाल समाप्ति पर विकास निधि में फर्जी भुगतान का आरोप

**अम्बेडकरनगर।** कार्यकाल खत्म होने से महज 15-18 दिन पहले विकास निधि के पैसों में बड़े पैमाने पर अनियमितता का आरोप लगा है। अम्बेडकरनगर जिले की भियांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरौना में ग्राम प्रधान शिवप्रसाद व ग्राम सचिव विनोद कुमार गुप्ता पर बिना कार्य कराए फर्जी भुगतान कराने का गंभीर आरोप लगा है। ग्रामीणों का आरोप है कि दोनों ने मिलकर करीब 17 लाख रुपये के भुगतान को कागजों में दिखा दिया, जबकि जमीनी स्तर पर अधिकांश कार्य नहीं हुए या पुराने कार्यों को नए बताकर भुगतान कराया गया।सूत्रों के अनुसार, ग्राम सचिव विनोद कुमार गुप्ता को पंचायत का चार्ज संभाले मात्र 8-9 दिन ही हुए थे, लेकिन इस अल्प अवधि में 7 मार्च 2026 को विकास निधि से लगभग 17 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया। ग्रामीणों ने इसे 'विदाई समारोह' की तैयारी करार दिया है।

# ऑडिट आपत्तियों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, समय से उपलब्ध कराएं अभिलेख : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पंचायत एवं पंचायती राज विभाग से संबंधित लंबित ऑडिट आपत्तियों के निस्तारण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लंबित ऑडिट आपत्तियों का शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित खण्ड विकास अधिकारियों, सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन ग्राम पंचायत सचिवों एवं अधिकारियों के स्तर पर ऑडिट कार्य लंबित है, उनसे तत्काल संपर्क स्थापित कर आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप वित्तीय पारदर्शिता एवं प्रशासनिक जवाबदेही बनाए रखना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि ऑडिट आपत्तियों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेते हुए लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण कराएं तथा जिन मामलों में अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा ऑडिट आपत्तियों के निस्तारण में लापरवाही बरती गई अथवा समय से अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए, तो संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी , जिला विकास अधिकारी , जिला पंचायत राज अधिकारी , अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# उद्यान विभाग की योजनाओं का लाभ पाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री आवश्यक

**सिद्धार्थनगर।** उद्यान विभाग में वर्ष 2026-27 से ही एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अन्तर्गत सुरक्षा पोर्टल संचालित है, जिसके लिए फार्मर रजिस्ट्री आवश्यक है। उन्होने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष मे बिना फार्मर रजिस्ट्री के किसी भी कृषक को उद्यान विभागान्तर्गत संचालित किसी भी योजनाओं का लाभ नहीं दिया जायेगा। जिसका शासनादेश भी जारी हो चुका है, जिसके अनुसार सभी उद्यान विभाग से जुड़े खेती करने वाले किसानों को समय रहते फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है। इसके लिए किसान तहसील स्तर पर अथवा जिलाधिकारी कार्यालय स्तर पर लगे कैम्प से फार्मर रजिस्ट्री बनवाते हुए स्वयं के स्तर से जनसेवा केन्द्र / मोबाइल से विभागीय पोर्टल www.dbt.uphorticulture.in पर विभिन्न योजनान्तर्गत कार्यक्रमों का चयन/पंजीयन कराते हुए योजनाओं का लाभ उठाया जा सकता है।

# जनगणना ड्यूटी में शिक्षामित्रों की समस्याओं को लेकर, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

- आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र संगठन ने उठाई समस्याएं
- तहसीलदार ने समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

**सिद्धार्थनगर।** आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन जिला इकाई की ओर से सोमवार को जनगणना 2026 में प्रगणक के रूप में तैनात शिक्षामित्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसीलदार बांसी को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार शुक्ल के नेतृत्व में शिक्षामित्रों ने अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया।

ज्ञापन में बताया गया कि जनगणना कार्य के लिए लगाए गए अधिकांश शिक्षामित्रों के पास ऐसे आधुनिक मोबाइल फोन उपलब्ध नहीं हैं, जिनमें आवश्यक एमएलओ एप्लीकेशन सुचारु रूप से संचालित हो सके। ऐसे में डिजिटल माध्यम से कार्य संपादित करने में उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा कई शिक्षामित्रों की ड्यूटी उनके विद्यालयों से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में लगाए जाने पर भी आपत्ति जताई गई। संगठन ने मांग की कि ड्यूटी निर्धारण में शिक्षामित्रों की सुविधा और स्थानीय परिस्थितियों का ध्यान रखा जाए।

ज्ञापन में गंभीर बीमारी से ग्रसित शिक्षामित्रों तथा छोटे बच्चों की देखभाल करने वाले शिक्षामित्रों को जनगणना कार्य से राहत देने अथवा उनकी ड्यूटी में आवश्यक संशोधन करने की भी मांग की गई। तहसीलदार बांसी के समक्ष उपस्थित शिक्षामित्रों और प्रगणकों के साथ इन समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। तहसीलदार ने सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए यथासंभव समाधान कराने का आश्वासन दिया।

# ढेबरुआ थाना क्षेत्र में रात के अंधेरे में जेसीबी से अवैध खनन

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र में कई जगहों पर रात के अंधेरे में बेखौफ खनन माफियाओं द्वारा जेसीबी मशीन से अवैध खनन का कारोबार किया जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

सूत्रों की मानें तो रात के अंधेरे में बिना नंबर प्लेट वाले डंफर व ट्रैक्टर ट्रालियों से अवैध मिट्टी का खनन कर ढुलाई किया जाता है। अवैध खनन करके महंगे दामों में बाजारों में मिट्टी बेची जा रही है। अवैध मिट्टी खनन से सरकार के राजस्व को चूना लगाया जा रहा है। बेखौफ खनन माफिया रात के अंधेरे में अवैध मिट्टी खनन करते हैं। अवैध मिट्टी खनन के बारे में जिम्मेदार अधिकारियों के मिली भगत होने की आशंका जाहिर की जा रही है। इस संबंध में लोगों ने बताया ज्यादातर अवैध खनन रात के अंधेरे में किया जाता है, और महंगे दामों पर बाजारों में डंफर व ट्रैक्टर ट्रालियों से अवैध खनन की मिट्टी बेची जाती है। कुछ डंफर गाड़ियां और जेसीबी दिन में भरौली पेट्रोल पंप के आसपास खड़ी रहती है।

# विद्यालय में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**आलापुर अम्बेडकरनगर।** राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व समारोह कई कार्यक्रमों के साथ उत्साह पूर्वक मनाया गया। जिले के शिक्षा विभाग के मुखिया जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण कुमार तिवारी के अयोजकत्व/निर्देशन में आयोजित समारोह का शुभारम्भ अतिथि रूप में उपस्थित राजकीय हाई स्कूल रामगढ़ के प्रधानाचार्य यदुनाथ प्रसाद यादव, राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज के प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव द्वारा शिक्षक/शिक्षिकाओं के साथ माँ सरस्वती तथा सोमनाथ मन्दिर की प्रतिमा और आज़ादी के बाद मन्दिर के पुनर्निर्माण की पहल करने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं पुनर्निर्माण कार्य पूरा होने पर 11 मई 1951 को प्राण प्रतिष्ठा का कार्य सम्पन्न करने वाले तत्कालीन भारत के राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित करते हुए की गई।

समारोह को सम्बोधित करते हुए सोमनाथ की ऐतिहासिकता पर प्रकाश डालते हुए प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव ने बताया कि गुजरात के सौराष्ट्र में वेरावल के पास प्रभास पाटन में कपिला, हिरण एवं सरस्वती के संगम पर स्थित सोमनाथ मंदिर 12 पवित्र शिवज्योतिर्लिंगों में से पहला ज्योतिर्लिंग है। जनवरी 1026 में महमूद गजनवी द्वारा मंदिर के विध्वंस के बाद सर्वप्रथम सोलंकी वंश के राजा भीमदेव प्रथम ने पत्थर से इसका पुनर्निर्माण कराया था।मन्दिर को महमूद गजनवी के अलावा अलाउद्दीन ख़िलजी और औरंगजेब ने क्षति पहुँचाई थी।भारत की राष्ट्रीय जीवनधारा की प्रतीक सोमनाथ कट्टरता पर आस्था, विनाश पर सृजन और भारतीय सभ्यता की शाश्वतता का प्रतीक है। समारोह को शिक्षक राम जतन वर्मा, प्रदीप कुमार अजय वर्मा, दीपक सिंहऔर शिक्षिका मयंक राय ने भी सम्बोधित किया गया।समारोह अवसर पर आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आधारित निबन्ध लेखन में सत्यम,अनुराग व मीनाक्षी तथा क्विज़ प्रतियोगिता में आकांक्षा, नैन्सी तथा अनन्या ने बाजी मारी, जबकि रंगोली में अंशिका एवं अंकिता तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रिया सहाय व आर्या का सराहनीय प्रदर्शन रहा। विजयी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य ने पुरस्कृत किया। समारोह के मौके पर प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव के प्रकाशित साझा काव्य संग्रह काव्यांगन, शब्दाम्बर और इतनी सी ख़्वाहिशें का विमोचन किया गया।

# सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** मोतीलाल विद्या मंदिर इंटर कालेज मालीपुर में सोमवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्र छात्राओं हेतु प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य यमुना प्रसाद शुक्ला और सेवानिवृत्त शिक्षक सदानंद शुक्ला ने कहा कि गुरु और शिष्य की परंपरा अति प्राचीन है। शिक्षक छात्र छात्राओं को सदैव निखारने का सतत प्रयास करता है।उसकी जिम्मेदारी है कि किताबी ज्ञान के साथ उसे सामाजिक सरोकार से जुड़ी ज्ञान भी दे जिससे वह आगे चलकर देश के निर्माण में अपना अहम योगदान देकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करे। प्रधानाचार्य पुरुषोत्तम ओझा ने हाइस्कूल में सर्वाधिक अंक पाने वाली छात्रा प्रिया,सोनाक्षी,साक्षी छात्र आदर्श और शिवम इंटर की छात्रा रोशनी यादव, खुशबू प्रजापति,खुशी, रानिका कुमारी और सची मिश्रा की ज्ञान की तारीफ करते हुए कहा कि यही होनहार बच्चे अन्य बच्चों के लिए मार्गदर्शक का काम करेंगे।कार्यक्रम में मुख्यातिथियों ने सभी छात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों का माल्यार्पण कर उन्हें प्रमाणपत्र प्रदान किया।इस दौरान शिक्षक सत्य नारायण यादव, रुद्रसेन सिंह, मनोज यादव, सूर्यभान,राज बहादुर यादव समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# कार्यकर्ता सरल एप्प और नमो एप्प को बनाएं अपना हथियार : डॉ. सतीश द्विवेदी



**इटवा -सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर अंतर्गत दोपेड़उवा स्थित चौधरी मैरेज हाल में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के दूसरे दिन कार्यकर्ताओं को तकनीकी रूप से दक्ष करने पर जोर दिया गया। मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी ने सोशल मीडिया के साथ-साथ विशेष तौर पर सरल एप्प और नमो एप्प के उपयोग व डिजिटल सशक्तिकरण पर चर्चा कर विस्तृत जानकारी साझा की। संबोधन के दौरान डॉ. सतीश द्विवेदी ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए 'सरल एप्प' एक अनिवार्य सेतु है। इसके माध्यम से प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रियता, डेटा प्रबंधन और बूथ स्तर की रिपोर्टिंग सीधे नेतृत्व तक पहुँचती है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से अपने स्मार्टफोन में अनिवार्य रूप से इस एप्प को डाउनलोड करने और इसके विभिन्न फीचर्स को समझने का आग्रह किया। पूर्व मंत्री ने बताया कि 'नमो एप्प' के जरिए केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उसे जनता तक पहुँचाना अब और भी आसान हो गया है। उन्होंने कहा, 'आज के युग में स्मार्टफोन और सोशल मीडिया ऐसे हथियार हैं, जिनके सही इस्तेमाल से हम विपक्ष के नकारात्मक एजेंडे को विफल कर सकते हैं। डॉ. द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं को सिखाया कि कैसे सरल एप्प पर अपनी प्रोफाइल अपडेट करें और पार्टी के कार्यक्रमों की फोटो व जानकारी समय पर अपलोड करें। इस दौरान प्रशिक्षण शिविर में वर्ग प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष कृष्णा मिश्रा,वर्ग व्यवस्था प्रमुख एवं नपं अध्यक्ष अजय गुप्ता, वर्ग प्रमुख शिवजी तिवारी, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार कुँवर जी मिश्र, माया चौधरी, रामनरेश पासवान,गौकरण पाठक,खेमराज यादव आदि उपस्थित रहे।

# नगर पालिका टांडा में जनगणना अभियान को मिला जनसमर्थन पत्रकारों व सामाजिक संगठनो ने बढ़ाया उत्साह

अवधनामा संवाददाता




**अम्बेडकरनगर।** भारत जनगणना 2027 शनिवार 09 मई 2026 हिंदी दैनिक समाचार-पत्र जनमोर्चा/ तरूणमित्र के वरिष्ठ पत्रकार ओमशंकर सोनी, हिंदी दैनिक समाचार-पत्र अवधनामा के वरिष्ठ पत्रकार सैय्यद दानिश मेंहदी, हिंदी दैनिक समाचार-पत्र दहकती खबरें, मोहम्मद राशिद- सैय्यद - नगरक्षेत्र की चर्चित सामाजिक संस्था न्यू सिटिजन ऑफ कौंसिल के चेयरमैन डॉ. तारिक मंजूर, न्यू सिटिजन ऑफ कौंसिल के डायरेक्टर/उर्दू दैनिक समाचार-पत्र रोज़ टाइम्स मुम्बई के पत्रकार अनवारूल खान, के नेतृत्व संयुक्त रूप से शामिल रहे लोगों ने नगर पालिका परिषद टांडा में पहुंचकर जनगणना 2026 - 27 की जनगणना सेल्फ एयूमरेशन के लिए नगर पालिका परिषद टांडा में सेल्फी प्वाइंट पर अपनी सेल्फी खिंचवाई और जनगणना रजिस्टर में अपना नाम मोबाइल नंबर और मोहल्ले का नाम दर्ज कराया। जहां हम आपको बता दें 07 मई को जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अपील के बाद नगर पालिका परिषद टांडा की अध्यक्ष श्रीमती शबाना नाज़ ने शुक्रवार 08 मई 2026 को आनलाइन सेल्फ एयूमरेशन फार्म भरकर संदेश दिया जहां टांडा नगर की प्रथम नागरिक शबाना नाज़ की पहल और उनकी अपील के बाद टांडा नगरक्षेत्र के स्थानीय निवासी पत्रकारों के साथ सामाजिक संगठनों की टीम के लोग और नगरवासियो के सहयोग से शनिवार को समय लगभग शाम पांच बजें नगर पालिका नजूल लिपीक अरशद जमाल के नेतृत्व में, कम्प्यूटर ऑपरेटर जुल्फेकार अहमद, कम्प्यूटर ऑपरेटर और जनगणना हेल्प डेस्क तकनीकी सहायक अब्दुलाह ने सहयोग आनलाइन जनगणना सेल्फ एयूमरेशन में सहयोग किया। जहां हम आपको बता दें जनगणना में लगाए गए 172 प्रगणक और 29 सुपरवाइजर शामिल किए गए हैं जो डोर-टू-डोर जाकर जनगणना के लिए जानकारी उपलब्ध करेंगे इसमें अधिकतर विद्यालयों के अध्यापक आंगनवाड़ी, राजस्व विभाग और नगर पालिका परिषद टांडा के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं गुरुवार 07 मई से नगर पालिका परिषद टांडा में जनगणना हेल्प डेस्क संचालित किया जा रहा है यदि किसी नागरिक को किसी प्रकार की असुविधा हो रही है तो नगर पालिका में स्थापित किए गए हेल्प डेस्क से सहायता प्राप्त कर सकते हैं, बहरहाल केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन के सहयोग में पत्रकारों की टीम और समाजिक संगठनों की संयुक्त टीम के साथ आज शनिवार को एक दर्जन से अधिक लोगों ने एकत्रित होकर जनगणना में अपनी सहभागिता देकर टांडा नगरवासियों सहित जनपद वासियों में एक बड़ा संदेश दिया की जनगणना में अपना सहयोग करें। जनगणना सेल्फ एयूमरेशन में पहुंचे लोगों ने कहा आगे बढ़ें और जनगणना में सहयोग करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से न्यू सिटीजन ऑफ कौंसिल के चेयरमैन डॉ तारिक मंजूर, वरिष्ठ पत्रकार उर्दू दैनिक जोन टाइम्स मुम्बई/सिटीजन ऑफ कौंसिल के डायरेक्टर अनवारूल खान, वरिष्ठ पत्रकार ओमशंकर सोनी, वरिष्ठ पत्रकार सैय्यद दानिश मेंहदी, वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद राशिद-द्व सैय्यदद्व पूर्व सभासद/सपा नेता मुशीर आलम अंसारी आदि उपस्थित रहे ।

# मॉडिफाई साइलेंसर वाली बुलेट पर चला अभियान, 32 वाहनों का चालान, 3 सीज



अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए एआरटीओ (प्रशासन) आर.सी. भारतीय के नेतृत्व में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाली बुलेट मोटरसाइकिलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान कुल 32 बुलेट मोटरसाइकिलों का चालान किया गया, जबकि नियमों का गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर 3 वाहनों को सीज कर दिया गया। अधिकारियों ने विशेष रूप से उन वाहनों को चिन्हित किया जिनमें अवैध मॉडिफाई साइलेंसर लगाए गए थे और जिनसे अत्यधिक शोर उत्पन्न हो रहा था। एआरटीओ (प्रशासन) आर.सी. भारतीय ने कहा कि मॉडिफाई साइलेंसर ध्वनि प्रदूषण बढ़ाने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा मानकों के भी विपरीत हैं। ऐसे वाहनों के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि अपने वाहनों में केवल मानक अनुरूप उपकरणों का ही प्रयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

# राजनीति के दो बिंब

यह भारतीय राजनीति का सबसे नाजुक दौर है। विपक्ष के लिए तो अग्नि-परीक्षा का समय है, लिहाजा बंगाल का 'केसरिया जनादेश' क्यों जरूरी था, अब यह समझ में आ रहा है। 'वॉशिंगटन पोस्ट', 'द इकोनॉमिस्ट', 'वॉल स्ट्रीट जनरल' सरीखे अमरीकी मीडिया में विश्लेषण छप रहे हैं कि भारत में प्रधानमंत्री मोदी को जो जनादेश मिले हैं, जितनी संख्या में वोट दिए गए हैं, वे वाकई अद्वितीय हैं। अर्थात किसी अन्य विश्व-नेता को इतने जनादेश हासिल नहीं हैं। इन विश्लेषणों के ये निष्कर्ष भी दिए गए हैं कि भारत 'एकदलीय' लोकतंत्र की ओर बढ़ रहा है। यह निष्कर्ष बिल्कुल गलत है, क्योंकि अब भी कई राज्यों में भाजपा 'नगण्य' है और वहां विपक्ष की सरकारें हैं। बहरहाल बंगाल के शपथ-ग्रहण समारोह के मंच से दो बिंब आंखों में ही बस गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के सबसे बुजुर्ग और पुराने कार्यकर्ता, 98 वर्षीय माखन लाल सरकार के पांव छुए और फिर उन्हें शॉल ओढ़ा कर गले लगा लिया। कितना संस्कारी और प्रेरक संदेश अभिव्यक्त हुआ होगा? माखनलाल 'जनसंघ' के संस्थापक और सर्वप्रथम नेहरू कैबिनेट में उद्योग-वाणिज्य मंत्री रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सहयोगी रहे हैं। उनके 'कश्मीर आंदोलन' के सहभागी रहे हैं और वहां 'तिरंगा' फहराने के कथित अपराध में उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। यह बिंब इतिहास और वर्तमान के संगम को साफ करता है। चूंकि बंगाल में पहली बार 'केसरिया सत्ता' हासिल हुई है, लिहाजा ऐतिहासिक क्षण थे, लिहाजा भाजपा के बहुत पुराने चेहरों को भी याद किया गया। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने मंच पर ही दंडवत प्रणाम कर बंगाल की जनता का आभार जताया कि उसकी बदौलत ही 'भगवा सरकार' आज सामने है। यह है भारत के लोकतंत्र की ताकत! ममता बनर्जी भी आत्मचिंतन कर रही होंगी! यह प्रधानमंत्री मोदी की 'विशुद्ध राजनीति' हो सकती है, लेकिन हमने चार दशक से अधिक की पत्रकारिता के दौरान किसी अन्य प्रधानमंत्री को ऐसी मुद्रा में नहीं देखा। आखिर वे भी राजनीति के जरिए ही प्रधानमंत्री बने थे।

बहरहाल अब हालात ये हैं कि तृणमूल कांग्रेस के 14-15 सांसद ही गायब बताए जा रहे हैं। वे चुनाव में बिल्कुल निष्क्रिय रहे। यही नहीं, कुछ नवनिर्वाचित विधायकों ने ही 'दीदी' को आंख दिखाना शुरू कर दिया है। सवाल है कि चुनावी पराजय के बाद तृणमूल क्या बिखराव के मुहाने पर है? तृणमूल का बिखराव या टूटन अपनी जगह है, लेकिन विपक्ष का 'इंडी' गठबंधन आज कहां है? तमिलनाडु में द्रमुक की पराजय क्या हुई कि उसके गठबंधन में 'सत्ता की मलाई' चाटने वाले घटक-कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, वीसीके, आईयूएमएल आदि-छलांग लगा कर, पाला बदल कर, 'टीवीके' के समर्थन में चले गए। द्रमुक अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्टालिन ने इसे पीठ में छुरा घोंपने वाला विश्वासघात करार दिया है। यही नहीं, लोकसभा में द्रमुक सांसद कनिमोई ने स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिख कर आग्रह किया है कि उनकी सीटें बदल दी जाएं, क्योंकि अब कांग्रेस के साथ उनका गठबंधन नहीं रहा। सवाल है कि 'इंडी' गठबंधन हमेशा ताश के पत्तों की तरह बिखरा हुआ क्यों रहता है? बेशक उद्धव ठाकरे की शिवसेना हो या हेमंत सोरेन का झामुमो अथवा केजरीवाल की आम आदमी पार्टी और चुनाव तक ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस रही हो, सभी नेता विरोधाभासी, एक-दूसरे के खिलाफ आरोपिया बयान देते रहे हैं। अक्सर चुनाव भी साथ-साथ नहीं, एक-दूसरे के खिलाफ, लड़ते रहे हैं। फिर 'इंडी' का राग क्यों अलापा जाता रहा है? 'इंडी' नेताओं की गाहे-बगाहे बैठकें तो होती हैं, लेकिन वे आपस में ही खाई खोदते रहे हैं। 'इंडी' का कोई संयोजक नहीं, कोई सचिवालय नहीं, साझा न्यूनतम कार्यक्रम नहीं, अलबत्ता मोदी-विरोध के मुद्दे पर उनकी बांहें हवा में लहराती रही हैं।

## युद्ध जनित चुनौतियों का समाधान, संयम व बचत और स्वदेशी संकल्प

यूक्रेन-रूस, ईरान-इजरायल और हमास-इजरायल जैसे भीषण वैश्विक संघर्षों ने आज पूरी दुनिया को एक अनिश्चितता के दौर में धकेल दिया है। इन युद्धों के कारण न केवल भारत बल्कि विश्व के तमाम देशों को अपने विकास की दशा और दिशा बदलने पर मजबूर होना पड़ा है। युद्ध चाहे कहीं भी लड़ा जा रहा हो और इसमें कोई भी पक्ष शामिल हो, इसका सीधा और गहरा प्रहार वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतों में उछाल आने से न केवल खाद्य पदार्थ महंगे होते हैं, बल्कि विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट आती है और राष्ट्र की विकास योजनाएं बाधित होती हैं। ऐसे संकटपूर्ण समय में केवल सरकार की नीतियों और कोशिशों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का यह परम कर्तव्य बनता है कि वह स्वयं भी राष्ट्रहित में कठोर निर्णय ले और अपने जीवन में संसाधनों के मितव्ययिता पूर्वक उपयोग को प्राथमिकता दे।



प्रो. मनमोहन प्रकाश

भारत की विशाल जनसंख्या और उभरती आर्थिक शक्ति के बावजूद, यह एक कड़वा सच है कि स्वतंत्रता के दशकों बाद भी हमारी अनेक बुनियादी आवश्यकताएं आयात पर टिकी हैं।यह एक कटु सच्चाई है कि पेट्रोलियम पदार्थ, खाद्य तेल, सोना और विलासिता की वस्तुओं के आयात पर देश की मेहनत की कमाई का एक बड़ा हिस्सा विदेशी मुद्रा के रूप में बाहर चला जाता है। यही वह पृष्ठभूमि है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समय-समय पर दिए गए आत्मनिर्भरता, 'वोकल फॉर लोकल' और ऊर्जा संरक्षण के संदेश आज और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में 'मोदी मंत्र' का मूल आधार ही आत्मसंयम और स्वदेशी शक्ति है। यदि देशवासी प्रधानमंत्री के आह्वान पर मात्र एक वर्ष के लिए सोना खरीदने की अपनी प्रवृत्ति पर नियंत्रण पा सकें, तो वह अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा देश की रक्षा और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में काम आ सकती है। हमें यह समझना होगा कि सच्ची देशभक्ति केवल सीमा पर खड़े होने से नहीं, बल्कि नागरिक के आर्थिक अनुशासन से भी सिद्ध होती है।

इसी प्रकार, ऊर्जा के क्षेत्र में संयम बरतना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा विदेशों से खरीदता है, जिसका बोझ अंततः अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। यदि प्रत्येक नागरिक अनावश्यक वाहन उपयोग को कम करे, कार पूलिंग को जीवन का हिस्सा बनाए या छोटी दूरियों के लिए पैदल चलने की आदत डाले, तो देश के करोड़ों लीटर ईंधन की बचत की जा सकती है। घरेलू गैस की मितव्ययिता को महत्व दिया जा सकता है। यह केवल एक व्यक्तिगत बचत नहीं है, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और स्थिरता से जुड़ा विषय है। इसके साथ ही, पर्यटन के क्षेत्र में भी भारतीयों को अपनी प्राथमिकताएं बदलनी होंगी। विलासितापूर्ण विदेश यात्राओं के स्थान पर देश के भीतर पर्यटन को बढ़ावा देने से न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी, बल्कि स्थानीय उद्योगों को भी संजीवनी मिलेगी।

प्रधानमंत्री का यह सुझाव कि खाद्य तेल के उपयोग में मात्र दस प्रतिशत की कमी देश के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है।यह स्वास्थ्य और अर्थनीति दोनों के लिहाज से महत्वपूर्ण है। एक बड़े आयातक के रूप में खाद्य तेल पर हमारी निर्भरता को कम करना न केवल सरकारी खजाने को राहत देगा, बल्कि संतुलित भारतीय भोजन के माध्यम से नागरिकों के स्वास्थ्य में भी सुधार लाएगा। अंततः मैं यही कहना चाहूंगा कि हमें युद्ध और वैश्विक संकटों को केवल समाचार की सुर्खियों के रूप में देखने के बजाय उनके आर्थिक दुष्प्रभावों को समझना होगा। सरकारें केवल ढांचा खड़ा कर सकती हैं, लेकिन राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके जागरूक नागरिकों के संकल्प में निहित होती है। जब 140 करोड़ लोग 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ राष्ट्रहित में मार्ग चुनते हैं, तो कोई भी वैश्विक संकट भारत की प्रगति की रफ्तार को बाधित नहीं कर सकता।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं.: 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

राष्ट्रीय स्तर पर मैन्यूफैक्चरिंग में बंगाल की 27 प्रतिशत की हिस्सेदारी घटकर 5 प्रतिशत से भी नीचे आ गई है। कभी राष्ट्रीय औसत का 127 प्रतिशत रहने वाली, प्रति व्यक्ति आय लुढ़कर 84 प्रतिशत पर आ गई है। छह हजार से अधिक पंजीकृत कंपनियों ने अपने मुख्यालय कोलकाता से बाहर स्थानांतरित कर दिए हैं। कभी हावड़ा या साल्ट लेक में काम करने वाले बंगाल के बच्चे, अब बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे में रहते हैं। अपनी नौकरी और अपने पैसों को राज्य से बाहर जाता देखने वाले, मतदाताओं को अपना हिसाब बराबर करना था और उनके हाथ में हिसाब बराबर करने का जरिया एक मतपत्र ही था।

# बंगाल ने खुद को फिर से ढूंढ़ लिया

हावड़ा कभी एशिया का शेफील्ड कहलाता था। हुगली नदी के किनारे स्थित जूट मिलें इस उपमहाद्वीप के संगठित उद्योग का सबसे बड़ा केन्द्र हुआ करती थीं। कोलकाता भारत की वाणिज्यिक राजधानी हुआ करती थी। बिड़ला एवं टाटा घरानों के साथ-साथ आईटीसी, ब्रिटानिया, कोल इंडिया, हिंदुस्तान मोटर्स और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स के मुख्यालय भी यहीं स्थित थे। बर्नपुर स्थित इस्को की स्थापना 1918 में हुई थी, जबकि दुर्गापुर इस्पात संयंत्र द्वितीय पंचवर्षीय योजना का हिस्सा था। वर्ष 1950-51 में, बंगाल ने देश के कुल मैन्यूफैक्चरिंग उत्पादन में लगभग 27 प्रतिशत हिस्से का योगदान किया था। मैं उस कलकत्ता को जानता था। विदेश सेवा में शामिल होने से पहले, मेरी शुरुआती नौकरियों में से एक इसी शहर में हिंदुस्तान लीवर में थी। कलकत्ता तब भी एक ऐसी जगह थी, जहां अपने संदूक के साथ आने वाला एक युवक इस बात के लिए आश्वस्त हो सकता था कि वह उस जगह पर आ गया है जहां से इस देश का वाणिज्य संचालित होता है। बत्तियां जलती रहीं। ट्रामें चलती रहीं। कंपनियों ने भर्तियां जारी रखीं।



हरदीप सिंह पुरी

जिस चीज को बनाने में एक सदी लगी थी, उसे आर्थिक कुप्रबंधन से कहीं बढ़कर सोची-समझी साजिश के जरिए ध्वस्त कर दिया गया। वाम मोर्चा ने 1977 में सत्ता संभाली। यह मोर्चा चौंतीस वर्षों तक सत्ता पर काबिज रहा। श्रमिक वर्ग के हितों की नारेबाजी का आड़ में, एक संगठित समानांतर राज्य ने जड़ें जमा लीं। मकान बनाने से लेकर दुकान चलाने, भट्ठी स्थापित करने, परिवहन मार्ग को पंजीकृत कराने और पंचायत की बैठक आयोजित करने तक के लिए इजाजत लेनी होती थी। ये इजाजतें एक चंदे की एवज में मिलती थीं। कार्यकर्ता ये चंदा इकट्ठा करते थे। सत्तारूढ़ पार्टी में उसे अपने खाते में जमा करती थी। पूंजीपतियों को राज्य से निकाल बाहर करने वाली ट्रेड यूनियनबाजी इसका प्रत्यक्ष पहलू थी। जबरन वसूली से त्रस्त आम नागरिकों के वहां से निकल जाने की परिघटना तो खैर कैमरों में कैद ही नहीं हुई। वर्ष 2000 के दशक में, जब वाम मोर्चा ने खुद अपना रुख बदलने और टाटा मोटर्स को सिंगूर लाने की कोशिश की, तो विपक्ष में बैठी तृणमूल कांग्रेस ने भूख हड़ताल शुरू कर दी। परिणामस्वरूप, यह परियोजना 2008 में गुजरात चली गई। माफिया ने अपना चोला बदल लिया; वह खत्म नहीं हुआ।



वर्ष 2011 में, तृणमूल कांग्रेस 'परिवर्तन' के वादे पर सत्ता में आई। इसके बाद जो कुछ हुआ, वह नए रूप में पुरानी ही व्यवस्था के लौट आने जैसा था। चंदा, अब एवजी-रकम बन गया। कार्यकर्ता सिंडिकेट बन गए। राष्ट्रीय स्तर पर मैन्यूफैक्चरिंग में बंगाल की 27 प्रतिशत की हिस्सेदारी घटकर 5 प्रतिशत से भी नीचे आ गई है। कभी राष्ट्रीय औसत का 127 प्रतिशत रहने वाली, प्रति व्यक्ति आय लुढ़कर 84 प्रतिशत पर आ गई है। छह हजार से अधिक पंजीकृत कंपनियों ने अपने मुख्यालय कोलकाता से बाहर स्थानांतरित कर दिए हैं। कभी हावड़ा या साल्ट लेक में काम करने वाले बंगाल के बच्चे, अब बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे में रहते हैं। अपनी नौकरी और अपने पैसों को राज्य से बाहर जाता देखने वाले, मतदाताओं को अपना हिसाब बराबर करना था और उनके हाथ में हिसाब बराबर करने का जरिया एक मतपत्र ही था।

इस बदले के केन्द्र में महिलाओं से जुड़ा एक ऐसा रिकॉर्ड था, जिसका बचाव आजाद भारत के किसी भी सत्ताधारी को नहीं करना पड़ा। एक महिला मुख्यमंत्री के शासनकाल में राज्य की महिलाओं पर निर्मम अत्याचार हुए और उनकी हत्याएं हुईं। अगस्त 2024 में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार हुआ और उसकी हत्या कर दी गई। रात भर घटनास्थल पर एक भीड़ द्वारा तोड़फोड़ की गई। कोलकाता पुलिस ने इस भीड़ को तितर-बितर करने की कोई कोशिश नहीं की। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने इस निष्कर्ष के आधार पर जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का आदेश दिया कि कोलकाता पुलिस की जांच भरोसेमंद नहीं है। जूनियर डॉक्टरों की 42 दिनों की हड़ताल हुई। इस हड़ताल में कई महिला डॉक्टर शामिल रहीं।

जनवरी 2024 में, संदेशखाली की घटना हुई। सुंदरबन के एक द्वीप की महिलाएं तृणमूल के एक जिला परिषद सदस्य के खिलाफ सड़कों पर उतर आईं। तृणमूल का वह नेता पचपन दिनों तक फरार रहा। जबकि, राज्य की पुलिस चुपचाप बैठी रही और उसके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया। कभी अपने आंदोलनों के दौरान 'परिवर्तन' की बात करने वाली, एक मुख्यमंत्री ने एक ऐसे शासन का नेतृत्व किया जिसमें उनके राज्य की महिलाओं को उनके ही कार्यकर्ताओं के खिलाफ अदालतों व केन्द्रीय एजेंसियों की शरण लेनी पड़ी और सड़कों पर उतरना पड़ा। यह बेहद निंदनीय है। और घोर अन्यायपूर्ण भी।

बंगाल की महिलाओं को जो पीड़ा सहनी पड़ी, उसकी बराबरी केवल राज्य के युवाओं द्वारा उठाए गए नुकसान से ही की जा सकती है। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गई पहली छापेमारी की रात सॉल्ट लेक के एक बंद फ्लैट से 21 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए। संबंधित संपत्तियों से हुई बरामदगी के बाद कुल राशि 50 करोड़ रुपये से अधिक की हो गई। तत्कालीन कैबिनेट मंत्री पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी हुई। उन्होंने शिक्षा मंत्री के रूप में पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग की अध्यक्षता की थी। अप्रैल 2024 में, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने एक भर्ती के तहत 25 हजार सात सौ तिरपन शिक्षकों, ग्रुप-सी और ग्रुप-डी कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया। इन नियुक्तियों को भर्ती प्रक्रिया के शुरुआती दौर से ही अवैध पाया गया था। इस फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में ले जाया गया और देश की सर्वोच्च अदालत ने 2025 में इसे बरकरार रखा।

बंगाल के युवाओं को जीवन में एक मजबूत आधार प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई स्कूली भर्ती की पूरी प्रक्रिया एक ऐसे अड्डे में तब्दील हो गई, जहां पदों को बेचा जा रहा था और वैध उम्मीदवार को भर्ती की कतार दिखाई ही नहीं दे रही थी। राशन घोटाला तो इस घोटाले से भी ऊपर था। इसमें एक और मौजूदा कैबिनेट मंत्री ज्योतिप्रिया मल्लिक फंस गई। इसके ऊपर मवेशी घोटाला, रिश्वतखोरी का धंधा और सिंडिकेट का राज था। मतदाता इन सभी गठजोड़ों को समझ गया। माफिया द्वारा संचालित राज्य में रिश्वत देने से इनकार करने वाला नागरिक सबसे पहले पीड़ित होता है। इस रिकॉर्ड के सामने एक अलग ही तरह का रिकॉर्ड था। पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार करोड़ इक्कीस लाख घरों का निर्माण पूरा हुआ। जल जीवन मिशन के तहत पंद्रह करोड़ नल-जल के कनेक्शन लगाए गए। जबकि, 2019 में यह आंकड़ा तीन करोड़ का था।

# 'राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस' पर तकनीकी नवाचार का समन्वय करना

देश में स्वीकृत पेटेंटों की संख्या भी 2014-15 में कुछ हजार से बढ़कर 2025 में लगभग 1.5 लाख तक पहुँच गई है। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम भी तेज़ी से विस्तारित हुआ है। विभिन्न क्षेत्रों में उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा मान्यता प्राप्त 1.5 लाख से अधिक स्टार्टअप कार्यरत हैं, जिनमें लगभग पंद्रह हजार स्टार्टअप कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रोबोटिक्स तथा एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग जैसे प्रौद्योगिकी के उभरते क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस - 'विज्ञान टेक', भारत द्वारा 1998 में किए गए सफल पोखरण-II परमाणु परीक्षणों के जरिए प्राप्त ऐतिहासिक तकनीकी उपलब्धि का कीर्तिगान करता है। यह अवसर भारत की विकास यात्रा को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वैज्ञानिक नवाचार, तकनीकी प्रगति तथा विज्ञान, समाज और उद्योग के समन्वय के प्रति राष्ट्र की निरंतर प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है। पिछले एक दशक में, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का तकनीकी इकोसिस्टम अभूतपूर्व विकास का साक्षी रहा है, जो त्वरित नवाचार, विस्तारित डिजिटल अवसंरचना तथा उभरते क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति से परिलक्षित होता है। आत्मनिर्भरता तथा वैज्ञानिक नवाचारों को वास्तविक दुनिया में प्रभावी रूप से लागू करने पर विशेष बल दिया गया है। क्वांटम संचार, अंतरिक्ष, जैव-प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा तथा जलवायु के प्रति लचीली प्रणालियों जैसे अग्रणी प्रौद्योगिकी-आधारित क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जैव-निर्माण विकसित भारत के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीक है, जो जैविक प्रणालियों के माध्यम से उच्च-मूल्य वाले जैव-उत्पादों, टीकों, ईंधनों और सामग्रियों के उत्पादन द्वारा सतत नवाचार, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा सशक्त जैव-अर्थव्यवस्था को सक्षम बनाती है। चंद्रयान-3 मिशन में भारत की सफलता तथा हाल की उपलब्धियाँ, जैसे कलपक्कम स्थित स्वदेशी प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में क्रिटिकलिटी प्राप्त करना, रणनीतिक क्षेत्रों में देश की प्रगति और दीर्घकालिक तकनीकी आत्मनिर्भरता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को और अधिक रेखांकित करती हैं।



डॉ. जितेंद्र सिंह

यह प्रगति विभिन्न प्रमुख राष्ट्रीय मेट्रिक्स में भी परिलक्षित होती है। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा जारी वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत ने अपनी स्थिति में उल्लेखनीय सुधार किया है और वर्ष 2015 में 81वें स्थान से बढ़कर 2025 में 38वें स्थान पर पहुँच गया है। देश में स्वीकृत पेटेंटों की संख्या भी 2014-15 में कुछ हजार से बढ़कर 2025 में लगभग 1.5 लाख तक पहुँच गई है। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम भी तेज़ी से विस्तारित हुआ है। विभिन्न क्षेत्रों में उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा मान्यता प्राप्त 1.5 लाख से अधिक स्टार्टअप कार्यरत हैं, जिनमें लगभग पंद्रह हजार स्टार्टअप कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रोबोटिक्स तथा एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग जैसे प्रौद्योगिकी के उभरते क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। यह परिवर्तन नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के विस्तार में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जहाँ गैर-जीवाश्म स्रोतों से ऊर्जा क्षमता 250 गीगावाट से अधिक हो चुकी है। साथ ही, देश की जैव-अर्थव्यवस्था ने भी एक दशक में 10 बिलियन डॉलर से बढ़कर 195 बिलियन डॉलर तक की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है।




पिछले एक दशक में सरकार द्वारा लागू किए गए नीतिगत सुधारों ने इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनमें स्टार्टअप और इनक्यूबेशन इकोसिस्टम का त्वरित विस्तार, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे रणनीतिक क्षेत्रों को निजी कंपनियों के लिए खोलना, तथा अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ), बायोई3 (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति तथा हाल ही में प्रारंभ किए गए 1 लाख करोड़ रुपये के अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) कोष जैसे सक्षम ढाँचों की स्थापना शामिल है। इन पहलों ने भारत की नवाचार संरचना को सुदृढ़ किया है और वैज्ञानिक उपलब्धियों को सामाजिक एवं आर्थिक प्रभाव में परिवर्तित करने पर फोकस को और मजबूत किया है। अब विज्ञान प्रयोगशालाओं से बाज़ारों तक और विचारों से वास्तविक प्रभाव तक पहुँच रहा है।

सरकार सक्रिय नीतियों, पुराने विनियमों को हटाने तथा भारतीय नवोन्मेषकों के लिए नैतिक और समान अवसर वाला वातावरण तैयार करके आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। सरकार अब केवल प्रमुख वित्तपोषक की भूमिका तक सीमित न रहकर, एक प्रमुख सक्षमकर्ता की भूमिका भी निभा रही है। भारत में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता को रणनीतिक दिशा प्रदान करने वाले केंद्रीय शीर्ष निकाय के रूप में अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) की स्थापना की गई है। इसका उद्देश्य भारत को ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था तथा नवाचार के क्षेत्र में ग?लोबल लीडर के रूप में स्थापित करना है। इसका वृहद उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यह यात्रा स्वदेशी बौद्धिक संपदा, नैतिक ढाँचों तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के लिए 'सम्पूर्ण समाज' की प्रतिबद्धता हेतु 'सम्पूर्ण सरकार' दृष्टिकोण के माध्यम से संचालित हो।

'विज्ञान टेक' इस यात्रा को दर्शाता है, जिसमें विज्ञान आधारभूत केंद्र के रूप में है, प्रौद्योगिकी सक्षमकर्ता के रूप में है तथा नवाचार उसका परिणाम है। बीआरआईसी-राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान (एनआईआई) में 11 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रदर्शनी में भारत सरकार के 14 मंत्रालयों एवं विभागों के अंतर्गत आने वाले प्रमुख राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थानों और प्रयोगशालाओं द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित 350 से अधिक डीप-टेक प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। ये स्वदेशी प्रौद्योगिकियाँ विभिन्न प्रमुख विषयगत क्षेत्रों को समाहित करती हैं, जिनमें बायोफार्मा एवं स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी, जैव-औद्योगिक एवं हरित रसायन, अंतरिक्ष एवं भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी, जलवायु एवं कृषि-खाद्य प्रौद्योगिकी, डीप-टेक सामग्री एवं उन्नत अभियांत्रिकी प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर एवं ऊर्जा, तथा गहरे समुद्र एवं वायुमंडलीय प्रौद्योगिकियाँ शामिल हैं। इनमें से अनेक प्रौद्योगिकियाँ पहले ही लाइसेंस प्राप्त कर चुकी हैं या व्यावसायिक रूप से उपयोग में लाई जा चुकी हैं, जबकि अन्य शीघ्र ही लाइसेंसिंग और व्यापक उपयोग हेतु उपलब्ध होंगी। इन सभी नवाचारों में एक समान सूत्र यह है कि अनुसंधान अब अलग-थलग कार्यप्रणाली से आगे बढ़कर एकीकृत एवं पारिस्थितिकी-तंत्र आधारित दृष्टिकोण की ओर अग्रसर हो रहा है। सार्वजनिक अनुसंधान संस्थान अब स्टार्टअप्स और उद्योगों के साथ निकट सहयोग में कार्य कर रहे हैं, ताकि प्रौद्योगिकियाँ प्रयोगशालाओं से निकल कर शीघ्रता से बाज़ार तक पहुँच सकें। भारत के तकनीकी विकास के अगले चरण के लिए अनुसंधान कार्यक्रमों के अवधारणा-निर्माण की प्रक्रिया से ही शिक्षा जगत, उद्योग जगत, स्टार्टअप्स और सरकार के बीच और अधिक गहन समन्वय की आवश्यकता होगी।

# नर्सों का योगदान और विश्व स्वास्थ्य का भविष्य

स्वास्थ्य प्रणाली में नर्सों की भूमिका एक सेतु के समान है जो चिकित्सक और रोगी के मध्य संवाद और उपचार को सुगम बनाती है। किसी भी आपदा या आपातकाल की स्थिति में नर्सें ही सबसे अग्रिम पंक्ति में खड़ी नजर आती हैं। यदि हम वैश्विक आंकड़ों पर दृष्टि डालें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट यह स्पष्ट करती है कि स्वास्थ्य क्षेत्र के कुल कार्यबल का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा नर्सों और दाइयों का है। इसके बावजूद वैश्विक स्तर पर नर्सों की भारी कमी देखी जा रही है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए लगभग 60 लाख अतिरिक्त नर्सों की आवश्यकता होगी।

मानवता की सेवा और उपचार की प्रक्रिया में नर्सों का योगदान अतुलनीय है। प्रत्येक वर्ष 12 मई को संपूर्ण विश्व अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाता है। यह दिवस केवल एक तिथि नहीं है बल्कि उस समर्पण और करुणा का सम्मान है जो नर्सें बिना किसी स्वार्थ के समाज को प्रदान करती हैं। इस विशेष दिवस का आयोजन आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती के उपलक्ष्य में किया जाता है। 1820 में जन्मी फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने नर्सिंग को एक पेशेवर और सम्मानित स्वरूप प्रदान किया। क्रीमिया युद्ध के दौरान उन्होंने रात के अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायल सैनिकों की जिस प्रकार सेवा की उसने उन्हें लेडी विद द लैंप की उपाधि दी। उन्होंने यह सिद्ध किया कि चिकित्सा केवल औषधियों का खेल नहीं है बल्कि इसमें स्वच्छता, सहानुभूति और निरंतर देखभाल का भी उतना ही महत्व है। वर्ष 2026 के लिए इस दिवस की विषयवस्तु हमारी नर्सें, हमारा भविष्य, सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं निर्धारित की गई है। यह विषयवस्तु इस बात की ओर संकेत करती है कि भविष्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए नर्सों का सशक्तिकरण अनिवार्य है।



महेन्द्र तिवारी

नर्सिंग सेवा का विस्तार केवल चिकित्सालयों की दीवारों तक सीमित नहीं है। यह एक ऐसी व्यवस्था है जो व्यक्ति के जन्म से लेकर जीवन के अंतिम क्षणों तक उसके साथ बनी रहती है। स्वास्थ्य प्रणाली में नर्सों की भूमिका एक सेतु के समान है जो चिकित्सक और रोगी के मध्य संवाद और उपचार को सुगम बनाती है। किसी भी आपदा या आपातकाल की स्थिति में नर्सें ही सबसे अग्रिम पंक्ति में खड़ी नजर आती हैं। यदि हम वैश्विक आंकड़ों पर दृष्टि डालें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट यह स्पष्ट करती है कि स्वास्थ्य क्षेत्र के कुल कार्यबल का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा नर्सों और दाइयों का है। इसके बावजूद वैश्विक स्तर पर नर्सों की भारी कमी देखी जा रही है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए लगभग 60 लाख अतिरिक्त नर्सों की आवश्यकता होगी। यह आंकड़ा हमें सचेत करता है कि यदि समय रहते इस क्षेत्र में निवेश नहीं किया गया तो भविष्य में स्वास्थ्य प्रणालियाँ लड़खड़ा सकती हैं।

भारत जैसे सघन जनसंख्या वाले देश में नर्सों का उत्तरदायित्व और भी अधिक बढ़ जाता है। भारतीय नर्सिंग परिषद के आंकड़ों के अनुसार देश में पंजीकृत नर्सों की संख्या लाखों में है परंतु प्रति 1000 जनसंख्या पर नर्सों की उपलब्धता अभी भी वैश्विक मानकों से कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है वहाँ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की पूरी जिम्मेदारी नर्सों के कंधों पर होती है। वे न केवल प्रसव संबंधी सेवाएं प्रदान करती हैं बल्कि टीकाकरण अभियानों, संक्रामक रोगों के नियंत्रण और पोषण संबंधी जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने के भारत के राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में नर्सों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण रहा है। वे समाज के सबसे निचले स्तर तक पहुँचकर स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाती हैं।




हाल के वर्षों में वैश्विक महामारी कोविड 19 ने संपूर्ण विश्व को नर्सों की वास्तविक शक्ति से परिचित कराया। जब पूरा विश्व भयभीत होकर घरों में बंद था तब नर्सें बिना अपनी जान की परवाह किए संक्रमित मरीजों की सेवा कर रही थीं। पीपीई किट पहनकर घंटों बिना भोजन और जल के काम करना उनके अदम्य साहस का परिचायक था। उस कठिन समय में नर्सों ने न केवल शारीरिक उपचार किया बल्कि एकांतवास में रह रहे मरीजों को मानसिक संबल भी प्रदान किया। कई नर्सों ने इस सेवा के दौरान अपने प्राणों की आहुति दे दी जो उनके व्यवसाय के प्रति सर्वोच्च बलिदान को दर्शाता है। इस महामारी ने यह पाठ पढ़ाया कि किसी भी देश की सुरक्षा केवल उसकी सीमाओं पर नहीं बल्कि उसके स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और उसके समर्पित स्वास्थ्य कर्मियों के हाथों में भी सुरक्षित है।

वर्तमान परिदृश्य में नर्सिंग के क्षेत्र में कई चुनौतियां भी विद्यमान हैं जिन्हें संबोधित करना अत्यंत आवश्यक है। नर्सों को अक्सर लंबे समय तक कार्य करना पड़ता है जिससे उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। कई स्थानों पर उन्हें उचित वेतन और सुविधाएं प्राप्त नहीं होती हैं। कार्यस्थल पर सुरक्षा का अभाव और तनावपूर्ण वातावरण उनके प्रदर्शन को प्रभावित करता है। इसके अतिरिक्त नर्सिंग को आज भी समाज के कुछ वर्गों में केवल एक सहायक कार्य के रूप में देखा जाता है जबकि वास्तव में यह एक उच्च कौशल वाला पेशेवर कार्य है। नर्सों को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं और नीति निर्माण में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलता है। वर्ष 2026 की विषयवस्तु इसी अंतर को पाटने का आह्वान करती है। सशक्त नर्सों का अर्थ है उन्हें उन्नत प्रशिक्षण देना, उन्हें नेतृत्व के अवसर प्रदान करना और उनके कार्य की गरिमा को पहचानना।

शिक्षा और तकनीक के विकास ने नर्सिंग के स्वरूप को भी बदला है। आज की नर्सें केवल सहायता प्रदान नहीं करतीं बल्कि वे आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के संचालन, जटिल उपचार प्रक्रियाओं और शोध कार्यों में भी निपुण हैं। डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और टेलीमेडिसिन के युग में नर्सों की भूमिका और भी तकनीकी हो गई है। वे डेटा प्रबंधन और रोगियों की निरंतर निगरानी के लिए उन्नत प्रणालियों का उपयोग कर रही हैं। नर्सिंग शिक्षा के पाठ्यक्रम को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने की आवश्यकता है ताकि नर्सें किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य चुनौती का सामना करने में सक्षम हो सकें। शोध कार्यों में नर्सों की भागीदारी चिकित्सा के क्षेत्र में नए दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक सिद्ध हो सकती है।

समाज के रूप में हमारा यह कर्तव्य है कि हम नर्सों के प्रति अपने दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन लाएं। उनके प्रति कृतज्ञता केवल एक दिन के उत्सव तक सीमित नहीं होनी चाहिए। उनके लिए अनुकूल कार्य वातावरण सुनिश्चित करना, उनकी समस्याओं को सुनना और उन्हें सम्मानजनक जीवन स्तर प्रदान करना सरकार और समाज दोनों की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि हम नर्सों के प्रशिक्षण और भर्ती में निवेश करते हैं तो इसके परिणाम स्वरूप स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा।

# अस्पताल में भर्ती महिला की गोली मारकर हत्या

अवधनामा संवाददाता



■ अवैध पिस्टल और हथियारों के साथ पकड़ा गया आरोपी

**चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के कमलापुर गांव स्थित जीवक हॉस्पिटल में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक ने अस्पताल में भर्ती महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। लोगों ने भाग रहे साइको किलर को पकड़कर पिटाई के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी के पास से दो अवैध पिस्टल, धारदार हथियार और कुछ नकदी भी बरामद हुई है। हत्यारोपी ने भी इलाज के लिए पर्ची कटाई थी जिसने उसने अपना नाम वीरेंद्र पता अंबाला दर्ज कराया था।

जानकारी के अनुसार बिहार निवासी 55 वर्षीय महिला लक्ष्मीना अस्पताल में भर्ती थीं। इसी दौरान एक अज्ञात युवक बीपी चेक कराने के बहाने अस्पताल में दाखिल हुआ और अचानक महिला पर दोनों हाथों से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरु कर दी। घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आरोपी ने अस्पताल के डॉक्टर पर भी फायरिंग की, लेकिन वह बाल-बाल बच गए। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भागने लगा, लेकिन अस्पताल कर्मचारियों और आसपास के ग्रामीणों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। इसके बाद लोगों ने उसकी पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। प्रारंभिक जानकारी में आरोपी को मानसिक रूप से विक्षिप्त अथवा साइको किलर बताया जा रहा है। वहीं, ट्रेन में हुई कुछ हत्याओं में भी उसके शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# थाना मलवां का एसपी ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को परखा



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सोमवार को थाना मलवां का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, बैरक, पुलिस आवास, विवेचना कक्ष, ष्टष्टञ्जहस्र कार्यालय, शस्त्रागार, भोजनालय, मिशन शक्ति केंद्र, मालखाना व हवालात सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद एसपी ने थाना प्रभारी, उपनिरीक्षकों व अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बैठक कर कानून-व्यवस्था, लंबित प्रकरणों के निस्तारण और विवेचनाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि ष्टष्टञ्जहस्र प्रणाली को नियमित रूप से अपडेट रखा जाए और सभी लंबित मामलों का शीघ्र व पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, समयबद्ध कार्रवाई तथा थाना परिसर में अनुशासन और स्वच्छता बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर भी मौजूद रहे। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की सुनवाई भी की। एसपी ने निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# डीएम ने 74 फरियादियों की सुनी फरियाद



**फतेहपुर।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए जनसामान्य की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जनसुनवाई के दौरान आज कुल 74 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें राजस्व, पुलिस, विकास और अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं शामिल रहीं। डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध समाधान कर आमजन को राहत पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई शासन की प्राथमिकता है और इसमें आने वाली हर समस्या का निष्पक्ष व प्रभावी समाधान किया जाना चाहिए, ताकि आमजन का प्रशासन पर विश्वास मजबूत हो सके।

# उपमुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में सुनीं जन-समस्याएं



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अपने सरकारी आवास 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित 'जनता दर्शन' में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को अत्यंत गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। आज के जनता दर्शन में लोगों का भारी हुजूम उमड़ा, जिसमें विशेष रूप से महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और किसान बड़ी संख्या में अपनी शिकायतों व सुझावों के साथ पहुंचे थे। प्रमुख बिंदु: जनता दर्शन की मुख्य विशेषताएं अत्यधिक भीड़ और सीधा संवाद: सुबह से ही आवास पर लोगों का तांता लगा रहा। उपमुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी आगंतुकों से मुलाकात की और उनके प्रार्थना पत्र प्राप्त किए। समाज के हर वर्ग की भागीदारी: महिलाएं: घरेलू विवाद, पेंशन और सुरक्षा से संबंधित मामले साझा किए। बुजुर्ग : स्वास्थ्य सेवाओं और राजस्व संबंधी शिकायतों को लेकर पहुंचे। किसान: सिंचाई, खाद की उपलब्धता और आवारा पशुओं की समस्या से अवगत कराया। युवा: रोजगार और शिक्षा संबंधी बाधाओं पर चर्चा की। मौके पर निस्तारण के आदेश: कई गंभीर मामलों में उपमुख्यमंत्री ने तत्काल संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को फोन कर वस्तुस्थिति जानी और प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

# गंगा नदी में डूबा युवक खोजबीन जारी



अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** धानापुर थाना क्षेत्र के बुद्धपुर गांव निवासी अजय यादव उर्फ मंगल (18) पुत्र किशुनदेव यादव सोमवार की सुबह गंगा नदी में डूब गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार मंगल अपने तीन अन्य साथियों के साथ भैंस लेकर गंगा स्नान करने गया था। इसी दौरान सभी युवक तैरकर गंगा नदी पार करने लगे। कुछ दूर जाने के बाद वे तेज धारा में पहुंच गए। बताया जा रहा है कि तेज बहाव में मंगल डूबने लगा। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और नाव के जरिए किशोर की तलाश शुरु कराई। करीब दो घंटे तक खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने गोताखोरों के साथ एनडीआरएफ टीम को भी बुलाया है, लेकिन कोई भी टीम अभी तक नहीं पहुंची है। स्थानीय गोताखोर और नाविकों द्वारा तलाश किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मंगल ने इसी वर्ष इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी। वह दो भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ा था।

# आम के बगीचे में मिले शव की हुई शिनाख्त

**बिंदकी/फतेहपुर।** एक दिन पहले आम के बगीचे में मिले अज्ञात शव की पहचान हो गई है। मृतक की शिनाख्त सोशल मीडिया पर वायरल फोटो के आधार पर परिजनों ने की। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान शिवलाल (70 वर्ष) निवासी भाभा नगर, सनिगवां थाना चकेरी, जनपद कानपुर नगर के रूप में हुई है। वह भूतपूर्व सैनिक थे और एचएल में एसआई पद पर भी कार्य कर चुके थे। जानकारी के मुताबिक शिवलाल 9 मई को घर से ब्रेड लेने निकले थे, जिसके बाद वापस नहीं लौटे। 10 मई को थाना चकेरी में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। सोमवार को परिजनों ने वायरल फोटो देखकर पुलिस से संपर्क किया और शव की शिनाख्त की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक के घुटनों में दर्द रहता था और वह छड़ी के सहारे चलते थे।

# पत्रकारिता समाज को जागरूक करने का सबसे बड़ा माध्यम : ज़र्रैयाब खान

अवधनामा संवाददाता



■ साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष ज़र्रैयाब खान का भव्य स्वागत

**फतेहपुर।** पत्रकारों एवं कलमकारों का शीर्ष संगठन साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) के प्रदेश उपाध्यक्ष ज़र्रैयाब खान, संगठन के राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान व प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी के साथ कस्बा प्रेम नगर आगमन पर पत्रकारों एवं समाजसेवियों द्वारा जोरदार एवं भव्य स्वागत किया गया। उनके पहुंचते ही समर्थकों और पत्रकार साथियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम स्थल पर फूल-मालाओं, बुके भेंट कर उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। स्वागत समारोह के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने ज़र्रैयाब खान का जोरदार स्वागत करते हुए पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने हमेशा पत्रकारों की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य किया है तथा डिजिटल और साइबर पत्रकारिता को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में पत्रकारिता केवल खबरों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि समाज को जागरूक करने और सच्चाई को सामने लाने की बड़ी जिम्मेदारी भी पत्रकारों के कंधों पर है। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते प्रभाव के बीच पत्रकारों को सत्य, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने युवा पत्रकारों से तकनीकी ज्ञान बढ़ाने, सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करने तथा फर्जी खबरों से बचते हुए तथ्यात्मक पत्रकारिता को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि साइबर पत्रकारिता के इस दौर में हर पत्रकार को अपनी विश्वसनीयता बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती है और यही पत्रकारिता की असली पहचान भी है। कार्यक्रम के दौरान संगठन को मजबूत बनाने, पत्रकार हितों की रक्षा करने तथा पत्रकारों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने को लेकर भी चर्चा की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### दिनदहाड़े चोरी की घटना से मचा हड़कंप

**चंदौली (अवधनामा संवाददाता)।** धानापुर कस्बा स्थित बस स्टैंड पर सोमवार दोपहर दिनदहाड़े चोरी की घटना से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। मिश्रा एग्री बिजनेस (खाद) की दुकान से चोर शटर उठा कर नगदी से भरी पेटी उठा ले गए। पेटी में लगभग 50 हजार रुपये नकद रखे थे। आसपास के सीसी कैमरा में देखा गया तो हेलमेट लगाकर दो युवक बाइक से थे जो पेटी लेकर जा रहे हैं। भुक्तभोगी बबलू मिश्रा ने बताया कि सोमवार को करीब एक बजे वह दुकान का शटर गिराकर भोजन करने घर चले गए थे। कुछ देर बाद वापस लौटने पर दुकान का शटर उठा था और अंदर रखी नगदी की पेटी गायब मिली। पेटी गायब देख उनके होश उड़ गए।

### सकारात्मक सोच से मिलती है सफलता



**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** सरस्वती शिशु मंदिर बालमभट्ट में शिशु भारती का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार सक्सेना पूर्व प्रधानाचार्य ने अपने विचार रखते हुए कहा कि इसके माध्यम से बच्चों में अनुशासन, कार्य के प्रति समर्पण भावना विकसित होती है। सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदेश कुमार गोस्वामी ने की। गोस्वामी ने विद्यालय की संस्कार परक शिक्षा की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि आज इन संस्थानों के निकले छात्र स्वाबलंबी बनकर अनेक विभागों में कुशलता पूर्वक अपना योगदान दे रहे हैं।

# चरित्रवान युवा ही राष्ट्र का भविष्य- आचार्य ज्ञान प्रकाश

अवधनामा संवाददाता



■ आर्य वीर दल का पांच दिवसीय आवासीय शिविर सम्पन्न

**गाजीपुर।** दयानन्द एंग्लो वैदिक (डी.ए.वी.) इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित आर्य वीर दल का पांच दिवसीय आवासीय शिविर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हो गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि आचार्य ज्ञान प्रकाश वैदिक, संचालक आर्य वीर दल पूर्वी उत्तर प्रदेश, ने ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक बल से युक्त चरित्रवान युवा ही राष्ट्र का वास्तविक भविष्य हैं। आर्य वीर दल का उद्देश्य युवाओं में वैदिक संस्कार, राष्ट्रभक्ति एवं अनुशासन का बीजारोपण करना है। आर्य विद्या सभा के उपप्रबंधक संतोष कुमार वर्मा ने कहा कि डी.ए.वी. इंटर कॉलेज का मैदान केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार निर्माण की कर्मभूमि है। आर्य वीर दल के माध्यम से हम भावी पीढ़ी को सत्य, साहस और सेवा का पाठ पढ़ा रहे हैं। विद्यालय के प्रबंधक एवं आर्य समाज के जिलाध्यक्ष आदित्य प्रकाश आर्य ने कहा कि आज का युवा मोबाइल की स्क्रीन पर नहीं, मैदान की धूल में बनता है। हमारा संकल्प है कि डी.ए.वी. की इस कर्मभूमि से केवल डिग्रीधारी नहीं, बल्कि 'चरित्रधारी आर्य वीर' और वीरांगनाएं निकलेंगे शिविर में जनपद गाजीपुर एवं आसपास के क्षेत्रों एवं विद्यालय के 150 से अधिक आर्य वीर एवं वीरांगनाओं ने भाग लिया।

समापन के अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आर्य वीर दल का टीशर्ट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज के प्रधान दिलीप कुमार वर्मा एवं संचालन विद्यालय के प्रवक्ता प्रांशु उपाध्याय ने की तथा संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ वर्मा ने आगंतुकों एवं अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त किया।

# जेल रोड के नए होटल की लिफ्ट में 15 मिनट तक फंसे जनप्रतिनिधि

अवधनामा संवाददाता

■ लिफ्ट में रही अफरा-तफरी: पूर्व में सील हो चुकी बिल्डिंग,जेल सुरक्षा को लेकर भी चिंता गहराई

**उरई (जालौन)।** जेल रोड स्थित एक नए होटल के शुभारम्भ कार्यक्रम के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई जब होटल की लिफ्ट अचानक बीच रास्ते में बंद हो गई और उसमें सवार जनप्रतिनिधि व अन्य लोग करीब 10 से 15 मिनट तक अंदर फंसे रहे। बताया जा रहा है कि चार लोगों की क्षमता वाली लिफ्ट में करीब आठ से 10 लोगों को एक साथ ऊपर ले जाया जा रहा था जिसके चलते लिफ्ट तकनीकी रूप से जवाब दे गई और बीच में ही रुक गई। घटना के बाद होटल परिसर में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। काफी प्रयासों के बाद लिफ्ट को खोला गया और अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना के बाद अब होटल की वैधता और सुरक्षा मानकों को लेकर कई सवाल खड़े होने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस भवन में यह होटल संचालित किया जा रहा है उसे करीब दो वर्ष पूर्व उरई विकास प्राधिकरण द्वारा सील किया गया था। आरोप है कि भवन में नियमों के विपरीत पहली और दूसरी मंजिल का निर्माण किया गया था जिस पर प्राधिकरण ने कार्रवाई करते हुए अवैध हिस्से को हटाने के निर्देश दिए थे। हालांकि इसके बावजूद आज तक न तो निर्माण हटाया गया और न ही किसी प्रकार की कठोर प्रशासनिक कार्रवाई सामने आई। सबसे गंभीर बात यह है कि यह होटल जनपद जालौन की जिला कारागार के ठीक सामने स्थित है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार होटल की दूसरी मंजिल से जेल परिसर के अंदर की गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं।

# 'वंचित किसानों को तत्काल ओलावृष्टि का मुआवजा दिया जाए'

अवधनामा संवाददाता



■ भाकियू की मासिक पंचायत में बिजली, आवारा मवेशी, गेहूं क्रय केंद्रों की समस्याएं सामने आईं

**उरई (जालौन)।** किसान यूनियन तहसील इकाई कोंच की मासिक पंचायत नवीन कृषि मंडी परिसर स्थित किसान भवन में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता विजय सिंह अंडा ने की तथा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। क्षेत्रीय किसानों ने बिजली, पानी, अन्ना पशु विचरण, गेहूं खरीद केंद्र से जुड़ी समस्याएं और शिकायतें उठाते हुए निराकरण कराए जाने की मांग की।

पंचायत में किसानों ने कहा कि अप्रैल माह में ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों के एवज में अभी भी तमाम पीड़ित किसानों को सरकारी मुआवजा नहीं मिल सका है और सरकार झूठ ही अपनी पीठ थपथपा रही है। किसानों ने मांग की कि जल्द ही वंचित किसानों को मुआवजा दिलाया जाए। इसके अलावा नमामि गंगे योजना के तहत खोदी गई सड़कों की स्थिति सुधार कर नलों में पानी की आपूर्ति जारी कराए जाने, ग्राम पचीपुरा कलां में प्रधान द्वारा उखड़वाए गए खड़ंजा से उत्पन्न जलभराव को रोकने के लिए नया खड़ंजा डलवाने, गुरावती से भेंड़ रवा तक मलंगा नाले की खुदाई, ग्राम अंडा में रेलवे लाइन से कोंच-एट रोड की पुलिया तक नाला खुदाई, मौजा सिकरी पड़री के बीच और ग्राम पचीपुरा के खेतों में नीचे की ओर झूल रही बिजली की जर्जर लाइन दुरुस्त कराए जाने, मूंग उड़द की फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली आपूर्ति जारी किए जाने, गांवों में मीटर रीडर द्वारा समय से बिल निकाले जाने की मांग किसानों ने की। राष्ट्रीय महासचिव ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी सभी मांगों के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों से मिला जाएगा।

# वृद्धाश्रम में केक काट मनाया मातृ दिवस



अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** मातृ दिवस पर महिला भूमिहार समाज ने वृद्धाश्रम लंगरपुर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्ध माताओं के प्रति सम्मान, प्रेम एवं अपनत्व की भावना व्यक्त करना था। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने माताओं से उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

वृद्धाश्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम से वातावरण भावुक एवं आनंदमय हो गया। माताओं ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए तथा सभी को संस्कार एवं परिवार के महत्व का संदेश दिया। अल्पाहार दे उनके साथ केक काटकर मातृदिवस मनाया महिला भूमिहार समाज के लोगो ने बताया कि मां का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है।

मातृ दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि माताओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है। इस अवसर पर कनकलता राय, डा विनिता राय, डा ऋचा राय, अर्चना ,रंजना ,प्राची ,गायत्री, शिल्पी ,सोनाली, अदिती, पूनम नीतू बेबी ज्योत्सना आदि उपस्थित रही।

# खागा विधायक कृष्णा पासवान बनीं राज्य मंत्री

शीबू खान



■ आंगनवाड़ी से मंत्री तक का रहा प्रेरणादायक सफर

**फतेहपुर।** खागा विधानसभा सीट से तीन बार की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक कृष्णा पासवान को योगी आदित्यनाथ सरकार में राज्य मंत्री बनाया गया है। रविवार को हुए कैबिनेट विस्तार में उन्होंने मंत्री पद की शपथ ली। उनके मंत्री बनने से जनपद में उत्साह का माहौल है।

कृष्णा पासवान का जन्म 1 अगस्त 1963 को फतेहपुर जिले के पिलखिनी गांव में हुआ था। वे मुख्य रूप से कृषि से जुड़ी रही हैं। वो हाईस्कूल पास हैं। राजनीति में आने से पहले उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रूप में सेवा दी, जिससे उन्हें जमीनी स्तर पर समाज की समस्याओं को समझने का अनुभव मिला। कृष्णा पासवान ने अपने राजनीतिक जीवन में लगातार सक्रिय भूमिका निभाई है। वे सर्वप्रथम वर्ष 2002 में किशनपुर (सुरक्षित) सीट से विधायक बनीं और बसपा के कद्दावर नेता मुरलीधर गौतम को हराया। इसके बाद परसीमन में खागा (सुरक्षित) सीट से वर्ष 2012, 2017 और 2022 में लगातार विधायक चुनी गईं। 2022 के चुनाव में उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को करीब 5500 वोटों से हराया। मंत्री बनने से पहले वे उत्तर प्रदेश विधानसभा की महिला एवं बाल विकास संबंधी संयुक्त समिति की सभापति रह चुकी हैं, जहां उन्होंने महिलाओं और बच्चों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस कैबिनेट विस्तार में जातीय संतुलन और महिला प्रतिनिधित्व को प्राथमिकता दी गई है। कृष्णा पासवान दलित समुदाय से आती हैं, ऐसे में उनका चयन सामाजिक संतुलन के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है। नारी शक्ति वंदन विधेयक के बाद महिला नेताओं को अवसर देने की रणनीति के तहत भी यह फैसला महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कृष्णा पासवान अपने क्षेत्र में एक सक्रिय और मुखर विधायक के रूप में जानी जाती हैं। फरवरी 2026 में अइमापुर-रतनपुर मार्ग पर घटिया निर्माण पाए जाने पर उन्होंने खुद मौके पर पहुंचकर फावड़े से सड़क उखड़वाते हुए काम रुकवाया था। इसके अलावा धान खरीद केंद्रों पर किसानों की शिकायत मिलने पर उन्होंने औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को फटकार भी लगाई थी।

## क्या कृष्णा पासवान बदलेंगी फतेहपुर की सियासत

**फतेहपुर।** खागा विधायक कृष्णा पासवान के योगी सरकार में मंत्री बनने के बाद जिले की राजनीति में नए समीकरण बनते दिख रहे हैं। खासतौर पर पासवान (दलित) समाज के बीच उनकी बढ़ती स्वीकार्यता को भाजपा के लिए बड़ा अवसर माना जा रहा है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या कृष्णा पासवान अपने समाज को एकजुट कर भाजपा के पक्ष में मजबूत आधार तैयार कर पाएंगी?

राजनीतिक जानकारों की मानें तो भाजपा लंबे समय से दलित वोट बैंक में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में है। ऐसे में कृष्णा पासवान का मंत्री बनना सिर्फ एक पद नहीं, बल्कि एक बड़ा राजनीतिक संदेश भी माना जा रहा है। अगर वह अपने क्षेत्र और समाज में सक्रियता बढ़ाती हैं, तो इसका सीधा फायदा पार्टी को मिल सकता है। दूसरी तरफ, समाजवादी पार्टी का 'पीडीए' (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) फार्मूला भी इसी वर्ग पर केंद्रित है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या कृष्णा पासवान दलित मतदाताओं को सपा के इस समीकरण से अलग कर पाने में सफल होती हैं या नहीं। अगर ऐसा होता है, तो यह सपा के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है। फतेहपुर जिले की सीटों पर भी इसका असर पड़ना तय माना जा रहा है। स्थानीय स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह है और उम्मीद जताई जा रही है कि मंत्री बनने के बाद विकास कार्यों को गति मिलेगी, जिससे आगामी चुनाव में पार्टी को लाभ मिल सकता है। हालांकि, यह भी सच है कि सिर्फ पद मिलने से चुनावी जीत तय नहीं होती, बल्कि जमीनी काम और जनता से जुड़ाव ही असली कसौटी होता है।

## खागा विधायक के मंत्री बनने पर वकीलों ने बांटे लड्डू

**खागा/फतेहपुर।** क्षेत्रीय विधायक कृष्णा पासवान के मंत्री बनाए जाने की खुशी खागा कचहरी में भी देखने को मिली। रविवार को मंत्री पद की शपथ लेने की खबर के बाद सोमवार को कचहरी खुलते ही अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल रहा।

वरिष्ठ अधिवक्ता रामसखा द्विवेदी के नेतृत्व में सैकड़ों वकीलों ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया और विधायक के मंत्री बनने पर बधाई दी। अधिवक्ताओं ने कहा कि खागा विधानसभा से चार बार निर्वाचित विधायक कृष्णा पासवान को मंत्री बनाकर भाजपा सरकार ने न केवल खागा बल्कि पूरे फतेहपुर जिले का मान बढ़ाया है। उनके मंत्री बनने से जिले के विकास कार्यों को और गति मिलेगी। गौरतलब है कि रविवार को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में कृष्णा पासवान सहित आठ मंत्रियों ने शपथ ली थी, जिसके बाद से पूरे जिले में जश्न का माहौल बना हुआ है।

# अधिकारियों से वार्ता कर जल्द निस्तारित होंगी समस्यायें

■ एससी-एसटी आयोग सदस्य को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ ने सौंपा चार सूत्रीय ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पालिका परिषद कार्यालय में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों एवं सफाई कर्मचारियों ने एससी-एसटी आयोग सदस्य रमेश चंद्र कुंडे को चार सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि नगर पालिका में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिनका शीघ्र समाधान कराया जाना आवश्यक है।

सोमवार को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष राजा बाल्मीकि एवं सफाई कर्मचारियों ने एससी-एसटी आयोग सदस्य रमेश चंद्र कुंडे को सौंपे गये ज्ञापन में मांग की गई कि शासन द्वारा जारी साप्ताहिक अवकाश के आदेश का पालन करते हुए आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को बिना वेतन कटौती के साप्ताहिक अवकाश दिया जाए। इसके साथ ही कर्मचारियों का ईपीएफ नियमित रूप से उनके खातों में जमा कराया जाए, जिससे भविष्य में उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिल सके। महासंघ के पदाधिकारियों ने नगर पालिका क्षेत्र की बढ़ती आबादी और नए विस्तार का हवाला देते हुए कम से कम 10 नए सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति किए जाने की मांग भी उठाई। उनका कहना था कि कर्मचारियों की कमी के चलते सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है और मौजूदा कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यभार बढ़ गया है। इसके अलावा ज्ञापन में शासन द्वारा बढ़ाए गए वेतन को लागू करते हुए आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 18 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने की मांग की गई।

महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि महंगाई के इस दौर में वर्तमान वेतन से परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। एससी-एसटी आयोग सदस्य रमेश चंद्र कुंडे ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान शिव वाल्मीकि, संजय वाल्मीकि, राज वाल्मीकि, नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र वाल्मीकि, मुकेश वाल्मीकि, आशीष वाल्मीकि, सुमित वाल्मीकि, अंकित वाल्मीकि, राज वाल्मीकि एवं सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर बताया महत्व



अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** गुजरात स्थित विश्वविख्यात ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'सोमनाथ अमृत महोत्सव' के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण विकास भवन स्थित हर्षवर्धन सभागार में सामूहिक रूप से देखा एवं सुना गया। इस गरिमामय अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, डी0सी0 एन0आर0 एल0एम राज कुमार लोधी, परियोजना निदेशक डीआरडीए राम औतार सिंह, डी0सी0 मनरेगा दिनेश यादव, जिला पर्यटन अधिकारी डॉ. एम. मकबूल, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेन्द्र प्रकाश सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने सोमनाथ धाम के गौरवशाली इतिहास, उसकी सांस्कृतिक महत्ता तथा राष्ट्र के आत्मगौरव से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को आत्मसात किया। सभागार का वातावरण श्रद्धा, गौरव और राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत रहा। इसी क्रम में जनपद के लगभग 200 स्मार्ट क्लास संचालित परिषदीय विद्यालयों में भी 'सोमनाथ अमृत महोत्सव' के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण बच्चों को दिखाया गया। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम को देखा और भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं इतिहास के प्रति जिज्ञासा व्यक्त की।

# पसमांदा समाज के मुद्दों पर राष्ट्रीय चिंतन कार्यशाला का ऐलान

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ की मेंडेटरी मासिक जूम मीटिंग 9 मई 2026 को राष्ट्रीय कार्यालय लखनऊ एवं पंजीकृत कार्यालय अलीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। रात्रि 9:30 बजे से 11:30 बजे तक चली इस महत्वपूर्ण बैठक में देशभर से 58 केंद्रीय एवं राज्य पदाधिकारी तथा पसमांदा मुस्लिम एक्टिविस्ट शामिल हुए। बैठक का संचालन संगठन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद यूनुस ने किया, जबकि अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज़ हनीफ़ ने की। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शारिक अदीब अंसारी ने सभी मेहमानों और पदाधिकारियों का स्वागत किया।

बैठक में पसमांदा समाज से जुड़े सामाजिक न्याय, शिक्षा, राजनीतिक भागीदारी, रोजगार और संगठन विस्तार जैसे मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति के कारण सभी साथियों को अपनी बात रखने का पर्याप्त समय नहीं मिल सका। संगठन की ओर से सभी साथियों से अपील की गई कि वे अपने सुझाव अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के व्हाट्सएप नंबर पर भेजें, ताकि उन्हें आधिकारिक कार्यवाही में शामिल कर शासन-प्रशासन तक पहुँचाया जा सके। बैठक में हालिया विधानसभा चुनावों के परिणामों पर विशेष चर्चा हुई। बंगाल, असम और केरल जैसे राज्यों में मुस्लिम ओबीसी, दलित और पिछड़े समाज की निर्णायक संख्या होने के बावजूद शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता जैसे मूल मुद्दों की उपेक्षा पर चिंता व्यक्त की गई। बिहार और झारखंड इकाइयों ने बंगाल एवं असम की परिस्थितियों पर गंभीर चिंता जताई। बैठक में कहा गया कि धार्मिक ध्रुवीकरण और सांप्रदायिक राजनीति के कारण पसमांदा समाज के वास्तविक सामाजिक-आर्थिक मुद्दे पीछे छूटते जा रहे हैं। गहन विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से 'पसमांदा समाज की सामाजिक समरसता, सामाजिक न्याय एवं सामुदायिक विकास' विषय पर राष्ट्रीय स्तर की चिंतन कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। यह कार्यशाला 13 जून 2026 को लखनऊ प्रेस क्लब में आयोजित होगी। कार्यशाला में हालिया चुनावों की समीक्षा, पसमांदा समाज की राजनीतिक भागीदारी, शिक्षा, रोजगार, आरक्षण, पंचायत एवं नगर निकाय चुनावों में ओबीसी मुस्लिम नेतृत्व, सामाजिक समरसता और 'इंडोनेशिया सर्वधर्म मॉडल' जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।




# वादकारी हो रहे जागरूक स्वयं

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जब से हाई कोर्ट इलाहाबाद का आदेश आया है कि जिन अधिवक्ताओं के पास सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस यानी कि सी ओ पी होगा वही अधिवक्ता अदालतों में उपस्थित होकर प्रैक्टिस कर सकेगे उन्हें ही अदालत में जाने की अनुमति होंगी। उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा जारी पत्र के क्रम मे जिला जज मथुरा द्वारा बार एसोसिएशन मथुरा को आदेश जारी किए गए थे। मथुरा बार ने मथुरा कोर्ट में विधि व्यवसाय करने वालों से अनुरोध किया कि वह निर्धारित तारीख तक अपना पंजीकरण ओर सी ओ पी की छाया प्रति जमा करवा दे। जैसे ही उक्त के संबंध मे समाचार प्रकाशित हुआ जिनके लोगों के मुकदमा मथुरा कोर्ट में चल रहे है उनके कुछ वादकारियोंने विपक्षी अधिवक्ता के सी ओ पी की छाया प्रति लगाने के संबंध मे अदलत में प्रार्थना पत्र लिखित मे लगा दिया कि अधिवक्ता अपने सी ओ पी पी की छाया प्रति जमा करे तभी आगे की करवाही मुकदमा में की जावे। इसी प्रकार का मामला सोमवार को जूनियर डिवीजन दो की कोर्ट में में देखने को मिला। अदालत ने विपक्षी अधिवक्ता से सी ओ पी की छाया प्रति जमा कराने को कहा उक्त अधिवक्ता के जूनियर ने अदालत से कहा कि मेरे सीनियर अधिवक्ता पर उक्त नियम लागू नहीं होता हैं अदालत ने कहा की क्या सीनियर अधिवक्ता गजट या हाई कोर्ट से भी बड़े है। उक्त प्रकरण पर दिनभर मथुरा कोर्ट में काफी गहमागहमी रही। उक्त प्रकरण को सुनने के लिए कोर्ट रुम अधिवक्ताओं से खचाखच भरा हुआ था।

# शिक्षा व रोजगार को 2027 में बहन जी की सरकार बनायेः बब्लू कुम्हेरिया

**मथुरा।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती जी के दिशा निर्देशन पर मथुरा जनपद की गोवर्धन विधानसभा के सेक्टर नम्बर (31) उस्पार बूथ संख्या 277 रामनगर का गठन किया गया मुख्य वक्ता विधानसभा अध्यक्ष बब्लू कुम्हेरिया ने बताया आज देश और प्रदेश के हर जिले में गरीबों की जमीन पर भूमाफिया अवैध कब्जा कर रहे हैं गरीबों के साथ जुल्म और ज्यादती ज्यादा हो रही है बहन जी की सरकार में गरीब व भूमिहीन लोग थे बहन जी ने उन लोगों को एक-एक एकड़ के पट्टे आवंटित किए गए जो खेती करके अपने परिवार का पालन पोषण कर सके जिनके पास घर नहीं था उन लोगों को काशीराम शहरी आवास योजना के तहत हर बेघर को घर देने का काम किया मजदूर गरीबों के सपनों को साकार किया एवं बहन बेटियां स्कूल तक निडर होकर के जाती थी संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करें




■ डीएम ने कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा आवश्यक दिशा निर्देश दिये

अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व वसूली की वर्तमान स्थिति, निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष उपलब्धि तथा शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने हेतु विभागवार प्रगति की गहन समीक्षा की गई।

सोमवार को आयोजित समीक्षा के दौरान प्राप्त आँकड़ों के आधार पर खनन, मंडी, नगर निकाय, एआरटीओ, वन विभाग सहित कुछ विभागों में लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित वसूली न होने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्रगति में ठोस सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजस्व प्राप्ति शासन की प्राथमिकता है, अतः सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने शासन संदर्भो पर विशेष फोकस रखने तथा पुराने एवं लंबित राजस्व वादों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों एवं तहसील स्तरीय राजस्व अधिकारियों को समय-सीमा वाले वादों का त्वरित निस्तारण करने तथा राजस्व वादों की साप्ताहिक समीक्षा अनिवार्य रूप से करने को कहा। जिलाधिकारी ने घरौनी कार्य में अपेक्षित गति लाने और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कृषक दुर्घटना सहायता से संबंधित कन्नौज तहसील में 11, तिर्वा में 10 तथा छिबरामऊ में 24 आवेदन लंबित पाए जाने पर संबंधित उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि इन आवेदनों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे पात्र कृषकों को समय पर सहायता मिल सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय कुमार मिश्र, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री वैशाली सहित समस्त उपजिलाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# वेतन भुगतान की मांग कर रहे एनएचएम कर्मी



अवधनामा संवाददाता

■ प्रभारी सीएमओ को सौपा ज्ञापन

**देवरिया।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत कर्मियों ने दो माह से वेतन न मिलने पर सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रभारी सीएमओ डॉ एके सिन्हा को ज्ञापन सौंपा और जल्द समाधान की मांग उठाई।

संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के अनुसार, जनपद में 1140 कर्मचारी कार्यरत हैं। लंबे समय से उनकी समस्याएं लंबित हैं। संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि मार्च और अप्रैल का वेतन अभी तक नहीं मिला है। इससे कर्मचारियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वेतन में देरी से रोजमर्रा के खर्च प्रभावित हो रहे हैं और कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। एनएचएम कार्मियों कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का जल्द समाधान होना जरूरी है।

वहीं, प्रभारी सीएमओ डॉ. एसके सिन्हा ने बताया कि वेतन से संबंधित निर्णय लखनऊ स्तर पर होते हैं और इस संबंध में शासन को पत्र भेजा जाएगा।कर्मचारियों ने यह आरोप भी लगाया कि प्रदर्शन से पहले उन्हें समय से पहले केंद्र छोड़ने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी। ज्ञापन देने वालों में देवेन्द्र सिंह, रविजीत बहादुर सिंह, रवि श्रीवास्तव, नागेन्द्र मल्ल, सनोज त्यागी, अभिषेक, नईम, पंकज प्रजापति, आशुतोष त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 13 मई को परखम में करेंगे सौगातों की बारिश

अवधनामा संवाददाता

■ आधा दर्जन प्रकल्पों का लोकार्पण, कन्वेंशन सेंटर व स्टाफ आवास का होगा शिलान्यास

**फरह (मथुरा)।** जनपद मथुरा के गऊ ग्राम परखम में 13 मई को विकास का बड़ा दिन रहने वाला है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य अपरान्ह 1 बजे दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति द्वारा संचालित दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में नवनिर्मित कई महत्वपूर्ण प्रकल्पों का लोकार्पण, गृह प्रवेश एवं भूमि पूजन करेंगे।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री गौरी भवन कन्या छात्रावास, औषधि उद्यान, पशु चिकित्सालय, आधुनिक स्टूडियो तथा बुनकर प्रशिक्षण केंद्र की मशीन का ई-लोकार्पण करेंगे। साथ ही वे 2000 लोगों की क्षमता वाले भव्य कन्वेंशन सेंटर और 50 व्यक्तियों के लिए स्टाफ आवास का शिलान्यास भी करेंगे।

सोमवार को अशोक सिंघल सभागार, सप्त ऋषि कुटीर में आयोजित पत्रकार वार्ता में समिति के मंत्री हरीशंकर शर्मा ने बताया कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त 45 कमरों वाले गौरी भवन कन्या छात्रावास का निर्माण नोएडा के प्रोमीथियस विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष मुकेश शर्मा द्वारा कराया गया है, जिसमें 125 छात्राओं के रहने की व्यवस्था है।

कार्यक्रम के तहत नवधा सभागार में आयोजित ई-लोकार्पण समारोह में उप मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि होंगे, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख राजकुमार मटाले मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर डॉ0 स्वामी कैलाशानन्द गिरि जी महाराज एवं अंतरराष्ट्रीय रामकथा मर्मज्ञ विजय कौशल जी महाराज का आशीर्वचन भी प्राप्त होगा।

कार्यक्रम से पूर्व सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तक हवन, गृह प्रवेश एवं पूजन कार्यक्रम आयोजित होंगे।

प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य डॉ0 अनुराग शर्मा ने बताया कि औषधि उद्यान में विभिन्न प्रकार की आयुर्वेदिक औषधियां उगाई जाएंगी, जबकि पशु चिकित्सालय में पशुओं का आयुर्वेदिक उपचार उपलब्ध होगा, जिसमें डॉक्टर, एम्बुलेंस व अन्य सुविधाएं हर समय मौजूद रहेंगी।

प्रचार प्रमुख कीर्ति कुमार ने जानकारी दी कि कामधेनु प्रसार केंद्र में आधुनिक स्टूडियो के माध्यम से वीडियो रिकॉर्डिंग, पॉडकास्ट, ऑनलाइन-ऑफलाइन कक्षाएं व शैक्षिक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। वहीं निदेशक सोनपाल ने बताया कि बुनकर प्रशिक्षण केंद्र में नई रैपियर मशीन के जरिए कपड़ा निर्माण कर युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है।

# सडक दुघर्टना में बाइक सवार दो युवक गंभीर

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम सददूपुर बांगर निवासी सुरजीत पुत्र जगपाल द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 30 अप्रैल की सुवह 07:30 बजे उसका भाई अनूप कुमार गांव के ही नारायण पुत्र रामबाबू के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर से विशुनगढ़ स्थित एक डिग्री कॉलेज में पेपर देने जा रहा था। रास्ते में जैसे ही मलिकपुर तेराजाकेट मार्ग पर कोल्ड स्टोरेज के सामने पहुंचा तभी अनियंत्रित गति से आ रहे पिकअप के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसका भाई अनूप कुमार व नारायण गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएससी में ले जाया गया। जहां से तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रिफर कर दिया गया। जहां उसके भाई अनूप कुमार की हालत चिंताजनक होने के कारण पड़ोसी जनपद कानपुर स्थित हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। घायल के भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

# गांव अडूकी में हुआ मेघावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** डॉ भीमराव अम्बेडकर पार्क अडूकी में डॉ अम्बेडकर समाज सेवा ट्रस्ट भारत रजि0 द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया बर्ष 2026 में हाईस्कूल एवं इंटर में उत्तीर्ण हुए सभी छात्र छात्राओं को बैग, टेबिल. नोटबुक, पैन, मैडल,शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमें हाईस्कूल प्रथम पुरस्कार समर प्रताप 86.67 प्रतिशत द्वितीय पुरस्कार नंदनी कुमारी 86 प्रतिशत त्रतीय पुरस्कार सवनम कुमारी 84.16 प्रतिशत एवं इंटर में प्रथम पुरस्कार निशा कुमारी 76.2 प्रतिशत द्वितीय पुरस्कार अंजली कुमारी 68.2 प्रतिशत त्रतीय पुरस्कार शिवा 64.2 प्रतिशत अध्यक्षता विजय सिंह पहलवान ने की मुख्य अतिथि के रुप में अशोक कुमार भूकेश रिटायर अपर पुलिस अधीक्षक विशिष्ट अतिथि हीरेन्द्र सिंह हरी इनकम टेक्स अफीसर, एडवोकेट प्रेम प्रकाश 6राष्ट्रीय कानूनी सलाह कार8 डॉ अम्बेडकर समाज सेवा ट्रस्ट, रूमा देवी प्रधानाचार्य सर्वोदय इण्टर कालेज छाता अशोक भूकेश ने कहा शिक्षा के प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी मुनेन्द्र सिंह निगम राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अम्बेडकर समाज सेवा ट्रस्ट भारत रजि0 ने कहा कि शिक्षा वो शेरनी का दूध है जो जितना पीयेगा उतना ही दहाड़ेगा परम पूज्य बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के बताये रास्ते पर चलते हुए शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूर है इस प्रोग्राम को सफल बनाने में विशेष सहयोग घनश्याम सिंह SSB,अनिल कुमार RPF, किशन सिंह RPF, विजेंद्र सिंह IOCL, शशिकांत अध्यापक, बीरेंद्र सिंह CHO विपिन कुमार CHO अजयवीर सिंह, योगेंद्र सिंह निगम अवसर पर निरंजन सिंह पार्षद अडूकी एवं एडवोकेट मानवेन्द्र सिंह, सच्चिदानंद, लाल सिंह प्रधानाचार्य, भरत सिंह अध्यापक सीताराम बोहरे, सत्यनारायण पूर्व पार्षद,उ मेश कर्दम, लक्ष्मण सागर, गुरुदयाल भारती, छोटे लाल निगम, रामप्रसाद, अजय PPCL शिवकुमार , शिवगणेश निगम, मोहित कुमार निगम, विपिन कुमार निगम,संजय कुमार, लाल सिंह एवं ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी मोजूद रहे।

# दिशायान फाउण्डेशन एवं दुर्गा कम्प्यूटर एजुकेशन का विधायक देवरिया सदर व एस. डी. एम. रुद्रपुर के कर कमलों द्वारा हुआ भव्य उद्घाटन

**देवरिया (अवधनामा संवाददाता)** दिशायान फाउण्डेशन बच्चों के भविष्य को उचित मार्गदर्शन कर उनको उनके प्रतिभा व क्षमता के आधार पर उनकी निःशुल्क करियर काउंसिलिंग करता है और साथ ही उनके व्यक्तित्व व सामाजिक निर्माण का पूरा प्रयास करता है। साथ ही आधुनिकता को देखते हुए दुर्गा कम्प्यूटर एजुकेशन के माध्यम से बच्चों को तकनीकी शिक्षा का ज्ञान भी पूर्णतः देने का प्रयास करता है। रविवार को 'दिशायान फाउण्डेशन एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट ' एवं दुर्गा कम्प्यूटर एजुकेशन' का उद्घाटन देवरिया सदर के माननीय विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी, एस. डी. एम. रुद्रपुर श्री अवधेश निगम, एवं राष्ट्रीय कवि डॉ. आशुतोष त्रिपाठी के कर कमलों द्वारा किया गया । दीप प्रज्ज्वलित कर भव्य उद्घाटन सदर विधायक माननीय डॉ0 शलभ मणि त्रिपाठी ने दिशायान व दुर्गा कम्प्यूटर संस्थान को अपने आशीर्वाद से अभिसिंचित कर कुशल मार्गदर्शन किया। साथ ही एस. डी. एम. रुद्रपुर अवधेश निगम सर ने भी दिशायान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आशीर्वचन दिया। संस्थान की सभी रूपरेखाओं को नवीन दिशा व सुदृढ बनाने में राष्ट्रीय कवि डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने अहम भूमिका निभाई। दिशायान की संस्थापिका कीर्ति गुप्ता (जिला संगठन आयुक्त गाइड) और दुर्गा कम्प्यूटर एजुकेशन के निदेशक और दिशायान के सह-संस्थापक शिव मिश्र (मोटिवेशनल स्पीकर) ने साथ मिलकर सम्पूर्ण कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से आयोजित किया।

# मथुरा में भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग 16-17 मई को

अवधनामा संवाददाता

■ तैयारियों को लेकर कार्य योजना बैठक सम्पन्न

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा आगामी जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर सोमवार को केम यूनिवर्सिटी पाली डूंगरा में कार्य योजना बैठक आयोजित की गई। बैठक महानगर जिलाध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। यह प्रशिक्षण वर्ग पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत 16 एवं 17 मई को आयोजित किया जाएगा।

बैठक में प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा, संगठनात्मक मजबूती, कार्यकर्ताओं के वैचारिक प्रशिक्षण तथा व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। महानगर जिलाध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन की रीढ़ होते हैं। इन वर्गों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठन की कार्यपद्धति तथा राष्ट्रहित के विषयों पर प्रशिक्षित किया जाता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से पूर्ण समर्पण एवं अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

वर्ग प्रभारी यादवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जिला प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व एवं संगठनात्मक क्षमता को विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता से प्रशिक्षण वर्ग से जुड़कर संगठन की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। वहीं सभी आभार व्यक्त करते जिलामहानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा 16 मई को वरिष्ठ नेताओं द्वारा प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया जाएगा। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में संगठन,विचारधारा, इतिहास, सोशल मीडिया, चुनाव प्रबंधन केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं, बूथ प्रबंधन, मीडिया संवाद तथा डेटा प्रबंधन सहित कुल 12 सत्र आयोजित किए जाएंगे।

महानगर उपाध्यक्ष रामकिशन पाठक ने बताया कि शिविर स्थल पर पंजीकरण,आवास, भोजन एवं प्रशिक्षण सत्रों की व्यवस्थाओं हेतु समितियों का गठन कर रूपरेखा तैयार कर ली गई है।वहीं जिला महामंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी ने कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर 2029 के लोकसभा चुनाव की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और यहां से प्रशिक्षित होकर कार्यकर्ता 'बूथ जीता-चुनाव जीता' के मंत्र के साथ क्षेत्र में उतरेंगे।

जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया 16 मई एवं 17 को दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन केम यूनिवर्सिटी, पाली डूंगरा में किया जाएगा, जिसमें मंडल पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ संयोजक तथा बूथ अध्यक्ष स्तर तक के लगभग 200 अपेक्षित कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि शिविर में पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विषय विशेषज्ञ कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।बैठक में प्रशिक्षण वर्ग को सफल एवं व्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न टोलियों का गठन करते हुए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। संचालन समिति प्रमुख रामकिशन पाठक, सह नियंत्रक दीपक गोला, कार्यक्रम प्रमुख परशुराम सिंह, व्यवस्था प्रमुख विनीत शर्मा, ठाकुर सुरेन्द्र सिंह बढ़ौता, अंकुर गुर्जर, कल्पना गर्ग, शुभम ठाकुर एवं मोहन भारद्वाज सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।व्यवस्था समिति में भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी भरत सिंह एवं सुनील चतुर्वेदी को, आवास व्यवस्था ललित गौतम को, सभागार एवं मंच व्यवस्था कुंज बिहारी चतुर्वेदी को तथा साज-सज्जा की जिम्मेदारी मनोज ठाकुर सौनोठ को सौंपी गई।

इसके अतिरिक्त प्रदर्शनी प्रमुख प्रणय शर्मा, स्वच्छता प्रमुख धर्मेश नौहवार, पंजीकरण व्यवस्था प्रमुख पूजा चौधरी, तकनीकी कार्य प्रमुख राघव अग्रवाल, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था प्रमुख हेमराज कुन्तल, सुरक्षा प्रमुख भूपेन्द्र चौधरी, अतिथि प्रमुख अंकुर अग्रवाल, मोबाइल पार्किंग प्रमुख बलराम शर्मा, कार्यालय प्रमुख कपिल सेठ, सर्व व्यवस्था प्रमुख योगेश आवा एवं आर्थिक प्रमुख हेमन्त गोयल खंदौली को भी विभिन्न जिम्मेदारियां प्रदान की गईं।

# गोकुल नगरी भगवान परशुराम के जयकारों से गूंजी

**मथुरा।** जनपद की गोकुल नगर पंचायत में भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भगवान परशुराम जयंती आयोजक कमेटी द्वारा गोवर्धन समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता महेश चन्द्र शर्मा उर्फ गोल्डी भैया का भव्य एवं दिव्य स्वागत पटुका पहनाकर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने प्रेम, स्नेह एवं अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

इस अवसर पर गोल्डी भैया ने सभी गणमान्य लोगों से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा आयोजक कमेटी द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निकली भगवान परशुराम जी की भव्य शोभा यात्रा आकर्षण का केंद्र रही। सुंदर एवं मनमोहक झांकियों ने सभी श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों का मन मोह लिया।

पूरा वातावरण भगवान परशुराम जी के जयकारों, भक्ति और उत्साह से गुंजायमान रहा। क्षेत्र के लोगों में अपार उत्साह देखने को मिला तथा सभी ने सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

# केएमसी भाषा विश्वविद्यालय में बी. टेक. साइबर सिक्योरिटी कोर्स शुरू

अवधनामा संवाददाता

■ उद्योग सहयोग से मिलेगी आधुनिक तकनीकी शिक्षा

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग द्वारा शैक्षिक सत्र 2026-27 से बी.टेक. साइबर सिक्योरिटी का नवीन पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया जा रहा है। यह कोर्स अत्याधुनिक तकनीकों पर आधारित होगा तथा उद्योग सहयोग के अंतर्गत संचालित किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, यह पाठ्यक्रम वर्तमान समय की बढ़ती साइबर सुरक्षा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिसमें एथिकल हैकिंग, डिजिटल फॉरेंसिक, नेटवर्क सुरक्षा एवं साइबर थ्रेट एनालिसिस जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों को इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। क्षेत्र में इस प्रकार का विशेषीकृत पाठ्यक्रम सीमित संस्थानों में ही उपलब्ध है, जिससे यह विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है। इसी पहल के अंतर्गत विभाग द्वारा पूर्व में साइबर सुरक्षा जागरूकता पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रसिद्ध साइबर विशेषज्ञ डॉ. रक्षित टंडन ने डिजिटल सुरक्षा के महत्व पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अरुण मोहन शेरी, निदेशक, IIIT लखनऊ एवं विशिष्ट अतिथि श्री घनश्याम शाही ने विद्यार्थियों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल फॉरेंसिक के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं की जानकारी प्राप्त की, जो इस नए पाठ्यक्रम की उपयोगिता को और अधिक रेखांकित करता है। इस अवसर पर विभाग के एआईएमएल विद्यार्थियों–आकाश गुप्ता, दिव्यांश पांडेय, प्रिंस शाक्य एवं परिणीता विश्वकर्मा–द्वारा विकसित 'स्मार्ट एआई एनिमल डिटेक्टर अलार्म सिस्टम' भी चर्चा का केंद्र रहा। यह मॉडल जंगली जानवरों की गतिविधियों की पहचान कर अलर्ट देने में सक्षम है और इसे 'एआई मंथन-2026' में राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा सराहा जा चुका है। कुलपति प्रो0 अजय तनेजा ने कहा कि विश्वविद्यालय आधुनिक एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार कर रहा है। विभागाध्यक्ष डॉ0 सुमन कुमार मिश्रा ने बताया कि साइबर सिक्योरिटी कोर्स विश्वविद्यालय का एक महत्वपूर्ण और नवीन कार्यक्रम है, जो क्षेत्र के विद्यार्थियों को अत्याधुनिक तकनीकी शिक्षा प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, बी.टेक. साइबर सिक्योरिटी पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है।

# बार्सिलोना ने 29वीं बार जीता ला लीगा का खिताब, एल क्लासिको में रियल मैड्रिड को 2-0 से हराया

**बार्सिलोना** टीम फैंस के साथ 2025/26 ला लीगा और सुपर कप टाइटल का जश्न मनाने के लिए बार्सिलोना की सड़कों पर उतरेगी। चैंपियंस परेड शहर के कई मशहूर हिस्सों से गुजरेगी और बार्सिलोना की सड़कों पर एक बड़ा ब्लाउग्राना सेलिब्रेशन होगा।

एफसी बार्सिलोना ने एल क्लासिको मुकाबले में रियल मैड्रिड को 2-0 से हराते हुए ला लीगा के खिताब को अपने नाम किया। बार्सिलोना ने यह 29वीं बार ला लीगा की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। रियल मैड्रिड इस मुकाबले में अपने तीन अहम खिलाड़ियों के बिना मैदान पर उतरी। टीम के स्टार खिलाड़ी काइलियन एम्बाप्पे हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण यह मुकाबला नहीं खेल सके, तो फेडेरिको वाल्वरडे भी इस मैच का हिस्सा नहीं थे। वहीं, वॉर्मअप के दौरान हुई समस्या के

**खिताब**

**एफसी बार्सिलोना ने एल क्लासिको मुकाबले में रियल मैड्रिड को 2-0 से हराते हुए ला लीगा के खिताब को अपने नाम किया।**

कारण डीन हुइजसेन भी यह मैच खेलने नहीं उतरे।

बार्सिलोना के लिए इस मुकाबले में पहले गोल की नींव फेरान टोरेस ने रखी। उन्होंने नौवें मिनट में एंटोनियो रुडिगर से फाउल करवाया, जिसके पूरा फायदा मार्कस रैशफोर्ड ने उठाया। रैशफोर्ड की दनदनाती हुई किक को गोलकीपर थिबॉट कोर्टुआ रोकने में पूरी तरह से नाकाम रहे। टोरेस ने 18वें मिनट में बार्सिलोना की बढ़त



दोगुनी कर दी, जब डैनी ओल्मो ने स्ट्राइकर को स्मार्ट बैकहील से शानदार पास दिया।

ब्रेक से पहले रैशफोर्ड के पास तीसरा गोल करने का शानदार मौका था, जब टोरेस ने उन्हें फिर से गोल करने के लिए बेहतरीन पास दिया, लेकिन इस बार कोर्टोइस ने शॉट को वाइड टिप कर दिया और ओल्मो ने मिले कॉर्नर से अपना शॉट वाइड मार दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत में रियल मैड्रिड संघर्ष करती हुई नजर आई, कोर्टोइस ने रैशफोर्ड के खतरनाक क्रॉस को रोका और टोरेस के शॉट का शानदार अंदाज में बचाव किया। जूड बेलिंगहैम का एक गोल ऑफसाइड होने की वजह से रद्द कर दिया गया। बार्सिलोना के गोलकीपर जोन गार्सिया ने विनीसियस के गोल करने के प्रयास को विफल कर दिया। मैच के अंतिम क्षणों में कोर्टोइस ने राफिन्हा और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के शॉट का बचाव किया। रियल मैड्रिड ने मैच में वापसी करने के काफी प्रयास किए, लेकिन बार्सिलोना के मजबूत डिफेंस ने उन्हें अपने इरादों में सफल नहीं होने दिया।

# सीनियर ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट 2026: दीपक पूनिया फाइनल में, रोहित अगले दौर में पहुंचे

**गोंडा।** दीपक पूनिया ने सीनियर ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट 2026 के 92 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग के फाइनल में जगह बना ली, जहां अब उनका मुकाबला हरियाणा के वंश से होगा। वहीं, 125 किलोग्राम वर्ग में हरियाणा के रोहित ने अनिरुद्ध को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया, जबकि टूर्नामेंट में देशभर के 593 पहलवान हिस्सा ले रहे हैं। दीपक पूनिया ने सीनियर ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 92 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग के फाइनल में जगह बना ली है। उत्तर प्रदेश के गोंडा स्थित नंदिनीनगर में आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर के पहलवान हिस्सा ले रहे हैं। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में कुल 593 पहलवान 10 अलग-अलग भार वर्गों में अपनी राष्ट्रीय रैंकिंग मजबूत करने के लिए मुकाबला कर रहे हैं।



92 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में हरियाणा के दीपक पूनिया ने अपने ही राज्य के पहलवान राजा को एकतरफा अंदाज में 11-1 से हराया। दीपक ने यह मुकाबला महज 2 मिनट 53 सेकंड में अपने नाम किया।तकनीकी रूप से अनुशासित प्रदर्शन करते हुए दीपक ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार लय दिखाई है। अब फाइनल मुकाबले में उनका सामना हरियाणा के पहलवान वंश से होगा। 125 किलोग्राम हैवीवेट वर्ग में हरियाणा के पहलवान रोहित ने मुकाबला जीतकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। मैच नंबर 179 में रोहित का सामना अनिरुद्ध से हुआ, जहां दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। अनिरुद्ध ने मजबूत डिफेंस दिखाया, लेकिन रोहित ने निर्णायक अंक हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस हार के साथ अनिरुद्ध टूर्नामेंट से बाहर हो गए। संजय सिंह ने टूर्नामेंट को लेकर खुशी जताते हुए कहा कि देशभर से बड़ी संख्या में पहलवानों का नंदिनीनगर पहुंचना भारतीय कुश्ती के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।

# नीरू-विवान ने ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा का कांस्य पदक जीता



**नई दिल्ली।**नीरू ढांडा और विवान कपूर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा का कांस्य पदक हासिल किया। नीरू ढांडा और विवान कपूर ने ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। भारत ने इस तरह रविवार को कजाखस्तान के अल्माटी में आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में सकारात्मक तरीके से अपना अभियान समाप्त किया। यह पदक नीरू और विवान के लिए ओलंपिक स्पर्धा में आईएसएसएफ विश्व कप का पहला पोडियम स्थान था और पिछले साल ओलंपिक कार्यक्रम में मिश्रित टीम ट्रैप स्पर्धाको शामिल किए जाने के बाद से भारत का दूसरा पदक था। नीरू और विवान ने फाइनल में पहले 30 में से 24 निशाने लगाए। इटली की शीर्ष जोड़ी सिल्वाना स्टांको और मौरो डी फिलिपिस के बराबर स्कोर करने के बावजूद उन्हें रजत पदक से चूकना पड़ा क्योंकि वे क्वालिफिकेशन में इतालवी जोड़ी के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। चीनी ताइपे के कुन-पी यांग और वान-यू लियू ने फाइनल में 36 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ अपना दूसरा विश्व कप स्वर्ण पदक जीता। विवान और नीरू ने क्वालिफिकेशन में 143 का स्कोर किया था जो पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता सिल्वाना और इस स्पर्धा के पूर्व विश्व चैंपियन मौरो के स्कोर से सिर्फ दो अंक कम था।

# विनेश और डब्ल्यूएफआई में फिर ठनी खुद को भागीदारी के योग्य बताकर गोंडा पहुंचीं

**गोंडा।** विनेश फोगाट और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) में विवाद एक बार फिर बढ़ गया है। विनेश को कारण बताओ नोटिस जारी करने और घरेलू टूर्नामेंट से अयोग्य घोषित किया गया था, लेकिन यह भारतीय पहलवान राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में हिस्सा लेने गोंडा पहुंच गईं।

भारतीय पहलवान विनेश फोगाट और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) में एक बार फिर ठन गई है। हाल ही में कुश्ती महासंघ ने विनेश को कारण बताओ नोटिस भेजा था और यह स्पष्ट किया था कि वह घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकती हैं। लेकिन विनेश ने इस नोटिस का जवाब देकर दावा कर दिया कि वह राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में भाग लेने के योग्य हैं। हालांकि, डब्ल्यूएफआई ने विनेश के शामिल होने का विरोध जताया है और दोहराया कि यह पहलवान इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के पात्र नहीं है।

**घोषित**

**डब्ल्यूएफआई के विनेश को घरेलू टूर्नामेंट में अयोग्य घोषित करने के बावजूद वह गोंडा पहुंच गईं।**

डब्ल्यूएफआई ने हाल ही में अनुशासनहीनता और डोपिंग विरोधी नियमों के उल्लंघन के आरोपों पर विनेश को नोटिस भेजा। इतना ही नहीं विनेश जून 2026 तक घरेलू टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित की गई क्योंकि उन्होंने यूडब्ल्यूडब्ल्यू के डोपिंग रोधी नियम के तहत संन्यास से वापसी के बाद जरूरी छह महीने का नोटिस पीरियड नहीं दिया है।

यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने अपने पत्र में यह भी स्पष्ट किया था कि यदि विनेश दोबारा कुश्ती में वापसी करना चाहती हैं, तो उन्हें आईटीए



या इंटरनेशनल फेडरेशन को कम से कम छह महीने पहले सूचना देनी होगी और इस दौरान एंटी-डोपिंग टेस्टिंग के लिए उपलब्ध रहना होगा। 15 पन्नों के नोटिस में, डब्ल्यूएफआई ने आरोप लगाया था कि विनेश के आचरण ने राष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदा किया है जिससे भारतीय कुश्ती की छवि को नुकसान पहुंचा है।

डब्ल्यूएफआई ने विशेष रूप से उल्लेख किया है कि विनेश इस वर्ष 26 जून तक किसी भी घरेलू प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्र नहीं हैं, जिसमें गोंडा में 10 से 12 मई तक होने वाला राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट भी शामिल है।

डब्ल्यूएफआई के विनेश को घरेलू टूर्नामेंट में अयोग्य घोषित करने के बावजूद वह गोंडा पहुंच गईं। महासंघ ने कहा कि अनुशासनात्मक कार्रवाई पूरी होने तक वह प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले सकती हैं। गोंडा पहुंचने के बाद विनेश ने डब्ल्यूएफआई के कारण बताओ नोटिस का जवाब देते हुए कहा कि विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की संहिता का रिटायर्ड खिलाड़ियों से जुड़ा नियम 5.6.1 उन पर लागू नहीं होता क्योंकि वह जून में ही यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) को संन्यास के बाद वापसी के अपने फैसले से अवगत करा चुकी हैं। विनेश ने अपने जवाब में कहा कि उन्होंने यूडब्ल्यूडब्ल्यू को पहले ही अपनी वापसी की जानकारी दे दी थी लिहाजा प्रक्रियागत जरूरतें वह पूरी कर चुकी हैं।

डब्ल्यूएफआई सूत्रों ने हालांकि कहा कि महासंघ उनके जवाब से संतुष्ट नहीं है और उसका मानना है कि विनेश ने सिर्फ पात्रता के पहलू पर जवाब दिया है, जबकि उनके खिलाफ लगाए गए अनुशासनहीनता के आरोपों का जवाब नहीं दे सकी हैं। महासंघ ने यह भी कहा कि गलत धारणा फैलाई जा रही है कि विनेश को भागीदारी से रोकने के लिए राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में चयन के मानदंड बदले गए हैं।

विनेश ने पेरिस ओलंपिक 2024 में महिलाओं के 50 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक के मुकाबले से अयोग्य करार दिए जाने के बाद कुश्ती से संन्यास ले लिया था। विनेश के पति ने कहा कि उन्होंने आधिकारिक रूप से संन्यास की कभी घोषणा नहीं की थी और सिर्फ सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। वहीं डब्ल्यूएफआई का कहना है कि दिसंबर 2024 में यूडब्ल्यूडब्ल्यू के पत्र में कहा गया है कि विनेश ने इंटरनेशनल टेस्टिंग एजेंसी (आईटीए) को इसके बारे में बताया था।

## सुपर रेपिड एवं ब्लिट्ज में गुकेश छठे स्थान पर रहे, नीमैन को खिताब

**वारसॉ।** नीमैन ने आखिरी दो दौर जीते और टूर्नामेंट का समापन कुल 22.5 अंक के साथ किया। उन्हें ट्रॉफी के अलावा 50 हजार डॉलर का पहला पुरस्कार भी मिला। अंतिम दौर में नीमैन ने पोलैंड के राडोस्लाव वोज्टाजेक को हराया।

विश्व चैंपियन डी गुकेश को छठे स्थान से संतोष करना पड़ा जबकि अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन ने अंत तक धैर्य बरकरार रखते हुए 'सुपर रेपिड एवं ब्लिट्ज' का खिताब जीत लिया। यह टूर्नामेंट 'ग्रैंड चेस टूर' का हिस्सा है।

गुकेश ह्याने 36 संभावित अंक में से 17 अंक हासिल करके अपना अभियान समाप्त किया। खिलाड़ियों ने नौ रेपिड और 18 ब्लिट्ज बाजियां खेलीं। हर रेपिड बाजी जीतने पर दो अंक और ब्लिट्ज बाजी जीतने पर एक अंक निर्धारित था। गुकेश ने रेपिड में नौ और ब्लिट्ज में आठ अंक जुटाए। हालात और भी खराब हो सकते थे लेकिन गुकेश ने आखिरी दौर में पोलैंड के डूडा यान-क्रिस्टोफ को हराकर वापसी की।

# देवदास के गाने पर पवन सिंह की याद में गुम ज्योति





**मुंबई।** भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह की शादीशुदा जिंदगी पटरी से उतर गई है। दोनों का तलाक का मामला कोर्ट में है। इस बीच ज्योति सिंह ने एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है।

इंसान अक्सर दिल की बातें फिल्मी गानों के जरिए जताता है। खुशी हो या कोई दर्द हो; हर भाव को जताने के लिए संगीत मददगार है। पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह के हालिया सोशल मीडिया पोस्ट को देखकर भी कुछ ऐसा लग रहा है, मानो उन्होंने %देवदास% के गाने के जरिए दिल की बात कही है। नेटिजंस भी उन्हें सपोर्ट कर रहे हैं।

ज्योति सिंह और पवन सिंह के रिश्ते में दूरी आ चुकी है। दोनों अलग-अलग रहते हैं। तलाक का मामला कोर्ट में चल रहा है। वहीं, ज्योति सिंह अक्सर सोशल मीडिया पर क्रिप्टिक पोस्ट शेयर करती रहती हैं, जिन्हें लोग उनकी निजी जिंदगी से जोड़कर देखते हैं। हाल ही में ज्योति ने अपना एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वे झूले पर बैठकर किताब पढ़ती दिख रही हैं।

वीडियो में ज्योति सिंह हरे रंग की साड़ी पहने बेहद खूबसूरत लग रही हैं। मगर, इस वीडियो के साथ उन्होंने जो गाना लगाया है और कैप्शन में जो इमोजी बनाए हैं, उसे देखकर लग रहा है कि वे बेहद दर्द में हैं। ज्योति ने फिल्म देवदास का गाना बैरी पिया लगाया है। इसके साथ उन्होंने दुख के प्रतीक इमोजी कैप्शन में पोस्ट किए हैं। देखकर लग रहा है, मानों वे पवन सिंह की यादों में गुम हैं। ज्योति के इस पोस्ट पर नेटिजंस के रिएक्शन आ रहे हैं। कुछ यूजर्स उन्हें हिम्मत दे रहे हैं कि आपका इंतजार जीतेगा। वहीं, कुछ यूजर्स लिख रहे हैं, आपको अब इस दर्द में देखा नहीं जाता। तलाक दे दीजिए%। वहीं, कुछ लोग पवन सिंह की आलोचना कर रहे हैं। कमेंट सेक्शन में पवन सिंह के फैंस भी रिएक्शन दे रहे हैं और वे पावर स्टार की तरफदारी कर रहे हैं।

# इस वीक मिलेगा एंटरटेनमेंट का डबल डोज

**मुंबई।** ओटीटी पर इन दिनों गजब हो रहा है। गर्मियां बढ़ती जा रही हैं। वीकएंड पर लोग घर पर सुकून से रहना पसंद कर रहे हैं। मगर, मनोरंजन में कोई कमी न बीते हफ्ते रही और न इस वीक रहेगी। ओटीटी पर जबर्दस्त सीरीज और फिल्में जो रिलीज हो रही हैं। इस वीक भी एक्शन और थ्रिलर से भरपूर कई ऑप्शन उपलब्ध हैं। देखिए इस बार की लिस्ट....

महीनेभर से ज्यादा समय तक सिनेमाघरों में धमाल करने वाली ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर द रिवेंज आखिर ओटीटी पर आने को तैयार है। आदित्य धर निर्देशित रणवीर सिंह, सारा अर्जुन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, आर माधवन अभिनीत इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। ऐसा करने वाली यह पहली बॉलीवुड फिल्म है। दर्शक 15 मई से इसे जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

यह क्राइम ड्रामा फिल्म है। इसे पुलकित ने निर्देशित किया है। वहीं, शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है। रेड

**धमाल**

**महीनेभर से ज्यादा समय तक सिनेमाघरों में धमाल करने वाली ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर द रिवेंज आखिर ओटीटी पर आने को तैयार है।**

चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म में सैफ अली खान, रसिका दुग्गल, संजय मिश्रा और मनीष चौधरी जैसे सितारे हैं। सैफ अली खान फिल्म में पुलिस ऑफिसर के रूप में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

यह एक तमिल ड्रामा सीरीज है। इसे नेशनल अवॉर्ड विजेता ए. सर्कुनम ने लिखा है और इसके निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली है। यह शो एक प्रतियोगी परीक्षा के दबाव भरे माहौल में एक तनावपूर्ण और भावनात्मक सफर पर आधारित है। एग्जाम सीरीज 15 मई से प्राइम वीडियो पर उपलब्ध होगी।







रणदीप हुड्डा, उर्वशी रौतेला, अमित सियाल, शालिन भनोट, राहुल मित्रा, जाकिर हुसैन, आयशा एस. ऐमन, जोहेब फारूकी जैसे कलाकारों से सजी इंस्पेक्टर अविनाश का दूसरा सीजन भी इस वीक ओटीटी पर दस्तक देगा। यह सीरीज यूपी पुलिस के अफसर अविनाश मिश्रा की कहानी है, जो एसटीएफ के प्रमुख हैं और गैंगस्टरों को अपना निशाना बनाते हैं। यह सीरीज 15 मई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

यह एक क्राइम आधारित डॉक्यूमेंट्री है। 'द क्रैश' 2022 की एक सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें ओहियो की 17 साल की किशोरी मैकेंजी शिरिला ने जान-बूझकर 100 मील प्रति घंटे की रफ्तार से अपनी कार एक ईंटों वाली इमारत से टकरा दी थी। इस घटना में उसके बॉयफ्रेंड डोमिनिक रूसो और उसके दोस्त डेवियन फ्लैनगन, दोनों की मौत हो गई थी। उसे 12 गंभीर अपराधों का दोषी ठहराया गया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। द क्रैश 15 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

कॉमेडियन मार्टिन शॉर्ट पर बनी यह आगामी डॉक्यूमेंट्री, थिएटर और कॉमेडी की दुनिया में उनके शानदार और मशहूर करियर को दिखाती है। यह कॉमेडी में उनके 50 साल के सफर के उतार-चढ़ाव और उनकी विरासत को दिखाती है। इस फिल्म में उनके करियर के दुर्लभ फुटेज और उनके करीबी दोस्तों और सह-कलाकारों के साथ की गई खास बातचीत शामिल है। इस डॉक्यूमेंट्री को दर्शक 12 मई से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। बता दें कि मार्टिन शॉर्ट एक कनाडाई हास्य कलाकार, अभिनेता और लेखक हैं। बर्लिन एंड द लेडी विद एन एरमाइन - फोटो : सोशल मीडिया बर्लिन एंड द लेडी विद एन एरमाइन, मनी हाइस्ट का आठ-एपिसोड का स्पिन-ऑफ है। स्पेन के सेविले में सेट यह बर्लिन (पेड्रो अलोंसो) और उसकी टीम की कहानी है, जो बदले की भावना से प्रेरित एक और बड़ी चोरी को अंजाम देने के लिए वापस लौटते हैं। इसे दर्शक 15 मई से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

## दिलजीत दोसांझ ने खालिस्तान विवाद पर दिया करारा जवाब

**मुंबई।** दिलजीत दोसांझ के 'औरा टूर' के दौरान कुछ लोगों ने प्रो-खालिस्तान झंडे लहराए, जिसके बाद विवाद शुरू हो गया। अब दिलजीत ने इस पूरे मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और साफ कहा है कि उनके शो में किसी भी तरह की बदतमीजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दिलजीत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पंजाबी में लिखा कि बाहर खड़े होकर विरोध करना किसी का भी हक है, लेकिन अगर कोई उनके फैंस को परेशान करने के लिए शो के अंदर आने की कोशिश करेगा तो उसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सिंगर ने आगे कहा कि उन्होंने सिक्योरिटी टीम को साफ निर्देश दिए थे कि जो भी शो में हंगामा करने की कोशिश करे, उसे तुरंत बाहर निकाल दिया जाए।

# तेलुगु अभिनेता भरत कांत का सड़क दुर्घटना में निधन

**भीषण**

**मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जिस कार में दोनों यात्रा कर रहे थे, वह इस भीषण टक्कर से पूरी तरह से चकनाचूर हो गई थी।**

**मुंबई।** तेलुगु सिनेमा से एक दुखद खबर सामने आ रही है। अभिनेता भरत कांत का एक भीषण सड़क दुर्घटना में निधन हो गया है। इस दौरान उनके साथ प्रसिद्ध सिनेमैटोग्राफर जी साई त्रिलोक भी मौजूद थे। दोनों की कार की ट्रक से भिड़ंत में मौके पर ही मौत होने की खबर सामने आ रही है।

एएनआई के मुताबिक, घटना हैदराबाद आउटर रिंग रोड पर हुई। हैदराबाद के आदिबतला पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत ओआरआर





के एग्जिट नंबर 12 के पास एक ट्रक से कार की टक्कर में तेलुगु अभिनेता भरत कांत और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना कल रात हुई। आदिबतला पुलिस ने बताया कि हमने मामला दर्ज कर लिया है, मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रहे हैं।

आदिबतला इंस्पेक्टर बी रवि कुमार के मुताबिक, 'जब कार एग्जिट संख्या 12 के पास पहुंची, तो कार चला रहे भरत कांत ने आगे चल रहे एक कंटेनर ट्रक को टक्कर मार दी। भरत कांत और साई त्रिलोक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।' मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जिस कार में दोनों यात्रा कर रहे थे, वह इस भीषण टक्कर से पूरी तरह से चकनाचूर हो गई थी।

यह घटना तब घटी जब वे नेल्लोर से हैदराबाद लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि दोनों आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले के रहने वाले थे। रिपोर्ट में बताया गया कि भरत कांत और त्रिलोक शनिवार रात हैदराबाद के लिए रवाना हुए थे। लगभग सुबह 3 बजे वे पेद्दांबरपेट स्थित आउटर रिंग रोड पर पहुंचे। माना जा रहा है कि वे शमशाबाद की ओर जा रहे थे तभी यह जानलेवा दुर्घटना हुई। दोनों की पहचान उनके फोन और गाड़ी के रजिस्ट्रेशन नंबर की मदद से की गई।

अभिनेता की मौत का आधिकारिक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। भरत कांत और जी साई त्रिलोक के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस बीच लापरवाही से गाड़ी चलाने को दुर्घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है।

भरत कांत एक उभरते हुए अभिनेता थे, जबकि त्रिलोक एक कैमरामैन थे। खबरों के मुताबिक, दोनों लगभग एक दशक पहले तेलुगु फिल्म उद्योग में अपना करियर बनाने के लिए हैदराबाद आए थे।

# अभिषेक बच्चन ने क्यों नहीं ली राजा शिवाजी के लिए कोई फीस



**मुंबई।** रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी सिनेमाघरों में लगी है। फिल्म को काफी तारीफें मिली हैं। बॉक्स ऑफिस पर भी यह अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस बीच ऐसी खबर आई कि फिल्म के लिए कुछ सितारों ने बिल्कुल फीस नहीं ली। इनमें अभिषेक बच्चन भी शामिल हैं, जिन्होंने फीस के तौर पर सिर्फ रितेश देशमुख की मां के हाथ के ठेंचा (एक किस्म की चटनी) की डिमांड की थी। अभिषेक बच्चन यह फिल्म बिना फीस के करने को राजी क्यों हुए? खुद उन्होंने इसकी वजह बताई है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया गया था कि अभिषेक बच्चन ने कथित तौर पर फिल्म %राजा शिवाजी के लिए फीस चार्ज की थी। हाल ही में अभिषेक बच्चन ने ऐसी अफवाहों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ये दावे झूठे हैं। अभिनेता ने ऐसे वक्त में अपनी फीस को लेकर प्रतिक्रिया दी है, जब हाल ही में रितेश देशमुख ने कहा था कि फिल्म में गेस्ट अपीयरेंस देने वाले कई सितारों ने फीस नहीं ली। इनमें सलमान खान, विद्या बालन और अभिषेक शामिल हैं। सभी ने छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रति अपनी श्रद्धा और रितेश के साथ अपनी पर्सनल बॉन्डिंग के चलते फीस माफ कर दी थी।

अभिषेक बच्चन ने भी अपनी फीस को लेकर न्यूज18 से बातचीत में कहा कि एक्टर्स किसी ऐसे विजन के लिए अपनी फीस कम करने या छोड़ने को तैयार रहते हैं, जिस पर उन्हें भरोसा हो। उन्होंने कहा, आज के जमाने में ऐसी बहुत सारी रील्स हैं, जिनमें लोग तथ्यों और आंकड़ों के बारे में बात करते हैं। एक्टर ने कहा, लोगों को यह बात करना पसंद है कि कोई एक्टर या एक्ट्रेस कितनी ज्यादा फीस ले रहा है और कितनी वैन की मांग कर रहा है, लेकिन असल में यह एक कला का रूप है जो दिल से शुरू होता है।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार 12 मई 2026



# भारत कोविड की तरह इस चुनौती से भी निकलेगा: पीएम मोदी

**गंभीर**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट पिछले कई वर्षों के सबसे गंभीर संकटों में से एक है।**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वडोदरा में आयोजित एक कार्यक्रम में सरदारधाम-3 शैक्षणिक संकुल का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधितकरते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का दिन किसी पवित्र त्योहार से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने से पहले वे सोमनाथ मंदिर भी गए थे, जहां उन्हें सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित अमृत महोत्सव में शामिल होने का अवसर मिला। पीएम मोदी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का सपना सरदार पटेल के संकल्प से ही पूरा हुआ था। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक धरोहर भारत की सांस्कृतिक शक्ति का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट पिछले कई वर्षों के सबसे गंभीर संकटों में से एक है। उन्होंने विश्वास जताया कि जैसे भारत ने कोविड-19 महामारी से सफलतापूर्वक उबरकर आगे बढ़ा, वैसे ही इस संकट से भी देश बाहर निकलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत को वैश्विक सप्लाई चेन का एक बड़ा हिस्सा बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है, ताकि देश की आर्थिक स्थिति और मजबूत हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि जब भी देश पर युद्ध या कोई बड़ी आपदा आई है, तब नागरिकों ने सरकार के आह्वान पर अपनी जिम्मेदारी निभाई है, और अब भी इसी एकजुटता की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील की कि आयात पर निर्भरता कम करने के प्रयास किए जाएं और ऐसे व्यक्तिगत खर्चों से बचा जाए जिनमें विदेशी मुद्रा का उपयोग होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि युवाओं को डिग्री पूरी करने के बाद केवल अनुभव की कमी के कारण भटकने नहीं देना चाहिए। इसके लिए उन्हें अप्रेंटिसशिप (प्रशिक्षण) के अवसर दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देश के पास एक बड़ा और कुशल कार्यबल तैयार होगा, जिसका सबसे ज्यादा लाभ मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मिलेगा।

## मुख्यमंत्री के बाद अब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद पर खींचतान, सरकार गठन पर गहराए अस्थिरता के बादल

**नई दिल्ली।** केरल में मुख्यमंत्री चयन से पहले ही कांग्रेस में केपीसीसी अध्यक्ष पद को लेकर खींचतान तेज हो गई है। कई वरिष्ठ नेता दावेदारी कर रहे हैं, जबकि आलाकमान जातीय संतुलन, गुटबाजी और संगठनात्मक स्थिरता साधने की चुनौती से जूझ रहा है। केरल में नए मुख्यमंत्री के नाम पर अनिश्चितता खत्म होने से पहले ही कांग्रेस पार्टी ने एक और मोर्चा खोल दिया है। यह मोर्चा केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष के पद के लिए है। मुख्यमंत्री पद की दौड़ पिछले हफ्ते से राजनीतिक रोमांचक रही है, वहीं अब प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए उभरती प्रतिस्पर्धा ने पार्टी में बेचैनी बढ़ा दी है। यह स्थिति ऐसे समय में बनी है जब पार्टी सत्ता में लौटी है और कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

संकेत मिल रहे हैं कि केपीसीसी अध्यक्ष सनी जोसेफ नए यूडीएफ मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं, जिससे पार्टी का संगठनात्मक पद खाली हो जाएगा। मुख्यमंत्री की घोषणा होने से पहले ही दावेदारों ने दिल्ली के गलियारों और केरल के सत्ता केंद्रों में अपनी स्थिति मजबूत करनी शुरू कर दी है। शुरुआती पैरवी के केंद्र में अनुभवी सांसद कोडिकुन्निल सुरेश हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ उनकी हालिया बैठक ने गहन अटकलों को जन्म दिया है। कोडिकुन्निल के साथ-साथ बेनी बेहनान, एंटो एंटनी और शफी परम्बिल (सभी लोकसभा सदस्य) के नाम भी चर्चा में हैं।

पार्टी आलाकमान के लिए यह चुनौती एक नाजुक संतुलन बनाने वाली बन गई है। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए गणना में अब केवल वरिष्ठता और संगठनात्मक क्षमता ही नहीं, बल्कि जाति संतुलन, अल्पसंख्यक प्रतिनिधित्व, युवा अपील और गुटीय शांति बनाए रखना भी शामिल है। यदि मुख्यमंत्री का पद एक समुदाय या गुट को जाता है, तो केपीसीसी अध्यक्ष पद को दूसरे को समायोजित करना पड़ सकता है। केरल कांग्रेस की राजनीति में, एक कुर्सी शायद ही कभी अकेली आती है, यह आमतौर पर अपने पीछे तीन और कुर्सियां और आधा दर्जन समीकरण खींच लाती है।

# परमाणु संयंत्रों के आसपास घटेगा बफर जोन: सरकार बदलने जा रही नियम



**नई दिल्ली।** भारत सरकार परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के आसपास बनाए जाने वाले एक्सक्लूजन जोन (बफर क्षेत्र) का दायरा घटाने की तैयारी कर रही है। इस कदम का मकसद नए रिएक्टरों के विस्तार के लिए अधिक जमीन उपलब्ध कराना और निजी निवेश को आकर्षित करना है। हालांकि, सरकार के इस फैसले को लेकर विपक्षी दलों और स्थानीय लोगों की ओर से विरोध की आशंका भी जताई जा रही है।

मामले से जुड़े तीन अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल भारत में सभी परमाणु रिएक्टरों के आसपास कम से कम 1 किलोमीटर का बफर जोन रखा जाता है, जहां किसी भी तरह की आबादी या आर्थिक गतिविधि की अनुमति नहीं होती। भारत सरकार छोटे रिएक्टरों के लिए 500 मीटर का परमाणु बफर जोन, वहीं बड़े परमाणु रिएक्टरों के लिए 700 मीटर का बफर जोन बनाने जा रही है।

यह व्यवस्था रेडिएशन से जुड़े संभावित खतरों को दूर रखने के उद्देश्य से बनाई गई थी। सूत्रों का कहना है कि सरकार अब इस दायरे को कम करने पर विचार कर रही है, ताकि परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण आसान हो सके और भविष्य में रिएक्टर क्षमता बढ़ाने की योजनाओं को गति मिल सके।

सूत्रों के अनुसार, भारत के परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड और परमाणु ऊर्जा विभाग ने इन बफर जोन को कम करने की योजना को मंजूरी दे दी है। यह बदलाव आगामी कुछ महीनों में सामने आने की संभावना है। पिछले साल देश द्वारा परमाणु उत्पादन क्षेत्र को निजी और विदेशी खिलाड़ियों के लिए खोले जाने के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। भारत का लक्ष्य स्वच्छ ऊर्जा रणनीति के तहत 2047 तक परमाणु क्षमता को वर्तमान लगभग 8 गीगावाट से बढ़ाकर 100 गीगावाट करना है। बफर जोन में कमी से बड़े रिएक्टरों के लिए भूमि की आवश्यकता आधी और छोटे रिएक्टरों के लिए लगभग दो-तिहाई तक कम हो सकती है। इससे मौजूदा स्थलों पर दो से तीन गुना अधिक क्षमता स्थापित की जा सकेगी।

## यूएई से भारतीयों की निकासी की खबरों को किया खारिज



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यूएई या फुजैरा से भारतीय नागरिकों की निकासी की कोई योजना नहीं है। विदेश मंत्रालय ने मीडिया रिपोर्ट को फर्जी बताते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

विदेश मंत्रालय ने उन मीडिया रिपोर्ट्स को पूरी तरह खारिज कर दिया है जिनमें दावा किया गया था कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात मिलकर फुजैरा पोर्ट के जरिए भारतीय श्रमिकों को निकालने की योजना बना रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट कहा कि इस तरह की किसी भी योजना का कोई आधार नहीं है और न ही यूएई या फुजैरा से भारतीय नागरिकों की निकासी को लेकर कोई निर्णय लिया गया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संबंधित खबर पूरी तरह गलत और भ्रामक है। उन्होंने मीडिया से अपील की कि वे ऐसी खबरों की पुष्टि MEA के फैक्ट चेक प्लेटफॉर्म से जरूर करें।

विदेश मंत्रालय की फैक्ट चेक टीम ने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट पर भी इस खबर को खारिज करते हुए इसे फेक न्यूज करार दिया। पोस्ट में कहा गया ÷इस खबर का कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है। किसी भी प्रकार की निकासी योजना नहीं बनाई जा रही है। नागरिकों से अपील है कि वे ऐसी झूठी और भ्रामक खबरों से सावधान रहें।

प्रेस ब्रीफिंग के दौरान विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए बातचीत और कूटनीति ही सबसे सही रास्ता है। इसके अलावा BRICS विदेश मंत्रियों की आगामी बैठक को लेकर भी जानकारी दी गई, जो भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसमें ब्रिक्स देशों के साथ-साथ साझेदार देशों के विदेश मंत्री भी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस बैठक में शामिल होने वाले नेताओं की जानकारी साझा की जाएगी। जायसवाल ने पश्चिम एशिया के हालात पर भारत का रुख दोहराते हुए कहा कि इस क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए बातचीत और कूटनीति ही सबसे सही रास्ता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा को लेकर भारत का लगातार प्रयास रहा है कि ऊर्जा आपूर्ति के स्रोतों को अलग-अलग देशों में बढ़ाया जाए। उन्होंने बताया कि यह भारत की स्थायी नीति और तरीका रहा है। उन्होंने कहा कि भारत वर्तमान में कई देशों से ऊर्जा खरीद रहा है और यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।

# कौन हैं मनोज अग्रवाल: पश्चिम बंगाल के चुनाव में निभाई थी अहम भूमिका



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रहे मनोज अग्रवाल को राज्य का मुख्य सचिव बनाया गया है। मनोज अग्रवाल के पास तीन दशक का प्रशासनिक अनुभव है। उन्होंने मार्च 2025 में मुख्य निर्वाचन अधिकारी का कार्यभार संभाला था।

पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए अब राज्य का मुख्य सचिव बना दिया गया है। शुभेंदु अधिकारी की नवनिर्वाचित सरकार की ओर से इसे लेकर आदेश जारी कर दिया गया है। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए राज्य विधानसभा चुनावों और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का सफलतापूर्वक पर्यवेक्षण किया था। यह नियुक्ति 11 मई, 2026 से प्रभावी होगी।

इस पदोन्नति के साथ, मनोज कुमार अग्रवाल राज्य के सर्वोच्च पद पर आसीन होने वाले नौकरशाह बन गए हैं। यह उनके राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पद से सबसे वरिष्ठ प्रशासनिक पद तक की एक तेज गति वाली यात्रा को दर्शाता है। मनोज कुमार अग्रवाल 1990 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं और पश्चिम बंगाल कैडर से हैं। उनके पास जिला प्रशासन, केंद्र सरकार में तैनाती और राज्य स्तर पर वरिष्ठ भूमिकाओं सहित तीन दशकों से अधिक का प्रशासनिक अनुभव है।

उन्हें मार्च 2025 में भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था। उन्होंने फरवरी 2017 से इस पद पर रहे आरिफ आफताब का स्थान लिया, जो दिसंबर 2024 में सेवानिवृत्त हुए थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में, अग्रवाल राज्य सचिवालय में चुनाव विभाग के प्रभारी अतिरिक्त मुख्य सचिव का अतिरिक्त पद भी संभाल रहे थे। अपने कार्यकाल के दौरान, अग्रवाल ने विशेष गहन पुनरीक्षण का पर्यवेक्षण किया, जिसमें घर-घर जाकर गणना, पूर्व-भरे मतदाता फॉर्म और मौजूदा मतदाता डेटा का सत्यापन शामिल था। उन्होंने 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के संचालन की भी देखरेख की।

अपने चुनावी कार्यकाल से पहले, अग्रवाल वन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत थे, जिसके साथ उनके पास अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं का भी अतिरिक्त प्रभार था। उनकी पिछली महत्वपूर्ण नियुक्तियों में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में प्रधान सचिव और आयुक्त (2017-2020) तथा कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग में प्रधान सचिव (2014-2017) शामिल हैं। उन्होंने शहरी विकास, जन शिक्षा विस्तार और तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभागों में भी वरिष्ठ पदों पर कार्य किया है।

## बीड में एससी आरक्षण में उप-वर्गीकरण के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन

**बीड।** महाराष्ट्र सरकार की ओर से अनुसूचित जाति (एससी) आरक्षण के उप-वर्गीकरण के लिए प्रस्ताव पेश किया गया है। इसके खिलाफ बीड जिले में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया। लोगों ने इस प्रस्ताव को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि इससे आरक्षण के तहत मिलने वाले लाभ कम हो जाएंगे। महाराष्ट्र के बीड जिले में सोमवार को सैकड़ों लोगों ने अनुसूचित जाति (एससी) आरक्षण के प्रस्तावित उप-वर्गीकरण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के इस कदम को अन्यायपूर्ण करार देते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने बीड जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय तक मार्च निकाला।

# उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते पर चलेगा महाभियोग; संसद में प्रस्ताव पास



**फिलीपींस।** फिलीपींस की उपराष्ट्रपति के खिलाफ प्रतिनिधि सभा ने भारी बहुमत से महाभियोग प्रस्ताव पारित कर दिया। उन पर अकूत संपत्ति, सरकारी धन के दुरुपयोग और राष्ट्रपति की हत्या की धमकी देने के आरोप हैं। आइए विस्तार से जानते हैं। फिलीपींस की उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते के खिलाफ सोमवार को देश की प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) ने भारी बहुमत से महाभियोग प्रस्ताव पारित कर दिया। उन पर अकूत संपत्ति रखने, सरकारी धन के दुरुपयोग और राष्ट्रपति की हत्या की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

राष्ट्रपति बोंगबोंग मार्कोस के सहयोगियों के प्रभाव वाले निचले सदन में महाभियोग प्रस्ताव के पक्ष में 255 सांसदों ने मतदान किया, जबकि 26 सांसद विरोध में रहे। वहीं नौ सांसदों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया।

सारा दुतेर्ते पर आरोप है कि उन्होंने उपराष्ट्रपति कार्यालय और शिक्षा मंत्रालय के गोपनीय फंड का गलत इस्तेमाल किया। उन पर सरकारी धन के हिसाब-किताब में पारदर्शिता नहीं रखने और बड़ी मात्रा में संदिग्ध संपत्ति अर्जित करने के आरोप भी लगे हैं।

इसके अलावा सबसे गंभीर आरोप राष्ट्रपति मार्कोस जूनियर और उनके परिवार को धमकी देने का है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सारा दुतेर्ते ने पिछले वर्ष एक बयान में कहा था कि अगर उनके खिलाफ कोई साजिश हुई तो उन्होंने किसी व्यक्ति को राष्ट्रपति, प्रथम महिला और संसद अध्यक्ष की हत्या के लिए तैयार रहने को कहा है। इस बयान के बाद राजनीतिक विवाद और तेज हो गया था।

सारा दुतेर्ते के खिलाफ दायर दो महाभियोग शिकायतें अब सीनेट को भेजी जाएंगी। सीनेट इस मामले में ट्रिब्यूनल के रूप में सुनवाई करेगी और उपराष्ट्रपति पर लगे आरोपों की जांच होगी। सारा दुतेर्ते, फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते की बेटी हैं। उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों से सामान्य तौर पर इनकार किया है, हालांकि आपराधिक आरोपों पर विस्तार से कोई जवाब नहीं दिया है।

## पूर्व पीएम थाकसिन शिनावात्रा आठ महीने बाद जेल से रिहा

**बैंकॉक।** थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा को भ्रष्टाचार मामले में सजा काटने के बाद सोमवार को बैंकॉक की जेल से पैरोल पर रिहा कर दिया गया। 76 वर्षीय थाकसिन ने एक साल की सजा में से आठ महीने जेल में बिताए। थाईलैंड की राजनीति में दशकों तक विवाद और ध्रुवीकरण का केंद्र रहे पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनवात्रा को आज बैंकॉक की जेल से रिहा कर दिया गया। भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में एक साल की सजा काट रहे 76 वर्षीय थाकसिन ने आठ महीने जेल में बिताए, जिसके बाद उन्हें पैरोल पर रिहाई मिली। बैंकॉक की क्लोंग प्रेम सेंट्रल जेल के बाहर उनके स्वागत के लिए करीब 300 समर्थक और राजनीतिक सहयोगी जुटे। थाकसिन सफेद पोलो टी-शर्ट और नीली पैंट में जेल से बाहर निकले, जहां उनके परिवार ने उन्हें गले लगाया।

# कठपुतली शासक चला रहे पाकिस्तान



**बर्लिन।** जेएसएमएम के प्रमुख शफी बुरफत ने पाकिस्तान की सेना पर राजनीति, न्यायपालिका, मीडिया और अर्थव्यवस्था पर नियंत्रण रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सेना लंबे समय से धार्मिक कट्टरवाद और आतंकवाद को संरक्षण देती रही है तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कमजोर करती रही है।

पाकिस्तान की सेना और सैन्य नेतृत्व को लेकर सिंधी राष्ट्रवादी संगठन जेएसएमएम के प्रमुख शफी बुरफत ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सैन्य व्यवस्था लंबे समय से धार्मिक कट्टरवाद और आतंकवाद को संरक्षण देती रही है व देश की राजनीति, न्यायपालिका, मीडिया और अर्थव्यवस्था पर उसका गहरा नियंत्रण है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी अपने विस्तृत बयान में बुरफत ने कहा कि पाकिस्तान में वास्तविक सत्ता हमेशा सेना के हाथों में रही है। उनके मुताबिक, सेना ने बार-बार लोकतांत्रिक सरकारों को गिराया, निर्वाचित नेताओं को सत्ता से हटाया, राजनीतिक विरोधियों को जेल में डाला और असहमति की आवाज उठाने वालों को देश छोड़ने पर मजबूर किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान में निर्वाचित सरकारों के बजाय सेना समर्थित कठपुतली शासकों के जरिए शासन चलाया जाता रहा है। बुरफत ने कहा कि सेना न केवल राजनीति, बल्कि मीडिया, न्यायपालिका और अर्थव्यवस्था के बड़े हिस्से को भी नियंत्रित करती है।

सैन्य प्रमुख के ऊपर लगाए गंभीर आरोप

जेएसएमएम प्रमुख ने कहा कि पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख समय-समय पर खुद को राष्ट्रवादी नायक के रूप में पेश करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सेना देश में धार्मिक राष्ट्रवाद, सैन्य शक्ति के प्रदर्शन और उग्र राष्ट्रवादी बयानबाजी का इस्तेमाल अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए करती रही है।

बुरफत ने विशेष रूप से आसीम मुनीर की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों के खिलाफ दिए जाने वाले आक्रामक बयान, परमाणु धमकियां और अतिराष्ट्रवादी भाषण किसी जिम्मेदार सैन्य नेतृत्व की पहचान नहीं हैं। उनके मुताबिक, इस तरह की बयानबाजी पाकिस्तान की आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता और असुरक्षा को उजागर करती है।

पाकिस्तान में लोकतंत्र को लेकर क्या बोले?

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सैन्य व्यवस्था लंबे समय से डर, धार्मिक राष्ट्रवाद, स्थायी संघर्ष और वैचारिक हेरफेर को सत्ता बनाए रखने के साधन के रूप में इस्तेमाल करती रही है। बुरफत के अनुसार, यही कारण है कि देश में लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर होती गईं और नागरिक स्वतंत्रताओं पर लगातार दबाव बढ़ता गया।

## बड़ा विमान हादसा टला, लैंडिंग के वक्त फ्लाइट के टायर में लगी आग

**काठमांडू।** काठमांडू हवाई अड्डे पर इस्तांबुल से आए टर्किश एयरलाइंस के विमान के टायर में लैंडिंग के समय आग लग गई। विमान में 278 यात्री और 11 क्रू सदस्य सवार थे। दमकल कर्मियों ने तुरंत आग बुझाई और संयुक्त राष्ट्र अधिकारियों सहित सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

नेपाल की राजधानी काठमांडू में एक बड़ा विमान हादसा होते-होते बचा। मामले में त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय एक अंतरराष्ट्रीय विमान बड़े खतरे की चपेट में आ गया था। हवाई अड्डा प्रशासन और सुरक्षा कर्मियों की सूझबूझ से एक बड़े हादसे को समय रहते रोक लिया गया। यह घटना टर्किश एयरलाइंस के विमान ञ्च्य 726 के साथ हुई। यह विमान तुर्की के इस्तांबुल शहर से उड़ान भरकर काठमांडू पहुंचा था।

# क्या क्यूबा में कुछ बड़ा करने वाले हैं ट्रंप?



**वाशिंगटन।** अमेरिका और क्यूबा के बीच बढ़ते तनाव के बीच क्यूबा के आसपास अमेरिकी सैन्य निगरानी गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी 2026 से अब तक अमेरिकी नौसेना और वायुसेना कम से कम 25 निगरानी उड़ानें संचालित कर चुकी हैं।

अमेरिका और क्यूबा के बीच बढ़ते तनाव के बीच क्यूबा के तट के पास अमेरिकी सैन्य खुफिया गतिविधियों में हाल के महीनों में अचानक तेजी देखी गई है। सोमवार को प्रकाशित एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि अमेरिकी सेना की निगरानी और खुफिया जानकारी जुटाने वाली उड़ानों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है।

रिपोर्ट में फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटराडार24 के सार्वजनिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया है कि 4 फरवरी से अब तक अमेरिकी नौसेना और वायुसेना कम से कम 25 निगरानी उड़ानें संचालित कर चुकी हैं। इनमें ज्यादातर उड़ानें क्यूबा की राजधानी हवाना और सैंटियागो डी क्यूबा के आसपास देखी गईं। कुछ विमान क्यूबा के तट से महज 40 मील यानी करीब 64 किलोमीटर की दूरी तक पहुंच गए। इन मिशनों में मुख्य रूप से अमेरिकी नौसेना के पी-8ए पोसाइडन समुद्री निगरानी विमान का इस्तेमाल किया गया। यह विमान निगरानी, टोही और खुफिया जानकारी जुटाने के लिए तैयार किया गया है। इसके अलावा कुछ उड़ानों में ऐसे विशेष विमान और ड्रोन भी शामिल थे, जो सिग्नल इंटेलिजेंस और हाई-एल्टीट्यूड रिकॉनिसेंस मिशनों में इस्तेमाल किए जाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन उड़ानों की बढ़ती संख्या और क्यूबा के तट के इतने करीब पहुंचना असामान्य माना जा रहा है। फरवरी से पहले इस क्षेत्र में इस तरह की सार्वजनिक सैन्य गतिविधियां बहुत कम देखने को मिलती थीं। सीएनएन ने adsb.e&posed के डेटा का हवाला देते हुए कहा कि क्यूबा के आसपास इस तरह की सैन्य तैनाती अमेरिकी गतिविधियों के पुराने पैटर्न से अलग है। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्यूबा के खिलाफ अपनी बयानबाजी तेज कर दी है। जनवरी में ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %ट्रूथ सोशल% पर फॉक्स न्यूज के योगदानकर्ता मार्क थीसेन की एक टिप्पणी साझा की थी, जिसमें कहा गया था कि ट्रंप अपने कार्यकाल खत्म होने से पहले फ्री हवाना का दौरा करेंगे। इसके कुछ दिनों बाद ही ट्रंप प्रशासन ने क्यूबा पर तेल नाकेबंदी लागू करने का आदेश दिया था। पिछले सप्ताह अमेरिका ने क्यूबा की प्रमुख आर्थिक संस्थाओं पर नए प्रतिबंध भी लगाए। इनमें क्यूबा-कनाडा की एक संयुक्त खनन कंपनी और क्यूबा की सेना द्वारा संचालित कारोबारी समूह शामिल हैं। अमेरिकी प्रशासन का दावा है कि ये संस्थाएं अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के लिए खतरा हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि वेनेजुएला और ईरान में अमेरिकी सैन्य अभियानों से पहले भी इसी तरह का पैटर्न देखने को मिला था, जहां अमेरिकी बयानबाजी के साथ-साथ निगरानी उड़ानों में भी तेजी आई थी।

# पाकिस्तान में भीषण हादसा: गहरी खाई में गिरी वैन, 11 की मौत, कई घायल




**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को एक दसड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। शादी समारोह में जा रहे लोगों से भरी वैन स्वात जिले के मलम जब्बा इलाके में अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। पढ़िए रिपोर्ट-

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इसमें 11 लोग मारे गए। वहीं, कई लोगों के घायल होने की खबर है। येलोग एक शादी समारोह में शामिल होने जा रही थे, तभी उनका वाहन गहरी खाई में जा गिरा। बचाव अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक, यह हादसा खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले के एक मशहूर पर्यटन स्थल मलम जब्बा में हुआ। रेस्क्यू 112 के मुताबिक, हादसे में कई महिलाएं और बच्चे भी मारे गए। मृतकों में दूल्हे की मां भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि वाहन चालक का नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद वैन गहरी खाई में जा गिरी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने खुद ही बचाव अभियान शुरू कर दिया था। बाद में मेडिकल टीम और सरकारी अधिकारी मौके पर पहुंचे। घायलों को सैदू शरीफ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बचाव अधिकारियों ने बताया कि पहाड़ी और कठिन रास्तों की वजह से इस क्षेत्र में राहत और बचाव कार्य करना काफी मुश्किल होता है। स्थानीय प्रशासन ने हादसे के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

इससे एक दिन पहले इसी प्रांत के बन्नू जिले में एक भीषण आत्मघाती हमला हुआ। आत्मघाती हमलावर ने बारूद से भरी अपनी गाड़ी फतेह खेल पुलिस चेकपोस्ट पर टकराई। इस जोरदार धमाके में 15 पुलिसकर्मियों की मौत हुई और तीन अन्य जवान घायल हुए। बाद में अधिकारियों ने भी इस घटना की पुष्टि की।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर निकाली गई शोभायात्रा

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** शासन के निर्देश के क्रम में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत जनपद में श्रद्धा, आस्था एवं सांस्कृतिक चेतना से ओत-प्रोत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके क्रम में सोमवार प्रातः 8:30 बजे जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन., मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, अपर जिलाधिकारी द्वय अजय अंबष्ट, परमानन्द झा सहित अन्य अधिकारीगण की उपस्थिति में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर डाक बंगला चौराहा होते हुए पुलिस लाइन स्थित शिव मंदिर तक पहुँची, जहां पर मंदिर में विधिवत पूजन अर्चन किया गया तथा लोगों में प्रसाद का वितरण किया गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में अत्यंत उत्साह एवं भक्ति भाव देखने को मिला। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर पारंपरिक एवं धार्मिक वातावरण को और अधिक आकर्षक बनाया। 'हर-हर महादेव' एवं भगवान शिव के जयघोष से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा।

यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं एवं आमजनमानस द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत भी किया गया। कलश यात्रा में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं शिक्षक एवं आमजन उपस्थित रहे। यात्रा के माध्यम से भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा एवं धार्मिक एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए थे, जिससे यात्रा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इसके उपरांत प्रातः 10:00 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सोमनाथ मन्दिर से प्रधानमंत्री और बाबा विश्वनाथ की पावन नगरी वाराणसी स्थित त्र्यंबकेश्वर बहुउद्देशीय हॉल, श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी और राज्यपाल के प्रेरणादायी उद्बोधन को जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति, डा0 अजय सिंह, जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता, पूर्व विधायक दिनेश चौधरी, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य की उपस्थिति में सुना गया तथा आयोजित कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखा गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति, डा0 अजय सिंह पूर्व विधायक दिनेश चौधरी सहित अन्य अतिथिगण को अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भगवान सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं द्वारा बताया गया कि सोमनाथ मंदिर भारतीय संस्कृति, आस्था एवं राष्ट्र गौरव का प्रतीक है, जिसने विपरीत परिस्थितियों में भी सनातन परंपरा की अखंडता एवं आत्मसम्मान को बनाए रखा। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारतीय संस्कृति एवं विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। इस अवसर पर समस्त तहसील, विकास खंड, ग्राम पंचायतों में भी शिव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा शिवालयों में मंत्रोच्चार, ओंकार जाप, महाआरती रुद्राभिषेक, दीपोत्सव तथा भजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ इसमें स्थानीय समुदाय द्वारा जनभागीदारी की गई। साथ ही विभिन्न विद्यालयों में पेंटिंग, रंगोली सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका नूपुर श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न अधिकारीगण, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मानसिक स्वास्थ्य की ओर पीयू का बड़ा कदम

**अवधनामा संवाददाता**

■ 'आनंदम' सेंटर से शुरू हुआ निःशुल्क परामर्श शिविर

**जौनपुर।** आज के प्रतिस्पर्धी दौर में विद्यार्थियों पर बढ़ते मानसिक दबाव, तनाव और अकेलेपन जैसी चुनौतियों के बीच वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर एक सराहनीय पहल की है। मा. कुलपति प्रो. वंदना सिंह के संरक्षत्व में विश्वविद्यालय एवं नई सुबह संस्था के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर स्थित नवस्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस 'आनंदम' के बैनर तले विद्यार्थियों के लिए प्रथम सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य परामर्श शिविर का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में वाराणसी से आए वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक डॉ. अजय तिवारी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास, भावनात्मक संतुलन और सकारात्मक सोच विकसित करने के व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है और समय रहते संवाद व परामर्श विद्यार्थियों को बड़ी समस्याओं से बचा सकता है। उल्लेखनीय है कि विगत माह विश्वविद्यालय और नई सुबह संस्था के बीच विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन हेतु एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए थे। इस समझौते के तहत विद्यार्थियों को 24म7 टेली-मानस काउंसलिंग सेवा उपलब्ध कराई जाएगी, वहीं प्रत्येक माह वरिष्ठ मनोवैज्ञानिकों द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में निःशुल्क भौतिक परामर्श शिविर आयोजित किए जाएंगे। आज आयोजित प्रथम शिविर में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों से खुलकर चर्चा की। विश्वविद्यालय प्रशासन की इस पहल को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## भीड़ में घुसी बेकाबू कार, पांच श्रद्धालु घायल

**जौनपुर।** जलालपुर थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध त्रिलोचन महादेव मंदिर के समीप सोमवार को एक तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर श्रद्धालुओं की भीड़ में जा घुसी। हादसे के बाद मंदिर परिसर और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना में पांच लोग घायल हो गए, जिनमें एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रही एक कार चालक का नियंत्रण खो बैठी और सड़क किनारे खड़े लोगों को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोग तुरंत घायलों की मदद में जुट गए।सूचना मिलते ही जलालपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। गंभीर रूप से घायल अरविंद राजभर को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। घायलों में अरविंद राजभर (32) निवासी कोड़री, प्रमोद कुमार (32) निवासी गढ़ कोड़री, विशाल मिश्रा (26) निवासी बराई, आयुष सिंह (21) तथा अंजली पटेल (14) निवासी फूलपुर वाराणसी शामिल हैं। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। घटना के चलते कुछ समय तक मंदिर मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा।

## मुंगराबादशाहपुर पुलिस की तत्परता से 12 घंटे के भीतर गुमशुदा 15 वर्षीय बालक सकुशल बरामद



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** स्थानीय थाना पुलिस ने सक्रियता और तत्परता का परिचय देते हुए गुमशुदा 15 वर्षीय बालक को महज 12 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली तथा पुलिस टीम की सराहना की। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में गुमशुदा बच्चों की शीघ्र बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस टीम को यह महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार दुबे के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विरेन्द्र कुमार राय मय हमराह पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए संबंधित मुकदमा धारा 137(2) बीएनएस से जुड़े गुमशुदा बालक को 11 मई 2025 को सकुशल बरामद किया गया। पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए बालक को घटना के लगभग 12 घंटे के भीतर खोज निकाला। बरामदगी के बाद बालक को थाना मुंगराबादशाहपुर लाया गया, जहां आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मामले में अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रचलित है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जनपद में गुमशुदा बच्चों की बरामदगी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है तथा ऐसे मामलों में पुलिस टीम लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। इस सराहनीय कार्य में थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार दुबे, उपनिरीक्षक विरेन्द्र कुमार राय एवं आरक्षी नीरज यादव की विशेष भूमिका रही। पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने वाला गिरफ्तार

**जौनपुर। (शाहगंज)** स्थानीय पुलिस ने अपहरण के एक मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार खरौना निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर 7 मई को मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि उसकी 16 वर्षीय बहन को मोहित राजभर बहला-फुसलाकर भगा ले गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुपम सिंह के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत सोमवार सुबह पुलिस टीम ने आरोपी मोहित राजभर को खरौना से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी गलती स्वीकार किया जिसके बाद पुलिस ने चालान न्यायालय भेज दिया।

## वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं पर विचार किया गया



**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** देर शाम ए, एन,मेमोरियल स्कूल अराजी बाग में वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान की कार्यकारिणी की गोष्ठी संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल के अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन बिरजा शंकर राय ने किया। गोष्ठी में बरिष्ठ नगरिको के जीवन में आने वाली सामाजिक आर्थिक एवं स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं पर विचार किया गया। इन समस्याओं को कम करने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही चलाई जा रही योजना आयुष्मान भारत प्रधान मंत्री बंदन योजना तथा भरण पोषण अधिनियम 2007 पर प्रकाश डाला गया । इस अवसर पर सुरेंद्र नाथ पांडे हीरालाल पाठक रामाशंकर यादव आनंद प्रकाश श्रीवास्तव आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## परिवार परामर्श प्रकोष्ठ/नई किरण के माध्यम से 02 बिखरे परिवारों में कराया गया समझौता

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक यातायात/नोडल अधिकारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली परिसर स्थित परिवार परामर्श प्रकोष्ठ/नई किरण में मिडिएशन बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुल 15 पत्रावलियों में दोनों पक्षों को फोन/नोटिस के माध्यम से सूचित कर उपस्थित होने हेतु बुलाया गया था, जिनमें से 11 पत्रावलियों में पक्षकार उपस्थित हुए। काउन्सलरों द्वारा दोनों पक्षों की एक साथ एवं अलग-अलग काउन्सलिंग कर आपसी विवादों को सुलझाने का प्रयास किया गया, जिसके परिणामस्वरूप 02 पत्रावलियों में सफलतापूर्वक समझौता कराया गया। दोनों मामलों में दहेज को लेकर मारपीट एवं गाली-गलौज जैसे आरोप लगाए गए थे। इसके अतिरिक्त 04 पत्रावलियाँ अन्य कारणों से बंद की गई तथा 01 पत्रावली में काउन्सलर द्वारा अभियोग पंजीकृत करने की सलाह दी गई। शेष पत्रावलियों में अगली तिथि निर्धारित कर दोनों पक्षों को पुनः नोटिस/फोन के माध्यम से सूचित किया जाएगा। नई किरण प्रोजेक्ट के माध्यम से टूटते परिवारों को पुनः एक सूत्र में जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे पारिवारिक न्यायालयों पर कार्यभार कम होने के साथ-साथ समाज में पारिवारिक सौहार्द भी स्थापित हो रहा है।

## दो सगी बहनों को जलाकर मारने के प्रयास का आरोप

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के सुलेम सराय मुहल्ले में सगी बहनों से मारपीट करने और जिंदा जलाने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर धूमनगंज पुलिस ने माता-पिता, भाई, बहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धूमनगंज थाना क्षेत्र के सुलेम सराय मुहल्ले में रहने वाली एक लड़की का कहना है कि वह अपनी बहन के साथ पिता के घर पर रहती है। आरोप है कि दोनों बहनों को प्रापर्टी में हिस्सा नहीं दिया जा रहा है। मांगने पर पिता, मां, भाई और दूसरी बहन मारपीट करती हैं। परिवार वाले उन्हें खाना-पानी भी नहीं देते हैं। समझौते का पालन नहीं करते हैं। यह भी आरोप है कि कुछ दिन पहले जब वह अपनी बहन के साथ एक कमरे में मौजूद थी, तभी भाई ने बाहर से दरवाजा बंद करके आग लगा दी। खुद भी मकान से बाहर चला गया। धुआं उठने पर वह परेशान हो गई और पुलिस को फोन किया। पुलिस के आने पर उन्हें किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला गया। दोनों बहनों का आरोप है कि इस घटना के पहले भी उनके साथ मारपीट करते हुए गृहस्थी का सामान तोड़ा गया।

# जमीन विवाद में मोबाइल टावर पर चढ़ी युवती

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के सम्हई गांव में सोमवार सुबह एक युवती करीब 30 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुंची। करीब चार घंटे बाद उसे नीचे उतारा जा सका। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि जमीन के विवाद में सुनवाई न होने से नाराज होकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस उससे पूछताछ में जुटी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक सुबह करीब 9 बजे गांव के कुछ लोगों ने वंदना पुत्री फूलचंद निवासी सम्हई थाना नवाबगंज को टावर पर चढ़ा देखा। देखते ही देखते वहां भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। युवती टावर के ऊपरी हिस्से पर बैठी हुई थी, जिसके चलते उससे काफी देर तक कोई संपर्क नहीं हो पाया। पुलिसकर्मियों ने प्रयास किया लेकिन वह उसे नीचे उतरने के लिए राजी करने में नाकाम रहे। इसके बाद फायर ब्रिगेड और फिर एसडीआरएफ को बुलाया गया। दोनों टीमों ने संयुक्त रूप से प्रयास किया। एसडीआरएफ के जवान युवती को भरोसे में लेकर किसी तरह ऊपर पहुंचे और फिर युवती को दोपहर 12 बजे के करीब सकुशल नीचे उतार लिया।

नवाबगंज थाना प्रभारी पंकज अवस्थी ने बताया कि युवती से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में पट्टे की जमीन को लेकर कुछ लोगों से विवाद की बात सामने आई है। विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। उसके परिवारवालों को भी बुलवाया गया है।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की पूर्व संध्या पर मंदिर पर कार्यक्रम आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** बक्शा थाना क्षेत्र में सोमवार को 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्वयंभू सारनाथ महादेव मंदिर में एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. के निर्देश पर ग्राम पंचायत और विभिन्न विभागों की संयुक्त टीमों ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर उसे भव्य रूप दिया।उतरीजपुर स्थित प्राचीन स्वयंभू सारनाथ महादेव मंदिर में शिवालयों की सफाई, सौंदर्यीकरण और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। इस अभियान में स्थानीय नागरिकों और स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी बढ़-चढ़कर श्रमदान किया। पर्व के दौरान मंत्रोच्चार, ओंकार जाप, रुद्राभिषेक, महाआरती, दीपोत्सव, भजन संध्या और सोमनाथ संकल्प संवाद जैसे विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए।सदर तहसीलदार सौरभ सिंह और सदर नायब तहसीलदार संदीप गुप्ता ने अपनी धर्म पत्नी के साथ सारनाथ महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रुद्राभिषेक किया। इसके बाद महाआरती, दीपोत्सव, भजन संध्या और शिव का भव्य श्रृंगार किया गया। रुद्राभिषेक और श्रृंगार आचार्य पंकज शुक्ला द्वारा संपन्न कराए गए।मंदिर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की पूर्व संध्या पर श्रद्धालुओं को फल वितरण किया गया। जिसमें सदर एसडीएम संतबीर सिंह, सदर तहसीलदार सौरभ सिंह और सदर नायब तहसीलदार संदीप गुप्ता ने मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं को अपने हाथों से फल वितरित किए। सदर एसडीएम संतबीर सिंह ने 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' को भारतीय संस्कृति, आस्था और सनातन गौरव का प्रतीक बताया। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों में शामिल होकर इस आयोजन को सफल बनाएं।इस कार्यक्रम में सदर एसडीएम संतबीर सिंह, सदर तहसीलदार सौरभ सिंह, सदर नायब तहसीलदार संदीप गुप्ता, मंदिर संरक्षिका पुजारिन माला शुक्ला, हल्का लेखपाल मृत्युंजय यादव, ग्राम प्रधान पुत्र बृजेश यादव कल्लू, पंचायत सहायक आशीष यादव, शिवाजी शुक्ला, अयोध्या प्रसाद शुक्ला, आचार्य पंकज शुक्ला, अंकित पांडेय, राजा शुक्ला और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री शील्ड के लिए कार्य योजना पर हुई वृहद चर्चा

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद प्रयागराज के जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला मुख्य आयुक्त सह जिला विद्यालय निरीक्षक पी एन सिंह की अध्यक्षता में कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक सभागार कक्ष में हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव डॉक्टर पी पी सिंह ने किया। जिला मुख्य आयुक्त पी एन सिंह को सहायक जिला सचिव पीयूष कुमार सिंह ए एल टी स्काउट ने स्कार्फ तथा फिरोज आलम ने बुके भेंट कर स्वागत किया। बैठक में वर्ष 2026 -27 हेतु लक्ष्य प्राप्ति की कार्य योजना, इंट्रोडक्टरी कोर्स, एडवेंचर एक्टिविटीज/नेचर स्टडी एवं ट्रैकिंग कोर्स में प्रतिभागिता, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में प्रशिक्षण की स्थिति, स्काउट भवन की स्थिति, जनपदीय रैली, एक जनपद एक गतिविधि, प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता हेतु पंजीकरण, सर्वोत्तम जनपद के लिए कार्य योजना आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई। जिला मुख्य आयुक्त एवं जिला विद्यालय निरीक्षक पी एन सिंह ने प्रदेश द्वारा दिए गए लक्ष्य के शत प्रतिशत क्रियान्वयन हेतु सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया, साथ ही एक जनपद एक गतिविधि के अंतर्गत जनपद मे हर वर्ष आयोजित होने वाले माघ मेला मे यात्रियों के सहयोग और भीड़ नियंत्रण पर कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया। बैठक में सह जिला विद्यालय निरीक्षक जितेंद्र सिंह, जिला कमिश्नर गाइड डॉक्टर सरिता वर्मा, जिला मुख्यालय आयुक्त स्काउट गाइड डॉ संतोष सिंह एवं आकांक्षा केसरी, जिला आयुक्त एडल्ट रिसोर्स डॉ दिलीप कुमार अवस्थी, लीडर ट्रेनर डॉक्टर शशि जायसवाल, डॉक्टर नसरीन रिजवी, अल्फा गुंजन दासआदि सदस्य उपस्थित रहे।

# लिंग परिवर्तन कराने का झांसा देकर कर ली समलैंगिक शादी

**अवधनामा संवाददाता**

■ हार्मोन्स की गोलियां खिलाकर बनाए अप्राकृतिक संबंध, 8 लाख रुपए भी हड़पे



**प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र के सिरसा गांधी नगर में एक युवक ने एक डांसर युवक से वादा किया कि तुमको मैं लड़की बनाऊंगा। इसके बाद एक मंदिर में बाकायदा शादी की। दोनों तीन महीने तक साथ भी रहे। युवक उसे इस दौरान हार्मोन्स की गोलियां और नशे की गोलियां खिलाता। उसके अप्राकृतिक संबंध भी बनाता रहा। इस दौरान युवक ने डांसर को लड़की बनवाने के बहाने से 8 लाख रुपये भी लिए। इसके बाद युवक ने दूसरी जगह शादी तय कर ली। तब विवाद शुरू हुआ। युवक ने डांसर को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद डांसर ने झांसा देकर लाखों की ठगी और शारीरिक शोषण का आरोप लगाकर मेजा थाने में तहरीर दी है।

पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच शुरु कर दी गई है। मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के सिरसा गांधी नगर निवासी विवेक (22) ने मेजा थाने में तहरीर दी है कि नरेंद्र ने उसे 'लड़के से लड़की' बनाने का झांसा देकर जाल में फंसाया। नरेन्द्र ने वर्ष 2024 में एक मंदिर में अग्नि को साक्षी मानकर उनसे शादी की। इस दौरान सप्तपदी की रस्म पूरी की गई, जयमाल पहनाया गया और सिन्दूर दान भी किया गया। शादी के बाद नरेन्द्र उन्हें अपने घर ले गया और जहां वे पति-पत्नी के रूप में 3 महीने तक रहे। इसी दौरान नरेन्द्र ने विवेक को हार्मोन्स की गोलियां देनी शुरू कर दीं। आरोप है कि इस दौरान विवेक को नशे की और हार्मोन की गोलियां खिलाकर उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाए गए।

विवेक का आरोप है कि नरेंद्र ने उसे पूरी तरह लड़की बनाने और डॉक्टर से इलाज कराने के बहाने किस्तों में करीब 8 लाख रुपये हड़प लिए। यह रकम नकद और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए ली गई। पीड़ित ने इस साजिश में आरोपी के माता-पिता, बहन और बहनोई के भी शामिल होने की बात कही है। विवेक के पास इस पूरी घटना के वीडियो और ऑडियो साक्ष्य भी मौजूद हैं।

विवाद तब शुरू हुआ जब नरेंद्र ने विवेक को छोड़कर दूसरी जगह शादी तय कर ली, जिसकी बारात 12 मई 2026 को जानी है। जब विवेक ने इसका विरोध किया, तो आरोपी के परिजनों ने उसे जातिसूचक गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि 10 मई को आरोपी पक्ष के लोगों ने उसके घर में घुसकर साक्ष्य मिटाने की नीयत से उसका और उसके साथी का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया।

पीड़ित का कहना है कि यदि उसके साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित लोगों की होगी। विवेक कुमार ने मेजा थाने में तहरीर देकर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने, रिपोर्ट दर्ज करने और आरोपी की आगामी शादी रुकवाने की गुहार लगाई है।

इस मामले पर एसीपी मेजा संत प्रकाश उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद नियमों के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रेनों में चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

**प्रयागराज।** जीआरपी प्रयागराज ने ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर चोरी व छिनैती की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी के पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 75 हजार रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान 19 वर्षीय प्रदीप कुशवाहा और 33 वर्षीय नरेश सिंह गौड़ उर्फ शेरा के रूप में हुई है। प्रदीप प्रयागराज के कौंधियारा थाना क्षेत्र के मझियारी कला गांव का निवासी है, जबकि नरेश मध्य प्रदेश के उमरिया जिले के पाली थाना क्षेत्र के बीरसिंह पुर गांव का रहने वाला है। जीआरपी अधिकारियों के अनुसार दोनों अभियुक्त रेलवे स्टेशन छिवकी और नैनी के साथ-साथ चलती ट्रेनों में चोरी और छिनैती की वारदातों को अंजाम देते थे। पूछताछ में पता चला कि वे कभी अकेले तो कभी एक साथ मिलकर यात्रियों के मोबाइल और अन्य कीमती सामान चुराते थे। वारदात के बाद आरोपी ट्रेन की चेन पुलिंग कर बीच रास्ते में उतर जाते थे।

# स्व-गणना की धीमी प्रगति पर डीएम सख्त

**अवधनामा संवाददाता**

■ खराब प्रगति वाले अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि की चेतावनी
■ गांव-गांव कैंप लगाकर स्व-गणना बढ़ाने के निर्देश
■ जनगणना कार्य में लापरवाही अक्षम्य : जिलाधिकारी

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने स्व-गणना की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जिला कार्यक्रम अधिकारी, आई.सी.डी.एस., उपायुक्त एन.आर.एल.एम. जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा स्व-गणना कार्य में रुचि नहीं दिखाई जा रही है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि आज सायं तक प्रत्येक दशा में अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित कर्मियों, स्वयं सहायता समूहों, बाल विकास परियोजना अधिकारी, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, आशा, ए.एन.एम., ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत सचिव, सखी समूह, रोजगार सेवक आदि से स्व-गणना करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उपायुक्त एन.आर.एल.एम., पंचायती राज, बाल विकास, माध्यमिक शिक्षा, समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, सैनिक कल्याण, डूडा, विद्युत, उद्योग, खाद्य एवं रसद, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, युवा कल्याण, होमगार्ड्स, आयुर्वेदिक एवं यूनानी, तहसील करहल, किशनी में भी प्रगति बेहद निराशाजनक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि गांव-गांव कैंप लगवाकर स्व-गणना की प्रगति सुधारें यदि कल तक सुधार नहीं हुआ तो खराब प्रगति वाले विभाग के अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। श्री त्रिपाठी ने कहा कि जनगणना केंद्र-प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं पर है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही अक्षम्य होगी। उन्होने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बांट-माप, राजकीय पॉलीटेक्निक, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा, मंडी परिषद, सैनिक कल्याण द्वारा जिला मुख्यालय, ग्राम स्तर पर तैनात कार्मिकों, विभागीय योजनाओं के लाभार्थियों में से किसी की भी स्व-गणना नहीं करायी गयी है, दिव्यांगजन सशक्तीकरण द्वारा 14003 के सापेक्ष मात्र 06, समाज कल्याण विभाग द्वारा 95243 के सापेक्ष मात्र 47, परियोजना अधिकारी डूडा द्वारा 2661 के सापेक्ष मात्र 04, मनरेगा विभाग द्वारा 202576 के सापेक्ष 403, पंचायती राज विभाग द्वारा 297862 के सापेक्ष 657, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग द्वारा 109577 के सापेक्ष मात्र 598, जिला, ग्राम स्तरीय कर्मियों, योजना के लाभार्थियों एवं स्टेकहोल्डर्स की ही स्व-गणना करायी गयी है, जो सम्बन्धित अधिकारियों की उदासीनता का प्रतीक है। उन्होने कहा कि उपरोक्त अधिकारियों द्वारा स्व-गणना कार्य में रूचि नहीं ली जा रही है, जो अत्यन्त खेदजनक है। उन्होने निर्देशित करते हुए कहा कि कम, शून्य प्रगति के कारणों का उल्लेख करते हुए तत्काल कार्मिकों की स्व-गणना कराते हुए सूचना जनगणना सेल को उपलब्धत कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, प्रधानाचार्य राजकीय पॉलीटेक्निक, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से कहा कि अपने-अपने नियंत्रणाधीन सभी विद्यालयों में कैंप लगाकर अधिक से अधिक स्व-गणना करायें। उन्होंने विद्यालय प्रबंधकों, प्रधानाध्यापकों से कहा कि जनपद के समस्त विद्यालयों में दि. 13, 14 एवं 15 मई को कैंपों का आयोजन कराकर शत-प्रतिशत पंजीकृत बच्चों के अभिभावकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए उनसे स्व-गणना करायें, छात्र-छात्राएं भी स्व-गणना कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, जो छात्र-छात्राएं 25 या उससे अधिक स्व-गणना कराकर एसई आई.डी. उपलब्ध कराएंगें, उन्हें जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

# फरिहा वृद्धा आश्रम में सुनील कुमार बुजुर्गों के बीच पहुंचे सौंपा अंग वस्त्र और जाना उनका हाल

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** कहते हैं कि अगर किसी का दुख देखकर आपका हृदय भी पिघल जाए, तो समझ लीजिए कि इंसानियत आज भी ज़िंदा है। कुछ ऐसा ही भावुक और प्रेरणादायक दृश्य आजमगढ़ जिले के फरिहा स्थित वृद्धाश्रम में देखने को मिला, जब समाजसेवी एवं उद्यमी इंजीनियर सुनील कुमार यादव वहाँ पहुंचे और बुजुर्गों के बीच अपना समय बिताया।

वृद्धाश्रम में पहुंचते ही उन्होंने वहां रह रहे बुजुर्गों का हालचाल जाना और उनके साथ आत्मीयता से बातचीत की। कई बुजुर्ग ऐसे थे जिनकी आंखों में अपनेपन की कमी साफ दिखाई दे रही थी, लेकिन जैसे ही इंजीनियर सुनील कुमार यादव उनके बीच बैठे, उनके चेहरे खिल उठे। उन्होंने न केवल वृद्धजनों के दुख-सुख सुने बल्कि अपने हाथों से उन्हें भोजन भी कराया। यही नहीं, वह खुद उन्हीं लोगों के साथ बैठकर उसी थाली में भोजन करते दिखाई दिए। इस दृश्य ने यह साबित कर दिया कि यह केवल दिखावा नहीं, बल्कि सच्ची संवेदना और अपनापन था। इस दौरान उन्होंने वृद्धजनों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और उन्हें यह भरोसा दिलाया कि भले ही अपनों ने उन्हें अकेला छोड़ दिया हो, लेकिन समाज में आज भी ऐसे लोग हैं जो उन्हें अपना परिवार मानते हैं। उनके इस व्यवहार से कई बुजुर्ग भावुक हो उठे और उनकी आंखें नम हो गईं। मीडिया से बातचीत में इंजीनियर सुनील कुमार यादव ने कहा कि माता-पिता की सेवा करना हर संतान का पहला कर्तव्य है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि लगातार बढ़ते वृद्धाश्रम इस बात का संकेत हैं कि समाज कहीं न कहीं अपने नैतिक मूल्यों से दूर होता जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिन माता-पिता ने अपने बच्चों को जन्म दिया, उन्हें पाल-पोसकर बड़ा किया और अपने सपनों का त्याग कर उन्हें काबिल बनाया, आज वही माता-पिता अपने ही बच्चों से दूर होकर वृद्धाश्रम में रहने को मजबूर हैं।

उन्होंने कहा कि अगर बचपन में माता-पिता भी अपने बच्चों को यूं ही छोड़ देते, तो शायद उनका भविष्य ही अंधकारमय हो जाता। आज जब माता-पिता को सबसे ज्यादा सहारे और प्यार की जरूरत है, तब उन्हें अकेला छोड़ देना मानवता के खिलाफ है। अंत में उन्होंने समाज से अपील करते हुए कहा कि मानवता को शर्मसार मत होने दीजिए।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने दूसरी पीढ़ी की कोडिएक में कई नए अपडेट्स पेश किए



**लखनऊ।** नई कुशाक की शुरुआत के बाद, स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी दूसरी पीढ़ी की कोडिएक में कई नए अपडेट्स पेश किए हैं। इन संवर्द्धनों के साथ, ब्रांड ने अपने लक्ज़री 4म4 फ्लैगशिप को व्यापक रूप से नया स्वरूप दिया है। साथ ही लक्ज़री, ऐज़ इट शुड बी के अपने दर्शन को और सशक्त किया है। अप्रैल 2025 में भारत में स्पोर्टलाइन और सेलेक्शन एल एंड के ट्रिम्स में लॉन्च की गई कोडिएक को बाद में लाउंज वेरिएंट के साथ और विस्तारित किया गया। अब 2026 में यह तीन अलग-अलग पेशकशों के साथ और अधिक स्पष्ट पहचान के साथ प्रवेश कर रही है। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा 2025 में अपने अब तक के सबसे सफल वर्ष और 2026 की रिकॉर्ड तोड़ पहली तिमाही के बाद, हम अपने फ्लैगशिप कोडिएक को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए इसे अपडेट कर रहे हैं। 2026 के इन संवर्द्धनों के साथ हमारा उद्देश्य स्पष्ट है अब हर लक्ज़री 4म4 आकांक्षा के लिए एक कोडिएक उपलब्ध है चाहे वह बेहतर पहुँच हो, अधिक स्पोर्टीनेस हो या प्रीमियम परिष्कृतता। ये नए फीचर्स पहले से ही आकर्षक इस मॉडल को और मजबूत बनाते हैं तथा सार्थक और समयानुकूल उत्पाद सुधारों पर हमारे फोकस को दर्शाते हैं। कोडिएक भारत और वैश्विक स्तर पर स्कोडा के लिए एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभरी है और आज यह वास्तव में 'लक्ज़री, ऐज़ इट शुड बी' का प्रतिनिधित्व करती है। इनमें से प्रत्येक वेरिएंट विशेष ग्राहक आकांक्षाओं बेहतर पहुँच, अधिक स्पोर्टीनेस और बिना किसी समझौते वाली प्रीमियम लक्ज़री को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। साथ ही, कोडिएक की परिष्कृतता, बहुउपयोगिता, ऑफ-रोड क्षमता और आकर्षक ऑन-रोड डायनेमिक्स जैसी विशिष्ट खूबियों को भी बरकरार रखा गया है। कोडिएक लाउंज~ लाउंज वेरिएंट वैल्यू, स्पेस और बहुउपयोगिता के उत्कृष्ट संयोजन के साथ कोडिएक रेंज को और अधिक सुलभ बनाता है।

## ब्रेनफ्रा आईएएस के मेगा कैरियर कॉन्क्लेव 2026 में शिक्षा, सम्मान और प्रेरणा का संगम



**लखनऊ।** ब्रेनफ्रा आईएएस द्वारा आयोजित मेगा कैरियर कॉन्क्लेव 2026 का भव्य आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, विभूति खंड, लखनऊ में प्सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस भव्य कार्यक्रम में देशभर के विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्रशासनिक सेवा अभ्यर्थियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सतेन्द्र कुशवाहा रहे, जबकि आयोजन की मेजबानी ब्रेनफ्रा आई0ए0एस0 के संस्थापक एवं निदेशक अतुल कुमार शाक्य सर द्वारा की गई। अपने प्रेरणादायक संबोधन में अतुल कुमार शाक्य सर ने कहा कि PSC परीक्षा हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं से अधिक कठिन नहीं है, अंतर केवल हमारी तैयारी की रणनीति और निरंतरता का होता है। पाठ्यक्रम लगभग वही है, आवश्यकता सही मार्गदर्शन और अनुशासित अध्ययन की है। उनके इस वक्तव्य ने उपस्थित युवाओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया।

मुख्य अतिथि डॉ. सतेन्द्र कुशवाहा ने घोषणा की कि , ब्रेनफ्रा आई0ए0एस0 के सहयोग से आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद छात्रों को सिविल सेवा परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा हर युवा का अधिकार है और योग्य छात्रों को संसाधनों के अभाव में पीछे नहीं रहना चाहिए।

कार्यक्रम की विशेष आकर्षण पैरालंपिक खिलाड़ियों की उपस्थिति रही, जिनका मंच पर सम्मान किया गया।

# आदिनाथ एग्रो अब हुआ एडिनोवा, भरोसेमंद स्वाद के जरिए दिग्गज कंपनियों को टक्कर देने की तैयारी




**नई दिल्ली।** पुणे स्थित फूड कंपनी आदिनाथ एग्रो ने एडिनोवा के रूप में अपनी रीब्रांडिंग की है। पनी अपने सेगमेंट की दिग्गज कंपनियों को टक्कर देने की रणनीति पर काम कर रही है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। पुणे स्थित पैकेज्ड फूड कंपनी आदिनाथ एग्रो प्रोसेस्ड फूड्स प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी नई कॉरपोरेट पहचान की घोषणा करते हुए अपना नाम बदलकर एडिनोवा कर लिया है। लोकप्रिय उपभोक्ता ब्रांड सुरभि, विन और मैजिक किंग की इस मूल कंपनी ने 7 मई 2026 से अपना नया नाम, नया लोगो और डिजिटल पहचान अपना ली है। यह रीब्रांडिंग कंपनी के एक भरोसेमंद क्षेत्रीय ब्रांड से राष्ट्रीय स्तर के चुनौतीपूर्ण ब्रांड के रूप में उभरने का एक महत्वपूर्ण कदम है। पिछले तीन वर्षों में कंपनी ने अपना राजस्व दोगुना कर लिया है, जिसे महाराष्ट्र के जेजुरी में 30 एकड़ से अधिक में फैली विनिर्माण सुविधा से समर्थन मिला है। पश्चिमी भारत तक सीमित अपनी सप्लाई चेन को अब कंपनी ने पैन-इंडिया (पूरे भारत) स्तर पर मजबूत कर लिया है।

एडिनोवा का अब सीधा लक्ष्य भारत की पैकेज्ड फूड और फ्लेवर श्रेणी में हिंदुस्तान यूनिलीवर के ब्रांड किसान और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स जैसी स्थापित मल्टीनेशनल कंपनियों को कड़ी टक्कर देना है। कंपनी को अपने भारतीय स्वाद की गहरी समझ और %विन% व सुरभि ब्रांड्स की प्रामाणिकता पर पूरा भरोसा है। सुरभि को भारत में बिना प्याज-लहसुन वाले केचप की शुरुआत करने का श्रेय प्राप्त है, जबकि विन एक प्रीमियम ब्रांड है जो अब रिटेल क्षेत्र में चाइनीज सॉस के साथ विस्तार कर रहा है। वर्तमान में कंपनी के पास केचप, मेयोनेज, इटैलियन सॉस, नूडल्स और सूप जैसी श्रेणियों में 250 से अधिक उत्पाद (एसकेयू) मौजूद हैं, जो जनरल ट्रेड, होरेका, मॉडर्न ट्रेड और क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध हैं। अपनी नई व्यापारिक रणनीति के तहत, एडिनोवा अब हेल्दी सॉस और क्लीन लेबल उत्पादों के क्षेत्र में प्रवेश करने की तैयारी कर रही है, जो उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाएगा। एडिनोवा नाम संस्कृत शब्द आदि (जिसका अर्थ है प्रथम या मूल) और लैटिन शब्द नोवा (जिसका अर्थ है नया या इनोवेटिव) के संयोजन से बना है।

## मडॅम ने लखनऊ में नए स्टोर के लॉन्च के साथ उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी को और मजबूत किया




**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी महिला फास्ट फैशन ब्रांड्स में से एक मडॅम ने फीनिक्स पलासियो मॉल, गोमती नगर एक्सटेंशन में अपने नए स्टोर के लॉन्च की घोषणा की है, जिससे उत्तर भारत में अपनी रिटेल उपस्थिति को और मजबूत किया गया है। बेहतर और सुविधाजनक खरीदारी अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया यह नया स्टोर आधुनिक भारतीय उपभोक्ताओं के लिए मडॅम के नवीनतम ट्रेंड-आधारित कलेक्शंस लेकर आया है, जिसमें वेस्टर्न वियर, ऑकेज़न वियर, डेनिम, ड्रेसेज़, टॉप्स और मौसमी फैशन आवश्यकताएं शामिल हैं। यह लॉन्च उन उच्च संभावनाओं वाले टियर 2 और 3 बाजारों में विस्तार पर ब्रांड के निरंतर फोकस के अनुरूप है, जहां बढ़ती फैशन जागरूकता और उपभोक्ताओं की बदलती आकांक्षाएं रिटेल परिदृश्य को नया आकार दे रही हैं। वर्षों से, मडॅम ने उपभोक्ता-केंद्रित और ओमनीचैनल दृष्टिकोण के माध्यम से उभरते बाजारों में लगातार अपनी मजबूत उपस्थिति बनाई है। लॉन्च के अवसर पर मडॅम के सीईओ एवं एमडी अखिल जैन ने कहा, लखनऊ हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है, क्योंकि यहां फैशन के प्रति समझ लगातार विकसित हो रही है।

## भविष्य को ध्यान में रखकर एचपी ने भारत में पेश किए 20 से ज्यादा प्रोडक्ट्स एवं सॉल्यूशंस



**नई दिल्ली।** एचपी इंडिया ने आज भारत में टेक्नोलॉजी की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पर्सनल सिस्टम, प्रिंट एवं वर्कफोर्स सॉल्यूशंस से जुड़े 20 से ज्यादा नए प्रोडक्ट्स एवं सॉल्यूशंस पेश किए। इनमें छात्रों एवं क्रिएटर्स से लेकर प्रोफेशनल्स एवं एंटरप्राइजेज तक की जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। इस पोर्टफोलिया के साथ ही एचपी ने इंडिया-फर्स्ट ओमनीपैड 12 के माध्यम से नई कैटेगरी में भी कदम रखा है। इसकी मदद से छात्रों और फर्स्ट टाइम यूजर्स कोपीसी जैसी प्रोडक्टिविटी के साथ टेबलेट की फ्लेक्सिबिलिटी मिलेगी। इसी तरह एचपी इलाइटबोर्ड जी1ए नेक्स्ट जेन एआई पीसी दुनिया का पहला एवं एकमात्र एआई कीबोर्ड पीसी है, जिसे मॉडर्न वर्कप्लेस के लिए ज्यादा पावरफुल, पोर्टेबल एवं आसान कंप्यूटिंग के लिए बनाया गया है।

एचपी इंडिया, श्रीलंकाएंड बांग्लादेश की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर इप्सिता दासगुप्ता ने कहा, 'भारत के विकास के सफर में टेक्नोलॉजी इस बात का जरूरी एवं आंतरिक हिस्सा बनकर सामने आई है कि लोग कैसे सीखेंगे, कमाएंगे और क्रिएट करेंगे। अगर आप देश में टेक्नोलॉजी एडॉप्शन को देखें तो यह इसे प्रभावी तरीके से प्रयोग करने के लिए आत्मविश्वास एवं कौशल देने से जुड़ा मामला है। फिर बात चाहे पढ़ने के लिए टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर रहे छात्र की बात हो, ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे कारोबारी की बात हो या काम के बदलते माहौल में ढलने की कोशिश कर रहे किसी कर्मचारी की बात हो। एडॉप्शन के इस सफर में हमारा फोकस ऐसी टेक्नोलॉजी प्रदान करते हुए सार्थक भूमिका निभाना है, जिससे रोजाना के विकास एवं विश्वास को सपोर्ट किया जा सके। इस लॉन्चिंग के साथ हम पीसी, प्रिंटरऔर एचपी सॉल्यूशंस के साथ ज्यादा कनेक्टेड एक्सपीरियंस देने के लिए तैयार हैं। इन्हें यूजर्स की बड़ी रेंज को सपोर्ट करने और रियल-वर्ल्ड यूज केसेज को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।' एचपी ओमनीपैड 12 के साथ एचपी ने पर्सनल कंप्यूटिंग की नई कैटेगरी में कदम रखा है, जिसमें एक स्लीक एवं पोर्टेबल डिजाइन में पीसी की प्रोडक्टिविटी के साथ टेबलेट की फ्लेक्सिबिलिटी मिलती है। लोगों के सीखने और काम करने के तरीके को ध्यान में रखकर तैयार इस फीचर में अलग हो सकने वाला कीबोर्ड है, जिससे यूजर आसानी से टच-फर्स्ट टेबलेट यूज और पीसी-स्टाइल प्रोडक्टिविटी के बीच शिफ्ट कर सकते हैं। क्वालकॉम स्नैपड्रेगन[i] प्रोसेसर के साथ यह डिवाइस एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम पर चलता है, जिससे यूजर्स को एक जाना पहचाना और बेहतरीन अनुभव मिलता है। छात्रों, फर्स्ट टाइम यूजर्स और ऑन-द-गो प्रोफेशनल्स के लिए डिजाइन किए गए एचपी ओमनीपैड 12 में 12 इंच मल्टी-टच डिस्प्ले[ii] और 18 घंटे तक की बैटरी लाइफ[iii][i1] दी गई है। इससे यह सीखने, कोलैबोरेशन करने और रोजाना की प्रोडक्टिविटी के हिसाब से आदर्श है। एचपी इलाइटबोर्ड जी1ए नेक्स्ट जेन एआई पीसी के साथ एचपी का पोर्टफोलियो कीबोर्ड पीसी[1]की नई कैटेगरी तक पहुंचा है, जिसे मॉडर्न वर्कप्लेस की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।

## ड्यूरासोल एनर्जी विजयपथ कॉन्फ्रेंस 2026 पीएम सूर्य घर योजना की ओर




**गुरुग्राम** ड्यूरासोल एनर्जी भारत की एक उभरती हुई स्वदेशी एनर्जी सॉल्यूशंस कंपनी है, जो देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है। कंपनी का उद्देश्य भारत सरकार की पीएम सूर्य घर योजना और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों को मजबूत बनाना है। ड्यूरासोल एनर्जी एडवांस्ड सोलर सिस्टम, हाइब्रिड इन्वर्टर और एनर्जी स्टोरेज सॉल्यूशंस के जरिए ग्रामीण और शहरी भारत को भरोसेमंद और आधुनिक ऊर्जा समाधान उपलब्ध करा रही है। कंपनी अपनी मेड इन इंडिया तकनीक और स्वदेशी मैन्युफैक्चरिंग के माध्यम से भारत के ग्रीन एनर्जी मिशन में योगदान दे रही है। इसी दिशा में ड्यूरासोल एनर्जी ने 8 और 9 मई 2026 को गुरुग्राम में विजयपथ - हाई एनर्जी पार्टनर मीट 2026÷ का सफल आयोजन किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में देशभर से आए चैनल पार्टनर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स और बिजनेस एसोसिएट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत और कंपनी प्रेजेंटेशन से हुई, जिसमें कंपनी के भविष्य के विज़न, विस्तार योजनाओं और ग्रोथ प्लान्स की जानकारी दी गई। इस दौरान ड्यूरासोल एनर्जी ने अपने नए प्रोडक्ट्स और आधुनिक एनर्जी सॉल्यूशंस भी पेश किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा कंपनी का इन-हाउस विकसित प्रथम यूनिवर्सल एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर का लॉन्च था। यह सॉफ्टवेयर किसी भी अन्य ब्रांड के साथ इस्तेमाल किया जा सकता है और इसका उद्देश्य भारत का डेटा भारत में ही सुरक्षित रखना है। यह पहल भारत सरकार के ÷डिजिटल इंडिया÷ और डेटा लोकलाइजेशन विज़न के अनुरूप है तथा विदेशी और चीनी सॉफ्टवेयर पर निर्भरता कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में शानदार प्रदर्शन करने वाले पार्टनर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को सम्मानित भी किया गया। सेलिब्रेशन नाइट और गाला डिनर ने कार्यक्रम को और यादगार बना दिया। दूसरे दिन प्रतिभागियों को गुरुग्राम स्थित हेड ऑफिस और कंपनी की 4 मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स का दौरा कराया गया, जहां उन्होंने कंपनी की टेक्नोलॉजी, रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को करीब से देखा। विजयपथ 2026 का उद्देश्य मजबूत साझेदारी, नई तकनीक और बेहतर भविष्य की दिशा में साथ मिलकर आगे बढ़ना रहा। यह आयोजन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत विज़न को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## डायरेक्ट या रेगुलर फंड, किसे चुनना सही?

**नई दिल्ली।** म्यूचुअल फंड में निवेश के दो मुख्य विकल्प होते हैं, डायरेक्ट और रेगुलर। दोनों का पोर्टफोलियो और मैनेजर समान होते हैं, लेकिन मुख्य अंतर लागत का है। डायरेक्ट फंड में आप सीधे कंपनी से जुड़ते हैं जिससे कमीशन बचता है और लंबे समय में अधिक रिटर्न मिलता है। वहीं, रेगुलर फंड में एजेंट का कमीशन शामिल होता है। समझिए पूरा फंडा... म्यूचुअल फंड की दुनिया में जब कोई निवेशक कदम रखता है, तो अक्सर उसके सामने एक ही योजना के दो अलग-अलग विकल्प आते हैं- एक है डायरेक्ट और दूसरा रेगुलर। पहली नजर में ये दोनों बिल्कुल जुड़वां भाइयों जैसे दिखते हैं। इनका निवेश पोर्टफोलियो एक होता है, फंड मैनेजर भी वही होता है और बाजार की चाल के साथ इनके बढ़ने या घटने की रणनीति भी एक जैसी होती है। लेकिन, इन दोनों के बीच एक ऐसा बारीक अंतर छिपा है, जो लंबे समय में आपके मुनाफे की पूरी तस्वीर बदल सकता है।

## इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएसडब्ल्यूएआई) ने ऊर्जा संसाधनों की उपलब्धता में अस्थिरता के कारण बढ़ती इनपुट लागत को देखते हुए राज्य सरकार से कीमतों में बदलाव की अनुमति मांगी

**नई दिल्ली।** भारत में प्रीमियम एल्कोहलिक बेवरेज इंडस्ट्री के अग्रणी संगठन एवं जिम्मेदारी से उपभोग के मजबूत पैरोकार इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएसडब्ल्यूएआई) ने राज्य सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। संगठन ने स्पिरिट्स उद्योग की इनपुट और पैकेजिंग लागत में अभूतपूर्व वृद्धि को देखते हुए हस्तक्षेप की मांग की है। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और इस कारण से वैश्विक स्तर पर ऊर्जा एवं कमोडिटी के संकट के कारण यह बढ़ोतरी हुई है।

तेल, गैस, कोयला और पेट्रोकेमिकल फीडस्टॉक में भारी अस्थिरता कई कैटेगरी में पैकेजिंग लागत में वृद्धि का कारण बनी है, जिससे मैन्यूफैक्चरर्स के पास ऑपरेशनल एफिशिएंसी या वैकल्पिक स्रोत की मदद से इस बढ़ी हुई लागत को वहन करने की बहुत कम गुंजाइश बची है।

एल्कोहलिक बेवरेज इंडस्ट्री इस समय इनपुट, पैकेजिंग, माल ढुलाई एवं ऊर्जा लागत में तेज और लगातार बढ़ोतरी का सामना कर रही है। इसकी वजह पश्चिम एशिया में चल रहा संकट और उसके कारण वैश्विक कमोडिटी बाजारों में आई अस्थिरता है। पिछले दो वर्षों में कांच की बोतलें, ढक्कन, लेबल, पीईटी रेजिन और कार्टन जैसे मुख्य पैकेजिंग मैटेरियल की कीमतों में बहुत बढ़ोतरी हुई है। इससे स्पिरिट सेक्टर में कुल मैन्यूफैक्चरिंग लागत काफी बढ़ गई है। इस उद्योग की ऑपरेशनल कॉस्ट में पैकेजिंग की बड़ी हिस्सेदारी होती है। ऐसे में मैन्यूफैक्चरर्स के लिए बाहरी कारणों से बढ़ती इस लागत को सरकार द्वारा मंजूर किए गए प्राइस स्ट्रक्चर के भीतर समायोजित करना लगातार मुश्किल होता जा रहा है।

इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएसडब्ल्यूएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) श्री संजीत पाधी ने कहा, ÷जिन राज्यों में कीमतें नियंत्रित हैं, हम उन राज्यों से आग्रह करते हैं कि वे कीमतों में बदलाव के लिए एक संतुलित एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाएं। इससे कारोबार की निरंतरता बनी रहेगी, उपभोक्ताओं को बिना किसी रुकावट के आपूर्ति सुनिश्चित होगी, पूरी वैल्यू चेन में रोजगार सुरक्षित रहेगा और राज्य के एक्साइज रेवेन्यू तथा व्यापक अर्थव्यवस्था में इस उद्योग का महत्वपूर्ण योगदान बना रहेगा।÷

अत्यधिक ऊर्जा की खपत के कारण स्पिरिट्स की पैकेजिंग के लिए मुख्य रूप से इस्तेमाल होने वाली कांच की बोतलें और इन्हें बनाने की प्रक्रिया बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। वर्ष 2024-25 के दौरान और 2026 की शुरुआत तक, सोडा ऐश की बढ़ी हुई कीमतों के साथ-साथ प्राकृतिक गैस एवं कोयले की कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण भट्टियों को चलाने की लागत बहुत बढ़ी है। इससे कांच की बोतलों की कीमतों में लगभग 11-17 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

प्लास्टिक कैप और क्लोजर में भी इसी तरह महंगाई का दबाव दिख रहा है, जहां मैन्यूफैक्चरिंग लागत में एचडीपीई और पीपी रेजिन की बड़ी हिस्सेदारी होती है। फरवरी-मार्च 2026 के दौरान वैश्विक पॉलीमर बाजारों में भारी बढ़ोतरी देखी गई; पॉलीइथिलीन की कीमतें महीने-दर-महीने लगभग 30 प्रतिशत तक बढ़ गईं, और इसके साथ ही घरेलू एचडीपीई और पीपी की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है। इसका नतीजा यह हुआ कि कैप और क्लोजर की लागत में 15-20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो गई।

वैधानिक और नियामकीय नियमों के पालन के लिए अनिवार्य लेबल भी काफी महंगे हो गए हैं। 2024 से लेकर 2026 की शुरुआत तक, पॉलीमर-आधारित बीओपीपी फिल्मों और कागज-आधारित इनपुट की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है; इसकी मुख्य वजह फीडस्टॉक, पल्प, एनर्जी और लॉजिस्टिक्स की लागत में हुई वृद्धि है। इससे लेबल की लागत में 13-17 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

## एअर इंडिया ने 'क्लाउड चेज़र्स'के लॉन्च के साथ बच्चों के लिए उड़ान के अनुभव को बनाया मज़ेदार

**गुरूग्राम।** भारत की अग्रणी ग्लोबल एयरलाईन एअर इंडिया ने एक नए व्यापक प्रोग्राम क्लाउड चेज़र्स के लॉन्च की घोषणा की है, जिसे परिवारों, खासतौर पर बच्चों के लिए यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। क्लाउड चेज़र्स एअर इंडिया द्वारा बच्चों के लिए पेश किए गए प्रोडक्ट्स एवं सर्विसेज़ की पेशकश है, जिसका उद्देश्य बच्चों में नई चीज़ें अनुभव करने की खुशी एवं उत्सुकता की भावना को बढ़ावा देना है। इसके माध्यम से हम अपने नन्हे यात्रियों को कल्पना की अनूठी दुनिया का अनुभव पाने के लिए आमंत्रित करते हैं। यह लॉन्च ऐसे समय में किया गया है जब परिवार के साथ यात्रा का चलन लगातार बढ़ रहा है। 2024 से 2025 के बीच इस सेगमेन्ट में 13 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए सोच-समझ कर डिज़ाइन किए गए अनुभवों की ज़रूरत और अधिक बढ़ गई है। क्लाउड चेज़र्स युनिवर्स महाराजा का नया और रोमांचक अवतार भी लेकर आया है, जो अपनी पारम्परिक भूमिका के दायरे से बढ़कर बच्चों के लिए युवा, साहसी एवं कल्पनाशील साथी के रूप में सामने आता है और उनकी खोज की यात्रा में मार्गदर्शन देता है। इस नए अवतार के महाराजा को खूबसूरती के साथ क्लाउड चेज़र्स ब्राण्ड युनिवर्स के साथ एकीकृत किया जाएगा, जो अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग रूपों में दिखाई देगा जैसे ऑनबोर्ड एंगेजमेन्ट किट और पहली उड़ान का सर्टिफिकेट। बच्चों के साथ यात्रा करने वाले परिवारों को उड़ान का बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए एअर इंडिया नीचे दिए गए अनुभव लेकर आई हैः उड़ान के दौरान मजेदार किटः लम्बी दूरी और बहुत लम्बी दूरी की उड़ान (8 घंटे से अधिक) भरने वाले 3-9 साल के बच्चों को नई डिजाइन की गई वाइब्रेन्ट एक्टिविटी किट मिलेगी। इस किट में मजेदार पज़ल्स, गेम्स, ड्रॉइंग सेक्शन और डिस्कवर प्रॉम्प्ट्स होंगे। इन किट्स को क्लाउड चेजर्स की ब्रांडिंग के साथ डिजाइन किया गया।

# जिओ हॉट स्टार एक्स स्विगी ने बड़े स्तर पर मैच टाइम कॉमर्स को किया अनलॉक

**लखनऊ।** स्ट्रीमिंग के भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए जिओ हॉट स्टार ने स्विगी के साथ साझेदारी में अपने प्लेटफॉर्म पर अपनी तहर का पहला इन-ऐप फूड ऑर्डरिंग अनुभव पेश किया है। चल रहे क्रिकेट सीजन के दौरान अब तक 37 मिलियन से अधिक यूजर्स इस फीचर का अनुभव कर चुके हैं. यह इंटीग्रेशन लाइव स्पोर्ट्स, संदर्भ आधारित ट्रिगर्स और सहज इन-ऐप चेकआउट को एक साथ जोड़ता है। यह सुविधा केवल कंटेंट डिस्कवरी तक सीमित नहीं है, बल्कि स्ट्रीमिंग के दौरान रियल-टाइम ट्रांजेक्शन को भी संभव बनाती है। इस पहल पर बात करते हुए जियोस्टार के स्पोर्ट्स सीईओ ईशान चटर्जी ने कहा हम एक ऐसी दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं, जहां कंटेंट और कॉमर्स के बीच की सीमाएं लगातार धुंधली होती जा रही हैं। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अब अलग-थलग माध्यम नहीं रहेंगे, बल्कि ऐसे एकीकृत प्लेटफॉर्म बनेंगे, जो यूजर्स की जरूरतों को उसी समय समझकर उन्हें पूरा करेंगे। लाइव स्पोर्ट्स और रियल-टाइम कॉमर्स को साथ लाना उसी भविष्य की शुरुआती झलक है, जहां दर्शकों की भागीदारी सिर्फ देखने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उसी पल कार्रवाई करने तक पहुंचेगी। इस साझेदारी पर बोलते हुए स्विगी फूड मार्केटप्लेस के सीईओ रोहित कपूर ने कहा लाइव स्पोर्ट्स देखने का अनुभव अब काफी इंटरैक्टिव बन चुका है, जहां फैंस मैच में पूरी तरह जुड़े रहते हुए एक साथ कई काम करते हैं। मैच के दौरान खाना ऑर्डर करना अब कई दर्शकों की स्वाभाविक आदत बन गई है। जिओ हॉट स्टार के साथ हमारी यह साझेदारी फैंस को बिना किसी अनुभव से समझौता किए उनका पसंदीदा खाना और मैच दोनों का आनंद एक साथ लेने का अवसर देती है। 690 से अधिक शहरों में उपलब्ध यह सुविधा दर्शकों को लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान ही रेस्टोरेंट ब्राउज करने, मैच आधारित विशेष और आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठाने, ऑर्डर देने तथा डिलीवरी ट्रैक करने की सुविधा देती है, वह भी बिना लाइव स्ट्रीम छोड़े. विशेष रूप से मोबाइल के लिए तैयार किए गए इस फीचर के जरिए जिओ हॉट स्टार प्लेटफॉर्म पर डिस्कवरी से लेकर चेकआउट तक का पूरा अनुभव पूरी तरह सहज और इन-ऐप उपलब्ध कराया गया है। इससे दर्शकों को संदर्भ आधारित सहभागिता और लाइव मैच के खास पलों के जरिए अधिक इमर्सिव, लाभदायक और ट्रांजैक्शन आधारित मैच-टाइम अनुभव मिल रहा है। जैसे-जैसे इस अनुभव का विस्तार हुआ है, वैसे-वैसे मैच के दौरान ऑर्डरिंग से जुड़े कई दिलचस्प रुझान सामने आए हैं और यह भी दिखा है कि लाखों यूजर्स इन-स्ट्रीम अनुभव से सक्रिय रूप से जुड़ रहे हैं।

## इंडियाफर्स्ट लाइफ ने लॉन्च किया गोल्ड प्लस



**लखनऊ।** इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (इंडियाफर्स्ट लाइफ) ने आज इंडियाफर्स्ट लाइफ गोल्ड प्लस प्लान लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक नॉन-लिंक्ड, पार्टिसिपेटिंग, इंडिविजुअल लाइफ इंश्योरेंस सेविंग्स प्लान है, जिसे जीवन के हर पड़ाव पर ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह बचत और नियमित आय की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ बच्चों की शिक्षा, रिटायरमेंट और अन्य जीवन लक्ष्यों की योजना बनाने तथा लंबी अवधि की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करता है इंडियाफर्स्ट लाइफ गोल्ड प्लस प्लान एक व्यवस्थित बचत योजना प्रदान करता है, जिसमें तय अवधि के लिए या पूरी जिंदगी (100 वर्ष की आयु तक) नियमित आय का विकल्प उपलब्ध है। इसके अलावा, वैकल्पिक गोल प्रोटेक्शन बेनेफिट (जीपीबी) के तहत, अगर पॉलिसी अवधि के दौरान जीवन बीमा धारक की मृत्यु हो जाती है, तो नॉमिनी को सभी पॉलिसी लाभ जारी रहते हैं, जिससे वित्तीय सुरक्षा और मजबूत होती है।बचत और आय के अलावा, ग्राहक वैकल्पिक राइडर लाभों के माध्यम से अपनी सुरक्षा को और बढ़ा सकते हैं, जैसे आकस्मिक मृत्यु लाभ, पूर्ण एवं स्थायी विकलांगता लाभ तथा प्रीमियम माफी। लॉन्च पर इंडियाफर्स्ट लाइफ के एमडी एवं सीईओ रुशभ गांधी ने कहा, आज के ग्राहक विकास से समझौता किए बिना निश्चितता चाहते हैं। इंडियाफर्स्ट लाइफ गोल्ड प्लस प्लान के साथ हम इन दोनों जरूरतों को एक साथ पूरा कर रहे हैं। यह प्लान आय और मैच्योरिटी पर गारंटीड लाभ के साथ-साथ इक्विटी एक्सपोजर द्वारा समर्थित असीमित बढ़त की संभावना भी प्रदान करता है। एक पार्टिसिपेटिंग प्रोडक्ट होने के नाते, यह प्लान ग्राहकों को आत्मविश्वास के साथ अपने वित्तीय लक्ष्यों की योजना बनाने, अनुशासित तरीके से संपत्ति बनाने और लंबी अवधि में भरोसेमंद आय पाने में मदद करता है।

## प्रतापगढ़ की प्रतिभाओं को मंच दे रहा है पूर्व आईआरएस अंजनी कुमार पांडेय का बेल्हा माई फाउंडेशन



**प्रतापगढ़** जिले के युवाओं और विद्यार्थियों की सोच, रचनात्मकता और अपने जनपद के प्रति लगाव को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बेल्हा माई फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'मेरे सपनों का प्रतापगढ़' निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा कर दी गई है। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर प्रतापगढ़ के विकास, शिक्षा, स्वच्छता, रोजगार, संस्कृति और आधुनिक भविष्य को लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में बेहदौल खुर्द, गौरा आरएस, प्रतापगढ़ निवासी शिवांगी शुक्ला को प्रथम पुरस्कार, पीडी चौराहा, ढकवा बाज़ार, प्रतापगढ़ निवासी प्रीति खरवार को द्वितीय पुरस्कार और पूरे खंदरे, पोस्ट छतरपुर, प्रतापगढ़ निवासी हर्षिता सिंह को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके साथ साथ प्रतापगढ़ जिले के दस अन्य प्रतिभावान युवाओं को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया गया। फाउंडेशन की ओर से विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार राशि प्रदान की गई। प्रतापगढ़ के मूल निवासी बेल्हा माई फाउंडेशन के संस्थापक एवं पूर्व कमिश्नर अंजनी कुमार पाण्डेय (आईआरएस) ने कहा कि प्रतापगढ़ की धरती प्रतिभाओं से भरी हुई है। जरूरत सिर्फ उन्हें सही मंच और प्रोत्साहन देने की है। यही कारण है कि हम युवाओं खासतौर पर बेटियों के स्वास्थ्य, शिक्षा समेत विभिन्न जनहित कार्यक्रमों के माध्यम से इन्हें आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। इस साथ ही इन प्रतिभाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों की सोच और उनके सपनों को जानने का अवसर मिला है। बच्चों ने जिस तरह से प्रतापगढ़ के भविष्य की कल्पना की है, वह बेहद प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन आगे भी शिक्षा, साहित्य, कला और सामाजिक जागरूकता से जुड़े ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित करता रहेगा, ताकि जिले की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके और प्रतापगढ़ नई पहचान बना सके। बेल्हा माई फाउंडेशन के संस्थापक के रूप में हमारा प्रयास जिले की प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करने का है और 'मेरे सपनों का प्रतापगढ़' जैसी पहल के माध्यम से युवाओं की सोच को नई दिशा मिल रही है। प्रतापगढ़ की रानीगंज तहसील के ब्लॉक बेलखरनाथ के ग्राम प्रेमधर पट्टी के रहने वाले अंजनी कुमार पांडेय का कहना है कि पहले के समय में जब मेरे जैसे कई युवा सिविल सर्विसिज जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से अपना भविष्य संवारने को लेकर प्रयासरत थे तब यह नहीं पता था कि अपने लक्ष्य को किस तरह से प्राप्त किया जाए। उस दौरान मेंटोरशिप बहुत कमी महसूस होती थी।

# कुशीनगर में पत्नी से विवाद के बाद युवक ने चाकू से काटा प्राइवेट पार्ट

- आर्थिक तंगी और पारिवारिक कलह से जूझ रहा था रोहित, पत्नी से अक्सर होता था विवाद

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद से आहत एक युवक ने खुद को गंभीर रूप से घायल कर लिया। पत्नी से झगड़े के बाद युवक ने चाकू से अपना प्राइवेट पार्ट काट डाला। घटना के बाद वह घर में खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़ा कराहता मिला। परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

मामला हनुमानगंज थाना क्षेत्र के छितौनी नगर पंचायत अंतर्गत टेंगरहा गांव का है। यहां के निवासी रोहित चौहान (32) की शादी करीब 13 वर्ष पूर्व नौरंगिया थाना क्षेत्र के दुबौलिया गांव की रहने वाली सुरजावती (29) से हुई थी। दोनों के चार बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और दो बेटियां शामिल हैं। बताया जाता है कि पति-पत्नी के बीच पिछले करीब पांच वर्षों से लगातार विवाद चल रहा था। आर्थिक तंगी और पारिवारिक कलह के कारण रोहित ने मजदूरी का काम भी छोड़ दिया था और धीरे-धीरे शराब का आदी हो गया था। बताया जाता है कि वह नशे की हालत में घर में अक्सर झगड़ा और मारपीट करता था। करीब दो महीने पहले विवाद बढ़ने पर उसकी पत्नी अपनी दोनों बेटियों को लेकर मायके पक्ष में बहन के घर चली गई थी, जबकि दोनों बेटों को भी मायके भेज दिया गया था। इसके बाद से रोहित मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगा था। रविवार की शाम जब युवक की मां खेत से काम करके घर लौटी तो उसने बेटे की कराहने की आवाज सुनी। अंदर जाकर देखा तो रोहित जमीन पर गिरा हुआ था और उसकी पैंट खून से भीगी हुई थी। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे और युवक को तत्काल तुरकहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां भी हालत में सुधार न होने पर देर रात गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। परिजनों के अनुसार रोहित पहले भी कई बार खुद को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर चुका है। करीब तीन महीने पहले उसने चाकू से अपने बाएं हाथ का अंगूठा काट लिया था, जबकि कुछ दिन पहले जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास भी किया था। इस संबंध में हनुमानगंज थाना प्रभारी दिग्विजय नारायण राय ने बताया कि जिला अस्पताल से युवक द्वारा खुद को गंभीर रूप से घायल करने की सूचना मिली थी। युवक को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। फिलहाल मामले में परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



युवक को जिला अस्पताल से गोरखपुर मेडिकल कॉलेज ले जाते परिजन

## पांच साल से चल रहा था पारिवारिक कलह, कई बार कर चुका था आत्मघाती प्रयास

**कुशीनगर।** छितौनी नगर पंचायत के टेंगरहा गांव में हुई सनसनीखेज घटना के पीछे लंबे समय से चला आ रहा पारिवारिक विवाद और मानसिक तनाव मुख्य वजह बताया जा रहा है। परिजनों के मुताबिक युवक पिछले करीब पांच वर्षों से लगातार घरेलू कलह के कारण मानसिक रूप से परेशान चल रहा था और कई बार आत्मघाती कदम उठा चुका था। परिवार के लोगों ने बताया कि युवक रोहित चौहान मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था, लेकिन पति-पत्नी के बीच बढ़ते विवाद और आर्थिक तंगी के कारण उसने काम छोड़ दिया। इसके बाद से वह घर पर ही रहने लगा और धीरे-धीरे शराब का आदी हो गया। नशे की हालत में वह अक्सर घर में झगड़ा करता था, जिससे परिवार का माहौल और खराब होता गया। करीब दो महीने पहले विवाद बढ़ने पर उसकी पत्नी अपनी दोनों बेटियों को लेकर मायके पक्ष में बहन के घर चली गई थी, जबकि दोनों बेटों को भी मायके भेज दिया गया था। इसके बाद से युवक अवसाद में रहने लगा था। परिजनों का कहना है कि रोहित पहले भी कई बार खुद को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर चुका है। करीब तीन महीने पहले उसने चाकू से अपना अंगूठा काट लिया था। कुछ दिन पहले जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास भी किया था। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते युवक की मानसिक स्थिति का इलाज कराया जाता और पारिवारिक विवाद सुलझाया जाता तो इतनी गंभीर घटना टाली जा सकती थी।

# उद्यमियों की समस्याओं पर डीएम सख्त

- कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु व श्रम बन्धु की बैठक सम्पन्न

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु एवं श्रम बन्धु की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्यमियों और व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

बैठक में मेसर्स सीएससी कुशीनगर सठियांव यूपी फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, सठियांव (फाजिलनगर) के इकाई स्थल तक संपर्क मार्ग निर्माण के प्रकरण पर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत फाजिलनगर ने बताया कि पुनः टेंडर की प्रक्रिया कराई जा रही है और अगली बैठक से पहले कार्य पूरा करा लिया जाएगा। मेसर्स नेबुआ कृषक उत्थान प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, जईछपरा (नौरंगिया) स्थित गुड़ उद्योग इकाई के संपर्क मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के मामले में राजस्व विभाग पडरौना ने बताया कि नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी। मेसर्स उद्गम पब्लिक स्कूल, हनुमान कॉलोनी, बकुलहा रोड, पडरौना के विद्यालय परिसर से सटे विद्युत तार को हटाने के मामले में विद्युत विभाग ने जानकारी दी कि तार शिफ्ट करने के लिए पोल लगाए जा रहे हैं और एक सप्ताह के भीतर कार्य पूरा कर लिया जाएगा। मिनी औद्योगिक आस्थान सरगटिया करनपट्टी (दुदही) में विद्युत आपूर्ति सुधार के संबंध में समिति ने विद्युत लोड का पुनः आकलन कराने का निर्णय लिया। इस पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग सेवरही को शीघ्र कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना तथा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना (एमवाईएसवाई) की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने बैंकों में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही जीबीसी-5 के अंतर्गत विभिन्न विभागों को दिए गए लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने तथा निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित मामलों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करने के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया। व्यापार बन्धु की बैठक में व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं का विभागीय अधिकारियों द्वारा समाधान किया गया।



कलेक्ट्रेट सभागार में उद्यमियों की समस्या सुनते

# नशे में वाहन चलाने वालों पर पुलिस की सख्ती, दो दिन में 84 वाहनों का चालान, 8.40 लाख रुपये शमन शुल्क

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** अपर पुलिस महानिदेशक यातायात एवं सड़क सुरक्षा उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जनपद में 9 और 10 मई 2026 को विशेष अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सघन चेकिंग की गई। अभियान के दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और हूटर के प्रयोग करने वाले वाहनों पर भी कार्रवाई की गई।

यह अभियान पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। इसके तहत जनपद के विभिन्न स्थानों पर टीम गठित कर व्यापक वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। चेकिंग के दौरान प्रभारी निरीक्षक यातायात अश्वनी कुमार राय व उनकी टीम द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध 55 वाहनों का चालान कर 5 लाख 50 हजार रुपये शमन शुल्क अधिरोपित किया गया।

वहीं जनपद में गठित सीसी टीम द्वारा 29 वाहनों का चालान कर 2 लाख 90 हजार रुपये शमन शुल्क लगाया गया। इस प्रकार दो दिनों में कुल 84 वाहनों से 8 लाख 40 हजार रुपये शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। कार्रवाई के दायरे में आए वाहनों में 7 बस, 9 ट्रक, 41 कार/पिकअप/टैम्पो तथा 27 मोटरसाइकिल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त जनपद में यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। 1 मई से अब तक मॉडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ 12, प्रेशर हॉर्न के खिलाफ 26 तथा हूटर के खिलाफ 16 वाहनों का चालान किया जा चुका है। पुलिस ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्ती से अभियान चलाया जाएगा।



बस चालक के माउथ जांच करती पुलिस

## सड़कों पर न दिखें निराश्रित गोवंश : सीडीओ

**अमेठी।** मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने सोमवार को विकासखंड जगदीशपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कठौरा में निर्माणाधीन बृहद स्थाई गोवंश संरक्षण केंद्र एवं अस्थाई गोवंश संरक्षण केंद्र लोशनपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी गोपाल कृष्ण शुक्ल और खंड विकास अधिकारी जगदीशपुर कमलेश कुमार उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत कठौरा में निर्माणाधीन केंद्र का कार्य दो संस्थाओं द्वारा कराया जा रहा है। प्रथम भाग का निर्माण यूपी आरएनएसएस और द्वितीय भाग यूपी सीएलडीएफ द्वारा किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित दोनों संस्थाओं के सहायक अभियंताओं प्रशांत कुमार और भूपेंद्र कुमार को सीडीओ ने कड़े निर्देश दिए। निराश्रित गोवंशों के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए सीडीओ ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी और खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि गौशालाओं की क्षमता के अनुसार तत्काल संरक्षण अभियान चलाया जाए।

# ट्रेलर की चपेट में आकर युवक की दर्दनाक मौत

- बनराहा रेगुलेटर चौराहे पर अव्यवस्था बनी हादसों की वजह
- सड़क पर अतिक्रमण और बेतरतीब खड़े वाहनों से रोज लगता है जाम

अवधनामा संवाददाता

**सेवरही, कुशीनगर।** सेवरही थाना क्षेत्र के बनराहा रेगुलेटर चौराहे पर सोमवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब पांच बजे बनराहा रेगुलेटर चौराहे पर मोटरसाइकिल संख्या क्क7क्क्क3866 से जा रहे युवक को एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान रितेश यादव (19 वर्ष) पुत्र फुलेना यादव निवासी ग्राम गोबरही, थाना तुर्कपटी, जनपद कुशीनगर के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना के लिए चौराहे पर फैली अव्यवस्था को जिम्मेदार ठहराया। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे मछली विक्रेताओं और ठेला चालकों द्वारा अवैध अतिक्रमण किए जाने से मार्ग संकरा हो गया है। इसके अलावा चौराहे पर डग्गामार वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े रहते हैं, जिससे अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। घटना के बाद एक और चौंकाने वाली बात सामने आई। दुर्घटना में शामिल ट्रेलर के आगे और पीछे अलग-अलग नंबर प्लेट लगी मिली। वाहन के अगले हिस्से पर BR28GB6404 तथा पीछे BR28GB6329 अंकित था। अलग-अलग नंबर प्लेट मिलने से मामला संदिग्ध माना जा रहा है। पुलिस इस पहलू की भी गंभीरता से जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और नगर पंचायत पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि लंबे समय से चौराहे पर अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात की समस्या बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेलर को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। फरार चालक की तलाश जारी है और उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



ट्रेलर ने नीचे दबे युवक की फाइल फोटो

# पडरौना-देवरिया मार्ग पर बसों का टोटा, मनमाने संचालन से यात्री परेशान

- समय सारणी धरी की धरी, यात्रियों को इंतजार की मजबूरी
- देवरिया डिपो की बसें गोरखपुर मार्ग पर दौड़ रहीं, शाम पांच बजे के बाद वापसी के लिए नहीं मिलती बस

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पडरौना-देवरिया मार्ग पर रोडवेज बसों का संचालन लंबे समय से अव्यवस्थित बना हुआ है। समय सारणी तय होने के बावजूद बसें निर्धारित समय और मार्ग के बजाय मनमाने ढंग से चलाई जा रही हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि पडरौना की सड़कों पर देवरिया डिपो लिखी अधिकांश बसें देवरिया जाने के बजाय गोरखपुर मार्ग पर दौड़ती नजर आती हैं। इससे पडरौना-देवरिया मार्ग पर बसों की संख्या कम पड़ जाती है और यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। सबसे ज्यादा दिक्कत उन यात्रियों को होती है जिन्हें शाम के समय देवरिया से पडरौना लौटना होता है। यात्रियों का कहना है कि शाम पांच बजे के बाद देवरिया से पडरौना आने के लिए बसें लगभग न के बराबर मिलती हैं। मजबूर होकर लोगों को महंगे निजी साधनों का सहारा लेना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि परिवहन विभाग ने बसों की समय सारणी तो बना दी है, लेकिन उसका पालन नहीं कराया जा रहा है। लोगों ने मांग की है कि पडरौना-देवरिया मार्ग पर बसों का नियमित संचालन सुनिश्चित कराया जाए और समय सारणी का कड़ाई से पालन कराया जाए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके। इस संबंध में एआरएम पडरौना से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि समय सारणी ठीक है, जाम के वजह से रोडवेज बसों में देरी हो सकती है, जो भी बसे है अपने रूट पर ही चलती है, रूट बदलकर नहीं चलती है। अगर ऐसा है तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सऊदी अरब में रोजगार का सुनहरा अवसर

**कुशीनगर।** जिले के युवाओं के लिए विदेश में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर उपलब्ध हुआ है। सेवायोजन विभाग द्वारा संचालित रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से सऊदी अरब में विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदों पर बड़े पैमाने पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल पर निःशुल्क पंजीकरण कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह भर्ती प्रक्रिया केवल पुरुष अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित है।

जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को लगभग ?43,962 से ?99,188 प्रतिमाह तक वेतन दिया जाएगा। भर्ती के अंतर्गत स्ट्रक्चर वेल्डर, वेल्डर, वेल्डिंग, फैब्रिकेशन, प्लंबर, टेक्नीशियन सहित कई तकनीकी पद शामिल हैं। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, डिप्लोमा आदि निर्धारित की गई है, जबकि संबंधित क्षेत्र में 5 से 15 वर्ष का कार्यानुभव आवश्यक होगा। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 25 से 42 वर्ष तय की गई है।

# फास्ट फूड से बच्चों की सेहत पर पड़ रहा असर : डॉ. पूनम

- भगवानपुर विद्यालय में आरबीएसके टीम ने 101 छात्रों की जांच कर बांटी दवाएं

अवधनामा संवाददाता

**सेवरही, कुशीनगर।** दुदही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आरबीएसके (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) टीम बी द्वारा धर्मपुर न्याय पंचायत के ग्राम पंचायत रकबा दुलमापट्टी स्थित संविलयन विद्यालय भगवानपुर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यालय में नामांकित 115 छात्रों के सापेक्ष उपस्थित 101 बच्चों का परीक्षण किया गया। जांच के दौरान आवश्यकतानुसार दवाएं वितरित की गई तथा तीन छात्रों को बेहतर उपचार हेतु सीएचसी रेफर किया गया।

मेडिकल ऑफिसर डा. पूनम यादव के नेतृत्व में आयोजित शिविर में डा. सुभाष यादव एवं नेत्र परीक्षक सौरभ तिवारी ने बच्चों की लंबाई एवं आनुपातिक वजन का परीक्षण किया। इसके बाद विभिन्न लक्षणों के आधार पर रोगों की जांच कर स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सुझाव दिए गए। डा. पूनम यादव ने कहा कि बच्चों में जंक एवं फास्ट फूड खाने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है, जिसका उनके शारीरिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने बच्चों को पौष्टिक भोजन, हरी सब्जियां, दाल, दूध तथा मौसमी फल खाने की सलाह दी। साथ ही मई माह की भीषण गर्मी को देखते हुए अधिक पानी पीने, धूप से बचने तथा ओआरएस व नींबू पानी जैसे तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी। डा. सुभाष यादव ने कहा कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से बीमारियों की पहचान प्रारंभिक स्तर पर ही हो जाती है, जिससे समय रहते उपचार संभव हो पाता है। उन्होंने बच्चों को भोजन से पहले हाथ धोने, साफ-सफाई बनाए रखने तथा दूषित खाद्य पदार्थों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नियमित दिनचर्या एवं पर्याप्त नींद को भी स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया। नेत्र परीक्षक सौरभ तिवारी ने कहा कि मोबाइल फोन का अत्यधिक प्रयोग बच्चों की आंखों पर बुरा असर डाल रहा है। उन्होंने पढ़ाई के दौरान उचित दूरी बनाए रखने, आंखों को समय-समय पर आराम देने तथा तेज धूप में बाहर निकलते समय सावधानी बरतने की सलाह दी। इस अवसर पर धनंजय मिश्र, नन्हे प्रसाद, ब्रजेश सिंह, अनीता कुशवाहा सहित बंधन, नीलू, निभा, ललिता आदि उपस्थित रहे।



स्वास्थ्य शिविर में बच्चों को जंक व फास्ट फूड की जानकारी देते आरबीएसके टीम

## कार की ठोकर से बाइक सवार गंभीर, चालक फरार

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के सिधावल-पिपराइच मार्ग स्थित पकड़ी चौराहे के समीप सोमवार को एक अर्टिगा कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बाइक पर सवार दो अन्य लोगों को हल्की चोटें आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रघुनाथपुर निवासी रामू राजभर (35) पुत्र रामसूरत राजभर अपनी पत्नी करीना देवी (33) और करिश्मा (17) के साथ पल्सर बाइक से सिधावल की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे पकड़ी चौराहे के पास पहुंचे, पीछे से आ रही तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। हादसे में रामू राजभर के दाहिने पैर में गंभीर चोट आई, जबकि करीना देवी और करिश्मा को हल्की चोटें आई। घटना की सूचना मिलते ही अहिरौली बाजार थाने के कांस्टेबल अनिल यादव और मनोज कुमार मौके पर पहुंचे और घायलों के परिजनों को फोन से सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचकर घायल रामू राजभर को निजी वाहन से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपराइच ले गए। बताया जाता है कि हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## आरसीसी सड़क निर्माण का हुआ शुभारंभ, वार्ड 12 के लोगों को मिलेगी राहत

**सुकरौली, कुशीनगर।** नगर पंचायत सुकरौली के वार्ड नंबर 12 शास्त्री नगर जोगीवीर में सोमवार को सन भीम पब्लिक स्कूल से काली मंदिर होते हुए राम केवल चौधरी के घर तक बनने वाली आरसीसी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया। सड़क निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर चेयरमैन राजनेति कश्यप ने कहा कि जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए लगातार प्रयास करना ही जनप्रतिनिधियों का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। क्षेत्र का हर व्यक्ति परिवार का सदस्य है और जनता की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि विकास केवल सड़क और निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों के दिलों में विश्वास और अपनापन बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का स्नेह, आशीर्वाद और सहयोग ही उन्हें निरंतर जनहित एवं विकास कार्यों के लिए प्रेरित करता रहेगा और सभी के सहयोग से क्षेत्र को और बेहतर बनाने का प्रयास जारी रहेगा। इस दौरान वार्ड नंबर 12 के सभासद अर्जुन पटेल, सभासद संजीव यादव, सभासद प्रतिनिधि चेतन यादव, मनोनीत सभासद अरविंद गुप्ता, चंद्रदेव पटेल, चंद्रशेखर पटेल, सीताराम यादव, प्रिंस कश्यप, बृजेश पटेल सहित क्षेत्र के सम्मानित नागरिक एवं युवा साथी मौजूद रहे।



## पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

**मुंशीगंज (अमेठी)।** दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और मारपीट कर घर से निकालने के मामले में पीड़िता ने पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के रामदैपुर गांव निवासी पूनम मौर्या ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 15 अक्तूबर 2024 को कुड़वार थाना क्षेत्र के रामपुर खेजिला गांव निवासी शुभम मौर्य के साथ हुई थी। शादी में मायके पक्ष ने नकदी बाइक सोने के आभूषण और गृहस्थी का सामान दिया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज से असंतुष्ट थे और कार की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि पति सास जेठ और जेठानी आए दिन उसे ताने देते थे। विरोध करने पर मारपीट की जाती थी। बीते दिनों ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया और जान से मारने व तलाक देने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# सपा सांसद आवास घेराव में गरजीं भाजपा महिला कार्यकर्ता, महिला सम्मान के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'महिला जन आक्रोश अभियान' के तहत सोमवार को जिले में राजनीतिक माहौल गरमा गया। रुधौली एवं कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र की महिला कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र के नेतृत्व में सपा सांसद के आवास का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। महिलाओं ने हाथों में तख्तियां और पार्टी के झंडे लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए महिला सम्मान और सुरक्षा के मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद की।धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेताओं ने विपक्षी दलों पर महिलाओं के मुद्दों को लेकर केवल राजनीति करने का आरोप लगाया। पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ गांव-गांव तक पहुंच रहा है, जिससे महिलाओं का सामाजिक और आर्थिक स्तर मजबूत हुआ है।

उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक दल जनता को भ्रमित करने और सरकार की उपलब्धियों को छिपाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनसंपर्क अभियान को तेज करने का भी आह्वान किया।पूर्व प्रत्याशी संगीता जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए कई ऐतिहासिक योजनाएं लागू की हैं। उज्ज्वला योजना से महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली, वहीं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान ने बेटियों के प्रति समाज की सोच बदलने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति जैसी योजनाओं से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे समाज में सशक्त भूमिका निभा रही हैं।जिला उपाध्यक्ष शालिनी मिश्र ने कहा कि महिला जन आक्रोश अभियान केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं की आवाज को मजबूती देने का अभियान है।



## परिवार न्यायालय में आयोजित हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मामलों का किया गया निस्तारण

**बस्ती ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 09-05-2026 को जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन माननीय न्यायामूर्ति श्री राम मनोहर नारायण मिश्र प्रशासनिक न्यायामूर्ति बस्ती मण्डल द्वारा किया गया। जनपद न्यायालय में स्थित परिवार न्यायालय एवं अपर परिवार न्यायालय में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। कु. आराधना रानी, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय के यहाँ से कुल 18 वाद एवं श्रीमती मौसमी मध्येशिया, अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, बस्ती के यहाँ से कुल 14 वाद निस्तारित हुये। जिसमें से प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय से 04 एवं अपर प्रधान न्यायाधीश अपर परिवार न्यायालय से 02 जोड़े सुलह-समझौते के आधार पर साथ-साथ रहने को तैयार हुये।

# मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**मुंशीगंज (अमेठी)।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सरुवावा द्वितीय में सोमवार को चरैवेति ट्रस्ट की ओर से शिक्षा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के मेधावी एवं होनहार विद्यार्थियों को कॉपी पेंसिल समेत अन्य शैक्षिक सामग्री वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ मुक्तेश्वरी शुक्ला ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो समाज और राष्ट्र को नई दिशा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत अनुशासन और निरंतर अध्ययन के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि लगन और परिश्रम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस दौरान विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों ने चरैवेति ट्रस्ट के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ आयोजित सामूहिक भोजन रहा। इससे आपसी अपनत्व और सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक अंजनी उपाध्याय सहायक अध्यापक मो हफ़ीज़ शिक्षा मित्र डी पी मिश्र मौजूद रहे।

# जनपद में 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है ढैचा का बीज

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि खरीफ 2026 में जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भंडार पर हरी खाद में प्रयोग करने के लिए ढैचा का बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है। ढैचा बीज का निर्धारित दर रू. 15,500=00 कुण्टल निर्धारित है जिस पर कृषकों को 50 प्रतिशत अनुदान देय है। डॉ. यादव ने जिले के कृषकों को सुझाव दिया है कि धान की खेती करने वाले खेत में इस समय ढैचा की बुवाई करें और 40 से 45 दिन बाद ढैचे की पलटाई करके इसी खेत में धान की रोपाई करें जिससे रासायनिक उर्वरक की निर्भरता में 10 से 20 प्रतिशत तक कमी आती है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि ढैचा की बुवाई करने से मिट्टी में कार्बनिक तत्व की मात्रा में वृद्धि होती है तथा नाइट्रोजन की आवश्यकता में भी कमी आती है जिससे यूरिया खाद का प्रयोग कम करना पड़ेगा। साथ ही मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा अधिक होने से सिंचाई भी कम करनी पड़ेगी जिससे डीजल की खपत में भी कमी होगी। उन्होंने बताया कि ढैंचा की बुवाई का यह सबसे उपयुक्त समय मई माह का प्रथम पखवाड़ा है। धान की रोपाई से पहले इसे हरी खाद के रूप में उगाने से मिट्टी में नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ती है और जमीन की उर्वरता सुधरती है। ढैंचा के प्रयोग से फसल उत्पादन में भी 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो सकती है। किसानों को प्रति एकड़ 18 से 20 कि.ग्रा. बीज का उपयोग करना चाहिए। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि कम लागत में बेहतर खेती के लिए ढैचा बेहतर विकल्प है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक ढैंचा की खेती में ज्यादा जुताई या अतिरिक्त खाद की जरूरत नहीं होती है। यह फसल खुद ही मिट्टी में पोषक तत्व बढ़ाने का काम करती है। बेहतर परिणाम के लिए किसान सीमित मात्रा में सुपर फॉस्फेट का इस्तेमाल कर सकते हैं। मिट्टी की सेहत सुधारने में मददगार रासायनिक खादों के अत्यधिक प्रयोग से खराब हो रही मिट्टी की सेहत के बीच ढैंचा किसानों के लिए किफायती और असरदार विकल्प बनकर उभरा है।

# 'टी-10 महाराणा कप क्रिकेट टूर्नामेंट पर कंपनी बाग इलेवन ने किया कब्जा'

- मैन ऑफ द मैच विकास और मैन ऑफ द सीरीज ओईएफ हजरतपुर इलेवन के रहे सत्तो




**अवधनामा संवाददाता**

**टूंडला।** रेलवे कंपनी बाग ग्राउंड में स्पोटर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित रात्रिकालीन टी-10 महराणा कप क्रिकेट टूर्नामेंट के 10वें दिन दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। टूर्नामेंट का शुभारंभ मैच की मुख्य अतिथि नीतू श्रीवास्तव ने महाराणा प्रताप के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके साथ ही एक सेमीफाइनल के लंबे अंतराल के बाद टूर्नामेंट पर कंपनी बाग इलेवन की टीम ने अपना कब्जा कर लिया। टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल बनारस इलेवन और एटारोड इलेवन के मध्य खेला गया। बनारस इलेवन ने एटारोड इलेवन को 10 ओवर में सारे विकेट खोकर 49 रनों का टारगेट दिया। बनारस इलेवन के बल्लेबाज वासु ने सर्वाधिक 13 रनों का योगदान दिया। एटारोड इलेवन के गेंदबाज दीपू, विजय और तपेंद्र ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एटारोड इलेवन बल्लेबाज शाहिल मिश्रा के शानदार 23 रनों की बदौलत एटारोड ने मैच को जीतकर फाइनल में जगह बना ली। मैच का मैन ऑफ द मैच विजय यादव को दिया गया। दर्शकों के लंबे इंतजार के बाद रविवार रात नौ बजे एटारोड इलेवन और कंपनी बाग इलेवन के बीच फाइनल मैच खेला गया। कंपनी बाग इलेवन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बल्लेबाज विकास कश्यप की शानदार 32 रनों की पारी से 81 रनों का टारगेट दिया। एटारोड इलेवन के गेंदबाज विजय ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एटारोड इलेवन 10वें ओवर में 56 रनों पर सिमट गई। इसी के साथ कंपनी बाग इलेवन ने 25 रनों से मैच जीत लिया। मैच का मैन ऑफ द मैच हरफनमौला पारी खेलने पर विकास कश्यप को दिया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष उदयप्रताप सिंह, पालिकाध्यक्ष भंवर सिंह, डिप्टी सीटीएम अमित आनंद, सरनजीत सिंह, मनमिंदर सिंह स्पोटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एस धाकरे, सचिव डॉ. संजीव जैन, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र नौहवार, पुष्पेंद्र उपाध्याय, पुष्पेंद्र गुप्ता, पंकज जैन, अंकित जैन, दिनेश गुप्ता, मनप्रीत सिंह कीर, अनिल धाकरे, अजय राना उपस्थित रहे। मैच की अंपायरिंग रोहित शर्मा, आकिल जावेद कमेंट्री रंजीत गुप्ता, असलम भोला, करन, स्कोरिंग कृष्णा यादव, सदान कुरैशी ने की।

## 15 दिवसीय माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण प्रारम्भ

**फिरोजाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है, कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में शासन द्वारा जनपदों का लक्ष्य आवंटन किये गये है, इसका मुख्य उददेश्य पर्यावरण हो रहे नुकसान के परिपेक्ष्य में प्लास्टिक निर्मित पात्रों का उपयोग प्रतिबन्धित कर दिया गया है, इसके विकल्प के रूप में मिट्टी से निर्मित पात्रों का उपयोग व कुम्हारी कलां को बढावा देने के लिए माटीकलां से सम्बन्धित परम्परागत कारीगरों को वर्तमान में प्रषिक्षित कराते हुए, माटीकलां के उत्पादों को विपणन सुविधा उपलब्ध कराना है, जिसके लिए विभाग द्वारा माटीकलां के करीगरों को निषुल्क 15 दिवशीय माटीकला षिल्पकारी प्रषिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त किये जा रहे है। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए न्चउंजपासंइवंतक.पद बेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31 मई है। अधिक अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय सेक्टर-01 सुहाग नगर, फिरोजाबाद कार्यालय में आकर सम्पर्क करें।

# किसानों को नहीं मिल पा रही खाद : सलोना कुशवाहा

- जिलाधिकारी को सौंपा लिखित पत्र



**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** तिलहर विधानसभा क्षेत्र में किसानों को खाद उपलब्ध की समस्या को लेकर सोमवार को विधायक सलोना कुशवाहा ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर किसने की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने क्षेत्र में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की अपील की।

विधायक सलोना कुशवाहा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 133, तिलहर के अंतर्गत किसानों को वर्तमान समय में खाद्य उपलब्ध नहीं हो पा रही है। खाद्य की कमी के कारण किसानों को खेती, किसानी कार्य में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा समय पर बुवाई एवं फसलों की देखभाल प्रभावित हो रही है। क्षेत्र के कई सहकारी समितियों एंव खाद्य केन्द्रो पर किसानों को प्रायप्त मात्रा में खाद्य नहीं मिल रही है जिससे किसानों को घंटो लाइन में लगने को मजबूर है। उन्होंने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि यदि जल्द खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित नहीं की गई तो किसानों की फसल उत्पादन क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जिससे आर्थिक नुकसान की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

विधायक ने प्रशासन से मांग की कि क्षेत्र में खाद की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित कर किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान कराया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप ने किसने की समस्याओं के दृष्टिगत तत्काल संबंधित अधिकारियों को खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर आयोजित हुई भाषण प्रतियोगिता




**बहराइच (अवधनामा संवाददाता)** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत बहराइच द्वारा श्री मानस इंटर कालेज विशुनपुर राहू में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में जनपद बहराइच के विभिन्न युवा मंडलों के युवक युवतियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य श्री मानस इंटर कॉलेज रमेश चंद्र मिश्र व विशिष्ट अतिथि जनहित फाउंडेशन के अध्यक्ष उमेश चंद्र मिश्र द्वारा उपस्थित युवक-युवतियों को कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले युवक-युवतियों द्वारा भी राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के विषय में अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम का संचालन लेखाधिकारी इंद्रसेन चौधरी ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी सोनम वर्मा, आशीष पांडेय, देवकीनंदन मिश्र सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

## गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष का आगमन 13 मई को

**बहराइच (अवधनामा संवाददाता)** मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने बताया कि मा. उपाध्यक्ष उ.प्र. गोसेवा आयोग अतुल सिंह का 13 मई 2026 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। श्री सिंह जनपद भ्रमण के दौरान गोआश्रय स्थलों का भ्रमण एवं निरीक्षण करेंगे तथा अपरान्ह 03:00 बजे विकास भवन सभागार में गोसंरक्षण एवं अनुश्रवण समिति के अधिकारियों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। श्री धनवंता ने जिले में गठित जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति के सदस्य अधिकारियों से अपेक्षा की है अपने क्षेत्र से सम्बंधित गोआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओ की अद्यतन स्थिति/प्रगति के साथ गोआश्रय स्थलों सम्बंधी समस्त सूचनाओं सहित बैठक मे ससमय स्वंय प्रतिभाग करें।

## महिला आरक्षण पर सपा के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन

**सुलतानपुर।** संसद में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल का विरोध किए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने समाजवादी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को कुड़वार ब्लॉक सभागार परिसर में आयोजित महिला जन आक्रोश अभियान के तहत भाजपा महिला मोर्चा एवं महिला कार्यकर्ताओं ने सपा सांसद और समाजवादी पार्टी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए सपा पर महिला विरोधी मानसिकता का आरोप लगाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि महिला आरक्षण का विरोध कर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने अपनी वास्तविक सोच जनता के सामने उजागर कर दी है। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी आगामी चुनावों में इसका करारा जवाब देगी। उन्होंने दावा किया कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का विरोध सपा और विपक्षी दलों को वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारी पड़ेगा।

## इच्छुक अभ्यर्थी 31 मई तक आवेदन करें

**फिरोजाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है, कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में संचालित निःशुल्क ग्रामोद्योग टूलकिट्स योजना के तहत जिले को 08 पॉपकोर्न मेंकिग मशीन और 08 दौना पत्तल मेंकिग मशीनो के वितरण का लक्ष्य मिला है। पॉपकोर्न मशीनों के लिए जनपद में निवास कर करने वाले भुर्जी समाज के बेराजगार एवं महिलाऐं पात्र है। जबकि दौना पत्तल मशीन हेतु सभी वर्गो के बेरोजगार पुरूश एवं महिलाऐं पात्र है। आवेदक की आयु 18 से 50 वर्श के बीच और साक्षर होना अनिवार्य है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ओ0पी0 चक ने बताया कि इच्छुक अभ्यार्थी 31 मई 2026 तक विभागीय पोर्टल की बेवसाइट (upkvib.gov.in) पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय सेक्टर-01 सुहाग नगर, फिरोजाबाद कार्यालय में आकर सम्पर्क करें।

# ''सोमनाथ स्वाभिमान पर्व'' हुआ भक्तिमय

**अवधनामा संवाददाता**




**फिरोजाबाद।** जनप्रतिनिधियों और जिला स्तरीय अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में ''सोमनाथ स्वाभिमान पर्व'' पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ संपूर्ण जनपद में मनाया गया, देश एवं प्रदेश के साथ कदम मिलाते हुए जनपद के समस्त शिवालयों में ओम के पवित्र उच्चारण के साथ वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया, पर्व का मुख्य कार्यक्रम विकास भवन सभागार कक्ष में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी के सोमनाथ से किए गए कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उपस्थित जन समूह को दिखाया गया, कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ-साथ स्कूली बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान प्रवक्ताओं ने सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान मेयर कामिनी राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि सोमनाथ सदियों से आस्था और सत्ता के मिलन बिंदु पर स्थिर रहा है, राजनीतिक परिवर्तनों के कारण मंदिर को कई बार क्षति पहुंचाई गई, लेकिन हर विनाश के बाद भक्तों और शासको के संकल्प ने इसे पुनः खड़ा किया, यह घटना विनाश की कहानी नहीं, बल्कि उस अटूट आस्था की निरंतरता को दर्शाती है, जहां पवित्र स्मृतियां भौतिक क्षति से कहीं अधिक शक्तिशाली सिद्ध हुई हैं।

मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने बताया कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से समाज को उसकी गहरी विरासत से परिचित कराने का माध्यम है, उन्होंने जोर दिया कि आज के भौतिकवादी युग में नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। सोमनाथ अब केवल एक पुनर्स्थापित मंदिर नहीं, एक जीवंत तीर्थ और हमारे मूल्यों की निरंतर धारा का प्रतीक है। सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा इसी विरासत को सहेजने का एक जीवंत उदाहरण है, जिससे आज की पीढ़ी उस गौरवशाली अध्याय से परिचित हो रही है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प और भक्तिपूर्ण वातावरण के बीच हुआ, जिसमें जनपद की सांस्कृतिक एकता की झलक दिखाई दी, इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे आदि उपस्थित रहें।

## टहलने निकले सेवानिवृत्ति फौजी की सड़क हादसे में मौत

**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद के थाना सदर बाजार क्षेत्र के पंचपीर गदियाना निवासी सेवानिवृत्त सैनिक रामसरन पाल की रविवार सुबह निगोही के सतवां गांव के पास किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौत हो गई, वह सुबह-सुबह टहलने के लिए घर से निकले थे , पर जिन्होंने बताया रामसरन करीब 15 वर्ष पूर्व सूबेदार के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वर्तमान में रोजा की एक कंपनी में सुरक्षाकर्मी की ड्यूटी कर रहे थे। घर से करीब डेढ़-दो किलोमीटर दूर निगोही थाना क्षेत्र के सतवां गांव के पास उन्हें किसी वाहन से टक्कर लग गई। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पत्नी गीता, बेटे अमन व अन्नू का रो-रोकर बुरा हाल है फिलहाल पुलिस ने मृतक रिटायर फौजी के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है।

## ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत

**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद के कटरा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई इस दौरान रेलवे का आवागमन बाधित हुआ और लगभग 50 मिनट तक बंदे भारत एक्सप्रेस खड़ी रही मृतक की पहचान बरेली के भुता थाना क्षेत्र निवासी 35 वर्षीय सतीश गंगवार के रूप में हुई है बताया जाता है सतीश गंगवार रात्रि 8:30 बजे बरेली से ट्रेन पर सवार होकर कटरा थाना क्षेत्र के मुरैना गांव में अपनी बहन के घर जाने के लिए निकले थे रेलवे फाटक संख्या 341 के पास रेलवे लाइन पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर मौत हो गई सूचना मिलते ही रेलवे कर्मचारियों ने पीछे आ रही बंदे भारत एक्सप्रेस को रोक दिया और ट्रैक से शव हटाने के बाद आवागम जारी हुआ स्टेशन अधीक्षक शाहिद खान के मुताबिक एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने के कारण मौत हो गई है जिसका पीएम कराया जा रहा है रेल यातायात सामान्य कर दिया गया है।

## कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध खनन का आरोप

**कादीपुर/सुल्तानपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बड़गांव में कब्रिस्तान की सुरक्षित भूमि पर अवैध खनन और कब्जे की कोशिश का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने गांव के ही ऋषि तिवारी पुत्र लालमणि तिवारी समेत अन्य लोगों पर दबंगई के बल पर सरकारी जमीन को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। ग्रामीणों के अनुसार गाटा संख्या 386 (रकबा 0.190 हेक्टेयर) और 385 क (रकबा 0.0530 हेक्टेयर), जो राजस्व अभिलेखों में कब्रिस्तान के नाम दर्ज है, पर 4 और 5 मई की रात जेसीबी मशीन लगाकर अवैध खनन किया गया। आरोप है कि रात के अंधेरे में करीब 100 ट्रॉली मिट्टी वहां से हटाई गई। ग्रामीणों का कहना है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपित पक्ष के लोगों ने विवाद शुरू कर दिया और मारपीट पर आमादा हो गए। साथ ही धमकी भी दी गई, जिससे गांव में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

# व्यापारियों के उत्पीड़न के विरोध में क्षेत्राधिकारी के विरुद्ध दिया ज्ञापन

- चौकी इंचार्ज पर व्यापारियों का उत्पीड़न करने का लगाया आरोप



**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस क्षेत्राधिकारी से उनके कार्यालय पर जाकर मिला। प्रतिनिधि मंडल ने सीओ को चौकी इंचार्ज मोहल्ला खेड़ा के विरुद्ध काफी शिकायतें कीं और उन पर व्यापारियों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। प्रतिनिधि मंडल ने सीओ से चौकी इंचार्ज मोहल्ला खेड़ा को हटाये जाने की मांग की है।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता जोनू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारी सीओ कार्यालय पहुंचे। प्रतिनिधि मंडल ने सीओ अवनीश कुमार से भेंट की और व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल ने चौकी इंचार्ज मोहल्ला खेड़ा के खिलाफ लिखित शिकायत की है। जिसमें व्यापार मंडल ने चौकी अंचार्ज पर गंभीर आरोल लगाते हुए चौकी से तत्काल हटाये जाने की मांग की है। उनका आरोप है कि चौकी इंचार्ज व्यापारियों को किसी न किसी बहाने बुला कर उनका उत्पीड़न करते हैं। जिसे व्यापार मंडल बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रतिनिधि मंडल में शिकोहाबाद नगर अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता जानू, नगर महामंत्री मनीष अग्रवाल, नगर उपाध्यक्ष अंशु गुप्ता नेताजी, नगर उपाध्यक्ष मनु अग्रवाल, नगर उपाध्यक्ष विशाल गुप्ता,राहुल सिंघल, आशू गर्ग, सोनू अग्रवाल, विवेक गुप्ता और अंशू तेल वाले आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## शिक्षित बेरोज़गार युवक-युवतियां के तहत ऋण आवंटित आवेदन

**फिरोजाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने सर्व साधारण को सूचित किया है, कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये ऋण आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है, उक्त योजना के अर्न्तगत शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियां योजना के तहत उद्योग क्षेत्र में 10 लाख तक की परियोजना लागत के आवेदन पत्र इच्छुक लाभार्थियों के लिये ऑनलाइन ऋण आवेदन पत्रों की सुविधा है,साथ ही ब्याज उपादान सामान्य वर्ग के लाभार्थियो को 4 प्रतिषत उद्यमी द्वारा वहन किया जायेगा शेष टर्मलोन पर विभाग द्वारा दिया जायेगा एवं आरक्षित वर्ग (अनु.जाति,अनु.जनजाति, अ.पि.व.,अल्पसंख्यक, महिला, भू.पू. सैनिक, विकलांग) टर्मलोन ब्याज पर ब्याज की सम्पूर्ण धनराशि विभाग द्वारा दी जायेगी, जिसकी वेबसाइट cmegp. data&centar.co.in है, ऑनलाइन ऋण आवेदन कर सकते है। जिसकी हार्डकापी मय कागजातों के साथ जिला ग्रामोद्योग कार्यालय सेक्टर-01 सुहागनगर, फिरोजाबाद में जमा करे। लाभार्थी ग्रामीण क्षेत्र का निवासी होना अनिवार्य है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य सिग0 एवं दू0 सं0 अभि0/नि0–II/लखनऊ कार्यालय संकुल, निर्माण संगलन उ.रे, चारबाग लखनऊ–226004 भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित प्रप्रत्र पर ई–निविदा एक पैकेट प्रणाली के तहत निम्नलिखित कार्य के हेतु आमंत्रित की जा रह है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम एवं स्थान | लखनऊ डिवीजन के Utraitia स्टेशन पर लाइन नंबर 7 के आसन्न में अतिरिक्त लूप लाइन की सुविधा के संबंध में इंडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्य के साथ मौजूदा डिस्ट्रीब्यूटेड टाइप इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (KYOSAN Male) में परिवर्धन और परिवर्तन के कार्य की व्यवस्था। |
| पूरा होने की अवधि | 09 (नौ) महीने (स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि) |
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 1,51,97,025.01/– (रुपये एक करोड़ इक्यावन लाख सतानवे हजार पच्चीस और पैसा एक केवल |
| निविदा दस्तावेज राशि एवं धरोहर राशि | रु शून्य एवं धरोहर राशि आई आर ई पी एस पर एन आई टी में उल्लिखित है |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन निविदा खुलने की तिथि से |
| निविदा बंद होने तथा निविदा खुलने की तारीख एवं समय | **03.06.2026** को 11.30 बजे तक IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर निविदा अपलोड की जा सकती हैं। बोलीदाता ई–टेंडर में भाग ले सकता हैं, निविदा 03.06.2026 को 11:30 बजे खोली जाएंगी। |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | विस्तृत ई–टेंडर नोटिस उत्तर रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर **12.05.2026** से **03.06.2026** तक 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। ई–टेंडर में भाग लेने की इच्छा रखने वाले बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से खुद को पंजीकृत करें, जिसके लिए उन्हें आईटी अधिनियम–2000 के तहत CCA द्वारा जारी तृतीय श्रेणी डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं हुआ है) प्राप्त करना होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम व शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

निविदा सूचना संख्या 287–सिग/सी0–II/लखनऊ/निविदा/02/26

दिनांक: 12.05.2026

1568/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## मामूली विवाद में सेना के जवान को बना दिया अपराधी, भेजा जेल

**कुड़वार/सुल्तानपुर।** शनिवार को रास्ते के विवाद का निरीक्षण करने गए लेखपाल की चाभी निकालकर निस्तारण की मांग करना सेना के जवान को महंगा पड़ गया। पुलिस ने लेखपाल की मनगढ़ंत तहरीर के आधार पर बिना जांच पड़ताल के सेना के जवान को गम्भीर धाराओं में जेल भेज दिया। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के चका परसीपुर गांव से जुड़ा है।जहां शनिवार को शिकायती पत्र की जांच करने पहुंचे लेखपाल बॉर्डर का मामला बताते हुए नाप जोख करने से मना कर दिए। लेखपाल का कहना था कि मामला कुड़वार व दूबेपुर विकास खंड के बॉर्डर है। जब तक परसीपुर व बभनगवां दोनों गांव के लेखपाल राजस्व अभिलेखों के साथ उपस्थित नही होंगे। तब तक निस्तारण नहीं हो सकता। इसी बात पर नाराज होकर गांव निवासी फौजी जवान खुर्शीद अली पुत्र शमशेर जो बीएसएफ में मेघालय में तैनात है। वह नाराज हो गया और लेखपाल के बाइक की चाभी निकालते हुए कहा कि पहले हमको लिखित दीजिए कि अभी निस्तारण नहीं हो पाएगा तब यहां से जाइए।

# हाईवे किनारे मिले 27 गोवंश, 24 की मौत से मचा हड़कंप

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को टांडा-बांदा हाईवे किनारे बड़ी संख्या में मृत और घायल गोवंश मिलने से सनसनी फैल गई। सेमरी चौकी क्षेत्र के माधवपुर देवरी गांव के पास करीब 300 मीटर के दायरे में गोवंश बिखरे पड़े मिले। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया।

प्रशासन की ओर से की गई गणना में कुल 27 गोवंश पाए गए, जिनमें 20 गाय और चार बैल मृत मिले, जबकि तीन गायें गंभीर रूप से घायल अवस्था में थीं। पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल गोवंशों का उपचार शुरू कराया। घटना की जानकारी मिलते ही उपजिलाधिकारी प्रभात कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी प्रमोद मिश्रा समेत कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। मृत गोवंशों का पोस्टमार्टम कराया गया है, जिससे मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। अपर पुलिस अधीक्षक बृज नारायण सिंह ने बताया कि ग्राम माधवपुर के प्रधान द्वारा सूचना दी गई थी कि गांव के बाहर अकबरपुर-सुल्तानपुर स्टेट हाईवे के किनारे सुनसान स्थान पर मृत और घायल गोवंश पड़े हैं। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि गोवंशों को किसी वाहन से यहां लाकर फेंका गया है।

पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि घटना ट्रांजिट के दौरान हुई या फिर कहीं और गोवंशों की हालत बिगड़ने पर उन्हें यहां लाकर डंप किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। सर्विलांस की मदद से वाहन और आरोपियों की तलाश के लिए एसओजी समेत चार टीमों का गठन किया गया है। पुलिस प्रशासन ने कहा है कि मृत गोवंशों का सम्मानजनक निस्तारण कराया जा रहा है और मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सूचना

मेरा इण्टर मीडिएट परीक्षा वर्ष -2014, अनुक्रमांक -2046549 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है।

नाम- अहमद खान पुत्र-समीउल्लाह, ग्राम -मदरहना, पोस्ट -सोहांस खास, जनपद-सिद्धार्थनगर

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि मेरा नाम बबलू वर्मा है जबकि दूसरा नाम नागेन्द्र कुमार चौरसिया है। बबलू वर्मा नाम से प्रसिद्ध हूं। यही नाम मेरे पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, निर्वाचन कार्ड एवं अन्य दस्तावेज में भी अंकित है। जबकि आधार कार्ड में नागेन्द्र कुमार वर्मा अंकित है। अब मुझे बबलू वर्मा के नाम से ही जाना व पहचाना जाय।

बबल वर्मा पुत्र इन्द्रजीत, माता-सुमित्रा देवी, पत्नी-संध्या देवी निवासा ग्राम व पास्ट-बागापार राना बहरवा, थाना-कानवाला सदर, तहसील-सदर जनपट-महराजगंज उ.प्र.

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सप्तम् मण्डल सिंचाई कार्य, सरोजनी नायडू मार्ग, लखनऊ।**

**ई-निविदा सूचना संख्या-01/SE-VII/2026-27**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालीफिकेशन, टेक्निक्ल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश में सिविल कार्यो हेतु वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक-13.05.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक-19.05.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। मुख्य अभियन्ता (शारदा सहायक), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा निर्धारित समिति के माध्यम से निविदा दिनांक-19.05.2026 को अपराह्न 15:00 बजे अधीक्षण अभियन्ता, सप्तम् मण्डल सिंचाई कार्य, लखनऊ के कार्यालय कक्ष में उपस्थित फर्मो/ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी तथा प्री-क्वालीफिकेशन एवं टेक्निकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं की फाइनेन्शियल बिड खोलने की तिथि कुल प्राप्त निविदाओं की संख्या के आधार पर ई-पोर्टल पर सूचित किया जायेगा। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी। पूर्ण निविदा नोटिस एवं प्रपत्र की जानकारी http://idup.gov.in पर भी उपलब्ध होगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (GST रहित) (लाख रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | जनपद लखनऊ के अन्तर्गत रसूलपुर अल्पिका के किमी 0.000 से किमी 5.889 तक पुनरोद्वार का कार्य। | 42.52 |
| 2 | कादूनाला ड्रेन के किमी 68.249 से किमी 28.000 तक सफाई का कार्य। | 40.72 |
| 3 | जौनपुर शाखा के आंतरिक भाग के पुनरोद्वार का कार्य। | 1159.00 |
| 4 | सुलतानुपर समानान्तर शाखा के किमी 0.000 से किमी 30.500 के मध्य पुर्नस्थापना का कार्य। | 576.31 |
| 5 | दरियाबाद समानान्तर षाखा की बॉयी शाखा के किमी 0.200 से किमी 42.960 के मध्य पुर्नस्थापना का कार्य। | 1342.05 |
| 6 | दरियाबाद समानान्तर शाखा की दॉयी षाखा के किमी 0.200 से किमी 42.960 के मध्य पुर्नस्थापना का कार्य। | 1200.74 |

(भानु प्रताप सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
सप्तम मण्डल सिंचाई कार्य,
लखनऊ

UPID-250994 Dated-08-05-2026

विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# इटावा में तकनीकी क्रांति का शंखनाद आज जुटेगी शिक्षा जगत की दिग्गज हस्तियां

अवधनामा ब्यूरो




**इटावा।** उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों को भविष्य की उन्नत तकनीकों से जोड़ने और उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के उद्देश्य से आज 12 मई 2026 (मंगलवार)को इटावा में एक भव्य शैक्षिक समागम होने जा रहा है। AIMSATYAA INTERNATIONAL (P) LTD द्वारा आयोजित इस एआई+ रोबोटिक्स एवं एडवांस टेक एजुकेशन समिट 2026 का मुख्य आकर्षण 'अनंत मिशन' का आधिकारिक लॉन्च होगा।

यह कार्यक्रम मंगलवार सायं 4:00 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिले के प्रमुख शिक्षाविद, प्रधानाचार्य और तकनीकी विशेषज्ञ शिरकत करेंगे। शिक्षा जगत के दिग्गजों की रहेगी उपस्थिति

कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक (DIOS)। विशिष्ट अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA)। मुख्य वक्ता प्रख्यात शिक्षाविद डॉ.एन.के. शर्मा जो तकनीकी शिक्षा की अनिवार्यता और उसके भविष्य पर अपने विचार साझा करेंगे। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक गोविंद सिंह, वाइस प्रेसिडेंट गौरव त्यागी एवं सीटीओ/सीओओ संजय सिंह तोमर सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहकर तकनीकी मॉडल की जानकारी देंगे। समिट का सबसे रोमांचक हिस्सा आधुनिक तकनीकों का लाइव प्रदर्शन होगा। छात्र और शिक्षक अपनी आँखों के सामने इन तकनीकों को कार्य करते देख सकेंगे।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स ड्रोन टेक्नोलॉजी एवं थ्री-डी (3D) प्रिंटिंग, वीएफएक्स (VFX) और गेम डेवलपमेंटक्या है 'अनंत मिशन' कार्यक्रम के दौरान अनंत मिशन को विधिवत लॉन्च किया जाएगा। यह मिशन स्कूलों में एक ऐसा शिक्षा मॉडल लागू करने पर केंद्रित है। जिससे छात्र किताबी ज्ञान के साथ-साथ कोडिंग, एआई और नई तकनीक का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकें। इस आयोजन का उद्देश्य इटावा के विद्यार्थियों को केवल डिग्री तक सीमित न रखकर उन्हें कल की दुनिया के लिए तैयार करना है। यह समिट जिले की शिक्षा व्यवस्था में एक मील का पत्थर साबित होगी। आयोजक मंडल

इस कार्यक्रम में भारी संख्या में प्रधानाचार्यों और मीडिया प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। जो जिले में 'टेक-एजुकेशन'की नई नींव रखेंगे। कार्यक्रम में एन.के.शर्मा, गोविंद सिंह, गौरव ज्ञानार्थी, पियूश एवं शिवानी, आदि मौजूद रहे।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर जनपद में दिखा आस्था व स्वच्छता का संगम

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर जनपद सोनभद्र में श्रद्धा, स्वच्छता एवं सांस्कृतिक गौरव का भव्य वातावरण देखने को मिला। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार सहित विभिन्न विकास खण्ड परिसरों में माननीय प्रधानमंत्री जी के संबोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया, इस दौरान जागृति अवस्थी मुख्य विकास अधिकारी, हेमेन्त कुमार सिंह जिला विकास अधिकारी, विनय कुमार सिंह अपर जिला सूचना अधिकारी, राजेश भारती सहायक पर्यटन अधिकारी व कर्मचारियों एवं आमजन व महिलाओ ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर प्रधानमंत्री जी के विचारों को सुना। कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न शिवालयों एवं मंदिर परिसरों में विशेष साफ-सफाई एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। मंदिरों की साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं परिसर व्यवस्था के कार्यों के साथ श्रद्धालुओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार, रुद्राभिषेक, पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन किया गया। धार्मिक आयोजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा एवं राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों की स्वच्छता एवं संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है तथा ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने जनपदवासियों से स्वच्छता अभियान के रूप में आगे बढ़ाने एवं धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाए रखने में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारीगण, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, धर्माचार्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# महिला मोर्चा ने सपा सांसद जितेंद्र दोहरे के आवास का घेराव व विरोध प्रदर्शन किया

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल का विरोध करना विपक्ष को भारी पड़ रहा है। पूरे उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला मोर्चा ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के विरोध और महिला सम्मान के मुद्दों को लेकर समाजवादी पार्टी, कांग्रेस समेत विपक्षी सांसदों के आवास का घेराव किया।

इसी क्रम में महिला मोर्चा ने इटावा लोकसभा से सपा सांसद जितेंद्र दोहरे के आवास का घेराव व जोरदार विरोध प्रदर्शन कर विपक्ष पर महिला विरोधी मानसिकता का आरोप लगाया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर 'महिलाओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान', नारी शक्ति का विरोध बंद करो' और महिला विरोधी सोच मुर्दाबाद', 'समाजवादी पार्टी मुर्दाबाद आदि के नारे लगाए। महिला पदाधिकारियों के साथ सदर विधायक सरिता भदौरिया ने सांसद आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठा रही है, लेकिन विपक्ष केवल वोट बैंक की राजनीति के चलते इसका विरोध कर रहा है। उन्होंने मांग की कि विपक्षी सांसद सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, अन्यथा आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। महिला पदाधिकारियों के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने सांसद आवास के बाहर जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि जो दल महिलाओं को उनका अधिकार देने के खिलाफ हैं, जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। महिला मोर्चा अध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष विरला शाक्य ने आरोप लगाया कि विपक्ष हमेशा महिलाओं के अधिकारों को दबाने का काम करता आया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, सभासद पूनम पाण्डेय, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीता गुप्ता, जिला मंत्री मधु तोमर, लोकसभा अभियान संयोजक व महिला मोर्चा उपाध्यक्ष नीतू नारायण मिश्रा, आकांक्षा गुप्ता, पूनम तिवारी, राधा पाल, जिला संयोजक सोशल मीडिया विमलेश शाक्य आदि महिला मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## भाई की हत्या करने वाले को उम्रकैद व जुर्माने की सजा

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** भाभी के साथ छेड़खानी का विरोध करना बड़े भाई को भारी पड़ गया। छोटे भाई ने पत्थर से सिर कूचकर उसकी नृशंस हत्या कर दी थी। तीन साल पुराने इस सनसनीखेज मामले में सोमवार को जिला जज मनोज कुमार राय की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। घटना 15 जुलाई 2023 को थाना सुमेरपुर क्षेत्र के मौहर गांव में हुई थी। गांव निवासी कामता श्रीवास के बड़े पुत्र धर्मपाल ने अपने छोटे भाई भूपेंद्र को पत्नी के साथ छेड़खानी करने से रोका था। इसी बात से नाराज भूपेंद्र ने पत्थर से ताबड़तोड़ हमला कर धर्मपाल की हत्या कर दी थी। मामले में मृतक की मां शांति देवी ने आरोपी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। डीजीसी क्रिमिनल राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि मृतक की पत्नी पूजा रजक की गवाही और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषसिद्ध कर सजा सुनाई।

## मौदहा बांध से छोड़े गए पानी से डूबी फसलें

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** मौदहा बांध के फाटकों की मरम्मत के लिए बांध खाली कराने हेतु छोड़े गए पानी से बेतवा नदी का जलस्तर बढ़ गया, जिससे नदी किनारे सब्जी की खेती करने वाले किसानों की फसलें डूब गईं। नुकसान से नाराज किसानों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप मुआवजे की मांग की। किसानों ने बताया कि गर्मी के मौसम में बड़ी संख्या में लोग नदी किनारे लौकी, कद्दू, पालक, भिंडी, करेला और तरोई जैसी सब्जियों की खेती करते हैं। अचानक पानी छोड़े जाने से तैयार फसलें पानी में समा गईं। किसान देवेश कुमार निषाद ने कहा कि सैकड़ों किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। यदि पहले सूचना दी जाती तो किसान इस सीजन में खेती नहीं करते। महिला किसान अनीता ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर खेती की थी और अब परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

## ट्रांसफार्मर में भीषण आग से मचा हड़कंप



**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे के मोहल्ला हुसैनगंज नहरिया स्थित शेख चांद बाबा के पास सोमवार को विद्युत ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते ट्रांसफार्मर आग के गोले में बदल गया, जिससे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग ट्रांसफार्मर से जुड़ी केबिलों तक पहुंच गई थी, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका बढ़ गई। आग की ऊंची लपटें और धमाकों जैसी आवाजों से लोग घरों से बाहर निकल आए। सूचना पर पहुंचे लाइनमैन अबरार और शीलू ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के बाद क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित रही। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

## पचखुरा बुजुर्ग पीएचसी में गंदगी और दवाओं के ढेर से ग्रामीण परेशान

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** पचखुरा बुजुर्ग स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल व्यवस्था का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। अस्पताल परिसर में जगह-जगह दवाओं के ढेर और गंदगी का अंबार दिखाई दे रहा है। ग्रामीण अरविंद कुमार और हेतराम प्रजापति ने वीडियो साझा कर आरोप लगाया कि अस्पताल में डॉक्टर की तैनाती नहीं है और दवाओं के रखरखाव की स्थिति बेहद खराब है। वर्तमान में फार्मासिस्ट रामनरेश सचान अस्पताल का संचालन कर रहे हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. तरुण पाल ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है और मंगलवार को जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## खड़ी बस से टकराया ऑटो, सात घायल

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कुरारा क्षेत्र में सड़क किनारे खड़ी बस से ऑटो टकरा जाने से सात लोग घायल हो गए। घायलों में दो पुरुष और पांच महिलाएं शामिल हैं। सभी को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी कुरारा भेजा गया, जहां से चार लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। एक घायल की हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसा सोमवार दोपहर करीब एक बजे हुआ, जब कुरारा से मुख्यालय की ओर जा रहा ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी सरकारी बस से जा भिड़ा।

## गंदगी से परेशान ग्रामीण, संक्रामक बीमारियों का खतरा



**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** ग्राम पंचायत बांकी में बजबजाती नालियों और फैली गंदगी से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी रास्तों में बह रहा है और पूरे गांव में दुर्गंध फैल रही है। ग्राम प्रधान जीवन श्रीवास ने बताया कि नाली निर्माण का प्रस्ताव कार्य योजना में भेजा गया है और धनराशि मिलते ही निर्माण कराया जाएगा।

## इटावा में विवेचकों को मिले टैबलेट

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन इटावा में तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विवेचनाओं को अधिक तकनीकी, पारदर्शी एवं साक्ष्य-आधारित बनाए जाने के उद्देश्य से समस्त विवेचकों को 114 टैबलेट वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य विवेचना में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के बेहतर संकलन, डिजिटल कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने एवं समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण विवेचना सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में नव नियुक्त रिक्रूट आरक्षियों के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान रिक्रूट आरक्षियों की प्रशिक्षण प्रगति, समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की गई तथा उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न अभियानों, आधुनिक पुलिसिंग व्यवस्था, साइबर जागरूकता एवं जनसेवा से संबंधित विषयों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त पुलिस लाइन में जनपद के समस्त अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों/थानाध्यक्षों के साथ अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

# नगर पालिका सहित सभी नगर पंचायतों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिए प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में आज दिनांक-11 मई 2026 सोमवार को रूबी प्रसाद मा0 अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं मुकेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र, की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का अयोजन किया गया। अध्यक्ष महोदया द्वारा प्राप्त जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण को दृष्टिगत आगामी वर्षा ऋतु में नगर की जल निकासी व्यवस्था को चुस्त दुरस्त रखने हेतु ओवर ब्रिज के नीचे सर्विस लेन के दोनो पटरियो पर बने आर.सी.सी. नालो की सफाई तथा क्षतिग्रस्त ढक्कनों के पुर्नस्थापन हेतु उपसा तथा स्थानीय कार्यदायी संस्था टोलवेज प्रा0लि0 को कड़ा पत्र प्रेषित किया गया।

इसके साथ ही मेन चौक से चण्डी तिराहा तक पश्चिमी पटरी पर बने नाले को पूर्वी पटरी पर बने मुख्य नाले से संयोजित करने के लिए चंडी तिराहा पर (कांशीराम गेट के पास) बड़ी क्रास पुलिया के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था कन्स्ट्रकशन एण्ड डिजाइन सर्विसेज उ0प्र0 जल निगम को पत्र प्रेषित करते हुए बरसात के पूर्व कार्य सम्पन कराने हेतु अनुरोध पत्र भेजा गया है। इसके अतिरिक्त नगर के मुख्य नाले/नालियों की सम्पूर्ण सफाई बरसात के पूर्व कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 1, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 1, नगर पंचायत चोपन में 4, नगर पंचायत ओबर में 4, नगर पंचायत रेनुकूट में 2, नगर पंचायत पिपरी में 3, नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों में कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। मुकेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र, द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है उक्त अवसर पर मा0 सदस्यगण एवं नगर पालिका कर्मचारी आदि उपस्थित रहें। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

# जलभराव व पेयजल समस्या के समाधान हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में नगर क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति, सीवर लाइन एवं कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था व नाला निर्माण नगर पालिका क्षेत्र के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नगर पालिका क्षेत्र में बरसात के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अधिशासी अभियन्ता जल निगम नगरीय, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रार्वटसगंज, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु कार्ययोजना शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि नगर क्षेत्र में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर नागरिकों को राहत प्रदान की जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी को निर्देशित किया कि नगर क्षेत्र में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना का कार्य प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने उपजिलाधिकारी को तत्काल भूमि चिन्हांकन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होने अधिशासी अभियन्ता जल निगम शहरी को निर्देशित किये कि नगर पालिका के विस्तारित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति हेतु कार्ययोजना एक सप्ताह में तैयार कराकर उपलब्ध करायी जाये एवं नगर क्षेत्र के हर घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस दौरान उन्होने चुर्क-घुरमा नगर पंचायत क्षेत्र में पेयजल समस्या के समाधान हेतु वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापना की कार्ययोजना शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश अधिशासी अभियन्ता जल निगम शहरी को दिये। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को सीवर सप्लाई से संबंधित समस्याओं का तत्काल निराकरण कराने, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन नियमित रूप से कराने तथा नगर क्षेत्र में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने सी0एन0डी0एस0 के ए0ई0 को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में हो रहे नाले का निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूर्ण किया जाये इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मुकेश कुमार, ए0ई0 जल निगम शहरी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मां परिवार एवं समाज की आधारशिला होती है: निशा

**अनपरा/सोनभद्र।** दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की वरिष्ठ सदस्या इंदु सिंह के मार्गदर्शन में दिशिता बाल मंदिर रेनुसागर के तत्वावधान में पैराडाइज प्रेक्षागृह में 'मदर्स डे' कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में माताओं के सम्मान एवं उनके त्याग, समर्पण तथा स्नेह को विशेष रूप से रेखांकित किया गया।इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की वरिष्ठ सदस्या रीना जैन, विद्यालय की प्रबंधक निशा पांडेय , दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की सचिव तूलिका श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पूर्व विद्यालय की अध्यापिकाओं ने आये हुए अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों एवं माताओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें नृत्य एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की तथा माताओं ने बच्चों के प्रति अपना स्नेह। कार्यक्रम में माताओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में उमड़ा आस्था का सैलाब

■ बामदेवेश्वर मंदिर में हुआ भव्य आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** 'अटूट आस्था के 1000 वर्ष' के संकल्प के साथ जनपद बाँदा के ऐतिहासिक एवं पौराणिक बामदेवेश्वर मंदिर में सोमवार को 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' का भव्य आयोजन श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालीन पूजन-अर्चन से हुई। जिलाधिकारी बाँदा अमित आसेरी ने प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में भगवान बामदेवेश्वर का विधि-विधान पूर्वक पूजन एवं रुद्राभिषेक किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सम्पन्न हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में जनपद और राष्ट्र की सुख-समृद्धि तथा जनकल्याण की कामना की गई।

पूजन के उपरांत मंदिर प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत शिव भजन, लोकगीत और पारंपरिक लोक विधाओं ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की गौरवगाथा तथा भारतीय संस्कृति और स्वाभिमान के संदेश को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे ने कहा कि 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व हमारी सांस्कृतिक अस्मिता और पुनर्जागरण का प्रतीक है। बामदेवेश्वर मंदिर जैसी पौराणिक धरोहरें हमारी आस्था का केंद्र हैं और ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों एवं गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ आयोजन में सहभागिता कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## हिण्डालको प्राइमरी स्कूल यूनिट-2 में मातृ दिवस का हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन

**सोनभद्र/ रेणुकूट।** मातृ दिवस के अवसर पर हिण्डालको प्राइमरी स्कूल यूनिट-2 में माताओं के लिए एक आनंदमय एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेल एवं मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, साथ ही जलपान की भी व्यवस्था की गई। बड़ी संख्या में माताओं ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अत्यंत उत्साह एवं आनंद के साथ भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के जीवन को संवारने में माताओं के समर्पण, प्रेम एवं उनकी बहुआयामी भूमिका को सम्मान और सराहना देना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका दीपांविता रॉय ने विद्यार्थियों की माताओं को, उनके द्वारा अनेक जिम्मेदारियों को कुशलता एवं निष्ठा के साथ निभाने के लिए, 'मास्टर ऑफ मल्टीटास्किंग' प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने एक प्रेरणादायक संबोधन भी दिया, जिसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास, पारिवारिक मूल्यों तथा समाज के निर्माण में माताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। यह समारोह माताओं के त्याग, समर्पण एवं अमूल्य योगदान के प्रति एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि था। H.P.S.Unit-2 के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया।

## इरम वारसी को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** ऑल इंडिया उलमा व मशाइख बोर्ड ने इरम वारसी को विकसित भारत युवा संसद में प्रतिभाग करने पर कौमी तहफ्फुज कमेटी के संयोजक सियासी अखाडा के संपादक ख़ादिम अब्बास की पौत्री को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बोर्ड के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद ने कहा कि इरम की उपलब्धि जिले के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर एडवोकेट फहीम अब्बास, असलम खान, इन्तजार अहमद खान, इमरान खान, मो.आमीन आदि लोग उपस्थित रहे।

## विश्व हिन्दू परिषद एवं इन्डियन रेडक्रॉस सोसायटी ने लगाया नेत्र शिविर



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** विश्व हिन्दू परिषद के दो दिवसीय प्रान्त अभ्यास वर्ग के कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद एवं इन्डियन रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में पी एन सी उत्सव गार्डन में नेत्र चिकित्स शिविर बालाजी धर्मार्थ आई हॉस्पीटल के वरिष्ठ चिकित्सको के द्वारा किया गया शिविर में डॉ0एस के दुबे एवं डॉ के0के0सक्सेना द्वारा 127 रोगियों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण कर निःशुल्क दवा एवं 22 रोगियों को चश्मों का वितरण किया। शिविर में मुख्य रूप से विश्व हिन्दू परिषद के अनिल दीक्षि क्षेत्र विशेष सम्पर्क प्रमुख एवं श्रीमती कल्पना क्षेत्र संयोजक दुर्गा वाहिनी, जिला अध्यक्ष अमित दीक्षित जी, जिला उपाध्यक्ष डा0 के0के0 सक्सेना चेयरमैन इन्डियन रेडक्रॉस सोसायटी, जिलामंत्री भानू प्रताप सिंह तथा इटावा इन्डियन रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ0हरीशंकर पटेल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर सत्यम, मोनू दीक्षित, मनोज, विनीता आदि बालाजी धमार्थ आई हॉस्पीटल का स्टाफ मौजूद रहा।

## इमाम अली रिज़ा को ज़हर देकर जालिमों ने शहीद किया : मौलाना ज़ैदी



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** आठवें इमाम अली रिज़ा अलैहिस्सलाम की शहादत पर बाद नमाज़े मगरिबैन मस्जिद पंजतनी घटिया अज़मत अली में मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस में तकरीर करते हुए मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा ने कहा इमाम अली रिज़ा को मशहद ईरान के जालिम बादशाह ने साजिश के तहत मदीने से बुलाकर पहले गवर्नर बनाया। इमाम अली रिज़ा ने मशहद में परेशान लोगों की समस्याओं का समाधान किया तो साजिश के तहत अंगूर और अनार में जहर देकर इमाम को शहीद कर दिया। इमाम अली रिज़ा फरमाते हैं कि अगर जन्नत में मेरे साथ रहना है तो हमारे गम में गम मनाओ और हमारी खुशी में खुशी मनाओ। मजलिस में अश्शू रिज़वी ने कलाम पेश किये। मजलिस में अल्हाज कमर अब्बास नक़वी करबलाई, हाजी अरशद मरगूब, सलीम रज़ा, शावेज़ नक़वी आदि ने प्रमुख रूप से भाग लिया।

## अवैध तमंचा रखने वाले को पांच दिन की सजा

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** बिंवार थाना क्षेत्र के लरौंद गांव निवासी लालू प्रसाद को अवैध तमंचा और कारतूस रखने के मामले में एसीजेएम कोर्ट ने दोषी करार देते हुए पांच दिन के कारावास और 500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला 2 नवंबर 2012 का है, जब पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर का तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया था। अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के बाद अदालत ने फैसला सुनाया।

## नशे में रिक्शा चालक ने घर में लगाई आग, फरार

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** बिंवार कस्बे की नई बस्ती में रविवार देर रात नशे में धुत एक ई-रिक्शा चालक ने अपने ही घर का सामान आग के हवाले कर दिया। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची यूपी-112 पुलिस और स्थानीय लोगों ने आग बुझाकर बड़ा हादसा टाल दिया। जानकारी के अनुसार मोहन वर्मा नामक ई-रिक्शा चालक ने घर का सामान कमरे में इकट्ठा कर आग लगा दी। आग की लपटें देखकर मोहल्ले में हड़कंप मच गया। पुलिसकर्मियों ने हैंडपंप से पानी भरकर आग बुझाई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

## मनोनीत सभासद रवि सिंह कंग ने नगर विकास कार्य के लिए दिया प्रस्ताव



**अनपरा/सोनभद्र।** अनपरा नगर पंचायत कार्यालय कुबरी के प्रक्षागृह मे सोमवार को नगर के सभी सभासदो की बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे अनपरा नगर अधिशासी अधिकारी अर्पणा मिश्रा और अनपरा नगर पंचायत अध्यक्ष विश्राम प्रसाद बैसवार के नेतृत्व मे बोर्ड बैठक का आयोजन हुआ। जिसमे नगर के सभी सभासद के साथ मनोनीत सभासद लोग भी शामील रहे। बोर्ड बैठक मे नगर के विकास कार्यो पर चर्चा करते हुए नए कार्य योजनाओ का रूप रेखा और प्रस्ताव भी तैयार किया गया। बोर्ड बैठक मे मनोनीत सभासद रवि सिंह कंग ने नगर के वार्ड 14 और वार्ड 06 से जुड़े विकास कार्य के लिए अनपरा नगर अधिशासी अधिकारी अर्पणा मिश्रा को प्रस्ताव सौपा जिसमे औड़ी के जलनिकासी के लिए पक्का नाला निर्माण कार्य, कई वार्ड में जलआपुर्ति पाइपलाइन स्ट्रीट लाइट मरम्मत कार्य, बिछड़ी हनुमान मंदिर मार्ग मे समुचीत प्रकाश की व्यवस्था, नगर मे मोरचरी और कहुआनाला में मुक्तीधाम का निर्माण कार्य और रेणुसागर मे सुर्य मंदिर मे अधुरे छठ घट को पुर्ण किया जाए।

# विकसित भारत के लिए आत्मनिर्भर राज्यों की जरूरत : सीएम

- 2029-30 तक यूपी को 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य : योगी
- सीआईआई बिजनेस समिट में योगी ने उद्यमियों को यूपी में निवेश का दिया न्योता



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत 11 वर्षों में देश ने बहुत आर्थिक प्रगति की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में आर्थिक उन्नति के नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री ने देश की आजादी के शताब्दी महोत्सव के वर्ष में आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत की परिकल्पना दी है। भारत आत्मनिर्भर तब बनेगा, जब राज्य आत्मनिर्भर होंगे। भारत की सबसे बड़ी आबादी का राज्य उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भरता के इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन के अनुरूप हम वर्ष 2029-30 तक उत्तर प्रदेश को 01 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य को अचीव करेंगे।

मुख्यमंत्री नई दिल्ली में सी.आई.आई. द्वारा आयोजित 'एनुअल बिजनेस समिट-2026' के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने सी.आई.आई. बनारस कल्चरल फिनाले के वीडियो का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने एनुअल बिजनेस समिट में आए उद्यमियों को उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि आर्थिक समृद्धि का प्रत्यक्ष सम्बन्ध रोजगार सृजन से है। देश की वर्तमान की आर्थिक प्रगति में प्रधानमंत्री के नेतृत्व, एन.के. सिंह जैसे अर्थशास्त्री के सुझाव तथा सी.आई.आई. जैसे संगठनों के सहयोग की बड़ी भूमिका है। सभी उद्यमी प्रदेश की सम्भावनाओं को साकार करने में अपना योगदान दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है। आज ही के दिन वर्ष 1951 में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के कर-कमलों से सोमनाथ महादेव के मन्दिर की पुनर्प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था। आज ही के दिन श्रद्धेय अटल ने 'ऑपरेशन शक्ति' के अन्तर्गत पोखरण में परमाणु परीक्षण सम्पन्न किए थे, जिससे भारत की सामर्थ्य को दुनिया ने देखा था। यह क्षमता भारत की सामर्थ्य का प्रतीक तो है ही, साथ ही इसने विश्व मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है। हमें यह याद रखना होगा कि जिसके पास शक्ति और सामर्थ्य होगा, वही करुणा और मैत्री का मार्ग प्रशस्त कर पाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 09 वर्ष पहले भारत की सबसे अधिक आबादी वाला राज्य अपनी पहचान का मोहताज था। उत्तर प्रदेश के नाम में तो उत्तर था, लेकिन उस पर प्रश्नचिन्ह लगे हुए थे। प्रदेश को शक की निगाह से देखा जाता था। प्रदेश में अराजकता की स्थिति थी। माफियाराज हावी था। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में 01 वर्ष में 300 से अधिक दंगे हुए थे। कर्फ्यू की स्थिति रहती थी। नौजवानों के सामने पहचान का संकट था। अन्नदाता किसान आत्महत्या के लिए मजबूर थे। मध्य और पश्चिम उत्तर प्रदेश के लोगों ने अपने परिवार की बेटियों को उत्तर प्रदेश के बाहर पढ़ने के लिए भेज दिया था।

# एम.यू.एन. कान्फ्रेन्स का समापन

- वैश्विक मुद्दों पर छात्रों की सार्थक परिचर्चा ने जीता दिल



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय मॉडल युनाइटेड नेशन्स कान्फ्रेन्स (एम.यू.एन.) के दूसरे व अन्तिम दिन आज विभिन्न विद्यालयों से पधारे प्रतिभागी छात्रों ने विभिन्न देशों के राजनयिकों की भूमिका निभाते हुए वैश्विक मुद्दों पर सार्थक चर्चा-परिचर्चा की और वैश्विक समस्याओं के शान्तिपूर्ण समाधान सुझाये। छात्रों ने अपने गहन शोध एवं वाद-विवाद के उपरान्त विभिन्न मुद्दों पर प्रस्ताव तैयार कर उसकी जोरदार पैरवी भी की। प्रतिभागी छात्रों ने अपने सारगर्भित, ओजपूर्ण एवं प्रभावशाली उद्बोधन की छाप छोड़ते हुए साबित कर दिया कि भावी पीढ़ी में सकारात्मक चिंतन के साथ विश्व की समस्याओं का समाधान करने की क्षमता मौजूद है। सम्मेलन के अन्तिम दिन आज सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी छात्रों पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया। विदित हो कि मॉडल यूनाइटेड नेशन्स के अन्तर्गत संयुक्त राष्ट्र संघ के तर्ज पर छात्रों की 6 समितियों का गठन किया गया है। प्रत्येक समिति में अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा सम्पन्न हुई। प्रत्येक समिति में एक अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष थे, जिन्होंने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। एम.यू.एन.-2026 में लखनऊ के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के 300 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। एम.यू.एन.-2026 के अन्तर्गत इकोनॉमिक एण्ड सोशल काउंसिल में विभिन्न देशों के राजनयिकों की भूमिका में छात्रों ने बेरोजगारी एवं आर्थिक असमानता से निपटने हेतु नीतिगत ढांचे विकसित करने पर चर्चा की, तो वहीं दूसरी ओर लोकसभा कमेटी में भारतीय संविधान की धर्मनिरपेक्ष प्रकृति पर गंभीर विचार-विमर्श किया।

# नीलम राकेश की चार कृतियां लोकार्पित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ प्रेस क्लब में नीलम राकेश की चार कृतियों का लोकार्पण संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आरंभ अलका अस्थाना की स्वरचित वाणी वंदना से हुआ। जिसे उन्होंने स्वयं ही स्वर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. सूर्यकुमार पांडेय ने कहा कि नीलम राकेश की रचनाएं बच्चों के मन के बहुत करीब होती हैं। उनकी चार किताबों का एक साथ आना किसी उपहार से कम नहीं है। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह ने कहा नीलम राकेश जैसी वरिष्ठ साहित्यकार की लेखनी से निकलकर चार कृतियों का बाल साहित्य जगत को समृद्ध करना एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक घटना है। हिंदी संस्थान की प्रधान संपादक और आज के कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉ. अमिता दुबे ने कहा कि नीलम राकेश की आज लोकार्पित सभी चारों कृतियां महत्वपूर्ण हैं। किंतु चित्रकथा 'दुनिया रंग-बिरंगी' देख कर मेरा मन अत्यंत प्रसन्न है क्योंकि चित्रकथा की नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए महती आवश्यकता है। बाल मन के विकास में इनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए वरिष्ठ साहित्यकार संजीव जायसवाल 'संजय' ने कहा नीलम राकेश स्वयं जितनी सरल हैं उनकी रचनाएं भी उतनी ही सरल होती हैं। आपकी रचनाओं की मौलिकता और उसमें जिज्ञासा की छौंक बाल पाठकों को आपकी रचना की प्रतीक्षा करने के लिए बाध्य करता है। मेरी दृष्टि में उनका आज लोकार्पित बाल उपन्यास 'जासूस चारु' उनकी श्रेष्ठ रचनाओं में से एक है। वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉक्टर करुणा पांडे ने कहा नीलम राकेश जी का सद्य लोकार्पित बाल कहानी संग्रह 'फुदकू का नव वर्ष' निश्चित रूप से बालमन का मनोरंजन करने के साथ उनके चरित्र निर्माण में भी सहायक होगा। वक्ता के रूप में कार्यक्रम में शिरकत कर रही डॉक्टर अंजना मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा नीलम राकेश जानी मानी बाल साहित्यकार हैं। आज का दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि उनकी तीन बाल साहित्य की कृतियों के साथ-साथ एक हिंदी साहित्य की कृति भी लोकार्पित हुई है। मेरे हाथ में उनका बड़ों के लिए लिखा कहानी संग्रह 'मैं डोर मैट नहीं हूं!' है। इस कृति में नीलम जी ने समाज के कई रंग दिखाएं हैं। वे समाज की ज्वलंत समस्याओं को रेखांकित करती हैं।

## मथुरा, बरेली और शाहजहांपुर में बनेंगे नए पशु चिकित्सा पॉलीक्लीनिक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशु चिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य के तहत 03 पशु चिकित्सा पॉलीक्लीनिक की स्थापना हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 05 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। स्वीकृत धनराशि से जनपद मथुरा के तहसील छाता के ग्राम नन्दगांव के लिए 235.37 लाख रूपये, जनपद बरेली के तहसील आंवला के गुरूगांवा मुस्तकिल हेतु 150 लाख रूपये तथा जनपद शाहजहांपुर के परगना एवं तहसील सदर के ग्राम साल्लियां हेतु 114.63 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए जनपद मथुरा, बरेली एवं शाहजहांपुर के मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए है। शासनादेश में कहा गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय उसी प्रयोजन हेतु किया जाएगा जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है। स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय निर्माण संबंधी संगत शासनादेशों में निहित व्यवस्थानुसार/निर्धारित मानकों के अधीन किया जाएगा।

# गौसंरक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : धर्मपाल

- भूसा संग्रहण में लापरवाही पर पांच जिलों को चेतावनी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने 15 अप्रैल से संचालित भूसा संग्रहण अभियान की विस्तृत समीक्षा करते हुए भूसा संग्रहण में न्यूनतम प्रदर्शन वाले हमीरपुर, वाराणसी, प्रतापगढ़, औरैया और अयोध्या को कड़ी चेतावनी देते हुए कामों में तेजी के निर्देश दिये।

श्री सिंह ने प्रदेश में संचालित गौआश्रय स्थलों में पशु आहार और भूसे की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित करने और भूसा संग्रहण, पशु आहार प्रबंधन और गौआश्रय स्थलों के संचालन को मिशन मोड में संचालित करने को कहा, जिससे निराश्रित गोवंशों के संरक्षण में कोई कठिनाई न हो। गौशालाओं में कोई भी गोवंश भूखा-प्यासा न रहे। श्री सिंह सोमवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन



अधिकारियों ने लक्ष्य समय पर पूरे नहीं किये या लापरवाही बरती उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। गौसंरक्षण सरकार की प्राथमिकता है और इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

वर्तमान में गेहूं की कटाई से ग्रामीण क्षेत्रों में भूसे की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए मौके का अधिक लाभ उठाते हुए लक्ष्य के अनुरूप भूसा संग्रहित किया जाए। पशुओं के लिए दवाइयों और वैक्सीन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। संक्रामक रोग से सुरक्षा के लिए समयानुसार टीकाकरण कार्यक्रम चलाया जाए। गौशालाओं में गोबर गैस प्लाण्ट की स्थापना को प्राथमिकता पर आगे बढ़ाएं, जिससे गोबर का समुचित प्रबंधन हो और गौआश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायता मिले। बैठक में अपर मुख्य सचिव पशुधन एवं दुग्ध विकास मुकेश कुमार मेश्राम ने अधिकारियों को सभी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एनजीओ से संचालित गोआश्रय स्थलों का सत्यापन कर उसकी रिपोर्ट प्राप्त करें। बैठक में बताया कि भूसा संग्रहण अभियान के तहत 1905 अस्थाई भूसा बैंक एवं 7285 स्थाई भूसा बैंक की स्थापना की गयी है। भूसा संग्रहण में जालौन, मुजफ्फरनगर, नोएडा, मिर्जापुर और महोबा ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। बैठक में विशेष सचिव पशुधन देवेन्द्र पाण्डेय, पीसीडीएफ के प्रबंध निदेशक वैभव श्रीवास्तव, दुग्ध विकास विभाग के विशेष सचिव रामसहाय यादव, डॉ. मेमपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## औद्योगिक कॉरिडोर के विकास हेतु 51.41 करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनपद फिरोजाबाद में एक्सप्रेस-वे परियोजना के समीप पूंजी निवेश के लिए औद्योगिक विकास को गति देने के लिए औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किए जाने हेतु अवस्थापना एवं आधारभूत सुविधाओं के निर्माण कार्यों के लिए कुल 51 करोड़ 41 लाख 03 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

यह परियोजना प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने, रोजगार के नए अवसर सृजित करने तथा क्षेत्रीय आर्थिक विकास को नई दिशा प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी। एक्सप्रेस-वे के निकट विकसित होने वाला यह औद्योगिक कॉरिडोर निवेशकों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक आकर्षक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। स्वीकृत धनराशि से सड़क, विद्युत, जलापूर्ति, ड्रेनेज तथा अन्य आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है, जिससे उद्योगों की स्थापना के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हो सकेगा।

# मोदी देश को गुमराह कर रहे हैं : अजय राय



- चुनाव जीतना ही प्रधानमंत्री की प्राथमिकता : कांग्रेस
- पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील पर कांग्रेस के सवाल

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार झूठ बोल कर देश की भोली-भाली जनता को गुमराह कर सच छिपाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि मोदी ने देश को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। मोदी सिर्फ राज्यों के चुनावों को किस तरह जीता जाए इस पर काम कर रहे हैं बाकी देश की जनता से उन्हें कोई सरोकार नहीं है। श्री राय सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। वार्ता के दौरान पूर्व विधान परिषद सदस्य विवेक बंसल, मीडिया कमेटी के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी मौजूद थे। श्री राय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साल भर तक सोना न खरीदने, पेट्रोल-डीजल का उपयोग संभल कर करने की अपील पर सवाल करते हुए कहा कि क्या आज देश में कोई आर्थिक संकट है या कोई आपात स्थिति उत्पन्न हो गयी है। अगर देश में ऐसी स्थिति है तो अपील करने के 2 घण्टे बाद भी गुजरात में मोदी रोड शो क्यों कर रहे हैं। श्री राय ने कहा कि मोदी को खुद अपना काफिला कम करना चाहिए। आए दिन मोदी रोड शो करते नजर आ रहे हैं, जिसमें दर्जनों गाडियां चल रही हैं, जिससे पेट्रोल-डीजल बर्बाद हो रहा है। आज भी सोमनाथ मंदिर के बाहर रोड शो कर रहे हैं। श्री राय ने कहा कि नेता को खुद अपनी नजीर पेश करना होती है।

# श्री बड़े बाबा कुन्डलपुर की तीर्थ यात्रा को 150 श्रद्धालुओं का टीएमयू कैंपस से प्रस्थान



अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** भगवान महावीर जंयती महोत्सव समिति, मुरादाबाद एवम् मुख्य आयोजक मनीष जैन (गंज), पंकज जैन द्वारा 150 श्रद्धालुओं को मध्य प्रदेश के दमोह में स्थित बड़े बाबा कुन्डलपुर की तीर्थ यात्रा आयोजन किया। इस तीर्थ यात्रा को मुरादाबाद के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने बतौर मुख्य अतिथि, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शक्ति दुबे एवम् टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने हरी झंडी दिखाकर दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए बसों को रवाना किया। तीर्थ यात्रा बस से दिल्ली रेलवे स्टेशन और वहां से ऊर्जाधानी एक्सप्रेस से दमोह पहुंच कर श्री बड़े बाबा का आशीर्वाद लेगी। श्री 1008 आदिनाथ भगवान बड़े बाबा कुन्डलपुर की प्रतिमा 2,000 वर्ष से भी अधिक प्राचीन है, जिसका नव्य और भव्य निर्माण आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज के सानिध्य में कुछ वर्ष पूर्व कराया गया था।

श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने कहा, तीर्थ यात्रा के समय धाम यानी तीर्थ स्थान, धामी यानी पूज्य भगवान, धामवासी यानी तीर्थ स्थान पर रहने वाले लोगों के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए। इस मौके पर फर्स्ट लेडी वीना जैन, ऋचा जैन, जहान्वी जैन, मुरादाबाद जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। सभी श्रद्धालुओं का ढोल बजाकर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं के अल्पाहार की व्यवस्था एवम् कार्यक्रम का आयोजन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के तीर्थंकर महावीर जिनालय समिति की ओर से की गई। यात्रा प्रस्थान के समय संदीप जैन, नीलम जैन, उषा जैन, जयरानी जैन, राजेन्द्र जैन आदि मौजूद रहे।

## संपदा कार्यक्रम के अंतर्गत विलुप्त हो रहे अलगोजा वादन का अभिलेखीकरण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की समृद्ध लोक संगीत परंपराओं एवं विलुप्तप्राय लोक वाद्यों के संरक्षण एवं अभिलेखीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान एवं उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में 'संपदा' कार्यक्रम के अंतर्गत विलुप्त हो रहे अलगोज़ा वादन का अभिलेखीकरण कार्यक्रम का आयोजन उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी स्टूडियो, विपिन खंड, गोमती नगर, लखनऊ में किया गया।

यह जानकारी उ0प्र0 लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मथुरा के प्रसिद्ध लोक कलाकार सुखवीर एवं हरप्रसाद द्वारा अलगोजा एवं चंग वादन की पारंपरिक शैली का प्रभावशाली प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने अपने लोक वादन के माध्यम से ब्रज क्षेत्र की सांगीतिक विरासत, लोक संवेदनाओं एवं पारंपरिक धुनों को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# विधायक ने किया 'राज्य अमृत सरोवर' का लोकार्पण



अवधनामा संवाददाता

**मिल्कीपुर।** विधानसभा क्षेत्र मिल्कीपुर के विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बसावां ईटगांव में मनरेगा एवं पंचम वित्त आयोग योजना के तहत निर्मित 'राज्य अमृत सरोवर' का लोकार्पण विधायक मिल्कीपुर चंद्रभानु पासवान द्वारा किया गया। यह अमृत सरोवर 1962 भारत-चीन युद्ध के अमर शहीद स्वर्गीय होसिला प्रसाद तिवारी की पुण्य स्मृति में निर्मित कराया गया है। इस अवसर पर विधायक पासवान ने अमर शहीद को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि यह अमृत सरोवर केवल जल संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि देश के वीर सपूतों के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति एवं बलिदान की अमर गाथा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियां इस स्थल से प्रेरणा प्राप्त करेंगी और राष्ट्रसेवा के प्रति अपने कर्तव्यों को समझेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गांवों में जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एवं ग्रामीण विकास को नई दिशा मिल रही है। सरकार की योजनाओं के माध्यम से गांवों को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाने का कार्य लगातार किया जा रहा है।लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। समारोह में शहीद के योगदान को याद करते हुए लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# लखनऊ में सजी अदब, शायरी और तहज़ीब की शानदार महफ़िल

- 'मुशायरा इन लखनऊ' में उमड़ा साहित्य प्रेमियों का जनसैलाब




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आलमबाग बस स्टेशन मेट्रो के पास स्थित होमटेल होटल बॉलरूम में रविवार शाम 'मुशायरा इन लखनऊ' का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ऐबा इवेंट प्राइवेट लिमिटेड एवं आस, द कल्चरल सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें देशभर के नामचीन शायरों, कवियों और साहित्यकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से महफिल को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ . हरी ओम उपस्थित रहे। मुशायरे की निजामत मशहूर शायर नदीम फर्रुख ने की, जबकि कार्यक्रम की सदारत शोभित मोहनदास ने की। कार्यक्रम का आयोजन रेहान सिद्दीकी एवं शाज़िआ किदवई के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ . सुधा मिश्रा का संचालन बेहद प्रभावशाली और बेजोड़ रहा। उनकी ओजपूर्ण एवं गरिमामयी प्रस्तुति ने पूरे आयोजन को एक विशेष ऊंचाई प्रदान की और श्रोताओं का भरपूर स्नेह व सराहना प्राप्त की।

मुशायरे में देश के प्रतिष्ठित शायरों एवं कवियों – तारिक़ कमर, नदीम फर्रुख, सलीम सिद्दीकी, सर्वेश अस्थाना, अमीर इमाम, तारा इक़बाल, कमल हत्वी, नदीम शाद, अब्बास कमर, बलवंत सिंह, सलमान जफर, हिमांशी बाबरा, वसीम राजुपुरी एवं अम्ब्रीष ठाकुर ने अपनी ग़ज़लों, नज़्मों और कविताओं से श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। मुशायरे में अदब, मोहब्बत, सामाजिक सरोकार और देशभक्ति जैसे विषयों पर प्रस्तुत शेरों को खूब सराहना मिली। श्रोताओं की तालियों और वाह-वाह से पूरा सभागार देर रात तक गूंजता रहा।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, शायरों एवं उपस्थित साहित्य प्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लखनऊ की तहज़ीब और अदबी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे।

## यूपी में 40 प्राचीन स्मारक और पुरास्थल होंगे संरक्षित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुरातत्व विभाग द्वारा प्रदेश में स्थित 40 स्मारकों, पुरास्थलों को संरक्षित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा 03 स्मारक, पुरास्थलों और असंरक्षित घोषित किया गया है। संरक्षित किए जाने वाले स्मारक पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण है। इसमें से कुछ ढाई हजार से लेकर तीन हजार वर्ष पुराने है। कुछ स्मारक कुषाण काल के प्रतीत होते है। यह जानकारी आज यहां उ0प्र0 के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होनें बताया कि प्रदेश में प्राचीन एवं अति प्राचीन स्मारक, स्थापत्य कला के अनूठे धरोहर है। यह स्मारक अपने आप में तत्कालीन समय की सांस्कृतिक भव्यता एवं इतिहास समेटे हुए है। मौजूदा समय में जीर्ण-शीर्ण तथा खंडहर में परिवर्तित हो चुके है। राज्य सरकार इन स्मारकों को संरक्षित कर नया स्वरूप देने का निर्णय लिया है। साथ ही इन स्मारकों के आस-पास अवस्थापना सुविधाएं विकसित कर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को आकर्षित करना है।

# इमाम अली रजा की शहादत पर करायी शाही जुलूस की जियारत

अवधनामा ब्यूरो

- इमामबाड़ा उम्मुल बनीन में महिलाओं ने उठाया ताबूत
- काले लिबास पहन मजलिसों में शरीक हुए अजादार

**लखनऊ।** शियों के आठवें इमाम, हजरत इमाम अली रजा (अ.स) की शहादत के मौके पर सोमवार को शहर के विभिन्न इमामबाड़ों, रौजों, कर्बलाओं और घरों में मजलिसों का आयोजन किया गया। इस गम के मौके पर लोगों ने जगह-जगह इमाम अली रजा (अ.स) के ताबूत उठाकर अजादारों को जियारत करायी। अजादारों ने काले लिबास पहने और मजलिसों में शिरकत करके इमाम की शहादत का गम मनाया। इसी कड़ी में कर्बला अजीमुल्लाह खां, तालकटोरा रोड में आयोजित मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद ने खिताब करते हुए उनकी मजलूमाना शहादत को बयान किया। जिसे सुनकर अजादारों की आंखें अश्कबार हो गयीं। मजलिस के बाद शाही जुलूस की जियारत करायी गयी। जुलूस में ऊंटों पर अमारियां, ताबूत, जुलजनाह और अलम शामिल थे, जिनका अजादार बोसा ले रहे थे। इस मौके पर अंजुमन गुंचाए मजलूमिया, रज़ाए हुसैन, काजमियां आबिदया, हुसैनिया कदीम, गुंचाए मेहदिया, नासिरुल अजा, पंजेतनी, जफरूल इमान, शब्बीरया, तस्वीरउल अजा, कायम आले इबा, रौनके दीने इस्लाम और शहीदे फुरात सहित शहर की लगभग 110 अंजुमनों ने अपने अलम सजाकर नौहाख्वानी व सीनाजनी की। इसके अलावा अजादारों ने जंजीर व कमा का मातम भी किया। इस मौके पर चाय-पानी की सबील और लंगर का भी इंतजाम था। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन गुलदस्ते इमामे रजा (अ.स) ने किया था। अंजुमन के सचिव मुर्तुजा हुसैन ने कार्यक्रम में आयी सभी अंजुमनों और अजादारों का शुक्रिया अदा किया। इसी तरह इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में मौलाना मिर्जा जाफर अब्बास ने मजलिस को खिताब किया। यहां महिलाओं की मजलिस को जाकिरा नसीम सुबूही ने खिताब किया। इसके बाद महिलाओं ने इमाम का ताबूत उठाया जिसकी देर रात तक लोग जियारत करते रहे। इस मौके पर अजादारों ने नज्र इमाम अली रजा (अ.स) भी करायी। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन उम्मुल बनीन ने किया था। कर्बला अजीमुल्लाह खां स्थित मस्जिद में आयोजित मजलिसों को मौलाना मौलाना मीसम जैदी ने खिताब किया मजलिस बाद ताबूत की जियारत कराई गयी। यहाँ अलविदाई मजलिस को मौलाना अबू इफ़्तेकार जैदी ने खिताब किया। अब्बासिया मस्जिद हसन पुरिया में आयोजित मजलिस को मौलाना जमा हैदर ने ख़िताब किया।

## उच्च शिक्षा में यूपी के विश्वविद्यालयों ने बनाई नई पहचान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योगी सरकार लगातार नए मानक स्थापित कर रही है। कभी नैक (नेशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिटेशन काउंसिल) की रैंकिंग में बी और बी-प्लस ग्रेड तक सीमित रहने वाले प्रदेश के विश्वविद्यालय आज ए, ए. और ए ग्रेड हासिल कर देशभर में अपनी नई पहचान बना रहे हैं। अब योगी सरकार का अगला लक्ष्य प्रदेश के डिग्री कॉलेजों को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग दिलाना है। इसके लिए डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल्स की कार्यशाला का आयोजन कर उन्हें रैंकिंग प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने विधानसभा में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि अब सरकार का फोकस केवल विश्वविद्यालयों तक सीमित नहीं रहेगा। अगले चरण में प्रदेश के डिग्री कॉलेजों को भी नैक और अन्य राष्ट्रीय रैंकिंग दिलाने का लक्ष्य तय किया गया है।